सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित"
"CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

Azadi Ka Amrit Mahotsav



निरंतर मूल्य संवर्धन
हेतु तत्पर
READY FOR
CONSISTENT VALUE CREATION

वार्षिक रिपोर्ट / ANNUAL REPORT
2021-22



सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित"
"CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

Azadi Ka Amrit Mahotsav

निरंतर मूल्य संवर्धन

हेतु तत्पर

पिछले कुछ वर्षों में, हमने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को लाभप्रद बनाने के लिए कई निर्णायक और सुधारात्मक कदम उठाए हैं. हर कदम पर, हमने अपने ऋण क्षेत्र में कार्य निष्पादन, लाभप्रदता, वसूली, आस्ति गुणवत्ता और पूंजी निर्माण की गति में सुधार करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी. हमारी वर्षों की योजना एवं गंभीरता के ठोस परिणाम अब दिखने लगे हैं.

लगातार छह वर्षों तक घाटे में रहने के बाद, हम वित्त वर्ष 2022 में लाभप्रद स्थिति में आ गए हैं. यह सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में एक परिवर्तनकारी यात्रा का परिणाम है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में हमारी बैलेंस शीट में लचीलापन, आस्ति गुणवत्ता की प्रवृति, बेहतर तरलता, अधिक डिजिटलीकरण एवं उत्पादकता लाभ तथा बेहतर पूंजी स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है.

आज मूल्य सृजन की हमारी कहानी ने एक नया मोड़ लिया है. आगे बढ़ते हुए, हम एक प्रगतिशील भारत हेतु एक मजबूत भागीदार बनने का इरादा रखते हैं. हम स्वयं को प्रौद्योगिकी सक्षम और बैकएंड संचालन द्वारा समर्थित डिजिटल संगठन के रूप में बदलने हेतु प्रतिबद्ध हैं. जैसे-जैसे डिजिटल अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है, हम भी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को अपने समकक्षों के समान मल्टी-चैनल प्लेटफार्मों में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए आगे बढ़ रहे हैं. हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को उनकी आकांक्षाएं पूर्ण करने में मदद करना तथा उनकी दिन-प्रतिदिन की बैंकिंग को सहज, सुगम एवं सुरक्षित बनाना है.

पिछले 111 वर्षों के शानदार इतिहास के दौरान, आपके बैंक ने कई तूफानों को झेला है तथा अनेक चुनौतियों का सामना किया है, जिसमें हर बार हम और मजबूत होकर उभरे हैं. आज, हम अर्थव्यवस्था में अत्यधिक प्रासंगिक तथा योगदान दाता बैंक बनने के शिखर पर हैं. आगे बढ़ते हुए, हम प्रत्येक व्यावसायिक इकाई हेतु अपने मुख्य परिचालन लाभ के लक्ष्यों को पूरा करने एवं आरओए में सुधार करने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयास जारी रखेंगे. हर गुजरते साल के साथ, हम जिम्मेदार बैंकर के रूप में अपनी समग्र बैलेंस शीट को मजबूत करने की दिशा में अपनी यात्रा में दृढ़ बने रहने का इरादा रखते हैं.



सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

Azadi Ka Amrit Mahotsav

READY FOR
CONSISTENT VALUE CREATION

Over the past few years, we have taken many decisive and reformative steps to return Central Bank of India to profitability. At every step, **we left no stones unturned to improve our lending performance, profitability, recoveries, asset quality and the pace of capital generation.** Our efforts from years of planning and perseverance are beginning to show tangible results.

After six consecutive years of incurring losses, we have returned to profitability in FY2022. This is the result of a transformational journey at Central Bank of India, which has resulted in sustained improvements in our balance sheet resilience, asset quality trends, enhanced liquidity, greater digitalisation and productivity gains, and a more robust capital position over the past few years.

Today, our story of value creation has taken a fresh course. Going forward, we intend to be a strong partner to a progressing India. We are committed to transforming ourselves into a digitalised organisation, supported by technology-enabled frontend and backend operations. As the digital economy is thriving, we, too, are moving forward with growing our presence in multi-channel platforms, keeping Central Bank of India at par with its peers. We aim to continue helping our customers realise their aspirations and make their day-to-day banking intuitive, easy, and secure.

During the past 111 years of illustrious history, your Bank has weathered many storms and faced many challenges, only to emerge stronger each time. Today, we are at the tipping point of becoming a highly relevant and contributing bank to the economy. Going forward, we will continue pursuing our goals of meeting our core operating profit targets for each business unit and improving our ROA. With every passing year, we intend to be steadfast in our ongoing journey towards strengthening our overall balance sheet while being responsible bankers.

अनुक्रमणिका

Contents

रणनीति	
कॉर्पोरेट सूचना	07
निदेशक मंडल	08
कार्यात्मक प्रभारी	10
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया विषयक	12
कार्यनिष्पादन वैशिष्ट्य	16
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश	20
उन्नत बैंकिंग हेतु डिजिटली सशक्त बनना समग्र डिजिटल परिवर्तन जारी	28
वित्तीय वर्ष 2022 :विश्वास पुनर्स्थापित करने का वर्ष आगामी वर्षो हेतु मूल्य संवर्धन के लिए तैयार	36
कार्यनिष्पादन हेतु लोगों को प्राथमिकता देना : एक तत्पर और शिक्षित कार्यबल द्वारा रचनात्मक विकास	44

सूचना	
15वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना	52

रिपोर्ट	
निदेशक रिपोर्ट 2021-22	61
स्वतंत्र लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र	65
सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	67
निदेशकों के गैर-अयोग्यता का प्रमाणपत्र	71
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट	72
प्रबंधकीय चर्चा एवं विश्लेषण	74
कॉर्पोरेट गवर्नेंस	111
सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 17(8) के अंतर्गत प्रमाणपत्र	133
व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं स्थायित्व रिपोर्ट 2021-22	134
लाभांश वितरण नीति	157

वित्तीय	
स्वंतत्र लेखापरिक्षकों की रिपोर्ट (एकल)	159
एकल वित्तीय विवरण	168
स्वंतत्र लेखापरिक्षकों की रिपोर्ट (समेकित)	227
समेकित वित्तीय विवरण	236
दिनांक 31.03.2022 को पिलर 3 (बेसल III) प्रकटीकरण	266

STRATEGY	
Corporate Information	07
Board of Directors	08
Functional Heads	11
About Central Bank of India	14
Performance Highlights	18
Message from the Desk of MD and CEO	24
Becoming digitally empowered for advanced banking Undergoing wholesale Digital Transformation	32
FY2022: the year of reinstated conviction Prepared for consistent value creation for years ahead	40
Prioritising people for performance Creative growth by an agile and learning	48

NOTICE	
Notice of 15th Annual General Meeting	288

REPORTS	
Directors' Report 2021-22	297
Independent Auditor's Certificate	301
Secretarial Audit Report	303
Certificate of Non-Disqualification of Directors	307
Annual Secretarial Compliance Report of Central Bank of India	308
Management Discussion and Analysis	310
Corporate Governance	347
Certificate Under Regulation 17(8) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015	369
Business Responsibility and Sustainability Report 2021-22	370
Dividend Distribution Policy	393

FINANCIALS	
Independent Auditors' Report (Standalone)	395
Standalone Financial Statements	404
Independent Auditors' Report (Consolidated)	463
Consolidated Financial Statements	470
Pillar 3 (Basel III) Disclosures as on 31.03.2022	501

कॉर्पोरेट सूचना

निदेशक मंडल

श्री एम वी राव
श्री आलोक श्रीवास्तव
श्री विवेक वाही
श्री राजीव पुरी
डॉ. भूषण कुमार सिन्हा (11.04.2022 से निदेशक नहीं है)

श्री पी जे थॉमस
श्री दिनेश पांगती (01.07.2021 से)
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी (21.12.2021 से)
श्री हार्दिक मुकेश शेठ (11.04.2022 से)

लेखा परीक्षक

मेसर्स एस जयकिशन
मेसर्स छाजेड एंड दोशी
मेसर्स अम्बेकर शेलार कर्वे एंड अम्बार्डेकर एंड कं.
मेसर्स किशोर एंड किशोर

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट

लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि.
सी-101, 247 पार्क
एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम)
मुंबई – 400083
टेलीफोन: 022-4918 6270
फैक्स: 022-4918 6060
ई-मेल आईडी: rnt.helpdesk@linkintime.co.in

बैंक से पत्राचार हेतु पता

उपमहाप्रबंधक/कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, 9वीं मंजिल,
चंदरमुखी, नरीमन पॉईंट
मुंबई – 400 021
संपर्क नं. 022 - 6638 7818 / 7575
फैक्स नं : 022 - 2283 5198
ई-मेल आईडी: dgmcompsec@centralbank.co.in.,
investors@centralbank.co.in

Corporate Information

BOARD OF DIRECTORS

Shri M V Rao
Shri Alok Srivastava
Shri Vivek Wahi
Shri Rajeev Puri
Dr. Bhushan Kumar Sinha
(Ceased to be director on 11.04.2022)
Shri P J Thomas
Shri Dinesh Pangtey (w.e.f. 01.07.2021)
Shri Pradip Pranlal Khimani (w.e.f. 21.12.2021)
Shri Hardik Mukesh Sheth (w.e.f. 11.04.2022)

AUDITORS

M/S S Jaykishan
M/S Chhajed & Doshi
M/S Ambekar Shelar Karve & Ambardekar & Co.
M/S Kishore & Kishore

REGISTRAR AND SHARE TRANSFER AGENTS

Link Intime India Pvt. Ltd.
C-101, 247 Park
LBS Marg, Vikhroli (West)
Mumbai - 400 083.

Tel : 022-4918 6270
Fax : 022-4918 6060
E-mail ID : rnt.helpdesk@linkintime.co.in

ADDRESS FOR CORESSPONDENCE WITH THE BANK

DGM / Company Secretary and Compliance Officer
Central Bank of India, 9th Floor,
Chandermukhi Nariman Point
Mumbai - 400 021

Contact No. : 022 - 6638 7818 / 7575
Fax No. : 022 - 2283 5198
E-mail ID : dgmcompsec@centralbank.co.in;
investors@centralbank.co.in

निदेशक मंडल
Board of Directors



श्री एम.वी. राव
Shri M V Rao

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Managing Director & Chief Executive Officer



श्री आलोक श्रीवास्तव
Shri Alok Srivastava

कार्यपालक निदेशक
Executive Director



श्री विवेक वाही
Shri Vivek Wahi

कार्यपालक निदेशक
Executive Director



श्री राजीव पुरी
Shri Rajeev Puri

कार्यपालक निदेशक
Executive Director



डॉ. भूषण कुमार सिन्हा
Dr. Bhushan Kumar Sinha

निदेशक (11.04.2022 से निदेशक नहीं है)
Director (ceased to be director on 11.04.2022)



श्री पी.जे. थॉमस
Shri P J Thomas

निदेशक
Director



श्री दिनेश पांगती
Shri Dinesh Pangtey

निदेशक
Director



श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी
Shri Pradip Pranlal Khimani

निदेशक
Director



श्री हार्दिक मुकेश शेठ
Shri Hardik Mukesh Sheth

निदेशक (11.04.2022 से)
Director (w.e.f. 11.04.2022)

कार्यात्मक प्रभारी

	मुख्य सतर्कता अधिकारी	
1.	श्री सुनील अरोड़ा	बी.कॉम. (ऑनर्स)

	महाप्रबंधक	
2.	श्री उमेश कुमार सिंह	बी.ई. (कम्प्यूटर साइंस एवं इंजी.) सीएआईआईबी, डीआईटीआरएम
3.	श्री ई. रतनकुमार	एम.टेक., बी.ई.
4.	श्री स्मृति रंजन दाश	एम.ए., सीएआईआईबी
5.	श्री के. सत्यनारायण	एम.कॉम., पीजीडीआईटी , सीएआईआईबी
6.	श्री विजय वसंत मुरार	बी.एससी., टी. लॉ में डिप्लोमा, सीएआईआईबी,
7.	श्री श्रीराम डी माहुरकर	बी.एससी., सीएआईआईबी
8.	श्री मुकुल एन. दंडिगे, (मुख्य वित्तीय अधिकारी)	बी.एससी, सीएआईआईबी
9.	श्री मयंक दिनेश शाह	बी.कॉम., जेएआईआईबी
10.	श्री बी. एस. हरिलाल	बी.एससी., सीएआईआईबी
11.	श्री मोहित कोडनानी	बी.ई., सीएआईआईबी
12.	श्री विवेक कुमार	बी.एससी., बी.एड., एमएमएस, एमबीए, सीएआईआईबी
13.	श्री डी.एन. राजेन्द्र कुमार	एम.एससी., सीएआईआईबी, पीजीडीएफएम
14.	श्री ए.डी. श्रीनिवास	बी.कॉम. (ऑनर्स), सीएआईआईबी
15.	सुश्री नमिता रॉय शर्मा	एम.एससी, एलएलबी, सीएआईआईबी
16.	श्री संदीप गुलाटी	बी.कॉम, सीएआईआईबी, डिप्लोमा इन मेनेजमेंट
17.	श्री वी वी नटराजन	बी.एससी, पीजीडीएचआरएम, सीएआईआईबी
18.	श्री श्रीनिवास एस राव	बी.ए., सीएआईआईबी, एमबीए (फाइनेंस)
19.	श्री वास्ती वेंकटेश	बी.एससी, सीएआईआईबी,एमबीए (बैंकिंग एण्ड फाइनेंस)
20	श्री जसविंदर सिंह साहनी	एम.एससी, सीएआईआईबी
21.	श्री शिव कुमार गुप्ता	बी.कॉम, एम.ए. (अर्थशास्त्र), सीएआईआईबी
22.	श्री राजेश कुमार	एम.एससी, सीएआईआईबी, एमबीए (फाइनेंस)
23.	श्री बी.बी. मुतरेजा	बी.ए., सीएआईआईबी
24.	श्री टी.एस. बालचंद्रन	बी.एससी, सीएआईआईबी,एमबीए
25.	श्री सोहेल अहमद	बी.कॉम, सीएआईआईबी, आईसीडब्ल्यूए (आईएनटी)
26.	श्री शीशराम तुंदवाल	बी.कॉम, सीएआईआईबी
27.	श्री कुशल पाल	एम.ए., सीएआईआईबी
28.	श्री के एस एन वी सुब्बा राव	बी.कॉम, एल.एल.बी., सीएआईआईबी
29.	श्री राजेश वर्मा	बी.कॉम, एल.एल.बी., सीएआईआईबी
30.	श्री वाय अनिल कुमार	एम.एससी, पीजीडीसीएस, एमसीए, सीएआईआईबी

	कंपनी सचिव	
31.	श्री आनंद कुमार दास, कंपनी सचिव	एफसीएस, एलएलबी, बी.कॉम, सीएआईआईबी, सीबीसीपी

Functional Heads

	CVO	
1.	Shri Sunil Arora	B.COM (HONS.)
	GENERAL MANAGER	
2.	Shri Umesh K. Singh	B.E.(COM. SC & ENGG), CAIIB,DITRM
3.	Shri E.Ratankumar	M.TECH, B.E.
4.	Shri Smruti Ranjan Dash	M.A., CAIIB
5.	Shri K Satyanarayanan	M.COM., PGDIT, CAIIB
6.	Shri Vijay Vasant Murar	B.Sc, DIP T LAW, CAIIB
7.	Shri Shriram D Mahurkar	B.SC., CAIIB
8.	Shri Mukul N Dandige (Chief Financial Officer)	B.SC., CAIIB
9.	Shri Mayank Dinesh Shah	B.COM, JAIIB
10.	Shri B.S. Harilal	B.SC., CAIIB
11.	Shri Mohit Kodnani	B.E., CAIIB
12.	Shri Vivek Kumar	B.SC,B.ED., M.M.S.,MBA,CAIIB
13.	Shri D N Rajendra Kumar	MSC, CAIIB, PGDFM
14.	Shri A.D.Srinivas	B.COM., CAIIB
15.	Smt. Namita Roy Sharma	MSC, LLB, CAIIB
16.	Shri Sundeep Gulati	B.COM.(H), D.P.M., CAIIB,
17.	Shri V V Natarajan	B.Sc.,PGDHRM, CAIIB
18.	Shri Srinivasa S Rao	BA, CAIIB, MBA(FIN)
19.	Shri Vasti Venkatesh	B.SC., CAIIB, M.B.A.(BNKG & FINANCE)
20	Shri Jaswinder Singh Sawhney	M.SC., CAIIB
21.	Shri Shiv Kumar Gupta	B.COM. M.A (ECO), CAIIB
22.	Shri Rajesh Kumar	M.SC, CAIIB, MBA (FINANCE)
23.	Shri B.B.Mutreja	B.A., CAIIB
24.	Shri T.S.Balachandran	BSC,CAIIB,MBA
25.	Shri Sohail Ahmad	B.COM, CAIIB, ICWA(INT)
26.	Shri Shishram Tundwal	B.COM, CAIIB
27.	Shri Kushal Pal	MA, CAIIB
28.	Shri K S N V Subba Rao	BCOM, LLB, CAIIB
29.	Shri Rajesh Verma	B Com, LLB, CAIIB
30.	Shri Y Anil Kumar	MSC, PGDCS, MCA, CAIIB
	COMPANY SECRETARY	
31.	Shri Anand Kumar Das, Company Secretary	FCS, LLB, B COM, CAIIB, CBCP

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया विषयक



हमारी विरासत

1911 में स्थापित, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भारत के सबसे पुराने बैंकों में से एक है. यह भारतीयों के पूर्ण स्वामित्व और प्रबंधन वाला पहला भारतीय वाणिज्यिक बैंक था. बैंक की स्थापना, बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला के सपने का साकार होना था. सर फिरोजशाह मेहता इस पूर्णत: 'स्वदेशी बैंक' के पहले अध्यक्ष थे. इस पर सर सोराबजी पोचखानावाला ने अपने गर्व की अनुभूति व्यक्त करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को 'राष्ट्र की संपत्ति और देश की आस्ति' के रूप में घोषित किया. उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑ फ इंडिया जनता के विश्वास पर कार्यरत है और स्वयं को जनता का अपना बैंक मानता है.

हमारे उत्पाद और सेवाएं

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भारत में एक वाणिज्यिक बैंक के रूप में कार्य करता है. भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, बैंक कृषि, लघु उद्योगों और मध्यम और बड़े उद्योगों के प्रमुख क्षेत्रों को बढ़ावा देने में तेजी से सक्रिय भूमिका निभा रहा है. बैंक ने रोजगार को बढ़ावा देने के लिए शिक्षित युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं भी शुरू कीं.

बैंक जमा उत्पादों की पेशकश करता है, जिसमें बचत और चालू खाते, सावधि जमा, सावधि जमा और आवर्ती जमा योजनाएं, साथ ही छोटी बचत योजनाएं शामिल हैं; और ऋणों में आवास, ऋण सहित, संपत्ति, व्यक्तिगत, वरिष्ठ नागरिक, शिक्षा, और कृषि, साथ ही सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम ऋण. बैंक क्रेडिट, डेबिट, प्रीपेड/गिफ्ट कार्ड, नकद प्रबंधन, म्यूचुअल फंड, डिपॉजिटरी, मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम सेवाएं भी प्रदान करता है.

इसके अलावा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कॉर्पोरेट ऋण प्रदान करता है, जैसे कि प्रोजेक्ट फाइनेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर फंडिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट को फाइनेंसिंग, शॉर्ट-टर्म कॉरपोरेट लोन, एडवांस, वर्किंग कैपिटल सुविधाएं, लाइन ऑफ क्रेडिट, एक्सपोर्ट फाइनेंस, फॉरेन करेंसी लोन, बिल खरीद/छूट/परक्रामण सुविधाएं, गैर-निधि-आधारित सुविधाएं, और अन्य उद्योगों को सुविधाएं.

इसके अलावा, बैंक यूनिट-लिंक्ड, संपूर्ण जीवन, बाल, धनवापसी, बंदोबस्ती, पेंशन, स्वास्थ्य, संपत्ति, व्यक्तिगत, आग, चोरी, इंजीनियरिंग, मोटर, पैकेज, यात्रा सहित जीवन बीमा, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों को और समूह बीमा उत्पाद, साथ ही सुरक्षा और सेवानिवृत्ति समाधान ब्रिकी और वितरण करती है.

एमएसएमई उधारकर्ताओं को प्राथमिकता क्षेत्र के तहत एसएमई एलएपी ऋण उत्पादों की पेशकश करने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक सह-ऋण साझेदारी है।



हमारा विशाल नेटवर्क

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को सभी 28 राज्यों तथा भारत के 8 में से 7 केंद्र शासित प्रदेशों में अपने व्यापक नेटवर्क के कारण वास्तव में 'अखिल भारतीय' के रूप में वर्णित किया जा सकता है. 31 मार्च, 2022 तक, आपके बैंक की 17,803 ग्राहक टच पॉइंट्स के साथ अखिल भारतीय उपस्थिति है. इसमें 4,528 शाखाओं का नेटवर्क, 2,976 एटीएम और 10,299 बीसी आउटलेट शामिल हैं. अखिल भारतीय उपस्थिति में सभी 28 राज्य, 8 केंद्र शासित प्रदेशों में से 7 और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली शामिल हैं. ग्रामीण और अर्ध-शहरी केंद्रों में इसकी कुल शाखाओं का 65% के साथ बैंक की एक मजबूत ग्रामीण और अर्ध-शहरी उपस्थिति है.



12.17 करोड़
ग्राहक

4,528
घरेलू शाखाएं

2,976
कार्यरत एटीएम

10,299
व्यावसायिक प्रतिनिधी

₹3,42,692 करोड़
जमा (31 मार्च 2022)

1,95,483
एसबीआई को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी

₹1,89,712 करोड़
अग्रिम (31 मार्च 2022)

About Central Bank of India



Our Legacy

Incorporated in 1911, the Central Bank of India is one of India's oldest banks. It was the first Indian commercial bank to be wholly owned and managed by Indians. The establishment of the Bank was the ultimate realisation of the dream of Sir Sorabji Pochkhanawala, founder of the Bank. Sir Pherozeshah Mehta was the first Chairman of a truly 'Swadeshi Bank'.

Such was the extent of pride felt by Sir Sorabji Pochkhanawala that he proclaimed the Central Bank of India as the 'property of the nation and the country's asset'. He added that the 'Central Bank of India lives on people's faith and regards itself as the people's own bank'.

Our Products & Services

Central Bank of India operates as a commercial bank in India. In line with the guidelines from the Reserve Bank of India and the Government of India, the Bank has been playing an increasingly active role in promoting the key thrust areas of agriculture, small-scale industries, and medium and large industries. The Bank also introduced several Self Employment Schemes to promote employment among the educated youth.

The Bank offers deposit products, which include savings and current accounts, time deposits, fixed deposits, and recurring deposit schemes, as well as small saving schemes; and loans, including housing, vehicle, property, personal, senior citizens, education, and agricultural, as well as micro small and medium enterprises loans. The Bank also provides credit, debit, prepaid/gift cards, cash management, mutual funds, depository, mobile and Internet banking, and ATM services.

In addition, the Central Bank of India offers corporate loans, such as project finance, infrastructure funding, financing to infrastructure investment trusts, short-term corporate loans, advances, working capital facilities, line of credit, export finance, foreign currency loan, bills purchase/discount/negotiation facilities, non-fund-based facilities, and facilities to other industries.

Furthermore, the Bank sells and distributes life, general, and health insurance products, including unit-linked, whole life, children, money back, endowment, pension, health, property, personal, fire, burglary, engineering, motor, package, travel, and group insurance products, as well as protection and retirement solutions.

Central Bank of India has a strategic co-lending partnership with IIFL Home Finance Limited to offer SME LAP loan products under the priority sector to MSME borrowers.



Our Vast Network

Among the Public Sector Banks, the Central Bank of India can be indeed described as an 'All-India Bank' due to the distribution of its extensive network in all 28 States and also in 7 out of 8 Union Territories in India. As of March 31, 2022, your Bank has a Pan India presence with 17,803 Customer Touch Points. This includes a network of 4,528 branches, 2,976 ATMs and 10,299 BC Outlets. The Pan India presence covers all 28 States, 7 out of 8 Union Territories and NCT Delhi. The Bank has a strong Rural and Semi-Urban presence, with 65% of its total branches in Rural and Semi-Urban Centres.



12.17 crore
Customers

4,528
Domestic branches

2,976
ATMs in Service

10,299
Business Correspondent Agents


₹3,42,692 crore
Deposits (31st March 2022)

1,95,483
SBI Co-branded Credit Cards issued


₹1,89,712 crore
Advances (31st March 2022)


कार्य निष्पादन वैशिष्ट्य

पिछले 111 वर्षों के शानदार इतिहास के दौरान, आपके बैंक ने कई तूफानों का सामना किया है और चुनौतियां झेली है तथा हर बार और मजबूत होकर उभरने के लिए आज, हम अर्थव्यवस्था में अत्यधिक प्रासंगिक और योगदान देने वाले बैंक बनने के शिखर पर हैं. आगे बढ़ते हुए, हम प्रत्येक व्यावसायिक इकाई के लिए अपने मुख्य परिचालन लाभ लक्ष्यों को पूरा करने और अपने आरओए में सुधार करने के अपने लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास जारी रखेंगे.




(₹करोड़ में)


कुल व्यापार
कुल जमा
कुल ऋण और अग्रिम
सकल आय
269,225
162,107
107,118
13,799
310,763
179,356
131,407
16,486
346,898
196,173
150,725
20,454
402,272
226,038
176,234
23,528
423,390
240,069
183,321
26,350
450,539
255,572
194,967
28,303
456,336
266,184
190,152
27,825
449,679
296,671
153,008
27,537
472,323
294,839
177,484
26,659
467,584
299,855
167,729
25,052
486,007
313,763
172,244
27,200
506,886
329,973
176,913
25,846
532,404
342,692
189,712
25,770
FY2010
FY2011
FY2012
FY2013
FY2014
FY2015
FY2016
FY2017
FY2018
FY2019
FY2020
FY2021
FY2022



कुल ब्याज आय
परिचालन लाभ
गैर ब्याज आय
कुल लाभ/हानि
2,545
2,058
1,735
1,059
5,326
2,591
1,265
1,252
5,169
2,815
1,395
533
5,738
3,173
1,667
1,015
6,493
3,238
1,923
(1,263)
7,247
3,559
1,894
606
7,065
2,642
1,938
(1,418)
6,574
3,089
2,876
(2,439)
6,517
2,733
2,623
(5,105)
6,773
3,127
2,413
(5,641)
7,629
4,344
3,637
(1,121)
8,245
4,579
3,116
(888)
9,487
5,742
2,968
1,045
FY2010
FY2011
FY2012
FY2013
FY2014
FY2015
FY2016
FY2017
FY2018
FY2019
FY2020
FY2021
FY2022


Performance Highlights

During the past 111 years of illustrious history, your Bank has weathered many storms and faced many challenges, only to emerge stronger each time. Today, we are at the tipping point of becoming a highly relevant and contributing bank to the economy. Going forward, we will continue pursuing our goals of meeting our core operating profit targets for each business unit and improving our ROA.



(₹in crore)


Total Business
Total Deposits
Total Loans & Advances
Gross Income
269,225
162,107
107,118
13,799
310,763
179,356
131,407
16,486
346,898
196,173
150,725
20,454
402,272
226,038
176,234
23,528
423,390
240,069
183,321
26,350
450,539
255,572
194,967
28,303
456,336
266,184
190,152
27,825
449,679
296,671
153,008
27,537
472,323
294,839
177,484
26,659
467,584
299,855
167,729
25,052
486,007
313,763
172,244
27,200
506,886
329,973
176,913
25,846
532,404
342,692
189,712
25,770
FY2010
FY2011
FY2012
FY2013
FY2014
FY2015
FY2016
FY2017
FY2018
FY2019
FY2020
FY2021
FY2022


Net Interest Income
Operating Profit
Non Interest Income
Net Profit/Loss
2,545
2,058
1,735
1,059
5,326
2,591
1,265
1,252
5,169
2,815
1,395
533
5,738
3,173
1,667
1,015
6,493
3,238
1,923
(1,263)
7,247
3,559
1,894
606
7,065
2,642
1,938
(1,418)
6,574
3,089
2,876
(2,439)
6,517
2,733
2,623
(5,105)
6,773
3,127
2,413
(5,641)
7,629
4,344
3,637
(1,121)
8,245
4,579
3,116
(888)
9,487
5,742
2,968
1,045
FY2010
FY2011
FY2012
FY2013
FY2014
FY2015
FY2016
FY2017
FY2018
FY2019
FY2020
FY2021
FY2022

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश



विगत वित्त वर्ष हेतु हमारे परिणामों के आलोक में, शेयर धारकों की अपेक्षापूर्ति हेतु हर्ष व्यक्त करता हूं. हम अपना व्यवसायिक श्रेष्ठीकरण जारी रखेंगे एवं इसे भविष्य के लिए तैयार करेंगे.

एम. वी. राव
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकरी

प्रिय शेयरधारकों,

हम सहर्ष घोषणा करते हैं कि हमारे बैंक ने विगत वित्तीय वर्ष में शानदार प्रगति की है, और हमने स्थिति को परिवर्तित किया है. मैं संलग्न रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2022 के लिए हमारे बैंक के प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं प्रस्तुत कर रहा हूं.

आर्थिक परिदृश्य:

अप्रैल 2022 में जारी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट में, 2022 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि को 2021 में 6.1% की वृद्धि के प्रति 3.6% और आगे 2023 में 3.6% की वृद्धि का अनुमान लगाया है. हालाँकि, यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के फलस्वरूप 2022 में वैश्विक विकास धीमा होने की संभावना है. आईएमएफ की अप्रैल 2022 की रिपोर्ट का अनुमान है कि उन्नत अर्थव्यवस्थाएं 2021 में 5.2% की वृद्धि की तुलना में 2022 में 3.3% की वृद्धि दर रहेगी. संयुक्त राज्य की अर्थव्यवस्था को वित्त वर्ष 22 में उच्च मुद्रास्फीति की समस्या का सामना करना पड़ा है, तदनुसार उन्होंने महंगाई की समस्या से निपटने के लिए दरों में बढ़ोतरी शुरू कर दी है. उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के 2021 में 6.8% की वृद्धि के बाद 2022 में 3.8% से बढ़ने का अनुमान है. जबकि 2023 में, उभरते बाजारों एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के 4.4% से बढ़ने का अनुमान है.

घरेलू मोर्चे पर, कोविड -19 महामारी के घटते प्रभाव के साथ आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने सहित अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 2021-22 में 8.7% की वृद्धि हुई. जिसमें खनन, निर्माण, विनिर्माण और कुछ अन्य सेवा क्षेत्रों ने दो कारणों से दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है- वित्त वर्ष 2021 का निम्न आधार और कोविड -19 प्रभाव के बाद आर्थिक गतिविधि में तेजी आना. तिमाही आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे महामारी के प्रभाव से उबरने लगी है. 2021-22 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी में 2021-22 की तीसरी तिमाही में (+) 4.1 प्रतिशत की तुलना में (+) 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई. हालांकि, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में निजी अंतिम उपभोक्ता व्यय 2021-22 की चौथी तिमाही में 55.5 प्रतिशत तक कम हो गया, जबकि 2021-22 की तीसरी तिमाही में यह 61 प्रतिशत था. दूसरी ओर, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सकल अचल पूंजी निर्माण 2021-22 की चौथी तिमाही में 33.6 प्रतिशत तक बढ़ गया, जबकि 2021-22 की तीसरी तिमाही में यह 30.1 प्रतिशत था.

यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है, जिसके कारण 2022-23 में विकास धीमा रहने की सम्भावना है. बहरहाल, राजकोषीय व्यय के माध्यम से प्रदान की गई सरकारी सहायता के साथ आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने से मांग को गति प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

इस वर्ष के केंद्रीय बजट 2022-23 ने सूक्ष्म-आर्थिक स्तर के सर्व-समावेशी कल्याण सहित व्यापक आर्थिक स्तर के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के भावी दृष्टिकोण से अवगत करवाया गया है. इसी नींव पर 75 के भारत से 100 के भारत तक के 'अगले 25 वर्षों के अमृत काल' पर अर्थव्यवस्था का खाका तैयार किया गया है. इन 25 वर्षों में भारत का लक्ष्य दृष्टिकोण को बेहतर बनाने वाली डिजिटल अर्थव्यवस्था तथा फिनटेक, प्रौद्योगिकी सक्षम विकास, ऊर्जा संक्रमण एवं जलवायु कार्रवाई और निजी निवेश को बढावा देते हुए सार्वजनिक पूंजी निवेश के साथ निजी निवेश से प्रारंभ कर पुण्य कर्म चक्र पर भरोसा करना है.

ईज 4.0 में बैंक के स्कोर एवं प्रदर्शन में 2020-21 के तिमाही 4 के बेसलाइन स्कोर की तुलना में 2021-22 के तिमाही 3 में उल्लेखनीय (62.34%) सुधार हुआ है. तिमाही 4 के परिणाम अभी भी प्रतीक्षित है. हमारे बैंक ने अपने कुछ पोर्टफोलियो को बाहरी बेंचमार्क यानि रेपो से जोड़ा है जिससे ट्रांसमिशन में सुधार हुआ है. बैंक डिजिटलीकरण के लिए विभिन्न पहल कर रहा है. हम अपने मानव संसाधनों का उपयोग प्रौद्योगिकी के युग में समकालीन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने हेतु कर रहे हैं. ग्राहक केंद्रितता सदैव हमारे बैंक का प्रमुख सिद्धांत रहेगा. वर्तमान समय हम सबकी परीक्षा ले रहा है लेकिन मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर इसे पार कर सकते हैं तथा अपने बैंक को नये शिखर पर ले जा सकते हैं एवं आगे चलकर कई और मील के पत्थर स्थापित कर सकते हैं.

बैंक का प्रदर्शन

व्यवसाय

बैंक का व्यवसाय वित्तीय वर्ष 2020-21 में ₹5,06,886 करोड़ की तुलना में वार्षिक आधार पर 5.03% की वृद्धि करते हुये वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान ₹5,32,404 करोड़ हो गया है. वित्त वर्ष 2021-22 में जमाओं में 3.85% की वृद्धि तथा अग्रिम में 7.23% की वृद्धि सहित बैंक की व्यवसाय वृद्धि और दृढ़ हो गई है. 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक की जमा राशि ₹3,29,973 करोड़ की तुलना में ₹12719 करोड़ बढ़कर ₹3,42,692 करोड़ हो गई हैं. 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक की कुल जमा में कासा के अंश 49.24% की तुलना में अब कासा का अंश 50.58% हो गया है. 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक के कुल अग्रिम ₹1,76,913 करोड़ की तुलना में वार्षिक आधार पर 7.23% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च, 2022 को बढ़कर ₹1,89,712 करोड़ हो गये हैं.

बैंक सदैव संतुलित आस्ति मिश्रण बनाए रखना चाहता है, जिसमें कृषि तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है और साथ ही आवास, शिक्षा और वाहन वित्त सहित अन्य खुदरा आस्तियों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है. उल्लेखनीय है कि वार्षिक आधार पर खुदरा ऋण पोर्टफोलियो में 5.51% की वृद्धि सहित बैंक के एमएसएमई पोर्टफोलियो ने 5.57% की वृद्धि दर्शाई है. एमएसएमई को कुल अग्रिम ₹34139 करोड़ तथा कृषि को कुल अग्रिम ₹38635 करोड़ रहे.

वित्तीय प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष 2020-21 में ₹4,579* करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में बैंक का परिचालन लाभ ₹5,742 करोड़ रहा है. बेहतर प्रदर्शन के साथ, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में ₹888 करोड़ के शुद्ध घाटे की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में ₹1,045 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया. वार्षिक आधार पर विगत वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान ₹1,349 करोड़ रुपये के घाटे की तुलना में इस वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान ₹310 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया.

बैंक की शुद्ध ब्याज आय ₹8,245 से बढ़कर वर्ष 2021-22 के दौरान ₹9,487 करोड़ हो गई है. जबकि गैर ब्याज आय 2020-21 के दौरान ₹3,116* करोड़ से घटकर अब ₹2,968 करोड़ हो गई है. शुद्ध ब्याज मार्जिन (एन आई एम) वित्तीय वर्ष 2020-21 में 2.78% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बढ़कर 3.21% हो गया है. लागत आय अनुपात में भी वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 59.70%* से काफी सुधरकर वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 53.90% हो गया है. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक की जमा लागत घटकर 3.86% हो गई, जबकि वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान यह 4.35% थी.

** वर्तमान वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां कहीं आवश्यक है, आंकड़ों की पुनर्गणना / पुनर्गठन किया गया है.*

आस्ति गुणवत्ता

एनपीए प्रबंधन पर बैंक के लगातार प्रयास और उच्च गुणवत्ता वाली आस्ति प्राप्त करने से परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है. इस प्रकार, 31 मार्च, 2022 तक सकल एनपीए प्रतिशत घटकर 14.84% हो गया, जबकि 31 मार्च, 2021 को यह 16.55% था, साथ ही शुद्ध एनपीए प्रतिशत 31 मार्च, 2021 के 5.77% से घटकर 31 मार्च, 2022 को 3.97% हो गया है. बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात 31.03.2021 के 82.54% से बढ़कर 31.03.2022 को 86.69% हो गया, जिससे बैलेंस शीट को दृढ़ता मिली है. हम 2022-23 के दौरान आईबीसी के तहत एनसीएलटी के माध्यम से और बाहर कुछ बड़े एनपीए खातों के समाधान की आशा कर रहे हैं. हम वर्ष 2022-23 के दौरान एनपीए वसूली को अधिकतम करने, आस्ति की गुणवत्ता में सुधार और शुद्ध लाभ अर्जित करने के लिए सघन प्रयास जारी रखेंगे.

पूंजी

भारत सरकार द्वारा जारी गैर-ब्याज वाले पुनर्पूंजीकरण बांड के एनपीवी की गणना के लिए समायोजन के बाद सीआरएआर 31 मार्च, 2021 को 15.87% की तुलना में यह 31 मार्च, 2022 तक 13.84% है. शून्य कूपन पुनर्पूंजीकरण बांड पर एनपीवी की गणना आरबीआई की अपनी जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट 2021 के अवलोकन के आधार पर की गई है. एनपीवी के प्रभाव पर विचार किए बिना, सीआरएआर 31 मार्च, 2022 को 15.75% है.

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और वित्तीय समावेशन

बैंक लगातार राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के तहत विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने पर जोर दे रहा है. विभिन्न राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के तहत, बैंक ने निम्नानुसार अनिवार्य लक्ष्यों को विश्वसनीय तरीके से प्राप्त किया है: -

» कुल प्राथमिकता - 40% के मानदंड के प्रति समायोजित निवल बैंक ऋण का 44.08%

» कृषि - 18% के मानदंड के प्रति समायोजित निवल बैंक ऋण का 19.79%

» छोटे और सीमांत किसान - 9% के मानक के प्रति समायोजित बैंक ऋण का 10.39%

» कमजोर वर्ग - 11% के मानदंड के प्रति समायोजित निवल बैंक ऋण का 16.30%

बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में ₹15528 करोड़ मूल्य के पीएसएलसी की बिक्री की है. ये उपलब्धियां वास्तव में समावेशी राष्ट्र निर्माण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं.

बैंक समुचित वित्तीय उत्पादों की पेशकश, प्रौद्योगिकी के उपयोग और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने में प्रमुखता से सहभागिता करने सहित वित्तीय समावेशन के कार्यक्रम को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहा है.

बैंक ने भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत भी अच्छा कार्य निष्पादन किया है. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के अंतर्गत क्रमश: 19.24 लाख, 55.75 लाख एवं 15.81 लाख नामांकन किये जा चुके हैं.

अखिल भारतीय उपस्थिति

दिनांक 31 मार्च, 2022 तक, 17803 ग्राहक संपर्क केन्द्रों के साथ बैंक की अखिल भारतीय उपस्थिति है. इसमें 4,528 शाखाओं का नेटवर्क, 2,976 एटीएम और 10,299 बीसी आउटलेट शामिल हैं. अखिल भारतीय उपस्थिति में सभी 28 राज्य, 8 केंद्र शासित प्रदेशों में से 7 और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली शामिल हैं. ग्रामीण और अर्ध शहरी केंद्रों में कुल शाखाओं के 65% सहित बैंक की ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में दमदार उपस्थिति है.

डिजिटल बैंकिंग और वैकल्पिक वितरण चैनल

सूचना और प्रौद्योगिकी के युग में, बैंक ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पहचानता है और देश के युवा जनसांख्यिकीय आधार की जरूरतों को पूरा करता है. तदनुसार, बैंक डिजिटल फुटप्रिंट और वैकल्पिक वितरण चैनलों पर जोर देता है. इसके परिणामस्वरूप, वैकल्पिक वितरण चैनलों के माध्यम से डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2020-21 के 77.63% से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में 78.05% हो गई.

मानव संसाधन

बैंक अपने कर्मचारियों और विभागों हेतु एक उत्पादन उन्मुख कार्य वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि व्यक्तिगत क्षमता को अधिकतम किया जा सके और संगठनात्मक क्षमता का विस्तार किया जा सके. इस संबंध में बैंक ने ऐसे वातावरण का निर्माण करने के लिए योग्यता आधारित भूमिकाएं, कार्य निष्पादन आधारित पदोन्नति, ज्ञानार्जन को प्रोत्साहन देना इत्यादि जैसी सर्वोत्तम मानव संसाधन प्रथाओं को डिजाइन, विकसित और कार्यान्वित करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिससे संगठन का प्रत्येक सदस्य व्यवसाय विकास दर में वृद्धि करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने में सक्षम बन सके.

कर्मचारी सम्बद्धता सर्वेक्षण, कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि करने के लिए क्षमता निर्माण की पहल, मेंटरशिप कार्यक्रम, उत्तराधिकार योजना (आईडीपी), मानव संसाधन नीतियों की समीक्षा की गई और उन्हें समकालीन करने सहित उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया. अनुबंध के आधार पर सेवानिवृत्त सदस्यों की नियुक्ति, कोविड-19 पीड़ितों के लिए अनुकंपा नियुक्ति वर्ष के दौरान मानव संसाधन संबंधी कुछ पहल थीं.

बैंक अपने कॉर्पोरेट उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में संगठन को अग्रणी बनाने की दृष्टि से कर्मचारियों को लाभान्वित करने वाली प्रथाओं को विकसित करने वाले वातावरण के साथ एचआरडी भूमिका को संरेखित करने की दिशा में अपने प्रयास जारी रखेगा.

एमएसएमई/छोटे व्यवसायों/कॉर्पोरेटों के लिए कोविड-19 राहत

बैंक ने 2021-22 के दौरान 2020-21 में शुरू की गई विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से एमएसएमई / छोटे व्यवसायों / कॉरपोरेट्स को अपना समर्थन देना जारी रखा है और उन्हें कोविड -19 महामारी के कारण होने वाली कठिनाइयों से बचाने के लिए गारंटीड इमरजेंसी क्रेडिट लाइन 01, 02, 03, 04 का विस्तार किया है.

ईसीएलजीएस	स्वीकृतियों की संख्या	स्वीकृत राशि (₹करोड़ में)
ईसीएलजीएस 01	165775	3150.15
ईसीएलजीएस 01 . का विस्तार	9415	627.94
ईसीएलजीएस 02	174	517.34
ईसीएलजीएस 02 का विस्तार	79	42.22
ईसीएलजीएस 03	466	114.64
ईसीएलजीएस 03 . का विस्तार	284	22.58
ईसीएलजीएस 04	59	4.82

नई पहल

"सफलता अंतिम नहीं होती है; न असफलता घातक होती है: यह कार्य जारी रखने का साहस है जो मायने रखता है." बैंक ने परिस्थिति को बदल दिया है और वित्त वर्ष 2016-वित्त वर्ष 2022 की अवधि में घाटा उठाने के बाद वित्त वर्ष 2022 के लिए ₹1045 करोड का शुद्ध लाभ दर्ज किया है. यह प्रबल सहबद्धता, प्रतिबद्धता , एवं कार्यान्वित किए गए नए विचारों का परिणाम है. तदापि, हम संतुष्ट नहीं होंगे एवं नवीन प्रक्रियाओं के अतिरिक्त नवीन उत्पादों एवं सेवाओं के साथ व्यवसाय के फलने-फूलने एवं नवोन्मेष विचारों की परिकल्पना करना जारी रखेंगे. इस धारणा के साथ, कुछ नई पहलें निम्नानुसार है: -

» "सीपीएसी – संवितरण पूर्व ऋण समीक्षा प्रक्रिया - मई '21 से कार्यान्वित संवितरण पूर्व ऋण समीक्षा हेतु ऋण प्रक्रिया एवं अनुमोदन केन्द्र ऋण वृद्धि तथा त्वरित ऋण निर्णय लेने के लिए फील्ड में कार्यरत स्टाफ के डर को दूर करने में बहुत सफल रहा है. अब सीपीएसी का परिसंपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए ऋण निगरानी तंत्र हेतु और अधिक लाभ उठाया जाएगा.

» को लेंडिंग – नवीन व्यवसाय विभाग ऋण वृद्धि दर को और प्रबल करेगा.

» ग्रीन डिपॉजिट: 'संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का समर्थन करने और हमारे जमाकर्ताओं को पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले उत्पादों का चयन करने की सुविधा देने हेतु अतिरिक्त ब्याज दर के साथ एक ऑनलाइन सावधि जमा उत्पाद.

» वरिष्ठ कर्मचारी सहबद्धता: हमारे सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रत्यक्ष बिक्री प्रतिनिधि (डायरेक्ट सेलिंग एजेंट - डीएसए) माना जाएगा. इससे एक ओर हमारे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अच्छा प्रोत्साहन मिलेगा और दूसरी तरफ इससे बैंक को उनके स्थानीय संबंधों के फलस्वरूप बढ़िया व्यवसाय प्राप्त करने में सहायता मिलेगी.

» सूचना साझा करने एवं समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं के लिए विशिष्ट मेल आईडी greenchannel@centralbank.co.in बनाई गई है.व्यवसाय में सहजता एवं बेहतर ग्राहक अनुभव हेतु अतिरिक्त सुविधाओं सहित संशोधित नेट बैंकिंग / मोबाइल बैंकिंग सुविधा प्रारम्भ की गई है.

» उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वालों के लिए सम्मान एवं पुरस्कार प्रारंभ की जायेगी.

» वीडियो केवाईसी के माध्यम से ग्राहक ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल हो जाएगी.

» एक में सभी बैंकिंग आवश्यकताओं हेतु बहु कार्यात्मकता एवं समन्वयन सहित एक कस्टमाइज्ड बैंक ऐप प्रारंभ किया जाएगा.

भावी पथ

पिछले वित्तीय वर्ष के हमारे परिणामों के आलोक में, शेयरधारकों की अपेक्षाएं पूर्ण करने हेतु मैं अपनी प्रसन्नता व्यक्त करना चाहता हूं. हम अपने व्यवसाय को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु आवश्यकता के अनुरूप परिशोधन करना जारी रखेंगे.

मैं अपने प्रयासों में प्रबंधन को बहुमूल्य समर्थन, मार्गदर्शन और सूचनाओं हेतु बोर्ड के सभी सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं. मैं समय-समय पर उनके समर्थन और मार्गदर्शन हेतु वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक को भी धन्यवाद देता हूं.

मुझे 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

शुभकामना सहित,

भवदीय,

एम वी राव

स्थान: मुंबई
दिनांक: 27 जून, 2022

Message from the desk of the MD and CEO



In light of our results for the last financial year, I must express my joy for meeting shareholders' expectations. We will continue to transform our business and make it future-ready.

M V Rao
Managing Director and CEO

Dear Stakeholders,

We are pleased to announce that our Bank has made tremendous progress in the last financial year, and that we have made a difference. I am presenting highlights of the performance of our Bank for FY 2022 in the attached report.

Economic Outlook

The International Monetary Fund (IMF) Report released in April 2022, projects the growth of the global economy by 3.6% in 2022 from a growth of 6.1% in 2021 and further projects a growth of 3.6% in 2023. However, the global growth is expected to be slow in 2022 due to impact on economy due to ongoing war between Ukraine and Russia. The April 2022 Report of the IMF estimates advanced economies to grow by 3.3% in 2022 from a growth of 5.2% in 2021. The economy of United States has suffered with the problem of high inflation in the FY22, for which they have started rate hikes to curb the inflation problem. The emerging markets and developing economies are projected to grow by 3.8% in 2022 after a growth of 6.8% in 2021. In 2023, the emerging markets and developing economies are projected to grow by 4.4%.

On the domestic front, as per the provisional figures, real GDP grew by 8.7% in 2021-22 with a pickup in economic activity with the receding impact of Covid-19 pandemic. Sectors like mining, manufacturing, construction, and some other service sectors have reported a double digit growth for two reasons- low base of FY21 and economic activity gaining momentum after Covid-19 impact faded. The quarterly data shows that the domestic economy slowly started to recover from the pandemic. The Q4 2021-22 real GDP grew by (+) 4.1 per cent vis-à-vis (+) 5.4 per cent in Q3 2021-22. However, private final consumption expenditure as percentage of real GDP softened to 55.5 per cent in Q4 2021-22 as compared to 61 per cent in Q3 2021-22. On the other hand, gross fixed capital formation as percentage of real GDP inched up to 33.6 per cent in Q4 2021-22 vis-à-vis 30.1 per cent in Q3 2021-22.

The ongoing war between Ukraine and Russia is not over yet due to which we expect growth to remain muted in 2022-23. Nonetheless, with the economic activities gaining traction with government support provided through fiscal expenditure will help demand to achieve momentum.

This years' Union Budget 2022-23 conveyed the futuristic viewpoint of attaining macro-economic level growth targets with a micro-economic level all-inclusive welfare. It laid foundation & gave a blueprint of the economy over 'Amrit Kal' of next 25 years – from India at 75 to India at 100. In these 25 years India aims to attain the vision-promoting digital economy & fintech, technology enabled development, energy transition, and climate action, and relying on virtuous cycle starting from private investment with public capital investment helping to crowd-in private investment.

Performance of the Bank

Business

During the Financial Year 2021-22, the Business of the Bank stood at ₹5,32,404 crore as compared to ₹5,06,886 crore in the Financial Year 2020-21 on 5.03% growth on a YoY basis. Bank's business growth has remained robust in FY 2021-22, with deposit growth of 3.85% and advances growth of 7.23%. The Deposit of the Bank stood at ₹3,42,692 crore as against ₹3,29,973 crore on March 31, 2021, with a growth of ₹12,719 crore. The CASA share as a percentage of Total Deposits stood at 50.58% against 49.24% in the Financial Year ended March 31, 2021. Total Advances stood at ₹1,89,712 crore in March 31, 2022 as against ₹1,76,913 crore on March 31, 2021, registering a growth of 7.23% on a YoY basis.

The Bank is always keen to maintain a well-balanced assets mix, encompassing sectors such as Agriculture and Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs), and keeping a focus on other retail assets, including Housing, Education and Vehicle finance. Notably, Bank's MSME portfolio has shown growth of 5.51%, with Retail loan portfolio growth by 5.57% on a YoY basis. Advances to MSMEs stood at ₹34,139 crore and Agriculture at ₹38,635 crore.

Financial Performance

The Operating Profit of the Bank stood at ₹5,742 crore in the financial year 2021-22 as against ₹4,579* crore in the financial year 2020-21. With improved performance, the Bank earned a net profit of ₹1,045 crore against a net loss of ₹888 crore for the FY2022 over FY2021 and from ₹1,349 crore loss to ₹310 crore profit during the fourth quarter on a YoY basis.

The Net Interest Income of the Bank increased to ₹9,487 crore from ₹8,245 during 2021-22, whereas Non-Interest Income decreased to ₹2,968 crore from ₹3,116* crore during 2020-21. Net Interest Margin (NIM) improved to 3.21% during the financial year 2021-22 compared to 2.78% in the financial year 2020-21. The Cost to Income ratio also significantly enhanced from 59.70%* for the financial year 2020-21 to 53.90% for the financial year 2021-22. The Bank's Cost of Deposits reduced to 3.86% during the financial year 2021-22 as against 4.35% during the financial year 2020-21.

**Figures have been recalculated/ regrouped wherever necessary to confirm the current year classification.*

Asset Quality

The consistent effort of the Bank on NPA management and garnering high-quality assets improved the asset quality. Thus, the gross NPA percentage reduced to 14.84% as of March 31, 2022, compared to 16.55% as of March 31, 2021, and also, the Net NPA percentage was brought down to 3.97% as of March 31, 2022, as from 5.77% as of March 31, 2021. The Bank's Provision Coverage Ratio improved to 86.69% as of 31.03.2022 from 82.54% as of 31.03.2021, which has strengthened the Balance Sheet. We expect the resolution of certain big NPA accounts through NCLT under IBC and outside during 2022-23. We shall continue to have focused efforts to maximize NPA recovery, improve asset quality and earn net profit during the year 2022-23.

Capital

CRAR after adjustment for reckoning NPV of non-interest-bearing recapitalization bond issued by the Government of India is 13.84% as of March 31, 2022, as compared to 15.87% as of March 31, 2021. NPV on zero-coupon Recapitalization Bonds has been computed on account of observation of RBI in its Risk Assessment Report 2021. Without considering the impact of NPV, CRAR is 15.75% as of March 31, 2022.

Priority Sector and Financial Inclusion

The Bank is continuously emphasizing meeting various goals under national priorities. Under various national priorities, your Bank has credibly achieved the mandated targets as follows:

» Total Priority – 44.08% of adjusted net bank credit against the norm of 40%

» Agriculture – 19.79 % of adjusted net bank credit against the norm of 18%

» Small and Marginal Farmers – 10.39% of adjusted net bank credit against the norm of 9%

» Weaker Section – 16.30 % of adjusted net bank credit against the norm of 10%

The Bank has sold PSLC to the tune of ₹15,528 crore in FY 2021-22. These achievements indeed speak of the Bank's commitment to inclusive nation-building.

Bank has been actively pursuing the agenda of Financial Inclusion with key interventions in offering appropriate financial products, using technology and enhancing financial literacy.

Bank also performed well under social security schemes launched by the Government of India. 33.32 Lakhs, 55.75 Lakhs, and 15.81 Lakhs enrolments have been done under Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana, Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana and Atal Pension Yojana, respectively.

Pan India Presence

As of March 31, 2022, your Bank has a Pan India presence with 17,803 Customer Touch Points. This includes a network of 4,528 branches, 2,976 ATMs and 10,299 BC Outlets. The Pan India presence covers all 28 States, 7 out of 8 Union Territories and NCT Delhi. The Bank has a strong Rural and Semi-Urban presence, with 65% of its total branches in Rural and Semi-Urban Centers.

Digital Banking & Alternate Delivery Channels

In the age of information and technology, the Bank recognizes the customers' changing needs and caters to the needs of the young demographic base of the country. Accordingly, the Bank gives thrust on digital footprints and alternate delivery channels.

As a result, the share of digital transactions through alternate delivery channels increased from 77.63% for FY 2020-21 to 78.05% for FY 2021-22.

Human Resources

The Bank is committed to creating a productive work environment for its employees and departments to maximize individual potential and expand organizational capacity. In this regard bank has taken various steps towards Designing, Developing and Implementing Best HR Practices like Competency-based Roles, Performance-based promotions, and incentivizing learning, among others, to facilitate the creation of an environment where each member of the organization can contribute their best for augmenting our business growth.

Employee Engagement Survey, Capacity Building Initiatives to enhance capabilities of staffs, Mentorship Program, Succession Planning (IDPs), HR Policies Reviewed and made contemporary as well as user-friendly, Engagement of Retirees on a contractual basis, Compassionate Appointment for COVID-19 victims were some of the HR Interventions initiated during the year.

Bank will continue its efforts towards aligning the HRD role with the evolving environment and initiating practices benefitting employees to lead the organization in advancing its corporate objectives.

Covid-19 Relief for MSMEs/Small Businesses/Corporates

Bank has continued extending its support during 2021-22 through various Government schemes launched in 2020-21 to MSMEs / Small Businesses / Corporates and extension of Guaranteed Emergency Credit Line 01, 02, 03, 04 to protect them from hardships caused due to the Covid-19 pandemic.

ECLGS	Number of Sanctions	Amount sanctioned (₹in crore)
ECLGS 01	165775	3150.15
Extension of ECLGS 01	9415	627.94
ECLGS 02	174	517.34
Extension of ECLGS 02	79	42.22
ECLGS 03	466	114.64
Extension of ECLGS 03	284	22.58
ECLGS 04	59	4.82

New Initiatives

"Success is not final; failure is not fatal: It is the courage to continue that counts." Bank has turned the corner and registered a Net Profit of ₹1,045 Crore for FY2022 after incurring losses for the period FY2016–FY2021. This is due to vigorous engagement, commitment and new ideas implemented. Nevertheless, we will not be complacent and continue to thrive to envisage new and fresh ideas to keep the business flourishing with new products and services besides fresh processes. With this impression, a few of the new initiatives put forward are as follows:-

» 'CPAC - Pre-disbursal Credit Review Mechanism-Credit Processing & Approval Centre' for pre-disbursement approval implemented w.e.f. May '21 has been very successful in credit growth and taking out the fear from the field staff for undertaking prompt credit decisions. Going forward, the CPAC will be further leveraged for Credit Monitoring Tools to maintain asset quality.

» Co Lending: New business Vertical will be strengthened to augment credit growth.

» Green Deposit: An online Time Deposit product with extra ROI to support 'United Nations Sustainable Development Goals (SDGs) and empower our depositors to opt for financial products that positively impact the environment.

» Veteran Connect: All our retired staff will be considered as Deemed Direct Selling Agents (DSAs). On the one hand, our retired staff would be getting a good incentive, and on the other hand, this would help the Bank garner robust business with their local connections.

» Dedicated mail ID, i.e. greenchannel@centralbank.co.in for Corporate Borrowers for sharing of information and quick redress of issues.

» Revamped Net Banking/Mobile Banking facility launched with additional features for ease of business and better customer experience.

» Recognition and Reward programs for top performers will be instituted.

» The customer On-Boarding process will be fully digitalized through Video KYC.

» Customized Bank's App will be launched, having multi-functionality and integration for all-in-one banking needs.

Way Forward

In light of our results for the last financial year, I must express my joy for meeting shareholders' expectations. We will continue to transform our business, to make them future-ready to the extent needed.

I would like to acknowledge and thank all the members of the Board for their valuable support, guidance and input to the management in our endeavours. I also thank the Department of Financial Services, Ministry of Finance and the Reserve Bank of India for their support and guidance from time to time.

I am happy to present the Bank's Annual Report for the year ended on March 31, 2022.

With best wishes,

Yours sincerely,

M V Rao
Place: Mumbai
Date: June 27, 2022


उन्नत बैंकिंग हेतु डिजिटली सशक्त बनना

समग्र डिजिटल परिवर्तन जारी

वित्तीय उद्योग के माध्यम से व्यापक प्रौद्योगिकी लहर ने कई पारंपरिक बैंकिंग संरचनाओं को बदल दिया है. ऑनलाइन बैंकिंग, स्वयं सेवा मशीन, वित्तीय एकीकरण और 24 घंटे पहुंच जैसे कारकों ने डिजिटल बैंकिंग की आवश्यकता संबंधी परिदृश्य बदल दिया है. लगातार, केवल-डिजिटल बैंकिंग तेजी से लोकप्रिय हो रही है, सभी आयु वर्ग के ग्राहक अधिक सुविधा और त्वरित बैंकिंग सेवाओं की अपेक्षा कर रहे हैं. लाखों लोगों द्वारा ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग को अपनाने की बढती प्रवृति से संकेत मिलता है कि भविष्य में युवा पीढ़ी के लिए परंपरागत बैंकिंग की प्रासंगिकता कम होना संभव है. सेंट्रल बैंक में, हम तत्परता से डिजिटल भारत की सेवा के लिए समग्र डिजिटल परिवर्तन कर रहे हैं.




सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में, हमारे ग्राहक अनुभव को समृद्ध करने के अतिरिक्त, पूर्णत: डिजिटल होने के अन्य आवश्यक कारण भी हैं. हम उम्मीद करते हैं कि डिजिटल बैंकिंग के विकास से हमारे ग्राहक अनुभव में वृद्धि होगी, राजस्व वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, लागत में कमी आएगी एवं हमारी उत्पादकता बढ़ेगी.



- उपयोगकर्ता आईडी दर्ज करें, मोड चुनें एवं चित्र सत्यापन कोड (कैप्चा) दर्ज करें. "सबमिट" पर क्लिक करें.

यदि शेयरधारक के पास वैध ईमेल पता है, तो पासवर्ड शेयरधारक के पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजा जाएगा. अन्यथा, शेयरधारक सुरक्षा प्रश्न और उत्तर, पैन, जन्म तिथि / डीओआई, लाभांश बैंक विवरण आदि के विवरण के बारे में जानकारी प्रदान करके अपनी पसंद का पासवर्ड सेट कर सकता है और पुष्टि कर सकता है. (पासवर्ड में कम से कम 8 अक्षर, न्यूनतम एक विशेष वर्ण (@ !# $&*), न्यूनतम एक अंक, न्यूनतम एक अक्षर और न्यूनतम एक बड़ा अक्षर होना चाहिए)

नोट :

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए, विवरण का उपयोग केवल इस नोटिस में निहित प्रस्तावों पर मतदान के लिए किया जा सकता है.

यह दृढ़ता से अनुशंसा की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें.

एनएसडीएल/सीडीएसएल के पास डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक पासवर्ड भूल गए हैं:

शेयरधारक / सदस्य जो यूजर आईडी / पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त डिपॉजिटरी / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों की वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगेट यूजर आईडी और फॉरगेट पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें.

अपना वोट इलेक्ट्रानिक रूप में दें

1. सफल लॉग-इन के पश्चात, इन्स्टा वोट के होम पेज पर आपको ई-वोटिंग का नोटिफिकेशन दिखायी देगा. वोट देने के लिए बैंक का "इवेन्ट नंबर" चयन करें या देखें(सिलेक्ट/व्यू).
2. वोटिंग पेज पर आपको "रिजोल्युशन डिस्क्रीपशन" दिखायी देगा और उसके सामने वोटिंग के लिए "फेवर/अगेन्स्ट" का विकल्प दिखायी देगा. उचित विकल्प अर्थात् इच्छानुसार "फेवर/अगेन्स्ट" का चयन कर अपना वोट दें.

   कट ऑफ तारीख पर शेयर की संख्या (जो वोटों की संख्या दर्शाती है) "फेवर/अगेन्स्ट" में प्रविष्ट करें. आप "अलग रहना (अबस्टेन)" का विकल्प भी चुन सकते है, तो धारित शेयर्स "फेवर/ अगेन्स्ट" के लिए नहीं गिने जायेगें.
3. यदि आप पूरा संकल्प विवरण देखना चाहते है, तो "व्यू रिज़ोल्यूशन" फाइल लिंक पर क्लिक करें.
4. "फेवर/ अगेन्स्ट" में से उचित विकल्प का चयन करने पर आपने वोट देने का निर्णय लिया है तो 'सबमिट' पर क्लिक करें. एक "कन्फरमेंशन बॉक्स" दिखेगा. अगर आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते है, तो "हां (यस)" पर क्लिक करें, अगर परिवर्तन करना चाहते है तो "नहीं (नो)" पर क्लिक कर, अपने वोट में संशोधन करें.
5. एक बार संकल्प पर अपने वोट की पुष्टि करने के पश्चात अपने वोट में परिवर्तन अथवा सुधार करना संभव नहीं है.
6. आप वोटिंग पृष्ठ पर "प्रिंट" विकल्प का चयन कर, अपने दिये गये वोट का 'प्रिंट आउट' भी ले सकते हैं.

संस्थागत शेयरधारकों के लिए दिशानिर्देश:

- संस्थागत शेयरधारकों (अर्थात वैयक्तिकों के अलावा, एचयूएफ, एनआरआई इत्यादि) एवं अभिरक्षक को एलआईआईपीएल की ई-वोटिंग प्रणाली में https://instavote.linkintime.co.in पर लॉग ईन कर कस्डोडियन (म्युच्युअल फंड/कॉर्पोरेट निकाय" के तौर पर स्वंय को पंजीकृत करना होगा.

  उन्हें बोर्ड का संकल्प / प्राधिकार पत्र/ मुख्तारनामा आदि की स्कैन की गयी प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि, साथ ही विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि(यों) के सत्यापित नमूना हस्ताक्षर, पीडीएफ प्रारूप में "अभिरक्षक (कस्डोडियन/ म्युच्युअल फंड /कॉर्पोरेट निकाय" लॉग-इन में अपलोड करने होगें, ताकि जांचकर्ता (स्क्रूटिनाइज़र) उसे सत्यापित कर सकें.

सभी शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशानिर्देश:

- वोटिंग अवधि के दौरान शेयरधारक उस विशिष्ट इवेंट के लिए संकल्प(ल्पों) हेतु वोट करने तक कई बार लॉगिन कर सकते हैं.
- विभिन्न फोलियों / डीमेट खाता रखनेवाले शेयरधारक, प्रत्येक फोलियो / डीमेट खाते के लिए स्वतंत्र रूप से वोटिंग प्रक्रिया को चुन सकते हैं.
- डीमैट रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क:

यदि शेयरधारकों / सदस्यों के पास डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखने के लिए डिपॉजिटरी यानी एनएसडीएल / सीडीएसएल के माध्यम से लॉगिन करने से संबंधित कोई तकनीकी समस्या है, तो वे नीचे दिए गए संबंधित हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं:

लॉगिन प्रकार	हेल्पडेस्क विवरण
एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं.
सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या 022- 23058738 या 22-23058542-43 पर संपर्क कर सकते हैं.

- यदि शेयरधारक / सदस्य भौतिक रूप में प्रतिभूतियों को धारण करते हैं / संस्थागत शेयरधारकों के पास ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो कृपया https://instavote.linkintime.co.in, पर हेल्प सेक्शन के तहत उपलब्ध अक्सर पूछे जानेवाले प्रश्न ("एफएक्यू") और इंस्टावोट ई-वोटिंग मैनुअल देखें, या enotices@linkintime.co.in पर ईमेल लिखें या हमें कॉल करें:- दूरभाष:022-49186000

II. शेयरोंधारकों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तारीख अर्थात् बुधवार, दिनांक 03 अगस्त, 2022 को बैंक की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे. तथापि,बैंकिंग कंपनीज (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ई) के प्रावधानों की शर्तों के अनुसार, केन्द्र सरकार को छोड़कर, बैंक का अन्य कोई भी शेयरधारक उसके धारित शेयरों के लिए बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल वोटिंग अधिकारों के दस प्रतिशत से अधिक, वोटिंग अधिकार का प्रयोग करने हेतु पात्र नहीं होगा.

III. ऐसा व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 03 अगस्त 2022 को सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में रिकार्ड किया गया है, सिर्फ वह रिमोर्ट ई-वोटिंग और एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा के लिए पात्र होगा.

IV. ऐसा व्यक्ति, जो बैठक की सूचना ई-मेल के माध्यम से भेजे जाने के पश्चात बैंक का सदस्य बना हो तथा कट- ऑफ तिथि अर्थात शनिवार, 03 जुलाई 2023 को शेयर धारण करता हो, उपर्युक्त प्रक्रिया के अनुसार यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है.

V. इस नोटिस की एक प्रति बैंक की वेबसाइट और लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है.

VI. रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया को उचित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने हेतु, कंपनी सचिव एस. एन अनंथसुब्रमनियन एंड कंपनी को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है.

VII. जांचकर्ता ई-वोटिंग अवधि के समापन से दो (2) कार्य दिवसों की अधिकतम अवधि के भीतर कम से कम दो (2) गवाहों जो बैंक के रोजगार में नहीं हैं की उपस्थिति में वोटों को अनब्लॉक करेगा और जांचकर्ता की रिपोर्ट चाहे वह पक्ष में अथवा विरूद्ध, जैसी भी हो, तैयार कर अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत की जायेगी.

VIII. जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in एवं लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. की वेबसाइट पर बैंक की वार्षिक साधारण बैठक में संकल्प परित करने के दो (2) दिनों के भीतर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक लिमिटेड को भी सूचित किया जयेगा.

4. शेयरधारकों के रजिस्टर को बंद करना:

बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स 07 अगस्त, 2022 (रविवार) से 10 अगस्त, 2022 (बुधवार) (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगे.

5. मताधिकार

अधिनियम की धारा 3(2ई) के उपबंधों के अनुसार, सदृश नए बैंक का कोई भी शेयरधारक, अपने द्वारा धारित शेयरों के सम्बंध में, बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार के दस प्रतिशत से अधिक के मतदान-अधिकार का प्रयोग करने का हक़दार नहीं होगा / होगी.

उपर्युक्त के अधीन, विनियमन 68 के अनुसार केन्द्र सरकार से भिन्न, प्रत्येक शेयरधारक, जो शेयरधारक के रुप में पंजीकृत है, अपना हाथ दिखाकर एक मत दे सकेगा और मतदान की स्थिति में उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए उसे एक वोट देने का अधिकार होगा.

6. बैठक का परिणाम:

इस संकल्प को एजीएम की तारीख को बैंक के प्रधान कार्यालय में संकल्प के पक्ष में अपेक्षित संख्या में मतों की प्राप्ति के अधीन पारित माना जाएगा

7. बैठक का अभिलेख / कार्यवृत्त:

वीसी / ओएवीएम के माध्यम से आयोजित एजीएम का कार्यवृत्त यथाशीघ्र निवेशक संबंध अनुभाग के तहत बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर उपलब्ध कराया जाएगा.

8. संयुक्त धारकों के अधिकारों का उपयोग

विनियमनों के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो अथवा अधिक व्यक्तियों के नाम पर है, तो मतदान के मामले में रजिस्टर में उल्लिखित प्रथम नाम के व्यक्ति को एकमात्र धारक माना जाएगा. अत: यदि शेयर्स संयुक्त धारकों के नाम में हैं तो केवल प्रथम नामांकित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने एवं मत देने का पात्र होगा.

9. शेयरधारक बैठक के लिए बैंक की वेबसाइट से वार्षिक रिपोर्ट भी प्राप्त कर सकते हैं.

10. भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारकों को सूचना:

जैसा कि आप जानते ही हैं कि भौतिक स्वरूप में शेयरों का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता, अत: शेयरधारकों को तरलता प्रदान करने के लिए, हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप अपने शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित कर लें. आप बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा, जो डीमेट सेवा प्रदान करती हो, में खाता खोलकर अपने शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित कर सकते हैं. बैंक की वेबसाइट पर डीमेट सेवाएं प्रदान करने वाली शाखाओं की सूची उपलब्ध है. शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित करने के अनेक फायदे हैं जैसे क्षति अथवा गलत सुपुर्दगी से बचाव, तीव्र निपटान, कागजरहित लेन-देन आदि. साथ ही, पते में परिवर्तन, बैंक अधिदेश, नामांकन एवं लेनदेन के अनुरोध की सूचना भी एक ही स्थान पर अर्थात वह शाखा, जहां आपने अपना डीमेट खाता खोला है, में ही देनी होती है, भले ही आपके पास एक से अधिक कंपनियों/संस्थाओं के शेयर हों.

11. अदावाकृत लाभांश, यदि कोई हो

वे शेयरधारक, जिन्होंने अपने लाभांश वारंट नहीं भुनाए हैं या जिन्हें पिछले वर्षों में किसी भी वर्ष के लाभांश प्राप्त नहीं हुए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने बैंक खाते में सीधे भुगतान किए जाने या दूसरा (डुप्लीकेट) लाभांश वारंट /मांग ड्राफ्ट जारी करने के लिए बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट से संपर्क करें.

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण), अधिनियम, 1970 की धारा 10बी के अनुसार, अप्रदत्त लाभांश खाते में अंतरण की तारीख से सात वर्षों की अवधि तक यदि लाभांश की राशि अदत्त अथवा अदावाकृत रहती है तो वह राशि निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) में अंतरित कर दी जाएगी और तत्पश्चात इस भुगतान के संदर्भ में कोई दावा बैंक पर लागू नहीं होगा. जिन शेयरधारकों का अदावाकृत लाभांश आईईपीएफ को हस्तांतरित कर दिया गया है, वे www.iepf.gov.in पर उपलब्ध वेब फॉर्म नंबर आईईपीएफ-5 में आईईपीएफ प्राधिकरण को एक ऑनलाइन आवेदन करके इसका दावा कर सकते हैं. विवरण के लिए, कृपया इस रिपोर्ट के कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट वाले भाग को देखें और बैंक की वेबसाइट https://www.centralbankofindia.co.in/sites/default/files/FAQ_Information_for_shareholders.pdf पर निवेशक पृष्ठ पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न देखें.

व्यवसायिक विश्लेषन (₹ करोड़ में)

(₹ करोड़ में)

मद	मार्च 10	मार्च 11	मार्च 12	मार्च 13	मार्च 14	मार्च 15	मार्च 16	मार्च 17	मार्च 18	मार्च 19	मार्च 20	मार्च 21	मार्च 22
कुल व्यवसाय	2,69,225	3,10,763	3,46,898	4,02,272	4,23,390	4,50,539	4,56,336	4,49,679	4,72,323	4,67,584	4,86,007	5,06,886	532404
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	23.49%	15.43%	11.63%	15.96%	5.25%	6.41%	1.29%	(1.46%)	5.04%	(1.00%)	3.94%	4.30%	5.03%
कुल जमा	1,62,107	1,79,356	1,96,173	2,26,038	2,40,069	2,55,572	2,66,184	2,96,671	2,94,839	2,99,855	3,13,763	329973	342692
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	23.49%	10.64%	9.38%	15.22%	6.21%	6.46%	4.15%	11.45%	(0.62%)	1.70%	4.63%	5.17%	3.85%
कुल ऋण एवं अग्रिम	1,07,118	1,31,407	1,50,725	176234	1,83,321	1,94,967	1,90,152	1,53,008	1,77,484	1,67,729	1,72,244	1,76,913	1,89,712
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	23.49%	22.67%	14.70%	16.92%	4.02%	6.35%	(2.47%)	(19.53%)	16.00%	(5.50%)	2.69%	2.71%	7.23%
निवेश	52,008	54,847	59,577	72,662	86,384	95,655	89,895	93,792	1,05,295	1,29,219	1,47,358	1,53,820	146759
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	17.02%	5.46%	8.62%	21.96%	18.88%	10.73%	(6.02%)	4.34%	12.26%	22.72%	14.03%	4.39%	(4.59%)
सीडी अनुपात	66.08%	73.27%	76.83%	77.97%	76.36%	76.29%	71.44%	51.57%	60.20%	55.94%	54.90%	53.61%	55.63
आस्तियों पर आय	0.66%	0.70%	0.26%	0.44%	(0.47%)	0.21%	(0.48%)	(0.80%)	(1.61%)	(1.70%)	(0.35%)	(0.26%)	0.30%

लाभप्रदता (₹ करोड़ में)

(₹ करोड़ में)

मद	मार्च 10	मार्च 11	मार्च 12	मार्च 13	मार्च 14	मार्च 15	मार्च 16	मार्च 17	मार्च 18	मार्च 19	मार्च 20	मार्च 21	मर्च 22
सकल आय	13,799	16,486	20,454	23,528	26,350	28,303	27,825	27,537	26,659	25,052	27,200	25,846	25770
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	19.73%	19.47%	24.62%	14.52%	11.99%	7.41%	(1.69%)	(1.03%)	(3.19%)	(6.03%)	8.57%	(4.98%)	(0.29%)
सकल व्यय	11,741	13,895	17,730	20,355	23,112	24,744	25,183	24,448	23,926	21,925	22,856	21,267	20028
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	16.38%	18.35%	27.60%	14.81%	13.54%	7.06%	1.77%	(2.92%)	(2.14%)	(8.36%)	4.25%	(6.95%)	(5.83%)
परिचालन लाभ	2,058	2,591	2,815	3,173	3,238	3,559	2,642	3,089	2,733	3,127	4,344	4579	5742
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	43.24%	25.90%	8.65%	12.72%	2.05%	9.91%	(25.77%)	16.92%	(11.52%)	14.42%	38.92%	5.41%	25.40%
शुद्ध लाभ/हानि	1,059	1,252	533	1,015	(1,263)	606	(1,418)	(2,439)	(5,105)	(5,641)	(1,121)	(888)	1045
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	85.36%	18.24%	(57.43%)	90.43%	(224.43%)	147.98%	(333.99%)	(72.00%)	(109.31%)	(10.50%)	80.13%	(20.79%)	217.68%
निम (%)	1.86%	3.31%	2.78%	2.65%	2.73%	2.79%	2.78%	2.51%	2.47%	2.54%	2.80%	2.78%	3.21
शुद्ध ब्याज आय	2,545	5,326	5,169	5,738	6,493	7,247	7,065	6,574	6,517	6,773	7,629	8245	9487
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	14.23%	109.27%	(2.95%)	11.01%	13.16%	11.60%	(2.51%)	(6.95%)	(0.88%)	3.93%	12.64%	8.07%	15.06%
गैर ब्याज आय	1,735	1,265	1,395	1,667	1,923	1,894	1,938	2,876	2,623	2,413	3,637	3116	2968
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि	62.15%	(27.09%)	10.28%	19.50%	15.35%	(1.51%)	2.32%	48.40%	(8.80%)	(8.01%)	50.73	(14.32%)	(4.75%)

*चालू वर्ष में वर्गीकरण की पुष्टि हेतु जहां भी आवश्यक है वहां मार्च 21 के आंकडों का पुन: परिकलन/पुन: समुहन किया गया है.

निदेशक रिपोर्ट 2021-22

आपके निदेशकों को दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित लेखा विवरण, लाभ एवं हानि खाते तथा नकद-प्रवाह विवरण के साथ बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

1. कार्य निष्पादन वैशिष्ट

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को बैंक का कुल व्यवसाय ₹ 532404 करोड़ रहा जो 31 मार्च 2021 को ₹ 506886 करोड़ था.

» बैंक की कुल जमाराशि ₹ 342692 करोड़ हो गई, जो 31 मार्च 2021 को ₹ 329973 करोड़ थी.

» बैंक का कुल अग्रिम ₹ 189712 करोड़ हो गया है, जो 31 मार्च, 2021 को ₹ 176913 करोड़ था.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कुल आय ₹ 25770 करोड़ हुई जबकि दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में यह ₹25846 * करोड़ थी.

» बैंक की गैर-ब्याज आय दिनांक 31 मार्च, 2022 को ₹ 2968 करोड़ हुई जो दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 3116* करोड़ थी.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक का परिचालन लाभ 25.40% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹5742 करोड़ हुआ, जो पिछले वर्ष दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 4579* करोड़ था.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक ने ₹ 1045 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है. जबकि दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष के दौरान निवल हानि ₹ 888 करोड़ थी.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान प्रति कर्मचारी व्यवसाय बढ़कर ₹ 17.15 करोड़ हो गया. जो दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में ₹ 16.50 करोड़ था.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बासल – III के अनुसार) 13.84%@ रहा. जिसमें टीयर I - 11.48% तथा टीयर II – 2.36% रहा.

जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट में सलाह दी है कि, बैंक ने भारत सरकार द्वारा जारी गैर-ब्याज वाले पुनर्पूजीकरण बांड के एनपीवी की गणना के लिए समायोजन के बाद पूंजी अनुपात की गणना की है. एनपीवी के प्रभाव पर विचार किए बिना, टियर 1, टियर 2और सीआरएआर क्रमश: 13.39%, 2.36% तथा 15.75% है.)

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को नैट वर्थ ₹23801.85 करोड़ रही.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में नकद वसूली में बेहतरी दर्शाते हुए (एनपीए की बिक्री सहित) ₹3266 करोड़ हो गयी जो दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹2963 करोड़ थी.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को सकल एनपीए से सकल अग्रिम अनुपात में बेहतरी दर्शाते हुए 14.84% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2021 को 16.55% था.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को निवल एनपीए से निवल अग्रिम अनुपात में घटकर 3.97% हो गया. जो दिनांक 31 मार्च, 2021 को 5.77% था.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को प्रावधान कवरेज अनुपात सुधरकर 86.69% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2021को 82.54% था.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष को शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) बेहतरी दर्शाते हुए 3.21% रहा. जो दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 2.78% था.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) 0.30% रहा.

» वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण नियोजन ₹ 93887 करोड़ रहा. तथापि, प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में एएनबीसी को ऋण के आधिक्य का लाभ उठाने के लिए बैंक ने पीएसएलसी में बिक्री/खरीद लेन-देन किया है. वर्ष के दौरान बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों के अंतर्गत ₹ 15528 करोड़ के पीएसएलसी की बिक्री की.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का कृषि ऋण ₹ 38635 करोड़ हो गया. जो दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 36207 करोड़ था.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एमएसएमई अग्रिम पीएसएलसी के बिना ₹ 31438.55 करोड़ रहा और सिडबी में ₹264.04 करोड़ का तथा मुद्रा लिमिटेड में ₹ 31.65 करोड़ का निवेश है. वित्तीय वर्ष 2021-22 का पीएसएलसी शून्य है.

» दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में रिटेल ऋण बढ़कर ₹52226 करोड़ हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹49468 करोड़ था.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो ₹ 30163 करोड़ रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष 7.84% की वृद्धि दर्शाता है. दिनांक 31 मार्च, 2022 को कुल रिटेल पोर्टफोलियो में आवास ऋण पोर्टफोलियो की हिस्सेदारी 57.75% रही.

» बैंक ने देश के 9 राज्यों में यथा मध्य प्रदेश (18), बिहार (9), महाराष्ट्र (6), उत्तर प्रदेश (5), पश्चिम बंगाल (3), छत्तीसगढ़ (2), राजस्थान (1), ओड़ीसा (1) एवं असम (1) में 46 ग्रामीण स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र (आरएसईटीआई) स्थापित किए हैं. वर्ष 2021-22 के दौरान, आरएसईटीआई ने 672 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और उनमें 18589 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया है. इनमें से 5501 (अर्थात 30%) प्रशिक्षुओं को बैंक ऋण, वेतन समझौते एवं स्ववित्त के माध्यम से नियोजित किया गया है. नियोजित अभ्यर्थियों की क्रेडिट लिंकेज उपलब्धि 2879 अर्थात 16% रही.

» बैंक के पास दिनांक 31 मार्च, 2022 तक 2 राज्यों के 23 जिलों में 1174 शाखाओं के नेटवर्क के साथ 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं.

» बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत 10299 बीसी एजेन्ट को तैनात किया है बैंक ने 196 शहरी वित्तीय समावेशन खोले है. बैंक ने बीसी एवं शाखाओं के माध्यम से ₹ 231.41 लाख बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट खाते (बीएसबीडीए) खोले हैं.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंकाश्युरेंस व्यवसाय से कुल ₹74.36 करोड़ की आय हुई.

» दिनांक 31 मार्च, 2022 को पूरे देश में बैंक के नेटवर्क में 4528

शाखाएं हैं जिनमें से 65% शाखाएँ ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में, 2976 एटीएम, 10 सेटेलाइट कार्यालय एवं 1 विस्तार पटल हैं.

2. आय एवं व्यय

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आय एवं व्यय के विवरण निम्नानुसार दिए गए हैं:

(₹ करोड़ में)

		31.03.2022	31.03.2021	विचलन	%
1	**ब्याज आय**	22802	22730	72	0.32
	- अग्रिम	11501	11638	(137)	-1.18
	- निवेश	9264	10009	(745)	-7.44
	- अन्य	2037	1083	954	88.09
2	**गैर ब्याज आय***	2968	3116	(148)	-4.75
3	**कुल आय (1+2)***	25770	25846	(76)	-0.29
4	**प्रदत्त ब्याज**	13315	14485	(1170)	-8.08
	- जमाराशि	12848	13994	(1146)	-8.19
	- अन्य	467	491	(24)	-4.89
5	**परिचालन व्यय**	6713	6782	(69)	-1.02
	- स्थापना	3927	4141	(214)	-5.17
	- अन्य	2786	2641	(145)	5.49
6	**कुल व्यय (4+5)**	20028	21267	(1239)	-5.83
7	**स्प्रेड (1-4)**	9487	8245	1242	15.06
8	**परिचालन लाभ (3-6)***	5742	4579	1163	25.40
9	**प्रावधान***	4152	5467	(1315)	-24.05
10	**कर के लिए प्रावधान**	672	(436)	1108	-254.16
11.	असाधारण मद (व्यय)	545	-	545	100
11	**शुद्ध लाभ/(हानि) (8-9)**	1045	(888)	1933	-217.68

चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां कहीं आवश्यक हुआ, आकडों की पुनर्गणना / पुनर्समूहन किया गया है.

3. प्रावधान

पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, लाभ एवं हानि खाते को प्रभारित ₹4152 करोड़ के कुल प्रावधान का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

	31.03.2022 (वि.व)	31.03.2021 (वि.व)	विचलन
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	(222)	263	-184.41
एनपीए के लिए प्रावधान	2461	5176	-52.45
पुनर्संरचित खातों के लिए प्रावधान	596	77	674.03
निवेश के लिए प्रावधान	646	357	80.95
करों के लिए प्रावधान	672	(436)	-254.16
अन्य	(1)	30	-103.33
कुल	4152	5467	-24.05

4. लाभप्रदता अनुपात

(₹ करोड़ में)

	31.03.2022 (वि.व)	31.03.2021 (वि.व)
जमाओं की लागत	3.86	4.35
निधियों की लागत	3.92	4.43
अग्रिमों पर आय	6.57	6.63
निवेशों पर आय	6.27	6.63
निदेश पर आय (ट्रेडिंग लाभ सहित)	6.59	7.53
शुद्ध ब्याज मार्जिन	3.21	2.78
लागत आय अनुपात	53.90	59.70

5. व्यावसायिक अनुपात

(प्रतिशत में)

	31.03.2022 (वि.व.)	31.03.2021 (वि.व.)
औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ) से ब्याज आय	6.65	6.67
औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ) से गैर ब्याज आय	0.87	0.91
औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ) से परिचालन लाभ	1.67	1.34
औसत आस्तियों पर प्रतिफल	0.30	(0.26)
प्रति कर्मचारी व्यवसाय (₹ करोड़ में)	17.15	15.60
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ (₹ लाख में)	3.38	(2.74)

*चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां कहीं आवश्यक हुआ, आकडों की पुनर्गणना / पुनर्समूहन किया गया है.

6. पूंजी एवं जोखिम भारित आस्तियों का अनुपात (सीआरएआर)

पूंजी पर्याप्तता अनुपात के घटक निम्नानुसार रहे:

(₹ करोड़ में)

	31.03.2022 (वि.व.) बासल-III	31.03.2021 (वि.व.) बासल-III
टियर -I	11.48%	12.82%
टियर -II	2.36%	1.99%
पूंजी पर्याप्तता अनुपात	13.84%	14.81%

* जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट में सलाह दी है, बैंक ने भारत सरकार द्वारा जारी गैर-ब्याज वाले पुनर्पूंजीकरण बांड के एनपीवी की गणना के लिए समायोजन के बाद पूंजी अनुपात की गणना की है. एनपीवी के प्रभाव पर विचार किए बिना, टियर 1, टियर 2 और सीआरएआर क्रमशः 13.39%, 2.36% तथा 15.75% है.

7. शुद्ध लाभ/हानि

दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को ₹1045 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है. वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए निदेशक मंडल ने इक्विटी शेयर पर किसी प्रकार का लाभांश देने की संस्तुति नहीं की है.

8. वर्ष के दौरान निदेशक मंडल में परिवर्तन :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए :

दिनांक 23 मई, 2021 को कार्यालयीन समय की समाप्ति से श्री तपन रे अंश कालिक गैर- अधिकारी निदेशक, साथ ही गैर-कार्यकारी अध्यक्ष, बैंक के निदेशक नहीं हैं.

दिनांक 30 जून, 2021 को कार्यलयीन समय की समाप्ति से सुश्री मिनी आइप, शेयर धारक निदेशक, बैंक की निदेशक नहीं है.

दिनांक 01 जुलाई, 2021 से श्री दिनेश पांगती शेयरधारक निदेशक के रुप में नियुक्त किए गए.

वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी दिनांक 21 दिसम्बर , 2021 से बैंक के गैर-अधिकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए.

निदेशक मंडल, वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक के निदेशक पद से निवृत्त हुए श्री तपन रे तथा सुश्री मिनी आइप द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उनकी सेवाओं को रेखांकित करता है.

9. व्हिसल ब्लोअर नीति

लोकहित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण (पीआईडीपीआई) के अंतर्गत बैंक पर्दाफाश शिकायतों के लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करता है. बैंक का "सेन्ट ई व्हिसिल ब्लोअर" नामक एक वेब पोर्टल है जिसमें कर्मचारी और निदेशकगण कदाचारों की रिपोर्टिंग अपनी पहचान उजागर किए बिना कर सकते हैं, जो सिर्फ महाप्रबंधक - मानव संसाधन विभाग को ही ज्ञात होती है. निदेशकगण और कर्मचारी आवश्यकतानुसार लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष से भी संपर्क कर सकते हैं. इससे कदाचार पर अंकुश लगाने, धोखाधड़ी रोकने एवं कर्मचारियों का मनोबल बढाने में मदद मिलती है.

10. त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई

दिनांक 13 जून, 2017 को जारी अपने पत्र में भारतीय रिजर्व बैंक ने उच्च शुद्ध एनपीए और आस्तियों पर नकारात्मक प्राप्तियों के आलोक में बैंक को त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के अंतर्गत रखा है. बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी एससीबी के लिए संशोधित पीसीए ढांचे के तहत सभी मानकों को पूरा कर लिया है और बैंक पीसीए से बाहर निकलने के लिए पूरी तरह से काम करेगा.

11 व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट

व्यावसायिक उत्तरदायित्व संबंधी रिपोर्ट, जो कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (दायित्व सूचीकरण एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 34 के अंतर्गत निर्धारित है, इसके साथ संलग्न है तथा बैंक की वेबसाइट (www.centralbankofindia.co.in) पर भी उपलब्ध है.

12. निदेशकों के उत्तरदायित्व संबंधी विवरण

निदेशकगण यह पुष्टि करते हैं कि दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखों को तैयार करते समय:

महत्त्वपूर्ण विचलन, यदि कोई है, के सम्बंध में समुचित स्पष्टीकरण के साथ, लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया है;

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार तैयार लेखांकन नीतियों को सुसंगत रूप में लागू किया गया है;

समुचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय एवं प्राक्कलन किए गए हैं, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक के कारोबारी मामलों का तथा दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के अंत में बैंक के लाभ/हानि का सही एवं स्पष्ट चित्रण प्रस्तुत किया जा सके;

भारत में बैंकों को अधिशासित करने वाले नियमों के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन अभिलेख रखने में समुचित एवं पर्याप्त सावधानियां बरती गई हैं;

लाभकारी कारोबार वाले संस्थान के आधार पर, लेखे तैयार किए गए हैं.

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं एवं वे प्रभावी रूप से क्रियान्वित है, और

सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली तैयार की गयी है जो पर्याप्त व प्रभावी रूप से क्रियान्वित हैं.

13. कॉर्पोरेट गवर्नेंस

बैंक का निदेशक मंडल, कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रथाओं को अक्षरश: अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर सुस्पष्ट लिखित प्रणाली तथा प्रथाओं को अपनाया है.

14. आभार

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करता है; निदेशक मंडल अपने ग्राहकों एवं शेयरधारकों द्वारा प्रदत्त निर्बाध समर्थन एवं विश्वास के लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता है.

कृते निदेशक मंडल एवं उनकी ओर से
एम वी राव.
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

स्थान : मुंबई
दिनांक : 27 जून, 2022

मेसर्स/ **एस. जयकिशन**
सनदी लेखाकार
हो ची मिन्ह सरानी सूट नं 2 (डी, ई तथा एफ) 2रा माला,
कोलकाता - 7000 071.

मेसर्स/ **छाजेड़ एंड दोशी**
सनदी लेखाकार
101, हबटाउन सोलारीस एन.एस. फडके मार्ग, अंधेरी (पूर्व)
मुंबई - 400 063.

मेसर्स/ **ए.एस. के. ए. एंड कं.**
(पहले अम्बेकर शेलार कर्वे एंड अम्बार्डेकर नाम से जाने जाते थे)
सनदी लेखाकार
501, मिराज आर्केड, गणेश मंदिर के सामने, ऑफ फडके रोड डोम्बीवली पूर्व,
मुंबई - 421 201

मेसर्स/ **किशोर एंड किशोर**
सनदी लेखाकार
सी-7, सेक्टर - ई (न्यू), अलीगंज लखनऊ - 226 024.

स्वतंत्र लेखा परीक्षक का प्रमाण पत्र

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के तहत कॉर्पोरेट गवर्नेंस आवश्यकताओं के अनुपालन के क्रम में

प्रति
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सदस्यगण

1. यह प्रमाणपत्र हमारे सहबद्धता पत्र दिनांक 07 अक्तूबर, 2021 की शर्तों के अनुसार जारी किया गया है.
2. वर्ष 1 अप्रैल, 2021 से 31,मार्च 2022 के लिए सूचीकरण विनियम के विनियम 15(2) में संदर्भ के अनुरूप, समय-समय पर संशोधित, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार, इस रिपोर्ट में 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ('बैंक') द्वारा कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन का विवरण है.

सूचीकरण विनियमों की शर्तों के अनुपालन के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

3. कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट तैयार करने के साथ-साथ उसके सभी प्रासंगिक सहायक रिकॉर्ड और दस्तावेजों के रखरखाव की जिम्मेदारी बैंक के प्रबंधन की है.

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

4. हमारी परीक्षा उपर्युक्त सूचीकरण विनियमों में निर्धारित कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और उसके कार्यान्वयन तक सीमित थी. यह न तो लेखा परीक्षा है और न ही बैंक के वित्तीय विवरणों पर राय की अभिव्यक्ति है.
5. सूचीकरण विनियमों की आवश्यकताओं के अनुसार, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम एक उचित आश्वासन प्रदान करें कि क्या बैंक ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए सूचीकरण विनियमों में निर्धारित कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन किया है.
6. हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ('आईसीएआई') द्वारा जारी विशेष प्रयोजन के लिए रिपोर्ट या प्रमाणपत्रों पर मार्गदर्शन नोट संशोधित 2016. ('मार्गदर्शन नोट') के अनुसार अपनी परीक्षा आयोजित की. मार्गदर्शन नोट के लिए आवश्यक है कि हम आईसीएआई द्वारा जारी आचार संहिता की नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें.
7. हमने ऐतिहासिक वित्तीय जानकारी, अन्य आश्वासन और संबंधित सेवा संलिप्तता की लेखा परीक्षा और समीक्षा करने वाले फर्मों के लिए लागू गुणवत्ता नियंत्रण पर मानक (एसक्यूसी) 1 की प्रासंगिक लागू आवश्यकताओं, गुणवत्ता नियंत्रण का अनुपालन किया है

राय

8. हमारी राय में, और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने उपर्युक्त लिस्टिंग विनियमों में निर्धारित कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन किया है.
9. हम कहते हैं कि इस तरह का अनुपालन न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने बैंक के मामलों का संचालन किया है.

उपयोग पर प्रतिबंध

10. यह प्रमाण पत्र को बैंक के सदस्यों को केवल इस उद्देश्य के लिए संबोधित और प्रदान किया जाता है कि बैंक सूचीकरण विनियमों की आवश्यकता का पालन कर सके, और इसका उपयोग किसी अन्य व्यक्ति या किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए. तदनुसार, हम किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए जिसे यह प्रमाण पत्र दिखाया गया है या जिसके हाथ में यह हमारी पूर्व सहमति के बिना आ सकता है, किसी भी दायित्व या किसी भी कर्तव्य को स्वीकार या ग्रहण नहीं करते हैं.

कृते **एस. जयकिशन**
सनदी लेखाकर
एफ आर सं. 309005ई

कृते **छाजेड एंड दोशी**
सनदी लेखाकार
एफ आर सं. 101794डब्ल्यू

(सीए रितेश अग्रवाल)
भागीदार
सदस्यता सं. 062410
यूडीआईएन : 22062410एआईआरसीक्यूडब्ल्यू 4087

(सीए किरण के दफ्तरी)
भागीदार
सदस्यता सं. 010279
यूडीआईएन : 22010279एआईक्यूझेड्जेएन 8912

कृते **ए.एस.के.ए. एंड कं.**
सनदी लेखाकर
एफ आर सं. 122063 डब्ल्यू

कृते **किशोरी एवं किशोर**
सनदी लेखाकर
एफ आर सं. 000291एन

(सीए विजय शेलार)
भागीदार
सदस्यता सं. 101504
यूडीआईएन : 22101504एआईक्यूझेक्यूके2052

(सीए पी.आर. करंथ)
भागीदार
सदस्यता सं. 018808
यूडीआईएन : 22018808एआईआरएवी7815

दिनांक :09.05.2022
स्थान : मुंबई

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

फॉर्म संख्या एमआर -3

दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचिकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के नियम 24ए तथा सेबी परिपत्र: सीआईआर/सीएफडी/सीएमडी1/27/2019 दिनांक 08 फरवरी 2019 के अनुसार]

प्रति,
सदस्यगण
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया,
चंदरमुखी भवन, 9वां तल,
नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021

मैंने लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन की सचिवीय लेखा परीक्षा की है और पाया है कि **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** (इसके पश्चात **बैंक** कहा गया है) द्वारा अच्छे कॉर्पोरेट व्यवहारों का पालन किया गया है. सचिवीय लेखा परीक्षा इस तरीके से की गई है कि इस पर मुझे कॉरपोरेट संचालन / सांविधिक अनुपालन के मूल्यांकन एवं अपनी टिप्पणियां व्यक्त करने हेतु उचित आधार दिया गया है.

बैंक की कार्यवृत्त पुस्तिका, प्रपत्रों और भरे गए रिटर्न एवं बैंक द्वारा रखे गए अन्य रिकार्डों की जांच, साथ ही सचिवीय लेखा परीक्षा करने के दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, मैं एतद्द्वारा रिपोर्ट करती हूँ कि मेरे विचार में, बैंक ने, दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष को कवर करने वाले लेखा परीक्षा अवधि के दौरान, नीचे सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी कि बैंक के पास इस के लिए और इसके पश्चात की गई रिपोर्टिंग के लिए उचित बोर्ड-प्रक्रियाएं एवं अनुपालन-तंत्र हैं:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) एवं इसके अधीन बने नियम, जिस सीमा तक बैंक पर लागू हो.

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (`एससीआरए`) एवं इसके तहत बनाए गए नियम.

(iii) डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 एवं इसके अंतर्गत बनाये गए विनियम और उपनियम.

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश एवं बाहरी वाणिज्यिक उधार के लिए एवं इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों; **(समीक्षाधीन अवधि में बैंक के लिए लागू नहीं)**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ("सेबी अधिनियम") के अन्तर्गत निर्धारित निम्नलिखित विनियम एवं दिशानिर्देश –

ए) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ("सूचीकरण बाध्यताएं प्रकटीकरण अपेक्षाएं")विनियम, 2015 यथा संशोधित;

(बी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018 यथा संशोधित;

(सी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन एवं अधिग्रहण) विनियम, 2011 यथा संशोधित. **(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)**

(डी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का बाय-बैक) विनियम, 2018. **(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)**

(ई) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ एवं श्रम-जन्य इक्विटी) विनियम, 2021; **(समीक्षाधीन वर्ष हेतु बैंक पर लागू नहीं)**

(एफ) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (गैर- परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गमन एवं उन्हें सूचीबद्ध करना) विनियम, 2021; **(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंदरूनी व्यापार निषेध) विनियम, 2015; यथा संशोधित;

बैंक पर लागू निम्न अन्य अधिनियम:

(ए) भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचनाओं और परिपत्रों के साथ बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949.

(बी) बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और उसके संशोधन.

(सी) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970.

(डी) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर और बैठक) विनियम, 1998.

हमने निम्नलिखित लागू धाराओं के अनुपालन की भी जांच की है:

(i) बोर्ड की बैठकों और सामान्य बैठकों के संबंध में भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किए गए सचिवीय मानक - राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970, सेन्ट्रल बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 2000 और बोर्ड बैठक और सामान्य बैठकों से संबंधित समय-समय पर संशोधित भारिबैंक /भारत सरकार द्वारा जारी अन्य लागू नियमों, विनियमों, परिपत्रों, जारी अधिसूचनाओं, के प्रावधानों का बैंक द्वारा अनुपालन किया जा रहा है.

(ii) बैंक द्वारा बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के साथ किए गए सूचीबध्दता समझौते.

मैंने `कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013` के तहत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए,

बैंक द्वारा स्थापित तंत्र एवं व्यवस्था की भी समीक्षा की है और समीक्षाधीन अवधि के दौरान, बैंक ने उक्त के प्रावधानों का अनुपालन किया है.

मैं यह भी रिपोर्ट करती हूं कि-

बैंक के निदेशक मंडल को बैंकिंग कंपनी (उपक्रम का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 (यथा संशोधित) और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970 (यथा संशोधित) की धारा 9 (3) के तहत और कार्यपालक निदेशकों, गैर-कार्यपालक निदेशकों, स्वतंत्र निदेशक और शेयरधारक निदेशकों के उचित संतुलन के साथ विधिवत नियुक्त किया गया है. तथापि, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 यथा संशोधित के खंड 17 (1) (ए) के तहत आवश्यकतानुसार बैंक के बोर्ड में महिला निदेशक की नियुक्ति का अनुपालन समीक्षाधीन अवधि के दौरान नहीं किया गया है. तथापि, यह ध्यान दिया जा सकता है कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया कंपनी अधिनियम के तहत निगमित कंपनी नहीं है, बल्कि यह बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 के तहत गठित एक कॉर्पोरेट निकाय है. बैंक एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है और भारत सरकार इसका प्रवर्तक है. निदेशक मंडल की संरचना उपर्युक्त बैंकिंग कंपनी अधिनियम के तहत निर्देशित होती है. बैंक के बोर्ड में एक शेयरधारक निदेशक को छोड़कर सभी निदेशकों को भारत सरकार द्वारा नियुक्त/नामांकित किया जाता है और एक शेयरधारक निदेशक आरबीआई और भारत सरकार द्वारा निर्धारित उपयुक्त और उचित मानदंडों को पूरा करता है, बैंकिंग कंपनी अधिनियम की शर्तों के अनुसार, केंद्र सरकार के अलावा अन्य शेयरधारकों द्वारा चुना जाता है. निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन, जो समीक्षाधीन अवधि के दौरान पाये गए हैं, सेबी (एलओडीआर) के अनुसरण में बैंकिंग नियमों के प्रावधानों के अनुसार किए गए हैं.

बैंक के कार्यकलापों को बोर्ड और उसकी निम्नलिखित समितियों के माध्यम से प्रबंधित / शासित किया जाता है.

1) प्रबंधन समिति
2) लेखा परीक्षा समिति
3) स्टेकधारक संबंध समिति
4) नामांकन और पारिश्रमिक समिति
5) मानव संसाधन समिति
6) जोखिम प्रबंधन समिति
7) बड़े मूल्य की धोखाधड़ी की निगरानी के लिए विशेष समिति
8) ग्राहक सेवा समिति
9) सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति
10) वसूली की निगरानी के लिए समिति
11) पूंजी संग्रहण समिति
12) सतर्कता समिति
13) असहयोगी उधारकर्ताओं की घोषणा के लिए समीक्षा समिति
14) इरादतन चूककर्ता की पहचान की समीक्षा के लिए बोर्ड की समिति
15) क्रेडिट अनुमोदन समिति
16) कार्यनिष्पादन मूल्यांकन समिति

सभी निदेशकों को बोर्ड की बैठकों को निर्धारित करने के लिए पर्याप्त नोटिस दिया जाता है, एजेंडा और एजेंडा पर विस्तृत नोट्स अग्रिम रूप से भेजे जाते हैं और बैठक में एजेंडा मदों पर जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए एक प्रणाली बनाई गई है ताकि बैठक में एक सार्थक सहभागिता हो सके.

कोविड-19 महामारी के प्रकोप के मद्देनजर और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय और सेबी द्वारा जारी छूट के अधीन, बोर्ड की बैठकें और आम बैठकें तथा अन्य समिति की बैठकें वीडियो या ऑडियो-विजुअल मोड के माध्यम से आयोजित की गई और सभी बैठकों की सूचनाएं ई-मेल के माध्यम से भेजी गई और उचित रिकॉर्डिंग को तदनुषंगी संदर्भ के लिए रखा गया है.

बैंक के निदेशक मंडल तथा उसकी समितियों की बैठक में परिपत्रों के द्वारा प्रस्तावों सहित निर्णयों पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई. समीक्षा की अवधि के अंतर्गत निदेशक मंडल के किसी भी सदस्य द्वारा कोई असहमति नही दर्शाई गई.

मैं आगे रिपोर्ट करती हूं कि बैंक के आकार और परिचालन के अनुसार इनकी देखरेख सुनिश्चित करने के लिए लागू कानून, नियम, विनियम और दिशानिर्देश पर्याप्त है.

इसके अतिरीक्त, मैं आगे रिपोर्ट करती हूं कि समीक्षा की अवधि के दौरान, बैंक की निम्नलिखित प्रमुख विशिष्ट आयोजन या कार्रवाईयां थी जो उपरोक्त संदर्भित कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में बैंक पर प्रभाव डाल सकती हैं :

1. बैंक ने 30 मार्च 2022 को आयोजित अपनी बैठक में चार संहिताओं/नीतियों में संशोधन किया है यथा: संबद्ध पक्ष लेन-देन नीति महत्वपूर्ण घटनाओं/सूचनाओं के निर्धारण और प्रकटीकरण पर नीति सेबी (अंदरूनी ट्रेडिंग पर रोक) के अनुसार अंदरूनी ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए आचार संहिता एवं लाभांश वितरण नीति.
2. पूंजी संग्रहन समिति ने अपनी बैठक दिनांक 20 अप्रैल 2021 में ₹ 4800 करोड़ की पूंजी निधि जुटाने के लिए ₹ 10 अंकित मूल्य के 280,53,76,972 इक्विटी शेयर 17.11 प्रति शेयर निर्गम मूल्य, सेबी आईसीडीआर नियमन 2018 के अनुसार निर्धारित 7.11 प्रति शेयर प्रीमियम के साथ अधिमानी आधार पर शेयर धारकों, भारत सरकार के अनुमति के अधीन भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) को जारी एवं आबंटित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया.
3. बैंक ने 18 मई 2021 को आयोजित अपनी असाधारण सामान्य बैठक में प्रस्ताव दस्तावेज/विवरणिका या ऐसे अन्य दस्तावेज के माध्यम से भारत या विदेश में ₹ 4800/- (रुपये चार हजार आठ सौ करोड)

(प्रीमियम सहित, यदि कोई हो) के मूल्य तक की संख्या में इक्विटी शेयरों के सृजित करने, प्रस्तावित करने, जारी करने और (ऐसी श्रेणियों के व्यक्तियों जिन्हें प्रचलित कानून द्वारा अनुमति दी जा सकती है को इस निर्गम के कतिपय अंश के सुनिश्चित और/या प्रतिस्पर्धी आधार पर आबंटन हेतु आरक्षण के प्रावधान सहित) आबंटित करने के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया.

4. तदनुसार, पूंजी संग्रहन समिति ने अपनी 29 मई, 2021 को आयोजित बैठक में 280,53,76,972 इक्विटी शेयर जो कि ₹10/- प्रत्येक के अंकित मूल्य पर ₹17.11 प्रति शेयर के मूल्य पर जारी किये गये थे जिसमें प्रीमियम ₹ 07.11 की राशि सेबी आईसीडीआर विनियमन 2018 के अनुसार निर्धारित की गयी थी को भारत के राष्ट्रपति (भारत शासन)को आबंटित किए गए.

5. बैंक ने सूचना ज्ञापन की शर्तों के अनुसार निम्न लिखतों को भुनाया जिसका अनुमोदन भारतीय रिज़र्व बैंक ने किया.

भुनाने की तिथि	लिखत की प्रकृति	भुनाए जाने की राशि (₹ में)	उद्देश्य
21.12.2021	लोअर टियर II बांड श्रृंखला XIV (आईएसआईएन : आईएनई483A09245	500,00,00,000 (मूल राशि) 46,65,00,000 (ब्याज राशि)	सूचना ज्ञापन के खंड के अनुसार

6. सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटीकरण आवश्यकता), 2015 के विनियम 57(1) के अनुसरण में, बैंक ने निम्नलिखित गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों के लिए ब्याज का भुगतान किया तथा मूल राशि अथवा ब्याज अथवा दोनो देय हो जाने पर इनकी सूचना स्टॉक एक्सचेंज को दी है.

क्र.	विवरण	देय दिनांक	ब्याज राशि	मूल राशि
1.	पात्र बांडधारकों को 9.40% की कूपन दर पर ₹139.10 करोड़ मूल्य के बेमियादी बॉन्ड सीरीज II (आईएसआईएन : आईएनई 483ए09252)	28.09.2021	₹ 13,07,54,000/-	लागू नहीं
2.	पात्र बांडधारकों को 9.80% की कूपन दर पर ₹500 करोड़ मूल्य के बेसल III अनुपालित टियर II बॉन्ड सीरीज IV (आईएसआईएन : आईएनई 483ए08023)	30.09.2021	₹ 49,00,00,000/-	लागू नहीं
3.	कॉल ऑप्शन के प्रयोग पर अनुपालित बेसल III टियर II बॉन्ड सीरीज I (आईएसआईएन : आईएनई 483ए09260)	08.11.2021	₹ 99,00,00,000/-	लागू नहीं
4.	लोअर टायर II बांड सीरिज XIV(आइएसआइएन : आईएनई 483ए09245	21.12.2021	₹ 46,65,00,000/-	₹ 500,00,00,000/-
5.	पात्र बांडधारकों को 8.62% की कूपन दर पर ₹500 करोड़ मूल्य के बेसल III अनुपालित टियर II बॉन्ड सीरीज II (आईएसआईएन : आईएनई 483ए09278)	07.03.2022	₹ 42,98,19,178/-	लागू नहीं
6.	पात्र बांडधारकों को 9.20% की कूपन दर पर ₹500 करोड़ मूल्य के बेसल III अनुपालित टियर II बॉन्ड सीरीज V (आईएसआईएन : आईएनई 483ए08031)	21.03.2022	₹ 46,00,00,000/-	लागू नहीं
7.	पात्र बांडधारकों को 10.80 % की कूपन दर पर ₹500 करोड़ मूल्य के बेसल III अनुपालित टियर II बॉन्ड सीरीज III (आईएसआईएन : आईएनई 483ए09286)	29.03.2022	₹ 54,00,00,000/-	लागू नहीं

कृते **शालिनी पांडे एंड एसोसिएट्स**
कंपनी सचिव
यूडीआईएन :एफओ10462डी000339109

दिनांक: 18/05/2022
स्थान: मुंबई

शालिनी पांडे
एफसीएस : 10462; सीपी : 20576

अनुलग्नक – I

31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

प्रति,
सदस्यगण
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
चंदरमुखी बिल्डिंग
9वीं मंजिल, नरीमन पॉइंट
मुम्बई – 400 021

इस तारीख की हमारी सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढा जाए.

1. **सेन्ट्रल** बैंक ऑफ इंडिया (बैंक) के लिए लागू सभी कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों के अनुपालन की जिम्मेदारी बैंक के प्रबंधतंत्र की है. इस सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट को जारी करने के लिए मेरी जांच नमूना परीक्षण आधार पर अभिलेखों एवं प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी.
2. लागू कानूनों के सचिवीय एवं अन्य अभिलेखों के रखरखाव की जिम्मेदारी बैंक के प्रबंधतंत्र की है. मेरी जिम्मेदारी सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी करना है, जो बैंक द्वारा रखे गए संबंधित अभिलेखों के लेखा परीक्षा एवं जिसे बैंक द्वारा मुझे आवश्यक स्पष्टीकरण के साथ उपलब्ध कराया गया, पर आधारित है.
3. सचिवीय अभिलेखों की मदों की सत्यता के बारे में समुचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए मैनें लेखा परीक्षण की प्रथाओं एवं प्रक्रियाओं का पालन किया है. यह जांच परीक्षण आधार पर की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि सचिवीय अभिलेखों में प्रदर्शित तथ्य सत्य हो. मुझे विश्वास है कि जिन प्रक्रियाओं एवं प्रथाओं का मैनें पालन किया है, वे इस सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट को जारी करने के लिए मेरे मत को यथोचित आधार प्रदान करते हैं.
4. मैनें बैंक के वित्तीय अभिलेखों एवं लेखा बहियों की सत्यता एवं उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है.
5. जहां भी आवश्यक था, मैने कानूनों, नियमों, विनियमों एवं लेखा परीक्षण अवधि के दौरान होने वाली गतिविधियों के अनुपालन हेतु प्रबंधन का प्रतिवेदन प्राप्त किया है.
6. यह सचिवीय लेखा परीक्षण रिपोर्ट न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता और न ही बैंक के कार्यों के संचालन में प्रबंध तंत्र की प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के लिए आश्वासन है.

कृते **शालिनी पांडे एंड एसोसिएट्स**
कंपनी सचिव
यूडीआईएन :एफओ10462डी000339109

दिनांक: 18/05/2022
स्थान: मुंबई

शालिनी पांडे
एफसीएस : 10462; सीपी : 20576

निदेशकों के गैर - अयोग्यता का प्रमाणपत्र

(भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम 2015) के विनियम 34(3) तथा अनुसूची V पैरा सी के खंड (10) (i) के आलोक में)

प्रति,
सदस्यगण
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
चन्द्रमुखी बिल्डिंग
9वीं मंजिल, नरीमन पॉइंट
मुम्बई – 400 021

मैंने **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**, जिसका पंजीकृत कार्यालय चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400021 (इसके पश्चात इसे बैंक कहा गया है) जिनके पास सीआईएन (लागू नहीं) है के निदेशकों,से प्राप्त संबंधित रजिस्टर,अभिलेखों, प्रपत्रों, विवरणियाँ और प्रकटीकरण की जाँच की है जिसे बैंक ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 की अनुसूची V पैरा सी के खंड (10) (i) सह पठित विनियम 34(3) के अनुसार यह प्रमाणपत्र जारी करने के लिए प्रस्तुत किए है.

मेरी राय में, मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं आवश्यकतानुसार निदेशकों की पहचान संख्या (डीआईएन) सहित सत्यापन तथा बैंक और इसके अधिकारियों के द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के अनुसार, मैं यह प्रमाणित करती हूँ कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए नीचे दिए गए बैंक के निदेशक मंडल में से कोई भी निदेशक पद पर नियुक्त होने या पद पर बने रहने से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड / कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय / वित्त मंत्रालय / भारतीय रिजर्व बैंक या किसी भी वैधानिक प्राधिकरण द्वारा विवर्जित या अयोग्य करार नहीं किये गये हैं.

क्र सं	निदेशक का नाम	श्रेणी	डीआईएन	नियुक्ति की तिथि	स्थगन की तिथि
1	श्री तपन रे	गैर-कार्यकारी निदेशक	00728682	23-05-2018	23-05-2021
2	श्री एम वी राव	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी	06930826	01-03-2021	-
3	श्री आलोक श्रीवास्तव	कार्यपालक निदेशक	05123610	23-01-2019	-
4	श्री विवेक वाही	कार्यपालक निदेशक	07490023	10-03-2021	-
5	श्री राजीव पुरी	कार्यपालक निदेशक	07330989	10-03-2021	-
6	श्री भूषण कुमार सिन्हा	गैर-कार्यकारी निदेशक	08135512	14-05-2018	-
7	श्री पी जे थॉमस	गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक	*	28-09-2020	-
8	सुश्री मिनी आइप	गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक	07791184	01-07-2018	30-06-2021
9	श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक	*	21-12-2021	-
10	श्री दिनेश पांगती	गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक	07517137	01-07-2021	-

नोट : * श्री पी जे थॉमस, बैंक के नामित निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित तथा श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी, स्वतंत्र निदेशक, भारत सरकार द्वारा नामित के पास कोई डीआईएन (निदेशक की पहचान संख्या) मौजूद नहीं है, जैसा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में नियुक्त निदेशक के लिये डीआईएन का होना अनिवार्य नहीं है.

बोर्ड में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति / निरंतरता की पात्रता को सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व बैंक के प्रबंधन का है. हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने सत्यापन के आधार पर इस पर राय व्यक्त करें. यह प्रमाणपत्र न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता और न ही बैंक के कार्यों के संचालन में प्रबंधन तंत्र की प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के लिए आश्वासन है.

कृते **शालिनी पांडे एंड एसोसिएट्स**
कंपनी सचिव
यूडीआईएन :एफओ10462डी000339109

शालिनी पांडे
प्रोपराइटर
एफसीएस : 10462; सीपी : 20576

दिनांक: 18/05/2022
स्थान: मुंबई

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट

31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

(सेबी (सूचीकरण बाध्यताओं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं के विनियम 2015) के विनियम 24 ए के अनुरूप परिपत्र क्रमांक सीआईआर/सीएफडी/सीएमडी1/27/2019 दिनांक 08.02.2019 के अनुसरण में)

प्रति,
सदस्यगण
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया,
चंदरमुखी भवन
9वां माला, नरीमन पॉइन्ट
मुम्बई – 400021

1. मैंने निम्न जांच की है :

(ए) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ("सूचीबद्ध कंपनी") द्वारा हमें उपलब्ध कराए गए सभी प्रलेख और अभिलेख तथा प्रदत्त स्पष्टीकरण.

(बी) सूचीबद्ध कंपनी द्वारा स्टॉक एक्सचेंजों में जमा की गई विवरणियाँ.

(सी) सूचीबद्ध कंपनी की वेबसाईट

(डी) अन्य कोई दस्तावेज़/विवरणी, जो इस प्रमाणीकरण के आधार के तौर पर प्रासंगिक हो सकते हैं,

निम्नलिखित के प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष (समीक्षा अवधि) के लिए

(ए) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम 1992 ("सेबी अधिनियम") और उसके अंतर्गत जारी विनियम, परिपत्र,दिशानिर्देश, एवं

(बी) प्रतिभूति संविदा (विनियमन)अधिनियम,1956 ("एससीआरए") के नियम और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी)के अंतर्गत जारी विनियम, परिपत्र, दिशानिर्देश

2. विशिष्ट विनियम एवं उनके प्रावधानों के तहत जारी परिपत्र/दिशानिर्देशों की जांच की गई जिसमें निम्न सम्मिलित हैं:

(ए) यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं)विनियम, 2015

(बी) यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन) एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं)विनियम,2018

(सी) यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण)विनियम,2011 **(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)**

(डी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों को क्रय द्वारा वापस लेना(बाय-बैक)) विनियम, 2018 **(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)**

(ई) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2021 **(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)**

(एफ) संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (असंपरिवर्तनीय और मोचनीय अधिमानी शेयरों का निर्गम एवं सूचीबद्धता) विनियम, 2021 **(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)**

(जी) संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार का निषेध)विनियम, 2015 **(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)**

(एच) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एवं भारत सरकार (जीओआई) द्वारा समय समय पर जारी की गयी अधिसूचनाओं और परिपत्रों के साथ बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949.

(आई) बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 एवं उसके संशोधन

(जे) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विभिन्न प्रावधान) योजना 1970

(के) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं बैठक) विनियम, 1998

मुझे प्रस्तुत दस्तावेजों और अभिलेखों की मेरी जांच एवं सत्यापन पर आधारित और बैंक द्वारा दी गई सूचनाओं एवं स्पष्टीकरण के आधार पर मैं एतदद्वारा रिपोर्ट करती हूं कि दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष की समीक्षाधीन अवधि के दौरान : -

(ए) नीचे दिये गए विनियमों को छोड़कर, सूचीबद्ध कंपनी द्वारा उपरोक्त विनियमों और परिपत्र / दिशानिर्देशों के प्रावधानों का अनुपालन किया गया है

क्र सं	अनुपालन अपेक्षाएं (विशिष्ट खंड सहित विनियम/ परिपत्र / दिशानिर्देश)	विचलन	कार्यरत कंपनी सेक्रेटरी के पर्यवेक्षण एवं टिप्पणियाँ
		निरंक	

(बी) उन अभिलेखों के मेरे परीक्षण से यह प्रतीत होता है कि सूचीबद्ध कंपनी द्वारा उपरोक्त विनियमों और परिपत्र / दिशानिर्देशों के प्रावधानों के तहत उचित अभिलेख रखा गया है

(सी) सूचीबद्ध कंपनी / उसके प्रवर्तकों / निदेशकों /महत्वपूर्ण अनुषंगियों के विरूद्ध "सेबी " या स्टॉक एक्सचेंज द्वारा, उपरोक्त अधिनियमों / विनियमों और उनके अंतर्गत जारी परिपत्रों / दिशानिर्देशों के अनुसार की गई कार्रवाई का विवरण निम्नानुसार है (विभिन्न परिपत्रों के माध्यम से सेबी द्वारा जारी मानक परिचालन प्रक्रिया के अंतर्गत कार्रवाई सहित)

क्र सं	निम्न के द्वारा की गई कार्रवाई	उल्लंघन विवरण	की गई कार्रवाई जैसे दंड, चेतावनी पत्र, रोक आदि का विवरण	कार्यरत कंपनी सचिव के पर्यवेक्षण/ टिप्पणियाँ यदि कोई हो
			निरंक	

(डी) पिछली रिपोर्ट में किये गए प्रेक्षणों के लिए, सूचीबद्ध कंपनी को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है.

कृते **शालिनी पांडे एंड एसोसिएट्स**
कंपनी सचिव
यूडीआईएन :एफओ10462डी000339109

शालिनी पांडे
एफसीएस : 10462; सीपी : 20576

दिनांक: 18/05/2022
स्थान: मुंबई

प्रबंधकीय चर्चा एवं विश्लेषण

आर्थिक परिदृश्य

विश्व अर्थव्यवस्था

कोविड-19 के विनाशकारी प्रभाव से उबर रही विश्व अर्थव्यवस्था यूक्रेन-रूस युद्ध की शुरुआत के बाद भू-राजनीतिक तनाव से बाधित हो गई है. अभी भी चल रहे युद्ध ने वित्तीय बाजार, ऊर्जा और कमोडिटी की कीमतों में उथल-पुथल मचा दी है, जिससे वैश्विक आर्थिक सुधार में सेंध लगी है. कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वस्तुओं की उच्च कीमतों के कारण अब सबसे उन्नत और साथ ही उभरती अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू मुद्रास्फीति धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है.

उच्च मुद्रास्फीति ने केंद्रीय बैंकों को तत्परता से दरों में वृद्धि और अन्य तुलन पत्र में कमी के उपाय करने के लिए मजबूर किया है इसके अलावा, चीन में कोविड-19 मामलों में अचानक वृद्धि और आगामी लॉकडाउन ने आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों को और बढ़ा दिया है. इन घटनाक्रमों के मद्देनजर, आईएमएफ ने अप्रैल 2022 में जारी अपनी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में अपने वैश्विक विकास अनुमानों को वित्त वर्ष 22 और वित्त वर्ष 23 दोनों के लिए वित्त वर्ष 21 में 6.1 प्रतिशत से घटाकर 3.6 प्रतिशत कर दिया. यह पूर्वानुमान इस धारणा पर आधारित है कि युद्ध यूक्रेन और रूस तक ही सीमित रहेगा और रूस पर प्रतिबंध ऊर्जा क्षेत्र को कवर नहीं करेंगे और कोविड-19 का प्रभाव आगे चलकर कम होगा. विश्व व्यापार संगठन ने भी 2022 के लिए विश्व व्यापार वृद्धि के अनुमान को 1.7 प्रतिशत अंक घटाकर 3.0 प्रतिशत कर दिया है.

संयुक्त राज्य अमेरिका में, 28 अप्रैल 2022 को जारी अग्रिम अनुमान के अनुसार, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2022 की पहली तिमाही में 1.4 प्रतिशत की वार्षिक दर से घट गया. वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में कमी ने निजी इन्वेंट्री निवेश, निर्यात, सरकारी खर्च में कमी को दर्शाया जबकि व्यक्तिगत उपभोग व्यय, गैर-आवासीय और आवासीय स्थाई निवेश में वृद्धि हुई. अप्रैल 2022 में मुद्रास्फीति 8.3 प्रतिशत पर बनी रही. मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, यूएस फेड ने मार्च 2022 में अपनी पहली दर में 25 आधार अंकों की वृद्धि की घोषणा की, जिसके बाद मई 2022 में 50 आधार अंकों की वृद्धि की गई. दूसरी दर वृद्धि के पश्चात यूएस ट्रेजरी के 10 वर्षीय बान्ड से आय लगभग 3 प्रतिशत रही, जिसने 2 वर्षीय एवं 10 वर्षीय आय के अंतर को कम कर दिया जो आय में वक्रता का संकेत (मंदी का संकेत) दे रहा है. संयुक्त राज्य अमेरिका में मुद्रा बाजार और शेयर बाजार में नवंबर 2021 से डो जोन्स और नास्डेक में लगभग 15 प्रतिशत के सुधार के साथ अत्याधिक अस्थिरता देखी गई है.

यूरोप में यूरोपीय संघ के सांख्यिकीय कार्यालय, यूरोस्टेट द्वारा 17 मई 2022 को प्रकाशित एक ताजा अनुमान के अनुसार, पिछली तिमाही की तुलना में आवधिक रूप से समायोजित सकल घरेलू उत्पाद में यूरो क्षेत्र में 0.3% और यूरोपीय संघ में 0.4% की वृद्धि हुई. इस समय चल रहे युद्ध के कारण यूरोप को गंभीर व्यवधान का अनुभव होने की संभावना है. लगातार उच्च मुद्रास्फीति और लगाए गए प्रतिबंधों के कारण आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान और बिगड़ गए हैं.ऊर्जा के बड़े आयातक होने के नाते, उच्च वैश्विक कीमतें अधिकांश यूरोपीय देशों के लिए व्यापार की नकारात्मकता का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो कम उत्पादन और उच्च मुद्रास्फीति में परिवर्तन दर्शाती हैं,आईएमएफ के अनुसार, अपेक्षाकृत बड़े विनिर्माण क्षेत्रों सहित जर्मनी एवं इटली की अर्थव्यवस्थाओं में अत्याधिक गिरावट तथा ऊर्जा आयात में रूस पर अधिक निर्भरता के कारण 2022 में यूरो क्षेत्र की जीडीपी वृद्धि को संशोधित कर 2.8 प्रतिशत (जनवरी की तुलना में 1.1 प्रतिशत कम) कर दिया गया है

यूएस फेडरल रिजर्व की कार्रवाइयों के अनुरूप, बैंक ऑफ इंग्लैंड ने भी मौद्रिक नीति को कड़ा करना जारी रखा, लगातार तीसरी वृद्धि करते हुए मार्च में अपनी नीतिगत दर में 25 बीपीएस की वृद्धि की.

जापान के लिए, वास्तविक जीडीपी जनवरी-मार्च 2022 में पिछली तिमाही से 1.0% की वार्षिक दर से कम हो गई क्योंकि कोविड-19 प्रतिबंधों ने सेवा क्षेत्र को प्रभावित किया और यूक्रेन युद्ध और वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि ने उपभोक्ताओं और व्यवसायों को प्रभावित किया.

उभरती बाजार अर्थव्यवस्था ईएमई के बीच मार्च में के महीने में कोविड-19 संबंधित लॉकडाउन के बावजूद दूसरी तिमाही में चीन की जीडीपी में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई. ईएमई में ब्राजील ने अपनी नीतिगत दर में और 100 आधार अंक की वृद्धि की, इस कड़ी कार्रवाई से एक वर्ष में कुल संचयी वृद्धि 975 आधार अंक हो गई. दक्षिण अफ्रीका ने लगातार तीसरी बार अपनी दर में 25 बीपीएस की वृद्धि की. नवंबर 2021 से कुल वृद्धि 75 बीपीएस हो गई. चिली, हंगरी और मैक्सिको ने भी मार्च 2022 में क्रमशः 150 बीपीएस, 100 बीपीएस और 50 बीपीएस की बेंचमार्क दरों में वृद्धि की.

भारत

मई 2022 में जारी अनंतिम अनुमान के अनुसार 2021-22 के लिए जीडीपी वृद्धि 8.7 प्रतिशत होगी, जो राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी दूसरे अग्रिम अनुमान (एसएई) के 8.9 प्रतिशत से 27 आधार अंक कम है साथ ही, 2019-20 के स्तर से 1.8 प्रतिशत अधिक है. आपूर्ति की दिशा में वास्तविक सकल वर्धित मूल्य (जीवीए) सेवाओं सहित प्रमुख घटकों के साथ 2021-22 में 8.1 प्रतिशत बढ़ गया जो 2019-20 के स्तर से अधिक है.

मुद्रास्फीति संकेतक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) जनवरी 2022 के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित सीमा की ऊपरी सीमा 6% से ऊपर दर्ज किया गया है. भारत की प्रमुख मुद्रास्फीति अप्रैल 2022 के 7.8% से थोड़ी सी घट कर मई में 7.04 प्रतिशत हो गई. भारतीय रिज़र्व बैंक ने मई 2022 में 40 तथा जून में 50 आधार अंकों की आश्चर्यजनक वृद्धि की घोषणा की. भारत की औसत वार्षिक सीपीआई मुद्रास्फीति मार्च 2021 की 6.2 प्रतिशत से घटकर मार्च 2022 में 5.5 प्रतिशत हो गई

प्रोविजनल आंकडों के अनुसार अप्रैल 2022 में (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर औद्योगिक उत्पादन 7.1 प्रतिशत से बढा जबकि कोविड़ पूर्व अप्रैल 2019 में यह 3.2 प्रतिशत था. खनन उत्पादन ने सालाना 7.8 प्रतिशत (अप्रैल 2019 में 7.8 प्रतिशत) की वृद्धि हुई, विनिर्माण उत्पादन में 6.3 प्रतिशत (अप्रैल 2019 में 2.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई, जबकि बिजली उत्पादन में क्रमश: 11.8 प्रतिशत (अप्रैल 2019 में 2.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई. वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए, खनन और विनिर्माण उत्पादन के नेतृत्व में 2020-21 के दौरान 8.4 प्रतिशत कमी की तुलना में आईआईपी में 11.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई. अप्रैल 2022 में विनिर्माण और सेवा दोनो पीएमआई बेहतर हुए, जो आर्थिक सुधार दर्शाते हैं.

भारत का समग्र निर्यात (माल एवं सेवाएँ) 2021-22 के दौरान 669.6 बिलियन अमरीकी डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया, जो 2020-21 की तुलना में 34.5 प्रतिशत अधिक है. भारत के सेवा निर्यात ने 2021-22 में $250 बिलियन का लक्ष्य हासिल किया, जो 2020-21 की तुलना में 21.3 प्रतिशत की वृद्धि है.

बैंकिंग

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी प्रोविजनल आंकड़ों के अनुसार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का सकल बैंक ऋण मार्च 2022 में वार्षिक आधार पर 9.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि मार्च 2021 में यह 4.6 प्रतिशत था. बैंकों ने कम ब्याज ऋण प्रदान करके उद्योगों को पर्याप्त सहायता प्रदान की है. भारतीय रिज़र्व बैंक ने भी रेपो रेट को लंबे समय तक अपरिवर्तित रखा. जबकि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए वर्ष-दर-वर्ष ऋण वृद्धि मार्च 2022 में घटकर 9.9 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 10.5 प्रतिशत थी, उद्योग और सेवा क्षेत्र के ऋण परिनियोजन में उल्लेखनीय सुधार हुआ. एससीबी द्वारा उद्योग और सेवा क्षेत्र को प्रदान किया गया ऋण क्रमश: 7.1 और 8.9 प्रतिशत तक बढ़ गया. महामारी के दौरान लगाए गए सबसे अधिक प्रतिबंध झेलने वाले सेवा क्षेत्र की गतिविधि में अब तेजी आई है और कैलेंडर वर्ष 22 में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है. व्यक्तिगत ऋण खंड, जिसने 12.4 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष ऋण वृद्धि देखी है, तदापि,वह मार्च 2020 में महामारी से पहले के 15 प्रतिशत के विकास स्तर तक नहीं पहुंच पाया है.

बैंक का व्यवसायिक कार्य निष्पादन

31 मार्च, 2022 को बैंक का कुल व्यवसाय ₹5,32,404 करोड़ था, जो 31 मार्च, 2021 को ₹ 5,06,886 करोड़ था. उच्च लागत जमाराशियां 31 मार्च, 2021 के ₹68 करोड़ से बढ़कर अब 31 मार्च, 2022 को ₹75 करोड़ हो गई है.

31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु बैंक का परिचालन लाभ ₹5,742 करोड़ रहा, जबकि 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु यह ₹4,579 करोड़ था. बैंक ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹888 करोड़ की शुद्ध हानि के मुकाबले 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹1,045 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया.

संसाधन संग्रहण

उच्च लागत जमा में ₹ 7 करोड़ की वृद्धि सहित, 31 मार्च, 2022 तक कुल जमाराशि ₹ 3,42,680 करोड़ थी. बचत बैंक जमा राशि 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के ₹ 1,45,667 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 7.07% की वृद्धि सहित ₹ 1,55,965 करोड़ हो गई है. इसी तरह, चालू जमा राशि 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के ₹ 16,259 करोड़ से 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 3.21% की वृद्धि सहित बढ़कर ₹ 16,781 करोड़ हो गई. कुल जमाओं में कासा जमाओं का हिस्सा 31 मार्च, 2022 तक बढ़कर 50.56% हो गया, जबकि 31 मार्च, 2021 को यह 49.24% था. कोर सावधि जमा 31 मार्च, 2021 के ₹ 1,66,883 करोड़ में 1.17% की वृद्धि हुई और यह 31 मार्च, 2022 ₹ 1,68,836 करोड़ के स्तर तक पहुंच गई है.

बैंक में इंड एएस के कार्यान्वयन की रणनीति और प्रगति

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र डीबीआर.बीपी.बीसी संख्या 29/21.07.001/2018-19 दिनांक 22 मार्च 2019 में कहा गया है कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुशंसित विधायी संशोधन भारत सरकार के विचाराधीन हैं और बैंकों में इंड एएस के कार्यान्वयन को अगली सूचना तक टाल दिया गया है. तथापि, जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अपेक्षित है, बैंक सितंबर 2021 से प्रत्येक छमाही में भारतीय रिज़र्व बैंक को इंड एएस के प्रारुप में वित्तीय विवरण प्रेषित करता है. भारतीय रिज़र्व बैंक ने 08 अगस्त, 21 को अपने ईमेल के माध्यम से सूचित किया है कि 21 सितंबर को समाप्त छमाही से शुरू होने वाले प्रारुप की परिवर्तित तारीख 1 अप्रैल, 2021 है.

बैंक ने एक इंड एएस सलाहकार की सेवाएं लीं और एक कोर इंड एएस टीम का गठन किया तथा इंड एएस कार्यान्वयन की प्रक्रिया शुरू की. सलाहकार द्वारा हर बार भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करने से पहले इंड एएस वित्तीय विवरण प्रारुप की जांच की जाती है और जानकारी के लिए बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के सामने रखी जाती है.

नई पहल

» प्रशिक्षण केंद्र "ब्रांड सेंट्रल" बनाने हेतु तैयार किए गए हैं.

» पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्टाफ जवाबदेही नीति का पुनरावलोकन किया गया

» सीपीएसी-पूर्व-वितरण ऋण समीक्षा तंत्र का कार्यान्वयन

» निष्ठावान ग्राहकों से मिलने के लिए विशेष अभियान 'सेंट्रल कनेक्ट'.

» भयमुक्त ऋण देने को प्रोत्साहित करने के लिए संशोधित ऋण शक्तियां और आवश्यक नीतिगत परिवर्तन

» को - लेंडिंग : ऋण वृद्धि में तेजी के लिए नया व्यापार कार्यक्षेत्र स्थापित किया गया.

» कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं को जानकारी साझा करने और मुद्दों के त्वरित समाधान के लिए विशिष्ट मेल आईडी अर्थात greenchannel@Centralbank.co.in प्रारम्भ की गई.

» बैंक की वेबसाइट को नया रूप नया रंग दिया गया

» पुनर्निर्मित नेट बैंकिंग / मोबाइल बैंकिंग सुविधा शुरू की गई.

» पंजीकरण और दावों के केंद्रीकृत प्रसंस्करण के लिए सीजीटीएमएसई सेल का गठन

» एमआईएस और एडीएफ प्रक्रियाधीन

» नई बैंकिंग जरूरतों के लिए मिस्ड-कॉल सुविधा का प्रारम्भ

को-लेंडिंग

ट्रेड्स प्लेटफार्म के तहत एमएसएमई इकाइयों के पूल बाय आऊट और व्यापार प्राप्य छूट को, को-लेंडिंग के माध्यम से खुदरा, कृषि और एमएसएमई (रैम) के तहत अग्रिमों के विकास में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बैंक ने महाप्रबंधक के अधीन विकासोन्मुख (को-लेंडिंग) व्यवसाय नाम का नया विभाग बनाया है.

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने भारतीय रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुपालन में प्राथमिकता क्षेत्र के तहत खुदरा, एमएसएमई और कृषि को उधार देने के लिए देश के सात प्रमुख एनबीएफसी/एचएफसी के साथ सह-ऋण (को-लेंडिंग) साझेदारी की है. वर्ष के दौरान को-लेंडिंग के फलस्वरुप अग्रिमों में वृद्धि निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

क्षेत्र	2021-22 के दौरान स्वीकृत		31.03.2022 तक बकाया'	
	खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	खातों की संख्या	31.03.2022 के अनुसार बकाया राशि
खुदरा	13351	1588.98	12319	1304.28
एमएसएमई	1013	198.63	948	195.00
कृषि	5	1.68	5	0.93
कुल	**14369**	**1789.29**	**13272**	**1500.21**

वर्ष के दौरान पूल बायआउट के कारण अग्रिमों में वृद्धि निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

क्षेत्र	2021-22 के दौरान स्वीकृत		31.03.2022 तक बकाया	
	खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	खातों की संख्या	31.03.2022 के अनुसार बकाया राशि
खुदरा	162188	1500.00	162184	1315.95

दिनांक 31.03.2022 को टीआरईडीएस के तहत निष्पादन विशेषताएं निम्नानुसार हैं :

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कुल व्यवसाय ₹ 1972.10 करोड़ हुआ जबकि वित्त वर्ष 2020-21 में ₹42.48 करोड़ का कारोबार हुआ है. कुल कारोबार ₹1972.10 करोड़ में से, कॉर्पोरेट श्रेणी के तहत कारोबार ₹887.45 करोड़ है और पीएसयू श्रेणी के तहत यह ₹1084.65 करोड़ है. 31.03.2022 को कुल बकाया ₹484.34 करोड़ का है.

ऋण वैशिष्ट्य

» बैंक का कुल सकल अग्रिम 31.03.2022 को 7.23% की वृद्धि के साथ बढ़कर ₹ 189712 करोड़ हो गया, जो 31.03.2021 को ₹176913 करोड़ था.

» वित्तीय वर्ष के दौरान, कोविड से संबंधित चुनौतियों के बावजूद ₹35873 करोड़ का नया कॉर्पोरेट ऋण स्वीकृत किया गया.

» ऋण नीति और मास्टर परिपत्रों को संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार, ऋण जोखिमों के प्रबंधन, सिस्टम बनाने और अधिक प्रभावी और त्वरित निर्णय लेने को नियंत्रित करने के लिए अद्यतन किया गया.

» बैंक को बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए ब्याज दरों का युक्तिकरण किया गया था.

» सभी उधार खाते बड़े एक्सपोजर फ्रेमवर्क नियामक सीमाओं के तहत लाए गए.

» पीसीए दिशानिर्देशों के तहत बैंक के असुरक्षित एक्सपोजर को बेंचमार्क के भीतर रखा गया है.

» कॉर्पोरेट ऋण में सीजीईसीएल को सभी पात्र कॉर्पोरेट खातों के लिए स्वीकृत किया गया था.

» नियामक ढांचा - सभी पात्र कॉर्पोरेट खातों में ओटीआर लागू किया गया था.

» हमारे कॉर्पोरेट ग्राहकों को हमारे बैंक के साथ उनके संबंधों से संबंधित सभी मामलों के लिए केंद्रीय कार्यालय में सिंगल पॉइंट एक्सेस प्रदान करने हेतु ग्रीन चैनल की शुरुआत की गई .

» एएए रेटेड उधारकर्ताओं के एक्सपोजर में वृद्धि के साथ पोर्टफोलियो का पुन: संरेखण.

» उधारकर्ता की बाहरी ऋण रेटिंग के डाउनग्रेडेशन के मामले में शुरू

किए जाने वाले कदमों/कार्यों के लिए पद्धति एवं प्रक्रिया.

» एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए सेंट इक्विपमेंट फाइनेंसिंग योजना शुरु की.

» 2 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष तक की अवधि वाले ईबीएलआर लिंक्ड उत्पादों का विस्तार.

» सभी कॉर्पोरेट ग्राहकों और अन्य सीसी/ओडी खाताधारकों को इंटरनेट बैंकिंग प्रदान की गई है.

» कोविड प्रभावित पर्यटन सेवा क्षेत्र के लिए सेन्ट ऋण गारंटी योजना.

» सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) के लिए सेंट ऋण गारंटी योजना.

» इथेनॉल आसवन को बढ़ाने के लिए परियोजना समर्थकों को वित्तीय सहायता देने के लिए दिशानिर्देश सह पद्धति एवं प्रक्रिया.

» नये ऋणों के सृजन को सुलभ बनाने हेतु एनबीजी दिशानिर्देशों तथा अधिग्रहण मानदंडों में संशोधन.

ऋण निगरानी और नीति विभाग

हमारे ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में सुधार के लिए, महाप्रबंधक की अध्यक्षता में ऋण निगरानी और नीति के लिए एक अलग विभाग कार्य कर रहा है. विभाग द्वारा की जा रही प्रमुख गतिविधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

विभिन्न नियंत्रक कार्यालयों और बड़ी शाखाओं में ऋण निगरानी समिति का गठन किया गया है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि समिति की बैठकें समय -समय पर निम्नलिखित बिंदुओं सहित ऋण निगरानी से संबंधित सभी मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए आयोजित की जाती हैं: -

» माह के दौरान विभिन्न स्तरों पर प्रत्यायोजित ऋण शक्तियों के प्रयोग का मूल्यांकन

» एसएमए खातों का मूल कारण विश्लेषण

» ऋण समीक्षा तंत्र के अधीन खातों के कवरेज और बंद होने की स्थिति

» उधार खातों में स्टॉक ऑडिट के संचालन की स्थिति

» खातों के समीक्षा नवीनीकरण की स्थिति

» प्रतिभूतियों के आवधिक निरीक्षण करने के स्थिति

» प्रतिभूतियों की पूर्णत: की स्थिति

» शीघ्र समाधान के लिए वित्तीय चूक से पहले ही खाते की रुग्णता / गंभीरताओं की पहचान करने के लिए समर्पित पोर्टल से उत्पन्न उधार खातों के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों (ईडब्ल्यूएस) का सत्यापन करना. इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं.

» भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार आगे की जांच के लिए पूर्व चेतावनी संकेतों के पालन पर उधार खातों की रेड-फ्लैगिंग

» निरंतर चल रहे बड़े मूल्य के उधार खातों के संचालन और लेनदेन की निगरानी के लिए बैंकिंग प्रणाली से ₹ 250 करोड़ से अधिक जोखिम वाले खातों के लिए विशेष निगरानी एजेंसियों (एएसएम) को लगाया जा रहा है.

» अनुमानित / प्रक्षेपित निष्पादन की तुलना में वास्तविक व्यवसायिक निष्पादन की निगरानी हेतु बैंक में सूचीबद्ध कम्पनियों (₹ 1 करोड़ एवं अधिक) और अन्य (₹ 5 करोड़ एवं अधिक का कार्यशील पूंजी ऋण) के ऋण खातों की तिमाही समीक्षा हेतु एक तंत्र कार्यान्वित किया गया है.

» रेटिंग की गतिशील समीक्षा की प्रक्रिया के माध्यम से ऋण खातों की जोखिम रेटिंग पर प्रारंभिक चेतावनी संकेतों (ईडब्ल्यूएस) का प्रभाव मूल्यांकन शुरू किया गया है.

» विभाग ऋण सूचना कंपनियों एवं एनईएसएल (सूचना उपयोगिता) को ऋण खाता विवरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित कर रहा है.

» विभाग अग्रिमों से संबंधित विभिन्न नियामक विवरण / एमआईएस समय पर जमा करना सुनिश्चित कर रहा है

» विभाग सरसाई (सीईआरएसएआई) के साथ सुरक्षा हित के पंजीकरण की निगरानी कर रहा है.

» विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि ऋण संबंधी नीतियों को भारतीय रिज़र्व बैंक , भारत सरकार आदि द्वारा जारी की गई अधिसूचनाओं के अनुरूप अद्यतन किया जाए.

» सीआरआईएलसी को डिफ़ॉल्ट रिपोर्ट और उधार खातों की मुख्य रिपोर्ट प्रस्तुत करना

» ₹5 करोड से अधिक एवं ₹25 करोड़ तक के एसएमए 1 और 2 खातों की टेम्प्लेट समीक्षा, ताकि चूक वाले खातों में उचित और समय पर कार्रवाई शुरू करने हेतु शाखाओं का मार्गदर्शन किया जा सके.

» सभी 90 क्षेत्रीय कार्यालयों में ऋण प्रक्रिया और अनुमोदन केंद्र (सीपीएसी) की स्थापना की गई है. जिसका उददेश्य ऋण निर्णय लेने में शाखाओं को सशक्त बनाने एवं शाखाओं को सुविधा प्रदान करने और मूल्यांकन और स्वीकृति से शुरू होने वाली सभी पूर्व-संवितरण गतिविधियों के एकल बिंदु सत्यापन की सुविधा प्रदान करने तथा सुरक्षा निर्माण, अन्य नियमों और शर्तों का अनुपालन सहित दस्तावेज़ीकरण इत्यादि है. सीपीएसी एक आधार के रूप में कार्य करेगा और सभी शाखाएं अपने क्षेत्र में कार्यरत सीपीएसी से जुड़ी हुई हैं.

» समर्पित स्टाफ सदस्यों के साथ केन्द्रीय कार्यालय वार रुम के गठन से ₹ 1.00 करोड़ तक के सभी एसएमए खातों की अनुवर्ती कार्रवाई और स्लीपेज को कम करने में भी सहायता मिली है.


प्राथमिकता क्षेत्र

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार समायोजित निवल बैंक ऋण का 40% या तुलनपत्र से इतर एक्सपोजर की ऋण समतुल्य राशि, जो भी अधिक हो, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार दिया जाना है. इसलिये इस क्षेत्र के तहत ऋण देना बैंक की प्राथमिकता है. 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) की स्थिति के अनुसार प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के विभिन्न खंडों के तहत बैंक का प्रदर्शन निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)


क्र.	विवरण	मार्च-19	मार्च-20	मार्च-21	मार्च-22	वृद्धि (%)
1	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम	83201	79987.91	88222.47	93886.50	6.42%
	एएनबीसी की प्रतिशत उपलब्धि	47.22%	45.07%	51.96%	44.08%	
2	कुल कृषि अग्रिम	35655	34419.4	36206.99	38635.40	6.71%
	एएनबीसी की प्रतिशत उपलब्धि	20.24%	19.54%	21.32	19.79%	
3	एमएसएमई	31036	29250.15	32356.43	34138.55	5.51%
4	शैक्षणिक ऋण	2522	2341.42	2724.77	2485.20	-8.79%
5	आवास ऋण (25 लाख रुपये तक)	13956	13939.37	16744.07	18503.23	10.51%
6	अन्य प्राथमिकता क्षेत्र	20	17.51	24.77	13.14	-46.95%
7	ऊर्जा नवीकरण	0	0	2.35	2.25	-4.26%
8	सामाजिक अवसंरचना	8	7.22	153.15	104.40	-31.83%
9	निर्यात ऋण	**5**	**12.84**	**9.93**	**4.33**	**-56.39%**

प्राथमिकता क्षेत्र के तहत ऋण परिनियोजन 2021-22 के दौरान बढ़कर ₹ 93886.50 करोड़ हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 5664.03 करोड़ की वृद्धि दर्ज करता है तथापि, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण में एएनबीसी पर अत्यधिक उधार का लाभ उठाने के लिए, बैंक ने पीएसएलसी में बिक्री लेनदेन किया. वर्ष के दौरान बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र के तहत ₹ 15528.00 करोड़ मूल्य के पीएसएलसी बेचे (सामान्य पीएस के तहत 10500 करोड़, छोटे और सीमांत किसानों के तहत 5028 करोड़) दिनांक 31.03.2022 तक प्राथमिकता क्षेत्र के तहत ₹ 2671.54 करोड़ का बकाया आरआईडीएफ है, जिसमें ₹2092.97 करोड़ कृषि क्षेत्र के तहत है.



कृषि

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कुल कृषि ऋण 31 मार्च, 2021 को ₹ 36206.99 करोड़ के स्तर से ₹ 2428.41 करोड़ बढ़कर 31 मार्च, 2022 तक ₹ 38635.40 करोड़ हो गया. समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) में कृषि ऋण निर्धारित 18% लक्ष्य के प्रति 19.79% प्राप्त किया गया है.



बैंक द्वारा कृषि एवं ग्रामिण विकास के क्षेत्र में प्रस्तुत किये गये मुख्य उत्पादों का विवरण निम्नानुसार है : -

क्र.	योजना का नाम	विवरण
1	सेंट किसान क्रेडिट कार्ड	फसलों की खेती / फसल कटाई के बाद के खर्चों / उत्पादों के विपणन / उपभोग की आवश्यकता / कृषि से संबद्ध गतिविधियों और कृषि से संबद्ध गतिविधियों के रखरखाव के लिए कार्यशील पूंजी / कृषि के लिए निवेश ऋण आवश्यकता के लिए और संबद्ध गतिविधियों के लिये एकल खिड़की ऋण प्रदान करना.
2	सेंट एग्री गोल्ड लोन	सोने के गहने और हमारे बैंक द्वारा जारी किए गए सोने के सिक्के को गिरवी रखकर कृषि और संबद्ध गतिविधियों में त्वरित वित्त फसल उत्पादन और निवेश ऋण.
3	सेंट एसएचजी बैंक लिंकेज	एसएचजी को उधार - परिक्रामी नकद उधार / सावधि ऋण.
4	डीएवाई-एनआरएलएम	मिशन मोड के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों के वित्तपोषण के लिए एमओआरडी द्वारा शुरू की गई योजना.
5	सेंट एएमआई (कृषि विपणन संरचना) योजना	कृषि के विपणन योग्य अधिशेष का प्रभावी ढंग से प्रबंध करने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी, ग्रेडिंग, मानकीकरण, गुणवत्ता प्रमाणन, वैज्ञानिक भंडारण सुविधा के निर्माण के साथ विपणन बुनियादी ढांचे के निर्माण और संबद्ध क्षेत्र हेतु वित्त प्रदान करना .
6	सेंट पाली हाउस, ग्रीन हाउस शेड- नेट हाउस	उच्च गुणवत्ता वाली व्यवसायिक बागबानी फसलों के संरक्षण हेतु वित्तीय सहायता
7	सेंट डेयरी	दुग्ध उत्पादन के लिए डेयरी इकाइयों की स्थापना.
8	सेंट एग्री क्लिनिक / एग्री बिजनेस	योजना के अनुसार आवश्यक योग्यता और रुझान वाले अभ्यर्थियों को कृषि क्लीनिक एवं कृषि व्यवसाय केन्द्र की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना.
9	सेंट फार्म मशीनरी	ट्रैक्टर ट्रेलरों और अन्य कृषि के उपकरण के लिये वित्त प्रदान करना
10	सेंट किसान साथी	कर्जदार किसानों को साहूकारों, दलालों आदि को देय उनकी बकाया राशि को कम करने में मदद करना.
11	सेंट अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जनजाति के तहत कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता.
12	सेंट पोल्ट्री	कुक्कुट फार्म इकाइयों की स्थापना और संचालन के लिए वित्त.
13	सेंट फिशरी	पारंपरिक और वाणिज्यिक मछली पकड़ने की गतिविधि के लिए वित्त
14	सेंट एग्री इंफ्रा	फसलोत्तर प्रबंधन के लिए परियोजनाओं में निवेश के लिए मध्यम-दीर्घकालिक ऋण वित्त सुविधा प्रदान करना
15	सेंट सोलर-पीएमकुसुम योजना	विकेन्द्रीकृत भूमि/स्टिल्ट माउंटेड ग्रिड से जुड़े सौर अथवा अन्य नवीकृत ऊर्जा आधारित एसओओ किलो वाट से 2 मेगावाट की क्षमता वाले शक्ति केन्द्र की स्थापना हेतु कृषकों / 500 / कृषक सहकारी संस्थाओं को वित्त प्रदान करना
16	सेंट विश्वास	कम ब्याज दर पर (i) व्यक्तिगत एससी / ओबीसी लाभार्थियों को ₹ 2.00 लाख तक (ii) एससी/ ओबीसी लाभार्थियों के एसएचजी को ₹ 4.00 लाख तक वित्त प्रदान करना

क्र.	योजना का नाम	विवरण
17	सेंट एनिमल हसबेंडरी इंफ्रा	(i) डेयरी प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धित अवसंरचना (ii) मांस प्रसंस्करण मूल्य संवर्धित अवसंरचना और (iii) पशु चारा प्लांट के लिए मध्यम अवधि के वित्त प्रदान करना.
18	सेंट एफपीओ	किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) / किसान उत्पादक सहकारी (एफपीसी) ₹ 5.00 करोड़ तक का वित्त प्रदान करना.
19	सेंट एफआईडीएफ	मछली पकड़ने और मछली पालन के बुनियादी ढांचे के निर्माण और आधुनिकीकरण के लिए वित्त प्रदान करना और फसल के बाद के नुकसान को कम करना
20	सेंट पीएमएफएमई योजना	सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना और आधुनिकीकरण के लिए वित्त प्रदान करना
21	सेंट कोल्ड स्टोरेज	कोल्ड स्टोरेज / वेयरहाउस इकाइयों की अधिकतम ₹ 50.00 करोड़ तक की वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने के लिए

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान शुरू किए गए नए कृषि उत्पादों के विवरण निम्नानुसार हैं :

क्र. सं.	योजना का नाम	विवरण
1	सेन्ट कोल्ड स्टोरेज	कोल्ड स्टोरेज / वेयरहाउस इकाइयों की अधिकतम ₹ 50.00 करोड़ तक की वित्तीय आवश्यकता को पूरा करना.
2	एसआरएमएस	कृषि / सेवा / औद्योगिक / परिवहन और स्वच्छता आधारित उपकरणों की गतिविधि के लिए अभिचिन्हित हाथ से मैला ढोने वालों / सफाई कर्मचारियों और उनके आश्रितों को ऋण / सीमा प्रदान करना.

कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह को तेज करने के लिए चलाये गये विशेष ऋण अभियान

» सभी ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी शाखाओं ने नए कृषि ऋणों को प्रचारित एवं स्वीकृत करने के लिए प्रत्येक महीना न्यूनतम एक मेगा ऋण शिविर का आयोजन किया.

» सभी ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी शाखाओं ने एसएचजी बैंक सम्बद्धता के लिए विशेष ऋण कैम्प आयोजित किए.

» बैंक ने 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना" (पीएमएफबीवाई) के तहत पात्र उधारकर्ता किसानों को फसल बीमा कवरेज सुनिश्चित किया और गैर-उधारकर्ता किसानों को फसल बीमा कवरेज के लिए प्रचार किया.


» वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने कृषि के तहत निवेश ऋण पर जोर दिया है. बैंक ने छोटे और सीमांत किसानों को ऋण देने पर ध्यान केंद्रित किया है.

» सभी ग्रामीण/अर्द्ध-शहरी शाखाओं ने किसानों में जागरूकता पैदा करने के लिए, किसानों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत ऋण प्रवाह में सुधार के साथ-साथ इसके कवरेज के लिए ग्राम स्तरीय साप्ताहिक शिविर आयोजित किए.


वित्तीय समावेशन (एफआई)

बैंक ने 10299 बीसी एजेंटों को नियुक्त कर, 24311 गांवों को कवर किया है और हमने 884 शहरी वित्तीय समावेशन केन्द्र भी खोले हैं.

लेन-देनों की संख्या (लाख में)




वित्तीय वर्ष 2020-21 में बीसी के माध्यम से खुले वित्तीय समावेशन खातों में ₹ 524.00 लाख के लेन-देन बढ़कर, वित्तीय वर्ष 2021-22 में (वर्ष-दर-वर्ष 7.51% की वृद्धि) ₹ 563.35 लाख हो गए.



बीसी के माध्यम से दिनांक 31 मार्च, 2021 का व्यवसाय 2715.00 करोड़ से बढ़कर, दिनांक 31 मार्च, 2022 को 3285.77 करोड़ (वर्ष-दर-वर्ष 21.02% की वृद्धि) हो गया.

बीसी के माध्यम से खुले खाते :



बीसी के माध्यम से खुले खाते दिनांक 31 मार्च, 2021 के 145.00 लाख बढ़कर, दिनांक 31 मार्च, 2022 को 150.09 लाख (वर्ष-दर-वर्ष 3.51% की वृद्धि) हो गए.

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, एफआई-पीएमजेडीवाय के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियां

बीसी शाखाओं के माध्यम से व्यवसाय 21.02 % से बढ़कर, 2715.00 करोड़ से 3285.77 करोड़ हो गया. कुल एफआई व्यवसाय 13.85% से बढ़कर, 4955.00 करोड़ से 5641.06 करोड़ हो गया. पीएमजेडीवाय खातों में आधार सीडिंग का प्रतिशत 83.97% से बढ़कर 86.24% हो गया एवं सभी परिचालित कासा खाते 88.30% से बढ़कर 90.34% हो गए. शून्य शेष वाले पीएमजेडीवाय खातों की संख्या 39.76% से घटकर, 18,44,633 से 11,11,187 हो गई.

दिनांक 31.03.2021 को सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत दर्ज नामांकन की तुलना में, दिनांक 31.03.2022 को कुल नामांकन में निम्नानुसार वृद्धि हुई है :

सामाजिक सुरक्षा योजना	वित्तीय वर्ष 2020-21	वित्तीय वर्ष 2021-22	वृद्धि%
पीएमजेजेबीवाई	17,49,860	19,23,653	09.93₹
पीएमएसबीवाई	51,53,219	55,74,581	08.18₹
एपीवाई	12,32,446	15,81,162	28.29₹

पीएमजेजेबीवाई के तहत 12946 मृत्यु दावों में से, 12690 दावों का निपटारा किया गया है और पीएमएसबीवाई के तहत 3403 मृत्यु दावों में से 2963 दावों का निपटान किया गया है और अन्य दावों को अस्वीकृत किया गया है / बीमा कंपनियों के विचाराधीन हैं.

अग्रणी बैंक के अंतर्गत कार्य-निष्पादन.

हमारे पास सात राज्यों में स्थित 51 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है; इनमें मध्य प्रदेश (18), बिहार (10), महाराष्ट्र (7), उत्तर प्रदेश (5), पश्चिम बंगाल (4), राजस्थान (3) एवं छत्तीसगढ़ (4) शामिल हैं. कुल व्यवसाय का 50% से अधिक एवं हमारी कुल शाखाओं का लगभग 25% भाग इन राज्यों के अग्रणी जिलों में है.अग्रणी बैंक योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, अग्रणी जिला प्रबंधकों के कार्यालय, पर्याप्त रूप से व्यवस्थित एवं समुचित स्टाफ और बुनियादी संरचना जैसे स्वतंत्र / अच्छे परिसर, वाहन, कंप्यूटर / लैपटॉप और प्रिंटर्स, टेलीफोन, इंटरनेट कनेक्शन, ई-मेल आईडी, मोबाइल से सुसज्जित हैं.

बैंक के विभिन्न उत्पादों से जनता/लोगों को अवगत कराने के लिए, हमने एलडीएम को प्रदत्त वाहनों में ग्रामीण जनसंख्या से संबंधित किसान ऋण कार्ड, सेन्ट्रल आर्टीजन ऋण कार्ड, स्वाभिमान / आधार इत्यादि से सम्बंधित कुछ उत्पाद प्रदर्शित किए हैं. सभी विकासात्मक गतिविधियां जैसे वित्तीय साक्षरता / वित्तीय समावेशन कार्यक्रम, आर-सेटी में नियोजित ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण, एसएचजी / किसान-क्लब / जेएलजी का पूरा कार्यान्वयन, सर्वांग सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए ऋण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया है.

वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी)

हमने 7 राज्यों में 48 एफएलसीसी खोले हैं; मध्य प्रदेश (18), बिहार(10), महाराष्ट्र (7), उत्तर प्रदेश (5), पश्चिम बंगाल (3), राजस्थान (3) और छत्तीसगढ़ (2) और केरल राज्य में ब्लॉक स्तर पर 4 तथा बिहार राज्य के दरभंगा जिले में ब्लॉक स्तर पर 5 एफएलसीसी है. हमने 6 राज्यों में 85 सीएफएल खोले हैं अर्थात बिहार (28), मध्य प्रदेश (27), उत्तर प्रदेश (12), छत्तीसगढ़ (9), पश्चिम बंगाल (5), राजस्थान (4) व्यापक प्रचार-प्रसार और वैयक्तिक परामर्श दोनों किये जा रहे हैं.

बैंक ने शुरू किए विभिन्न उत्पादों/योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए, जनता के बीच जागरूकता लाने और उन्हें लाभ प्राप्त करने के अवसर देने के लिए, उन्हें पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं एलसीडी से युक्त वाहन उपलब्ध कराए हैं. ताकि उनकी आर्थिक स्थिति और जीवन स्तर का उत्थान किया जा सके. इसके अलावा, जब हम परामर्श देते हैं तब साक्षरता सामग्री, किट, किताबें आदि प्रदान करते हैं तथा गांवों का दौरा करते हैं.

ग्रामीण स्व-रोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी)

देश के 9 राज्यों में 46 आर-सेटी हैं अर्थात मध्य प्रदेश(18), बिहार(9), महाराष्ट्र(6), उत्तर प्रदेश(5), पश्चिम बंगाल(3), छत्तीसगढ़(2), राजस्थान(1), उड़ीसा(1) और असम (1) में हैं. वर्ष 2021-22 के दौरान, इन आर-सेटी ने 578 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और 12678 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया. इसमें से 8874 (अर्थात 70%) प्रशिक्षुओं को बैंक ऋण, वेतन भुगतान और स्व-वित्त के माध्यम से उनका कार्य पूरा किया. इन 7888 सुस्थापित उम्मीदवारों ने यानि 62% ने ऋण सम्बद्धता हासिल की.

अन्य पहलें :

हमारे बैंक ने आर-सेटी और एफएलसीसी के संचालन और कामकाज को नियंत्रित और पर्यवेक्षण करने के लिए "सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया समाजिक उत्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीबीआई-एसयूएपीएस)" के नाम से एक सोसाइटी / ट्रस्ट की स्थापना की है. हमने शीर्ष स्तर पर आर-सेटी और एफएलसीसी के मामलों एवं कार्यों पर समग्र रूप से नियंत्रण और पर्यवेक्षण के लिए गवर्निंग काउंसिल का गठन किया है, जिसमें प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एण्ड सीईओ) को संरक्षक के रूप में, कार्यपालक निदेशक को अध्यक्ष के रूप में और महाप्रबंधकों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है.

एमएसएमई विभाग

एमएसएमई व्यवसाय के सक्रिय उत्पाद :

1	सेन्ट बिजनेस
2	सेन्ट मॉर्गेज
3	सेन्ट कॉन्ट्रेक्टर
4	सेन्ट मुद्रा
5	जनरल एमएसएमई (आईबीए फार्मेट)
6	सेन्ट ट्रेड
7	स्टैंड-अप इंडिया
8	सेन्ट डब्लूएचआर
9	एनयूएलएम
10	सेन्ट बुनकर मुद्रा
11	पीएम स्वनिधि
12	सेन्ट कन्स्ट्रक्शन इक्विपमेंट फायनेंस
13	कमीशन एजेंट एवं आढ़तियों के लिए, सेन्ट ट्रेड स्कीम
14	सेन्ट बिजनेस गोल्ड लोन योजना
15	सेन्ट शॉप
16	एसआरटीओ (परिवहन परिचालक)
17	सेन्ट कल्याणी
18	सेन्ट रेंटल

19	सेन्ट सिरेमिक
20	सेन्ट होज़री/टेक्सटाइल योजना
21	पीएमईजीपी
22	मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना – एम.पी.
23	सेन्ट व्हीकल बिजनेस
24	सेन्ट प्रगति
25	सेन्ट हेल्थकेयर
26	सेन्ट जीवक
27	कोविड प्रभावित क्षेत्र के लिए ऋण गारंटी योजना
28	सेन्ट्रल लघु उद्यमी ऋण कार्ड
29	सेन्ट कस्टम हायरिंग सेन्टर (एम.पी.)
30	अनुसूचित जातियों के लिए, ऋण इन्हांसमेंट गारंटी स्कीम
31	सेन्ट संजीवनी
32	सेन्ट शॉप कोटा
33	इंदिरा गांधी शहरी ऋण कार्ड योजना - राजस्थान
34	मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना (केवल मध्य प्रदेश)
35	मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना (केवल मध्य प्रदेश)
36	मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना (केवल मध्य प्रदेश)
37	सेन्ट ट्रेड्स

निम्नलिखित एमएसएमई उत्पादों को बंद कर दिया गया है.

- » सेन्ट सहयोग
- » सेन्ट प्रोत्साहन
- » सेन्ट प्रोसपैरिटी (अल्पसंख्यक समुदाय हेतु)
- » सेन्ट मत्स्य कन्या (महिला मछुआरों हेतु)
- » सेन्ट आर्टिसन क्रेडिट कार्ड
- » सेन्ट कास्टिंग एंड फोर्जिंग
- » सेन्ट प्रोफेशनल
- » सेन्ट गति धारा (पश्चिम बंगाल राज्य हेतु)
- » केरल राज्य में वापस लौटे अनिवासियों के वित्त हेतु सेन्ट रिर्टंड एनआरआई बिजनेस लोन स्कीम
- » सेन्ट जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट
- » सेन्ट डॉक्टर
- » सेन्ट डेंटिस्ट
- » सेन्ट सरल बिजनेस
- » सेन्ट व्यापारी
- » सेन्ट कोविड-19 सहायता

एमएसएमई कार्य-निष्पादन :

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2020 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी रहित	31.03.2020 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी सहित*	31.03.2021 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी के बिना रहित	31.03.2021 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी सहित**	31.03.2022 पीएसएलसी रहित	31.03.2022 पीएसएलसी सहित**	पीएसएलसी रहित वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि का %	पीएसएलसी सहित वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि का %
सूक्ष्म उद्यम	10597	13733	14109	14109	16980	16980	20.35%	20.35%
एमएसई	26717	29853	29963	29963	31379	31379	4.73%	4.73%
एमएसएमई (पीएस)	30233	33369	32845	32845	34433	34433	4.83%	4.83%
कुल एमएसएमई	**30233**	**33369**	**32845**	**32845**	**34433**	**34433**	**4.83%**	**4.83%**

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2020 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी रहित	31.03.2020 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी सहित*	31.03.2021 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी के बिना रहित	31.03.2021 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी सहित**	31.03.2022 पीएसएलसी रहित	31.03.2022 पीएसएलसी सहित**	पीएसएलसी रहित वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि का %	पीएसएलसी सहित वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि %
कुल व्यवसाय का एमएसएमई अग्रिम का %	17.55%	19.37%	18.27%	18.56%	19.46%	19.46%	4.83%	4.83%
भारतीय रिज़र्व बैंक अधिदेश (प्रधान मंत्री कार्य बल)	31.03.2020 (लेखापरीक्षित)		31.03.2021(लेखापरीक्षित)		31.03.2022 (लेखापरीक्षित)		लक्ष्य मार्च-22	
सूक्ष्म उद्यम के खातों की संख्या.	878407		925742		867652		1018316	
सूक्ष्म उद्यमों के अंतर्गत खातों की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	8.04%		5.38%		-6.27%		10%	

(₹ करोड़ में)

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिदेश (प्रधान मंत्री कार्य बल)	31.03.2020 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी रहित	31.03.2020 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी सहित	31.03.2021 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी रहित	31.03.2021 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी सहित	31.03.2022 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी रहित	31.03.2022 (लेखापरीक्षित) पीएसएलसी सहित	लक्ष्य मार्च-22
एमएसई पोर्टफोलियो (राशि)	26717	29853	29963	29963	31379	31379	NA
एमएसई के तहत वर्ष-दर-वर्ष ऋण वृद्धि का %	-5.51%	-12.62%	12.14%	0.36%	4.72%	4.72%	20%
एमएसई ऋण का सूक्ष्म ऋण का %	37.48%	40.20%	52.80%	47.26%	54.11%	54.11%	60%

सूक्ष्म उद्यम के तहत कार्य-निष्पादन :

(₹ करोड़ में)

दिनांक 31.03.21 को बकाया सूक्ष्म उद्यम	दिनांक 31.03.21 को बकाया सूक्ष्म उद्यम	दिनांक 31.03.22 को बकाया सूक्ष्म उद्यम	दिनांक 31.03.22 बकाया सूक्ष्म उद्यम	मार्च-21 को	मार्च-22 को	दिनांक 31.03.21 की स्थिति	दिनांक 31.03.21 की स्थिति	दिनांक 31.03.22 की स्थिति	दिनांक 31.03.22 की स्थिति	लक्ष्य मार्च-22
पीएसएलसी रहित	पीएसएलसी रहित	पीएसएलसी रहित	पीएसएलसी रहित	एएनबीसी (करोड़ में)	एएनबीसी (करोड़ में)	पीएसएलसी रहित	पीएसएलसी रहित	पीएसएलसी रहित	पीएसएलसी रहित	(एएनबीसी का 7.50%)
14109	14109	16980	16980	157598	167598	8.95%	8.95%	10.13%	10.13%	12570.00

संकेतक	विवरण
कार्य-निष्पादन वैशिष्ट्य	» पीएसएलसी रहित,एमएसई का सूक्ष्म ऋण का प्रतिशत 54.11 % है » बैंक ने सूक्ष्म ऋण के तहत वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 20.34 % हासिल की है. » पीएमएमवाय के तहत हमारे बैंक की उपलब्धि वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य का 109.59 % है. जबकि मार्च 2022 को ₹ 4400 करोड़ का लक्ष्य था और हमारे बैंक ने नई मंजूरी के तहत ₹4822.33 करोड़ की उपलब्धि हासिल की.
हमारी पहल	» रिज़ॉल्यूशन फ्रेमवर्क 2.0 लॉन्च किया गया. » ईसीएलजीएस विस्तार योजनाओं को लागू किया गया. » हैल्थ केयर क्षेत्र के लिए, सेन्ट संजीवनी योजना शुरू की गई. » सेन्ट हेल्थकेयर स्कीम, सेन्ट जीवक, सेन्ट प्रगति, को-लेंडिंग, सेन्ट व्हीकल बिजनेस, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, राजस्थान के लिए इंदिरा गांधी शहरी ऋण कार्ड योजना, सेन्ट शॉप कोटा लॉन्च की गईं. » को-लेंडिंग के तहत वित्तपोषण के लिए एनबीएफसी के साथ गठजोड़.
भावी योजनाएं	» इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, हमारा प्रमुख ध्यान मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया योजना, केवीआईसी / पीएमईजीपी योजनाओं के तहत ऋण और सेन्ट बुनकर मुद्रा योजना के तहत वित्त प्रदान करने पर है. » आवश्यकतानुरुप उत्पादों के माध्यम से समूह आधारित वित्तपोषण करना. » भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी पात्र खातों के पुनर्गठन के लिए तथा एसएमए-2 खातों के उन्नयन हेतु सघन अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है. » सूक्ष्म ऋण के लिए डिजिटल कार्यप्रणाली को अपनाकर और प्रौद्योगिकी सक्षम उत्पादों को लागू कर संपूर्ण समाधान पाने के लिए फिनटेक गतिविधियों को मजबूत किया जाएगा

खुदरा ऋण

पिछले कुछ समय से भारत में खुदरा ऋण क्षेत्र की संकल्पना विकसित हुई है, इससे सबसे ज्यादा आकर्षक ऋण के विकल्प खुल गए हैं, इससे खुदरा ऋण की पारंपरिक बैंकिंग संकल्पना से निकलकर, फिनटेक स्पेस के माध्यम से प्रत्येक नवोन्मेषी ऋण की अवधारणा विकसित हुई है. बढ़ती आय और दुनिया का सबसे अच्छा होने की इच्छाशक्ति ने भारत में वर्ष-दर-वर्ष खुदरा ऋण के वरदान का मार्ग प्रशस्त किया है, हालांकि इसने उधारदाताओं के बीच गला-काट प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत किया है क्योंकि हर ऋणदाता उपलब्ध खुदरा ऋण परिवेश में सबसे बड़ा हिस्सा चाहता है. हालांकि किसी भी बैंक की खुदरा उधारी में सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि प्रत्येक बैंक खुदरा उधार के क्षेत्र में किस विशिष्टता को अपनाता है. इसके अलावा, प्रत्येक बैंक की सफलता खुदरा उत्पाद, टर्न-अराउंड समय, ग्राहक सेवा संतुष्टि और खुदरा उत्पादों की प्रति-विक्रय कला एवं विशिष्ट बिक्री कला पर भी निर्भर करेगी.

लक्ष्यांकित ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार, विद्यमान खुदरा उत्पादों को युक्तियुक्त बनाने के लिए और न केवल ग्राहकों की संतुष्टि को बढ़ाने के लिए; बल्कि इसे अगले स्तर यानी ग्राहकों की प्रसन्नता बढ़ाने के लिए बैंक लगातार समुचित समय सीमा में पूरा करने हेतु अनुसंधान एवं नए विकास की प्रक्रिया में सतत लगे हैं.

इसके अलावा, बैंक ने हाल ही में महिला सशक्तिकरण के उपाय के रूप में और आम आदमी के लिए विभिन्न पहल शुरू की हैं; इनमें पहला लघु बचत बैंक उत्पाद "होम सेविंग सेफ डिपॉजिट अकाउंट्स" शुरू करके सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता की परम्परा को बनाए रखा है. ब्याज दरों में रियायत और अंतिम कुछ किस्तों की छूट जैसे आकर्षक विशेषताओं के साथ सेन्ट गृह लक्ष्मी (होम लोन) और रियायती ब्याज दर के साथ सेन्ट वाहिनी वाहन ऋण और रियायती ब्याज दर पर हरित पहल के रूप में ई-वाहनों को ऋण प्रदान करने के लिए सेन्ट गो-ग्रीन व्हीकल लोन को लॉन्च किया है. खुदरा ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए, विभाग ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान विभिन्न पहल की हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं :

» केन्द्रीकृत प्रसंस्करण और अनुमोदन केन्द्रों (सीपीएसी) के माध्यम से ऋण गुणवत्ता पर उचित जांच के साथ, बगैर किसी भय के ऋण सम्बंधी निर्णयों को प्रोत्साहित करने के लिए पूर्व-संवितरण समीक्षा तंत्र की शुरुआत की है.

» 360 डिग्री मूल्यांकन के साथ, लेंडसेफ प्लेटफॉर्म को अपनाते हुए, ऋण प्रसंस्करण और प्रक्रिया का मानकीकरण और स्वचालन.

» प्रतिवर्तन समय ('टर्न अराउंड टाइम") को कम करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत शाखा प्रबंधकों की उधार शक्ति में वृद्धि.

» विशेष अवसरों पर विशेष अभियान शुरू करना अर्थात रिटेल मॉनसून जैकपॉट, आकर्षक ऑफ़र, जैसे प्रोसेसिंग शुल्क की पूर्ण छूट के साथ रिटेल फेस्टिव बोनान्ज़ा अभियान.

» रिटेल और एमएसएमई ऋणों के लिए, एक समग्र डीएसए नीति को लागू करते हुए, एसएमएस और मिस्ड कॉल कार्यक्षमता के माध्यम से लीड जनरेशन हेतु स्रोत स्वरूप चैनल जोड़ना.


» डीएसए/विपणन कार्यपालकों (व्हीकल) को और अधिक पैनल में शामिल करते हुए, विद्यमान सोर्सिंग चैनलों को मजबूत किया है और विपणन अधिकारियों (व्हीकल) को देय कमीशन की समीक्षा की है.

» रेरा अनुमोदित परियोजनाओं के साथ बिल्डरों / कॉलोनाइजरों के साथ गठजोड़ बढ़ाया गया.


» खुदरा ऋण योजनाओं को अधिक सुविधाजनक, प्रतिस्पर्धी और ग्राहक के अनुकूल बनाने के लिए विभिन्न खुदरा ऋण योजनाओं की समीक्षा की.

» भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिनांक 05.11.2020 को परिचालित को-लेंडिंग व्यवस्थाओं पर संशोधित दिशानिर्देशों के साथ, जिसमें एचएफसी को को-ऑरिजिनेशन के लिए पात्र बनाया गया और मॉडल को को-लेंडिंग मॉडल के रूप में फिर से नामित किया गया, बैंक ने 02 एनबीएफसी अर्थात् आईबीएचएफएल (इंडियाबुल्स होम फाइनेंस लिमिटेड) और आईआईएफएल (इंडिया इंफोलाइन फाइनेंस लिमिटेड) के साथ को-लेंडिंग हेतु करार किया तथा को-लेंडिंग शुरू की.


कुल ऋण में खुदरा ऋण का अंश



खुदरा ऋण में खंडवार वृद्धि



खुदरा ऋण संमिश्र वित्त वर्ष 2021-22



1

खुदरा ऋण हेतु भावी कार्यनीति :

यह अपेक्षित है कि वित्त वर्ष 2021-22 के समान ही खुदरा अग्रिमों में वृद्धि होगी. विभाग ने वित्त वर्ष 2021-22 में धीमी खुदरा वृद्धि के संबंध में अन्तर का विश्लेषण किया एवं इस वित्त वर्ष 2022-23 में वृद्धि की सुगमता हेतु इसका निराकरण किया गया. तदनुसार, न केवल हमारे फील्ड के पदाधिकारियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं कि हमारे बैंक के खुदरा ऋण पोर्टफोलियो में वृद्धि, अन्य बैंकों के खुदरा पोर्टफोलियो की वृद्धि के अनुरूप हो.

» संशोधित आवास ऋण उत्पाद: - आवास ऋण उत्पाद पर पुन: विचार किया गया है एवं योजना को और अधिक आकर्षक बनाने हेतु समकक्ष बैंकों के अनुरूप संशोधन किए गए हैं.

» अन्य खुदरा उत्पादों को आकर्षक विशेषताओं एवं ब्याज दर (आरओआई) के साथ नया रूप दिया गया है.

» व्यवसाय अर्जन हेतु डीएसए चैनल को एक अतिरिक्त मंच के रूप में प्रभावशाली ढंग से उपयोग किया जाएगा. इसके अलावा, बैंक आगामी परियोजनाओं में आवास ऋण हेतु प्रतिष्ठित बिल्डरों के साथ गठजोड़ करेगा.

» बैंक, चार पहिया वाहन खंड में ऋण देने हेतु प्रमुख चार पहिया कार निर्माण कंपनियों के साथ सहमति ज्ञापन भी करेगा. बैंक ने इस दिशा में मैसर्स मारुति सुजुकी लिमिटेड के साथ पहले ही सहमति ज्ञापन किया है तथा अग्रणी कार निर्माण कंपनियों के साथ सहमति ज्ञापन करने के उन्नत चरण में है.

» फिनटेक कंपनियों के साथ टाई-अप :- बैंक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रिटेल एसेट में ऋण देने की दिशा में कदम बढ़ाते हुये, फिनटेक कंपनियों के साथ सम्पूर्ण एकीकरण आरंभ करेगा. इस क्रम में, बैंक चार पहिया वाहनों के लिए अंतिम उपयोगकर्ताओं को ऋण देने हेतु चार पहिया खंड में अग्रणी फिनटेक कंपनी में से एक के साथ सहमति ज्ञापन में प्रविष्ट होने की प्रक्रिया में है.

» बैंक, विभिन्न राज्य सरकार / केंद्र सरकार के विभागों / संस्थानों / आदि के साथ, इन संस्थानों के कर्मचारियों को ऋण देने हेतु आवश्यकतानुरूप खुदरा परिसंपत्ति उत्पाद के लिए गठजोड़ हेतु भी प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ रहा है.

» बैंक, रिटेल एसेट उत्पादों की क्रॉस-सेल एवं अपसेल के लिए ग्राहकों/ कॉर्पोरेट ग्राहकों के साथ अपने विद्यमान संबंधों का लाभ उठाएगा.

» बैंक ने अपने विद्यमान ग्राहकों को खुदरा परिसंपत्ति उत्पादों के क्रॉस सेल एवं अपसेल हेतु डेटा माइनिंग का कार्य किया है .

» बैंक डिजिटल पोर्टलों में हमारे बैंक की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है.

» प्रतिष्ठित बिल्डरों के साथ टाई-अप : बैंक संपूर्ण भारत में प्रमुख प्रतिष्ठित बिल्डरों के साथ टाई-अप करने की प्रक्रिया में है.

» डेटा एनालिटिक्स: बैंक पहले से ही विद्यमान ग्राहक आधार के डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से लीड उत्पन्न कर रहा है तथा डेटा एनालिटिक्स में और अधिक अवसर खोजेगा.

» केंद्र एवं राज्य सरकार के विभागों के साथ टाई-अप : बैंक, एक पैकेज के अंतर्गत आवश्यकतानुरूप उत्पादों एवं सेवाओं का एक समूह प्रस्तुत करने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ खुदरा ऋण टाई-अप पर प्रभावशाली ढंग से ध्यान दे रहा है.

अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग:

बैंक का विदेशी मुद्रा कारोबार देश भर में फैली 62 अधिकृत डीलर ('बी' श्रेणी) शाखाओं के माध्यम से किया जाता है. परिचालन दक्षता के लिए, बैंक के पास बेहतर फंड प्रबंधन एवं परिचालन सुविधा प्राप्त करने हेतु मुंबई में एक केंद्रीकृत डीलिंग रूम है.

दिनांक 31.03.2021को ₹4446 करोड़ की तुलना में 31.03.2022 तक बैंक का निर्यात ऋण पोर्टफोलियो ₹.4389 करोड़ है, जो विगत वर्ष से 1.28% कम रहा. मर्चेंट ट्रेड फॉरेन एक्सचेंज टर्नओवर वित्त वर्ष 2020-21 में ₹27377 करोड़ के विरुद्ध, वित्त वर्ष 2021-22 में ₹ 34715 करोड़ था, जो विगत वर्ष से 26.80 % की वृद्धि दर्शाता है.

एनआरई जमायें 31.03.2021 के ₹ 5416 करोड़ से बढ़कर 31.03.2022 को ₹ 5448 करोड़ हो गया, जो विगत वर्ष से 0.59% की वृद्धि दर्शाता है. एफसीएनआर जमायें 31.03.2021 को 230.54 मिलियन अमरीकी डॉलर से घटकर 31.03.2022 को 226.24 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया, जो विगत वर्ष से 1.86% कम है.

ट्रेजरी, निधि एवं निवेश:

बैंक का निवेश पोर्टफोलियो 31 मार्च 2021 को ₹153820 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2022 को घटकर ₹146759 करोड़ (गैर-एसएलआर, गैर-हस्तांतरणीय भारत सरकार के पुनर्पूंजीकरण बांड ₹19580 करोड़ सहित) हो गया है, जिसके कारण इसमें विगत वर्ष की तुलना में 4.59% की कमी दर्ज की गई है. दस वर्षीय बेंचमार्क प्रतिफल 31 मार्च 2021 के 6.18% की तुलना में 31 मार्च 2022 को 6.84% पर बंद हुआ.

वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर को 4% पर रखते हुए नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखा है. बैंक दर एवं सीमांत स्थायी सुविधा भी 4.25% पर अपरिवर्तित रही है.

पिछले वर्ष के ट्रेडिंग लाभ ₹1380.63 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में ट्रेजरी ने ₹ 491.00 करोड़ का ट्रेडिंग लाभ दर्ज किया. निवेश पर प्रतिफल (ट्रेडिंग लाभ के अलावा) वर्ष 2020-21 के 6.63 % से घटकर वर्ष 2021-22 के दौरान 6.27% हो गया.

भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रतिभूतियों के स्थानांतरण संबंधी दिशानिर्देशों के अनुपालन में, बैंक ने वर्ष 2021-22 के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों को एएफएस से एचटीएम में ₹ 5702 करोड़ एवं एचटीएम से एएफएस में ₹ 6156 करोड़ की राशि हस्तांतरित की है.

31 मार्च 2022 को बैंक के निवेश पोर्टफोलियो की संरचना इस प्रकार है:

(₹ करोड़ मे)

क्र.	संमिश्र	31.03.2022	31.03.2021
1	एसएलआर	105841.66	110414.28
2	गैर एसएलआर	40917.60	43405.78
	कुल	**146759.26**	**153820.06**

जोखिम प्रबंधन

जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं संगठनात्मक ढांचा

बैंक में अब जोखिम प्रबंधन प्रणाली सुव्यवस्थित रूप से स्थापित है. निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति नियमित रूप से ऋण, बाजार एवं परिचालन जोखिम और स्तंभ II जोखिमों के अंतर्गत बैंक की जोखिम प्रबंधन नीतियों / प्रथाओं की निगरानी करती है. समिति उत्पादों के मूल्य निर्धारण हेतु नीतियों एवं प्रक्रियाओं की समीक्षा करती है तथा जोखिम मॉडल का आकलन करती है ताकि बाजार के विकास के साथ तालमेल बिठाया जा सके एवं नए जोखिमों की पहचान और नियंत्रण भी किया जा सके. समिति नियमित रूप से कॉर्पोरेट स्तर पर संबन्धित विभागों द्वारा विभिन्न जोखिम मापदण्डों के अनुपालन की निगरानी करती है.

जोखिम प्रबंधन संरचना

परिचालन स्तर पर, शीर्ष प्रबंधन टीम के सदस्यों को शामिल करते हुए , बाजार जोखिम हेतु परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ), ऋण जोखिम हेतु ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) एवं परिचालन हेतु परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) जैसी विभिन्न समितियों का गठन किया गया है. ये समितियां बैंक के विभिन्न परिचालनों के अंतर्गत जोखिम के स्तर का आकलन एवं निगरानी करने हेतु वर्ष के दौरान नियमित अंतराल पर बैठक करती हैं तथा आवश्यकतानुरुप उचित जोखिम न्यूनीकरण के उपाय लागू करती है.

बैंक ने सभी क्षेत्रीय/आंचलिक कार्यालयों में मुख्य प्रबंधक /वरिष्ठ प्रबंधक/प्रबंधक श्रेणी के अधिकरियों को 'जोखिम प्रबंधक' के तौर पर अभिचिन्हित किया है. यह जोखिम प्रबंधक आंचलिक स्तर पर केंद्रीय कार्यालय के जोखिम प्रबंधन विभाग के 'विस्तारित भाग' के रूप में कार्य करते हैं. बैंक ने केंद्रीय कार्यालय के विभिन्न कार्यात्मक विभागों में वरिष्ठ श्रेणी के अधिकारी भी अभिचिन्हित किए हैं जो कि बैंक में जोखिम के नियंत्रण और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को देखने हेतु 'नोडल अधिकारी' के रूप में कार्य करते हैं. बैंक के पास एक बेहतर प्रलेखित एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति है.

बाजार जोखिम प्रबंधन

मध्यस्थ कार्यालय, बाजार की स्थिति और वित्त पोषण के स्वरूप की समीक्षा करता है एवं अवसर, अवधि, प्रतिपक्षकार सीमाओं तथा विभिन्न संवेदनशील मापदंडों के अनुसार अनुपालन को सुनिश्चित करता है और नियमित अंतराल पर शीर्ष प्रबंधन को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है.

अल्पावधि में, बैंक के लाभ एवं दीर्घावधि में इक्विटी मूल्य के जोखिम को मापने और प्रबंधित करने हेतु वीएआर एवं अवधि अंतराल विश्लेषण जैसे टूल का उपयोग निरंतर आधार पर किया जाता है. ट्रेडिंग पोर्टफोलियो पर निरंतर आधार पर पूंजी प्रभार का अनुमान लगाने हेतु एक मॉडल विकसित किया गया है एवं बाजार जोखिम हेतु बेसल III दिशानिर्देशों के अनुसार इसे लागू किया गया है.

पोर्टफोलियो में बाजार जोखिम की निगरानी हेतु बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित बाजार जोखिम प्रबंधन नीति है. ट्रेजरी परिचालन के लिए प्रतिपक्ष पार्टियों को सीमाएँ समकक्षों को नवीनतम, जोखिम सहबद्धता की स्थिति के अनुसार निर्धारित/समेक्षित की गई है. बाजार जोखिम में हुये विकास की रिपोर्ट की जाती है और प्रबंध निदेशक एवं सीईओ की अध्यक्षता वाली परिसंपत्ति और देयता समिति द्वारा इसकी निगरानी की जाती है.

ऋण जोखिम प्रबंधन

बैंक ने विभिन्न मॉडलों के अंतर्गत उधारकर्ताओं की रेटिंग हेतु रेटिंग मॉडल स्थापित किया है जैसे बड़े कॉर्पोरेट मॉडल, इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल, एनबीएफसी, एसएमई, कृषि इत्यादि. बैंक ने रिटेल ऋण के ग्रेडिंग के लिए रेटिंग मॉडल (स्कोर कार्ड) विकसित किए है तथा इनका उपयोग किया जा रहा है. ऋण जोखिम प्रबंधन की गतिविधियों की रिपोर्टिंग एवं निगरानी प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता वाली ऋण जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा की जाती है. बैंक ने एसएएस समाधान का उपयोग करते हुए पूंजी गणना के उन्नत तरीकों का कार्यान्वयन पूरा कर लिया है.

परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन

बैंक में परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन, बोर्ड द्वारा अनुमोदित परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन नीति द्वारा निर्देशित होता है. इस नीति में बैंक की जोखिम प्रोफाइल और जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप व्यापक परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन एवं मापन ढांचा तैयार किया गया है.

परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) सुनिश्चित करती है कि उचित परिचालन जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क मौजूद है एवं इसकी नियमित आधार पर निगरानी की जाती है. परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति जोखिम की पहचान, मूल्यांकन और रिपोर्टिंग विधियों सहित परिचालन जोखिम पद्धतियों एवं उपकरणों के विकास तथा कार्यान्वयन की समीक्षा और अनुमोदन भी करती है. धोखाधड़ी का विश्लेषण, नियर मिस इवेंट, गैर-अनुपालन घटनाएं, उल्लंघन, परिचालन जोखिम के प्रबंधन हेतु उपयुक्त नियंत्रण/शमन का संकेत देने वाले प्रणालीगत सुधार भी समिति को प्रस्तुत किए जाते हैं.

नई उत्पाद अनुमोदन नीति फ्रेमवर्क लाई गई है जो कि नए उत्पादों / प्रक्रियाओं अथवा गतिविधियों से संबंधित जोखिमों को कम करने में बैंक का मार्गदर्शन करती है.

बैंक के व्यवसाय निरंतरता उद्देश्यों के अनुरूप बैंक के पास व्यवसाय निरंतरता योजना है, जो नियमित संचालन के व्यवधान के दौरान पूर्वनिर्धारित क्षमता पर स्वीकार्य समय सीमा के भीतर उत्पादों और सेवाओं की डिलीवरी जारी रखने हेतु बैंक के लिए रूपरेखा तैयार करती है, जोकि व्यवधान को दूर करने तथा उत्पादों एवं सेवाओं की डिलीवरी पुन: आरंभ करने, पुनर्प्राप्त करने और पुनर्स्थापित करने हेतु परिचालन प्रक्रिया का मार्गदर्शन करती है.

बैंक ने परिचालन जोखिम हेतु एकीकृत जोखिम प्रबंधन समाधान (आईआरएमएस) के अंतर्गत आईएमएम मॉड्यूल (इंसीडेंट मैनेजमेंट मॉड्यूल) में लॉस इवेंट डेटा एवं नियर मिस इवेंट्स के संग्रह के लिए व्यवस्था बनाई है. परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन में विकास की रिपोर्ट एवं निगरानी, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता वाली परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा की जाती है.

पूंजी नियोजन

बैंक के पास सुदृढ आईसीएएपी (आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया) नीति है. बैंक ने जोखिम अभिलाषी ढाँचा तैयार किया है एवं बेसल III मानदंडों की न्यूनतम आवश्यकताओं से अधिक पूंजी अनुपात रखने का प्रयोजन रखता है. पूंजी के प्रति अनुमान की समीक्षा तिमाही आधार पर की जाती है.

आस्ति एवं देयता प्रबंधन पद्धतियाँ

एएलएम मुख्य रूप से लाभ को अधिकतम करने के उद्देश्य से बैंक की तरलता एवं ब्याज दर जोखिम को मापने और इसका प्रबंध करने से संबंधित है. एएलसीओ (आस्ति एवं देयता समिति) की नियमित रूप से बैठक होती है एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान तरलता और अन्य बाजार से संबंधित मामलों के संबंध में बैंक की स्थिति की समीक्षा करने के लिए 19 बार बैठकें की गई.

विनियामक रिपोर्टिंग के अलावा, एएलएम जमाराशियों के साथ-साथ आधार दर, एमसीएलआर, आरबीएलआर और ईबीएलआर नियतन पर ब्याज निर्धारण के कार्य से भी संबंधित है. वर्ष 2021-22 के दौरान, जमा ब्याज दरों में छह (6) बार संशोधन किये गये, आधार दर की चार (04) बार समीक्षा की गई, आरबीएलआर एवं ईबीएलआर की छह (6) बार समीक्षा की गई तथा एमसीएलआर की बारह (12) बार समीक्षा की गई.

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक एलसीआर (तरलता कवरेज अनुपात) की गणना करता रहा है एवं अनुपात भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित थ्रेशोल्ड सीमा (अर्थात वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु 100%) से ऊपर रहा है. बैंक के पास वित्त वर्ष 2021-22 हेतु 360.81% पर औसत एलसीआर के साथ पर्याप्त तरलता थी. बैंक 1 अक्टूबर 2021 से प्रभावी एनएसएफआर (निवल स्थिर निधीयन अनुपात) की गणना भी कर रहा है एवं यह अनुपात भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित थ्रेशोल्ड सीमा (अर्थात 2021-22 के लिए 100%) से ऊपर बना हुआ है. वर्तमान में 31 मार्च को एनएसएफआर 168.67% है.

बैंक की तरलता एवं ब्याज दर जोखिम के प्रबंधन में हुये विकास की रिपोर्ट एवं निगरानी, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता वाली आस्ति एवं देयता समिति द्वारा की जाती है.

बेसल III के दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन

भारतीय रिजर्व बैंक ने जुलाई, 2015 में नए पूंजी पर्याप्तता ढांचे के कार्यान्वयन पर अद्यतन मास्टर परिपत्र जारी किया है. इन दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने बेसल III अपनाया है तथा ऋण जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण, परिचालनात्मक जोखिम के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण और बाजार जोखिम हेतु मानकीकरण अवधि पद्धति के आधार पर पूंजी का प्रावधान किया है.

सभी आवश्यक नीतियां जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, ऋण जोखिम निराकरण, संपार्श्विक प्रबंधन नीति, आस्ति एवं देयता प्रबंधन नीति, मॉडल जोखिम नीति, ऑडल सत्यापन नीति, ऋण समीक्षा नीति, अंतर्समूह लेनदेन एवं एक्सपोजर नीति, एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति, बीसीपी नीति, आईसीएएपी इत्यादि बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित है.

सैम (एसएएम) एवं वसूली विभाग

बैंक के पास एक सुपरिभाषित वसूली नीति है जिसमें एनपीए प्रबंधन के विस्तृत दिशानिर्देश दिये गये हैं. इसमें एनपीए प्रबंधन के सभी क्षेत्र निगरानी, अनुवर्ती उपाय, समझौता निपटान, सरफेसी अधिनियम, प्रवर्तन एजेंसियों की नियुक्ति, स्विस चैलेंज पद्धति से एआरसी को आस्तियों की बिक्री, इरादतन चूककर्ता आदि शामिल हैं.

अर्थव्यवस्था में हुये नवीनतम परिवर्तन/विकास और एनपीए समाधान/प्रबंधन की प्रवृत्तियों को शामिल करने के लिए समय-समय पर नीति की समीक्षा की जाती है. बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान वसूली अभियान चलाये हैं .

वर्ष 2021-22 के दौरान, एनपीए खातों में, ₹ 3266 करोड़ की नकद वसूली और ₹ 1337 करोड़ के उन्नयन किये गये हैं.

» सकल एनपीए का स्तर ₹ 29277 करोड़ से घटकर ₹28156 करोड़ हो गया है, अर्थात ₹1121 करोड़ से कम हुआ है.

» शुद्ध एनपीए का स्तर ₹ 9036 करोड़ से घटकर ₹6675 करोड़ हो गया है , अर्थात ₹2361 करोड़ से कम हुआ है.

» कुल अग्रिमों की तुलना में , सकल एनपीए 16.55% से घटकर 14.84% (171 बीपीएस) हो गया है.

» शुद्ध अग्रिमों की तुलना में शुद्ध एनपीए , 5.77% से घटकर 3.97% (180 बीपीएस) हो गया .

» बट्टाकृत खातों में ₹ 351 करोड़ की नकद वसूली की गई है.

एनपीए समाधान के लिये , निम्नलिखित एक मुश्त समझौता (ओटीएस) योजनायें कार्यान्वित की गई हैं :

» विवेकाधीन रहित/ भेदभाव रहित (एनडीएनडी) 2021-22 विशेष एकमुश्त समझौता योजना जिसमें 31.03.2021 के पीडब्ल्यूओ/टीडब्लूओ खातें जिसमें ग्राहक का एक्सपोजर (बकाया सीआईएफ वार) रुपये 10.00 करोड़ है.

» सभी एनपीए खाते प्रतिभूति सहित या प्रतिभूति रहित के लिए शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) दृष्टिकोण के अंतर्गत ओटीसी योजना.

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, इन योजनाओं के अन्तर्गत, ₹2419 करोड़ के बकाया खाता बही के ओटीएस प्रस्तावों का निपटान ₹1578 में करोड़ में किया गया .

1. वर्ष के दौरान बैंक ने ₹13 करोड़ की नकद वसूली के साथ, 100% नकद आधार पर स्विस चैलेंज पद्धति के अन्तर्गत एआरसी को एक एनपीए खाते की बिक्री की है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए में ₹42 करोड़ की कमी आई है.

2. भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र दिनांक 07.06.2019 के दिशानिर्देशों के अनुसार ₹1500 करोड़ या उससे अधिक के बैंकिंग एक्सपोजर वाले खातों के लिए आईसीए पर हस्ताक्षरित किया गया.

खातों की संख्या	दिनांक 31.03.2022 को बकाया राशि	किया गया कुल प्रावधान
20	₹ 7609.46 करोड़	₹ 5583.90 करोड़

3. भारतीय रिजर्व बैंक परिपत्र दिनांक 07.06.2019 के अनुपालन हेतु खातों में संकल्प योजनायें अनुमोदित और कार्यान्वित की गई है.

खातों की संख्या	दिनांक 31.03.2022 को बकाया राशि	किया गया कुल प्रावधान
7	₹ 2457.99 करोड़	₹ 936.87 करोड़

4. वर्ष 2021-22 के दौरान, एनपीए खातों में वसूली एक महत्वपूर्ण क्षेत्र था. एनपीए की गतिविधियों पर दैनिक आधार पर सतत अनुवर्तन किया गया है. कानूनी कार्रवाइयों और सरफेसी के माध्यम से एनपीए खातों में वसूली की समय-समय पर और मासिक रूप से फील्ड पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की गई है.

5. ₹10 लाख और ऊपर के बकाया वाले एनपीए उधारकर्ताओं से वसूली के लिए शाखा स्टाफ के साथ क्षेत्रीय कार्यालय की वसूली टीम द्वारा व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जाता है.

बैंकाश्योरेंस :

बैंकएश्योरेंस कक्ष जीवन, गैर-जीवन और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के वितरण कार्य करता है और कमीशन प्राप्त करता है. हमारे बैंक ने , तीन साल की लंबी अवधि के लिए आईआरडीएआई से कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस प्राप्त किया है जो कि 31.03.2025 तक वैध है.

बैंक ने नये आईआरडीएआई विनियामक 2015, जिसे ओपेन आरकीटेक्चर कहते हैं , के अन्तर्गत , निम्नलिखित बहु-बीमा कंपनियों के साथ सभी तीन संवर्गों जीवन बीमा , गैर-जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य हेतु करार किया है.

क्र.	बीमा कंपनी का नाम	श्रेणी
1	भारतीय जीवन बीमा निगम	जीवन बीमा
2	टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	जीवन बीमा
3	द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	गैर-जीवन बीमा
4	बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	गैर-जीवन बीमा

दिनांक 31.03.2022 को समाप्त वर्ष हेतु कार्यनिष्पादन वैशिष्ट्य

» बैंक ने जीवन बीमा व्यवसाय में ₹ 63.75 करोड़ के कमीशन सहित 97299 पॉलिसियां संग्रहित की है.

» गैर-जीवन बीमा व्यवसाय के अधीन बैंक ने ₹ 10.61 करोड़ के कमीशन सहित 239907 पॉलिसियां संग्रहित की है.

» बैंक इंश्युरंश व्यवसाय से कुल आय ₹ 74.36 करोड़ हुई.

» बैंक के पास बैंक इंश्युरंस व्यवसाय संग्रहित करने के लिए 1974 विशिष्ट व्यक्ति हैं.

डिपॉजटरी सेवाएं

बैंक सेन्ट्रल डिपोजटरी सर्विसेस लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ एक व्यवस्था सहित डिपॉजटरी सहभागी है. सभी परिचालन केन्द्रीयकृत हैं तथा यह सेवाएं फोर्ट मुंबई में अवस्थित हमारी नोडल शाखा, कैपिटल मार्केट सर्विस शाखा के माध्यम से दी जा रही है. बड़े केन्द्रों की शाखाएं खाता खोलने, क्रय विक्रय, शेयरों की गिरवी एवं भौतिक प्रतिभूतियों के डीमैट्रीलाईजेशन की सुविधा देती हैं. बैंक के पास 28899 डीमैट खाता धारक है.

मुंबई में कैपिटल मार्केट सर्विस शाखा विशेष रूप से कैपिटल मार्केट सुविधाएं जैसे आसबा , डीमैट, क्लीयरिंग बैंक, लाभांश भुगतान एवं दलालों को क्रेडिट/गारंटी सुविधा इत्यादि के लिए खोली गई थी. साथ ही, यह डीमैट एवं आसबा के लिए नियंत्रक शाखा भी है.

ऑल लाइन डीमैट खाता खोलने की सुविधा सेन्ट्रल डिपोजटरी सर्विसेस लिमिटेड (सीडीएसएल) सॉफ्टवेयर ओएलएओ के साथ प्रारंभ की गई थी. साथ ही, हमारे डीमैट ग्राहकों के लिए मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशिएल सर्विसेस लिमिटेड के साथ टाई-अप करके 3 इन 1 ई-ट्रेडिंग सुविधा का कार्यान्वयन प्रक्रियाधीन है.

सूचना प्रौद्योगिकी

सूचना प्रौद्योगिकी की संरचना

बैंक ने एक अत्याधुनिक आईटी अवसंरचना की स्थापना की है. बैंक का डाटा सेंटर आईएसओ प्रमाणित है और ग्राहक सेवाओं की परिचालन दक्षता और तत्परता सुनिश्चित करने के लिए, वर्तमान आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर काफी सक्षम है. बैंक ने कई महत्वपूर्ण आईटी परियोजनाओं जैसे कोर बैंकिंग सॉल्यूशन, ट्रेड फाइनेंस सॉल्यूशन, ट्रेजरी सॉल्यूशन, लोन लाइफसाइकिल मैनेजमेंट सॉल्यूशन आदि को लागू किया है जो कि बैंक के बिजनेस एनेबलर्स के रूप में कार्य करते हैं.

बैंक ने एक पूर्ण आपदा वसूली केंद्र और एक निकट-स्थल सेटअप भी स्थापित किया है जो कि शून्य जानकारी डॉटा नुकसान के साथ व्यापार की निरंतरता को सुनिश्चित करता है. इसके अलावा, बैंक की आंतरिक नीति के अनुसार डीआर ड्रिल संचालित की जा रही है, जो कि नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप है. इसके अलावा, एक उन्नत नेटवर्किंग सेटअप एवं निरंतर निगरानी की सहायता से प्राकृतिक आपदाओं आदि जैसी विषम स्थितियों के दौरान भी बैंक शाखाओं के अलगाव और नेटवर्क आउटेज को न्यूनतम स्तर तक नियंत्रित करने में सफल हो सकता है.

कोविड-19 महामारी के प्रकोप से उत्पन्न अभूतपूर्व स्थिति से निपटने के लिए, बैंक ने अतिरिक्त बीसीपी स्थलों की स्थापना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यवसाय / ग्राहक बैठकें और अन्य आंतरिक विचार - विमर्श करने, कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति देने जैसे विभिन्न प्रौद्योगिकी सक्षम उपायों की शुरुआत की है, जिससे कि व्यवसाय की निरंतरता के साथ-साथ कर्मचारियों और विक्रेता सहयोगियों की सुरक्षा का भलीभांति ध्यान रखा जा सके.

स्विफ्ट सिस्टम को नया रूप दिया गया है और कई अतिरिक्त सुविधाओं वाले नवीनतम संस्करण में अपग्रेड किया गया है. हाल ही के दिनों में, बैंक ने बेहतर सुविधाओं और सुरक्षा नियंत्रणों के साथ, खुदरा और कॉर्पोरेट ग्राहकों दोनों के लिए संशोधित इंटरनेट बैंकिंग साइट की शुरूआत की है. विनियामक निर्देशों के अनुसार आरटीजीएस/ एनईएफटी सेटअप को भी अपग्रेड किया गया है एवं 24x7 उपलब्धता सुनिश्चित की गई है.

बैंक ने ग्राहक/कर्मचारी सेवा या नियामक आवश्यकताओं के रूप में, अन्य परियोजनायें, एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग, ब्लॉक्ड अमाउंट द्वारा समर्थित एप्लिकेशन (एएसबीए), एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आईआरएमएस), धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन, (एफआरएमएस), केंद्रीकृत ई-टीडीएस प्रबंधन समाधान, दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली, (डीएमएस) आदि को भी लागू किया है.

हमारा बैंक, सरकार की सभी वित्तीय समावेशन पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेता रहा है. आधार डेटा कैप्चर करते समय, वैधानिक दिशानिर्देशों का पूरी तरह से पालन किया गया है . बैंक, दो आरआरबी प्रायोजित कर रहा है, जिनकी लगभग 1200 शाखाएं हैं और दोनों आरआरबी, कोर बैंकिंग के अंतर्गत हैं. प्रायोजक बैंक की लगभग सभी तकनीकी पहलों को आरआरबी में भी लागू किया गया है.

बैंक ने, केंद्र/राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और कॉरपोरेट्स द्वारा किए गए भुगतान के लिए एंड-टू-एंड फंड मैनेजमेंट और मॉनिटरिंग सिस्टम के लिए डिजी फंड मैनेजमेंट सॉल्यूशन लागू किया है. बैंक वर्तमान में मौजूदा डेटा वेयरहाउस सॉल्यूशन को सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास समाधान के साथ अपग्रेड करने के अंतिम चरण में है, जो डाटा वृद्धि और बैंक की एमआईएस/विश्लेषणात्मक आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है.

अपनी व्यावसायिक कार्ययोजना के भाग के रूप में, बैंक एक प्रमुख पहल कर रहा है, जैसे "डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन", जिसके माध्यम से यह यूनिवर्सल ऐप और मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, टैब बैंकिंग, बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट पॉइंट्स आदि के माध्यम से पारंपरिक बिजनेस मॉडल को निर्बाध डिजिटल मॉडल में बदलने का इरादा रखता है. इस दिशा में पहले कदम के रूप में, बैंक ने वीडियो केवाईसी के माध्यम से ग्राहक की ऑन-बोर्डिंग जरनी को अंतिम रूप दिया है.

आईटी गवर्नेन्स

उचित आईटी गवर्नेन्स को सुनिश्चित करने के लिए, बोर्ड की आईटी

कार्ययोजना और जोखिम प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है. इसके अलावा, बैंक के लिए उपयुक्त आईटी पहल को सुनिश्चित करने के लिए, बैंक की सहायता के लिए विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों के शीर्ष अधिकारियों को शामिल करते हुए एक आईटी संचालन समिति का गठन किया गया है. आईटी संगठनात्मक संरचना, बैंक द्वारा की जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों के आकार, पैमाने और प्रकृति और व्यावसायिक कार्यों के लिए सूचना प्रणाली द्वारा प्रदान की गई अंतर्निहित सहायता के अनुरूप है. आईटी संगठनात्मक संरचना के लिए विचार किए जाने वाले व्यापक क्षेत्रों या कार्यों में 'प्रौद्योगिकी और विकास', 'आईटी परिचालन', आईटी आश्वासन और "वितरण एवं संसाधन प्रबंधन" शामिल हैं. आईटी विभाग का नेतृत्व, महाप्रबंधक के रैंक के एक शीर्ष कार्यपालक द्वारा किया जाता है जिनकी सहायता उप महाप्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक के द्वारा की जाती है. आईटी विभाग के प्रत्येक कार्यात्मक कार्यक्षेत्र का नेतृत्व उपयुक्त रूप से अनुभवी और प्रशिक्षित वरिष्ठ अधिकारी करते हैं.

सूचना सुरक्षा

बैंक ने अपनी सूचना प्रणाली और ग्राहक डाटा को साइबर खतरों से बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं. आईएसओ 27001 और आईएसओ 22301 जैसे प्रमाणन मानकों का निरंतर अनुपालन. कर्मचारियों/ग्राहकों में साइबर जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित आधार पर कदम उठाये गये है.

लेखापरीक्षा और निरीक्षण

बैंक की शाखाओं की जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (भारतीय रिज़र्व बैंक) आंतरिक लेखा परीक्षकों के माध्यम से की जाती है और समग्र जोखिम मैट्रिक्स के अनुसार प्रत्येक शाखा को जोखिम रेटिंग प्रदान की जाती है. तदनुसार, कुल 4553 शाखाओं में से, 4322 शाखाओं को भारतीय रिज़र्व बैंक के अधीन किया गया और वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान उनका मूल्यांकन किया गया. दिनांक 31.03.2022 तक कुल मिलाकर 2779 शाखाएं मध्यम जोखिम रेटिंग के तहत, 1742 शाखाएं कम जोखिम रेटिंग वाली, 32 शाखाएं उच्च जोखिम रेटिंग वाली थीं. बैंक की कोई भी शाखा अति उच्च जोखिम/अत्यधिक उच्च जोखिम की श्रेणी में नहीं है.

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, 60 क्षेत्रीय कार्यालय, 10 आंचलिक कार्यालय एवं केन्द्रीय कार्यालय के 14 विभाग, 02 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 02 अनुषंगी कंपनियां प्रबंधन लेखापरीक्षा के अधीन थीं.

दिनांक 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की फर्मों /बैंक अधिकारियों द्वारा 924 सामान्य शाखाएं/23 एसएसबी/89 सीपीएसी/5 केन्द्रीय कार्यालय के विभाग, कुल 1041 शाखायें/कार्यालयों को समवर्ती लेखापरीक्षा के तहत कवर किया गया है. सभी 7 कॉर्पोरेट वित्त शाखाएं श्रेणी I चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्मों द्वारा समवर्ती लेखापरीक्षा के अधीन हैं. 0 5 एसएएम शाखाएं और 01 को-लेंडिंग बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन ग्रेड के अपने अधिकारी द्वारा समवर्ती लेखा परीक्षा के अधीन हैं. बैंक के कुल कारोबार का लगभग 61.94% और दिनांक 31.03.2022 तक कुल अग्रिम का 66.41% समवर्ती लेखा परीक्षा के अंतर्गत आता है. समवर्ती लेखापरीक्षा का कार्य 963 चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्मों को प्रदान किया गया था, जिनमें से 526 फर्म भारतीय रिज़र्व बैंक श्रेणी I, 285 श्रेणी II , श्रेणी तृतीय की 93 और भारतीय रिजर्व बैंक श्रेणी चतुर्थ की 59 फर्म हैं.

बैंक के लेखा में वैध आय सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, आंतरिक लेखा परीक्षकों और अन्य अधिकारियों की फर्मों के माध्यम से हर साल 1 मार्च से 10 मार्च तक वार्षिक राजस्व की जांच की जाती है.

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में, दिनांक 01.04.2021 से 31.03.2022 के दौरान 254 पात्र खातों में समय-समय पर कानूनी लेखा परीक्षा और स्वामित्व विलेखों का पुन: सत्यापन किया गया.

बैंक आवधिक निरीक्षण और लेखा परीक्षा के माध्यम से शाखाओं में सख्त अनुपालन संस्कृति सुनिश्चित करता है. लेखापरीक्षित वाली शाखाओं द्वारा प्रस्तुत लेखा परीक्षा अनुपालन की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए बैंक यादृच्छिक आधार पर अनुपालन लेखापरीक्षा भी करता है. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 870 शाखाओं का अंकेक्षण किया गया.

समवर्ती लेखा परीक्षकों के माध्यम से एडी शाखाओं के स्विफ्ट संदेशों का मिलान किया जाता है. बैंक नियमित ऑडिट में कवरेज के अलावा केवाईसी अनुपालन ऑडिट भी करता है.

योजना, विकास एवं परिचालन विभाग

शाखा नेटवर्क

जनसंख्या समूह	शाखाओं की संख्या
ग्रामीण	1604
अर्द्ध शहरी	1330
शहरी	783
मेट्रो	811
कुल शाखाएं	4528

आकारवार	शाखाओं की संख्या
अत्यधिक बड़ी शाखाएं	22
बहुत बड़ी शाखाएं	551
बड़ी शाखाएं	1637
मध्यम शाखाएं	2296
लघु शाखाएं	0
विशेष शाखाएं	22
कुल शाखाएं	4528

बैंक की संरचनात्मक / संगठनात्मक स्थिति :

दिनांक 31 मार्च 2022 तक की स्थिति इस प्रकार है :

क्र.	विवरण	कार्यालयों की संख्या
1	केंद्रीय कार्यालय	1
2	आंचलिक कार्यालय	12
3	क्षेत्रीय कार्यालय	90
4	अनुषंगी कम्पनियाँ	2
5	एसोसिएट्स	1
6	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	2
7	आतंरिक लेखा परीक्षा कार्यालय	13

शाखा विस्तार :

दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान खोली गई/विलय/बंद की गई शाखाओं का तिमाही-वार विवरण निम्नानुसार है:

क्रं. सं	श्रेणी	दिनांक 31.03.21 तक की स्थिति	तिमाही-I (अप्रैल21 से जून21 तक)		तिमाही-II (जुलाई"21 से सितंबर"21)		तिमाही-III (अक्टूबर"21 से दिसंबर"21)		क्वार्टर-IV (जनवरी"22 से मार्च"22 तक)		दिनांक 31.03.22 तक की स्थिति
			खोली गई शाखाएं	विलय/ बंद की गई शाखाएं	खोली गई शाखाएं	विलय/ बंद की गई शाखाएं	खोली गई शाखाएं	विलय/ बंद की गई शाखाएं	खोली गई शाखाएं	विलय/ बंद की गई शाखाएं	
1	ग्रामीण	1603	1	0	0	0	0	0	0	0	1604
2	अर्ध शहरी	1332	0	1	0	0	0	1	0	0	1330
3	शहरी	810	0	8	0	0	0	19	0	0	783
4	मेट्रो	863	0	6	0	0	0	46	0	0	811
	कुल	4608	1	15	0	0	0	66	0	0	4528

अन्य प्रगति:

» बैंक का आधुनिकीकृत कॉल सेंटर ग्राहकों के लिए आवक और जावक दोनों कॉल सुविधायें प्रदान कर रहा है.

» ईज.4.0 दिशानिर्देशों के तहत 19 बेंच मार्क सेवाओं के मुकाबले कॉल सेंटर के संचालन को आईवीआर के माध्यम से कुल 16 सेवाएं प्रदान करने के लिए अपग्रेड किया गया है.

» उन्नत कॉल सेंटर अब ईज 4.0 दिशानिर्देशों के तहत चिह्नित 12 लीड जनरेशन सेवाओं में से 11 को संभाल रहा है.

» कॉल सेंटर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं में भी सेवाएं प्रदान कर रहा है.

» वरिष्ठ नागरिकों, दृष्टिबाधित और विकलांग ग्राहकों के लिए 1800221911 डायल करके कॉल सेंटर के माध्यम से डोर स्टेप बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है.

» ग्राहक 24X7 कॉल सेंटर के माध्यम से अपने खाते/डेबिट कार्ड को डेबिट फ्रीज के लिए अनुरोध कर सकते हैं.

» कृषि, खुदरा और एमएसएमई ग्राहकों को 5 भाषाओं में पूर्व सक्रिय जावक आईवीआर कॉल करने की सुविधा उपलब्ध है.

» आईवीआर के माध्यम से स्वयं के साथ-साथ बैंक में अन्य खातों और ऋण खातों में धनराशि स्थानांतरित करने की सेवा उपलब्ध है.

» पेंशनरों को कॉल सेंटर के माध्यम से वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए स्मरण कराया जाता है.

» बैंक ने कहीं भी, किसी भी समय शिकायत दर्ज करने के लिए अपने वेब पोर्टल के माध्यम से संशोधित शिकायत प्रबंधन समाधान शुरू किया है.

» ग्राहकों की सुविधा के लिए चेक बुक और एटीएम कार्ड की होम डिलीवरी लागू की गई.

» भारतीय रिज़र्व बैंक के सलाह के अनुसार, पोजेटिव पे सिस्टम की शुरुआत 01/01/2021 से की गई थी, जिसके माध्यम से ग्राहक क्लोनिंग/परिवर्तन द्वारा धोखाधड़ी से बचने के लिए जारी किए गए अपने चेक के कुछ आधारभूत विवरण प्रस्तुत कर सकते हैं. यह 50000/- रुपये से अधिक के चेक के लिए वैकल्पिक है और 5,00,000 /- रुपये से अधिक के लिए अनिवार्य है.

» नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और ब्रांच चैनल के माध्यम से पोजेटिव पे सुविधा उपलब्ध है.

» पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड के तहत 100 केंद्रों पर डीएसबीएस शुरू हुआ, जिसके तहत इन केंद्रों पर स्थित ग्राहक मामूली शुल्क पर निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं.

» पिकअप सेवाएं : ग्राहक डीएसबी प्रणाली के माध्यम से दस्तावेज लेने के लिए अनुरोध करेंगे. एक बार अनुरोध शुरू होने के बाद, एक एजेंट ग्राहक के दरवाजे से दस्तावेज़ को उठाएगा और उसे बैंक को वितरित करेगा. इसमें परक्राम्य लिखत (चेक/ड्राफ्ट/पे ऑर्डर आदि), नई चेक बुक मांग पर्ची, 15जी **(फॉर्म डाउनलोड करें), 15एच (फॉर्म डाउनलोड करें)**, आईटी/जीएसटीचालान एवं स्थायी निर्देश अनुरोध सम्मिलित हैं

» वितरण सेवा: ग्राहक डीएसबी प्रणाली के माध्यम से दस्तावेज की सुपुर्दगी के लिए अनुरोध करेंगे. एक बार अनुरोध शुरू होने के बाद, एक एजेंट बैंक से दस्तावेज़ को उठाएगा और ग्राहकों के दरवाजे तक पहुंचाएगा. इसमें खाता विवरण, गैर-व्यक्तिगत चेक बुक, ड्राफ्ट, भुगतान आदेश, सावधि जमा रसीद, पावती आदि, टीडीएस/फॉर्म 16 प्रमाणपत्र जारी करना सम्मिलित हैं.

» नकद निकासी: ग्राहक डीएसबी ऐप / वेब पोर्टल का उपयोग करके या टोल फ्री नंबर 18001213721 और 18001037188 पर कॉल करके नकद निकासी सेवा बुक कर सकते हैं. रियल टाइम नकद निकासी सुविधा का लाभ उठाने के लिए ग्राहक को अपने बैंक खाता या तो आधार या डेबिट कार्ड से लिंक करना होगा. माइक्रो एटीएम आधारित सुरक्षित तकनीक के माध्यम से सेवा प्रदान करने के लिए डीएसबी एजेंट ग्राहक के पते पर जाएगा. प्रति लेनदेन की सीमा न्यूनतम ₹ 1,000/- और अधिकतम ₹ 10,000/- है.

» डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट : वर्तमान महामारी की स्थिति में, ग्राहकों, विशेष रूप से पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए शाखा में जाना मुश्किल है. अत: डोर स्टेप बैंकिंग के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की सुविधा उपलब्ध है. पेंशनभोगी किसी भी चैनल अर्थात डीएसबी ऐप / वेब पोर्टल (https://dsb.imfast.co.in) / टोल फ्री नंबरों के माध्यम से सेवा बुक कर सकते हैं. डीएसबी एजेंट ग्राहक के दरवाजे पर जाएगा और जीवन प्रमाण ऐप का उपयोग करके ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र एकत्र करेगा.

» नामांकन सेवाएं: डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से बचत बैंक खाता (व्यक्तिगत और किसी एक अथवा उत्तरजीवी देय), सावधि जमा और चालू खाता (व्यक्तिगत) के लिए नामांकन में किसी भी प्रकार की परिवर्तन/बदला जा सकता है.

» निधि अंतरण : ग्राहक प्रति दिन अधिकतम 25,000 /- रुपये या 3 बार फंड ट्रांसफर (बैंक के भीतर या बाहर) डीएसबीएस की सुविधा ले सकता है.

» ग्राहक अपनी पसंद की किसी भी शाखा में पीपीएफ/वरिष्ठ नागरिक बचत योजना/सुकन्या समृद्धि खाते जैसी छोटी बचत योजनाओं के तहत खाता खोल सकते हैं.

» ग्राहक सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के लिए नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन कर सकता है.

» नेट बैंकिंग के माध्यम से ग्राहकों को ऑनलाइन पीपीएफ खाता खोलने की सुविधा प्रदान की जाती है.

» पीपीएफ और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना खाता खोलने की सुविधा ग्राहक को मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से प्रदान की जाती है.

» लघु बचत योजनाओं के मामले में जमा खातों की तरह सीबीएस के माध्यम से अपनी होम शाखा को परिवर्तित किया जा सकता है.

» ग्राहकों को मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से नामांकन के पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई है.

राजभाषा

वित्तीय वर्ष 2021-22 में राजभाषा विभाग की विशेष उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं:

राजभाषा पुरस्कार : वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान विभिन्न नराकासों (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति) से हमारे विभिन्न कार्यालयों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

क्र.सं.	नराकास का नाम	प्राप्त पुरस्कार	क्र.सं.	नराकास का नाम	प्राप्त पुरस्कार
1	बैंक नराकास, अहमदाबाद	प्रथम	25	बैंक नराकास, मुंबई	तृतीय
2	बैंक नराकास, पटना	प्रथम	26	बैंक नराकास, पुणे	तृतीय
3	नराकास, अमृतसर	प्रथम	27	बैंक नराकास, इंदौर	तृतीय
4	नराकास, धनबाद	प्रथम	28	नराकास, अमरावती	तृतीय
5	बैंक नराकास, बरेली	प्रथम	29	नराकास, कानपुर	तृतीय
6	नराकास, फैजाबाद	प्रथम	30	नराकास, करनाल	तृतीय
7	नराकास, देवरिया	प्रथम	31	नराकास, कोच्चि	तृतीय
8	नराकास, अकोला	प्रथम	32	नराकास, लुधियाना	तृतीय
9	नराकास, तिरुवनंतपुरम	प्रथम	33	नराकास, नागरकोइल	तृतीय
10	नराकास, हल्दिया	प्रथम	34	नराकास, शिवपुरी	तृतीय
11	बैंक नराकास जोधपुर	प्रथम	35	नराकास, हरिद्वार	तृतीय
12	नराकास बेलगाम	प्रथम	36	बैंक नराकास, कोलकाता	तृतीय
13	बैंक नराकास ग्वालियर	प्रथम	37	बैंक नराकास, जालंधर	सांत्वना
14	नराकास कोयंबटूर	प्रथम	38	बैंक नराकास, रांची	सांत्वना
15	बैंक नराकास जयपुर	प्रथम	39	नराकास, भिलाई	सांत्वना
16	नराकास मुजफ्फरपुर	प्रथम	40	बैंक नराकास, बरेली	सांत्वना
17	बैंक नराकास, पुणे	द्वितीय	41	बैंक नराकास, जोधपुर	सांत्वना
18	बैंक नराकास दिल्ली	द्वितीय	42	बैंक नराकास, भुबनेश्वर	सांत्वना
19	नराकास, कृष्णा नगर	द्वितीय	43	नराकास, कोयंबटूर	सांत्वना
20	नराकास, हरदोई	द्वितीय	44	नराकास खम्मम	सांत्वना
21	नराकास, बोंगाईगांव	द्वितीय	45	नराकास, दुर्गापुर	विशेष पुरस्कार
22	बैंक नराकास, नोएडा	द्वितीय	46	नराकास, उदयपुर	सम्मान पत्र
23	बैंक नराकास, मेरठ	द्वितीय	47	नराकास शिलांग	सम्मान पत्र
24	बैंक नराकास, दिल्ली	द्वितीय	48	बैंक नराकास हैदराबाद	शील्ड

राजभाषा सम्मेलन - बैंक ने (कुल 9) अखिल भारतीय ई - राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया.

केन्द्रीय कार्यालय	29.06.2021	भोपाल	20.09.2021
पुणे	05.02.2022	चेन्नई	07.02.2022
मुंबई	23.02.2022	अहमदाबाद	25.02.2022
पटना	15.03.2022	दिल्ली *	31.03.2022
केन्द्रीय कार्यालय	31.03.2022	(* केंद्रीय कार्यालय के साथ संयुक्त रूप से)	

इन सम्मेलनों में वित्तीय सेवाएं विभाग एवं भारत सरकार, राजभाषा विभाग के अधिकारी, नराकास सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधि, सुप्रसिद्ध लेखक एवं अपने बैंक के सर्वोच्च कार्यपालकगण उपस्थित हुए.

राजभाषा सेमिनार : क्षेत्रीय कार्यालय , जयपुर द्वारा दिनांक 30.10.2021 को नेतृत्व कौशल और व्यक्तित्व विकास पर ई - सेमिनार / वेबिनार का आयोजन किया गया. दिनांक 01.02.2022 को क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर द्वारा बैंक नराकास, ग्वालियर के तत्वावधान में 'आजादी का अमृत महोत्सव' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. दिनांक 01.02.2022 को क्षेत्रीय कार्यालय, गया द्वारा श्री निर्मल कुमार दुबे, सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग की उपस्थिति में राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया. क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' पर एक राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया.

अखिल भारतीय हिंदी प्रतियोगिताएं:

» अखिल भारतीय अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता

» अखिल भारतीय अंतर बैंक हिंदी आलेख प्रतियोगिता

» अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता

» अखिल भारतीय हिंदी सेंटमेल प्रतियोगिता

» वरिष्ठ अधिकारियों के लिए हिंदी नोटिंग प्रतियोगिता

» अखिल भारतीय हिंदी गीत-गायन प्रतियोगिता

» सभी स्टाफ सदस्यों के लिए हिंदी सामान्य ज्ञान की " केंद्रीय चैंपियन प्रतियोगिता "

भाषा शिक्षण - 10 भारतीय भाषाओं (बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, कोंकणी, मलयालम, मराठी, पंजाबी , तमिल, तेलुगु और उड़िया) को आसानी से सीखने के लिए केन्द्रीय कार्यालय द्वारा आंचलिक कार्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय/सीएलडी की मदद से सेंट सरल ई-पुस्तकें तैयार की गईं.

पुस्तकें - केंद्रीय कार्यालय एवं सभी (10) अंचलों द्वारा विभिन्न बैंकिंग विषयों जैसे- हमारे खुदरा उत्पाद , कृषि उत्पाद, जमा उत्पाद, ऋण उत्पाद , बैंकिंग धोखाधड़ी निवारण , प्रबंधकीय दक्षता , सरकारी व्यवसाय, ग्राहक सेवा , डिजिटल हिंदी , हमारे डिजिटल बैंकिंग उत्पाद एवं एमएसएमई के संबंध में वित्तीय विवरण पर हिंदी भाषा में कुल 11 पुस्तकें (प्रत्येक द्वारा एक) तैयार की गयी हैं.

'सेन्ट्रलाइट' - तिमाही द्विभाषी गृह पत्रिका 'सेन्ट्रलाइट' एवं तिमाही हिंदी गृह पत्रिका 'सेन्ट्रल मंथन' का नियमित प्रकाशन हो रहा है.

राजभाषा प्रदर्शनियां - विभिन्न राजभाषा प्रदर्शनियों के रूप में, हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी, हिंदी कार्य प्रदर्शनी, हिंदी व्हाट्सएप संदेश प्रदर्शनी, हिंदी अनुवाद प्रदर्शनी और हिंदी पत्रिका प्रदर्शनी आदि का आयोजन हमारे आंचलिक कार्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किया गया था.

ई-पत्रिकाओं का प्रकाशन – हमारे आंचलिक कार्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से ई- पत्रिकाएं प्रकाशित किया जा रहा है.

बैंक नराकास दिल्ली द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए आंचलिक कार्यालय दिल्ली की ई- पत्रिका 'सेन्ट्रल वाणी' को द्वितीय पुरस्कार दिया गया.

बैंक नरकास मेरठ द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ की ई- पत्रिका 'सेंट मंगल' को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

हिंदी पोस्टर – पूरे भारत वर्ष में हमारे विभिन्न कार्यालयों द्वारा 64 हिन्दी पोस्टर (संदेश, उद्धरण, दिशानिर्देश आदि) जारी किए गए.

नराकास - हमारा बैंक 11 नराकासों (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां) - अकोला, भोपाल (बैंक), देवरिया, गोलाघाट, ग्वालियर (बैंक), लखीमपुर (उत्तर), मदुरै, पणजी, रायपुर (बैंक), ठाणे और उदालगुडी का संयोजक है.

विभिन्न आयोजन:

» तिरुवनंतपुरम क्षेत्र के स्टाफ ने गायक लता मंगेशकरजी के गीतों का एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो यूट्यूब पर भी उपलब्ध है. यह उन्हें एक संगीतमय श्रद्धांजलि थी और हिंदी को बढ़ावा देने का एक प्रयास था.

» नरकास मेरठ के तत्वावधान में क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ ने दिनांक 26.04.2022 को हिंदी गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया.

» क्षेत्रीय कार्यालय बरेली द्वारा बैंक नराकास बरेली के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

» दिनांक 14.04.2022 को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 131वीं जयन्ती के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय पुणे ने संविधान , सामान्य और बैंकिंग ज्ञान से संबंधित एक ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया.

» सभी कार्यालयों द्वारा विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया.

विपणन विभाग :

» वर्ष 2019 में केंद्रीय कार्यालय स्तर पर नया मार्केटिंग वर्टिकल स्थापित किया गया है. मार्केटिंग वर्टिकल में निम्न शामिल हैं:

1) विपणन विभाग.

2) कॉर्पोरेट संप्रेषण विभाग

3) जनसंपर्क विभाग

4) सोशल मीडिया विभाग

5) कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व

1. विपणन विभाग :

» विपणन अधिकारी तथा शाखा प्रबंधक/ शाखा के उप-प्रभारी के उपयोग के लिए साथ ही साथ प्रशासनिक कार्यालयों द्वारा लीड्स की निगरानी करने तथा उसको पंच करने लिए मार्केटिग पोर्टल विकसित किया गया है.

» मार्केटिंग टीम मुख्य रूप से रिटेल, एमएसएमई और कासा पर ध्यान केंद्रित करती है.

» विभाग ने कुल ₹5445 करोड़ की राशि के 14828 लीड मोबिलाइज किया, जिसमें से 9718 लीड को ₹2494 करोड़ के व्यवसाय में परिवर्तित किया गया.

» मिस कॉल की सुविधा जुलाई 921 में शुरू की गई थी. जिसके माध्यम से शाखाओं को अग्रेषित कुल 601 लीड के तहत ₹ 117.24 करोड़ है, जिसमें से 256 लीड को 60.08 करोड़ रुपये के व्यवसाय में परिवर्तित किया गया.

» क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं, विशेष रूप से विपणन अधिकारियों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान करना .

» फील्ड में काम करने वाले स्टाफ सदस्यों की सुविधा हेतु मार्केटिंग पोर्टल को और अधिक सुलभ बनाया गया.

» पैन इंडिया आधार पर लीड रूपांतरण के संदर्भ में तिमाही अनुसार शीर्ष 10 प्रदर्शन करने वालों (विपणन अधिकारियों) को प्रशंसा पत्र जारी किए गए.

» सभी क्षेत्रों और विपणन अधिकारियों को दैनिक प्रदर्शन की निगरानी के लिए दैनिक आधार पर पिछले दिन के मिस्ड कॉल के डेटा के साथ चार स्लाइड अर्थात मार्केटिंग पीपीटी, मिस कॉल का विवरण, टॉप और बॉटम 10 क्षेत्र, प्रदान किया गया.

» पिछले वर्ष के लक्ष्य ₹ 3410 करोड़ के मुकाबले 4400 करोड़ रुपये का कुल लक्ष्य निर्धारित किया गया.

डिजिटल मार्केटिंग एवं इसका व्यवसाय संचालन पर प्रभाव :

» **ग्राहक संपर्क** - डिजिटल प्लेटफॉर्म ने ब्रांड और दर्शकों के बीच आसान और त्वरित संप्रेषण को सक्षम किया है. यह वैश्विक दर्शकों से जुड़ने में भी मदद करता है.

» **सामग्री वितरण** – प्रति दिन संगठन सोशल मीडिया, ई-मेल, एप्लिकेशन, न्यूज लेटर आदि के माध्यम से दर्शकों के साथ व्यापक सामग्री साझा करता है. इस प्रकार संगठन आसानी से अपने संदेश अत्याधिक दर्शकों तक पहुंचा सकता है.

» **ग्राहक जानकारी** - प्रौद्योगिकी की मदद से संगठन ग्राहकों के डेटा को ट्रैक कर सकता है. डेटा का विश्लेषण हमें ग्राहकों की पसंद और वरीयताओं को जानने में मदद कर सकता है. जिसके आधार पर हम महत्वपूर्ण व्यावसायिक निर्णय ले सकते हैं.

» **नवोन्मेष प्रोत्साहन** - डिजिटल मार्केटिंग एक अभिनव तरीके से ग्राहकों तक पहुंचने के लिए एक मंच प्रदान करता है. जब बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है तो एक अभिनव दृष्टिकोण रखने से ब्रांडों को पहचान बनाने में मदद मिलती है.

हमारे बैंक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में एक मजबूत पैर जमा लिया है, जो आज डिजिटल मार्केटिंग का सबसे बड़ा रूप है और सभी प्रमुख सोशल हैंडल जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम , लिंक्डइन और यूट्यूब में मौजूद है.

बैंक मिलेनियल्स और जनरेशन-जेड ग्राहकों की पसंदीदा पसंद बनने के अपने प्रयास में ब्रांड धारणा विकसित करने के लिए अपने डिजिटल मार्केटिंग प्रयासों को गति देने की इच्छा रखता है.

बैंक काफी समय से डिजिटल बैंकिंग की बढ़ती दुनिया में अपनी उपस्थिति महसूस करवाने के लिए कुछ डिजिटल मार्केटिंग अभियान चला रहा है. इसे औपचारिक आकार देने के लिए, बैंक ने अब एक कदम आगे बढ़कर डिजिटल मार्केटिंग योजनाओं को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाने के लिये वित्तीय वर्ष 2021-22 में डिजिटल मार्केटिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध किया है.

आने वाले वर्षों में हमारा बैंक डिजिटल मार्केटिंग के प्रभावी उपयोग के साथ बैंकिंग के सभी क्षेत्रों में मार्केट लीडर बनने के लिए आश्वस्त है.

2. कॉर्पोरेट संप्रेषण विभाग

कॉर्पोरेट संप्रेषण विभाग ब्रांडिंग, उत्पाद विपणन और कॉर्पोरेट संप्रेषण की दिशा में बैंक की पहल हेतु उत्तरदायी है. विभाग ने देश भर में ब्रांडिंग की अपनी प्रक्रिया को दृढ किया है और किसी भी ब्रांडिंग गतिविधियों को शुरू करने के लिए एक उपयुक्त प्रक्रिया निर्धारित की है.

कोविड 19 महामारी के दौरान, बैंक ने इम्यून इंडिया डिपॉजिट स्कीम नाम से एक नया जमा उत्पाद प्रारम्भ किया था. जब, महामारी के कारण पूरी दुनिया प्रभावित हुई, बैंक ने अपने मौजूदा ग्राहकों को अच्छे स्वास्थ्य के साथ फिर से आगे बढ़ने में मदद की. बैंक ने उन लोगों को अतिरिक्त ब्याज का भुगतान किया था जिन्हें कोविड -19 वैक्सीन का कम से कम एक जैब दिया गया था.

ट्रैफिक बैरिकेड्स, नो पार्किंग बोर्ड, पुलिस बूथ, वॉल पेंटिंग, बस, ट्रेन, लोकल केबल चैनल, एफएम रेडियो जैसी पारंपरिक ब्रांडिंग के अलावा विभाग ने विभिन्न ऐप और वेबसाइटों पर डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से अपने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने की व्यवस्था की थी.

बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं जैसे गृह ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण, कृषि ऋण, एमएसएमई ऋण और डिजिटल उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रमुख गतिविधियां / प्रायोजित कार्यक्रम आयोजित किये.

बैंक के उत्पाद और सेवाओं की ब्रांडिंग हेतु विभिन्न मीडिया चैनल जैसे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक / डिजिटल / सोशल, आउटडोर मीडिया, एटीएम आदि का प्रयोग किया गया. विभाग का जोर प्रासंगिक बने रहने एवं बैंक को सबसे जीवंत और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक के रूप में स्थापित करने के लिए एक परिवर्तित उत्प्रेरक की तरह कार्य करने हेतु अपनी सभी ब्रांडिंग को लगातार सशोधित एवं संवर्धित करना है.

वर्ष के दौरान हमारे बैंक के उत्पादों एवं सेवाओं के व्यापक प्रचार व दृश्यता हेतु देशभर में कृत प्रमुख प्रचार गतिविधियां निम्नानुसार हैं :

» 2020 टोक्यो पैरालिंपिक खेलों का प्रायोजन.

» बैंक के 111वें स्थापना दिवस के अवसर पर सीएनबीसी टीवी 18 और ईटी नाउ चैनलों पर बैंक का विज्ञापन.

» वित्त वर्ष 2020-21 के लिए बैंक की साधारण वार्षिक रिपोर्ट का मुद्रण और आपूर्ति.

» शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का अभिनंदन

» महिला केंद्रित योजनाओं जैसे सेंट गृह लक्ष्मी गृह ऋण और सेंट वाहिनी वाहन ऋण योजना का प्रचार.

» लाल किला, चांदनी चौक, नई दिल्ली में होर्डिंग के माध्यम से विज्ञापन

» माई एफएम, रेड एफएम और रेडियो सिटी पर रेडियो जिंगल

» नई दिल्ली में 40वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2021 का प्रायोजन

» आईआरसीटीसी वेबसाइट के यात्री विवरण पृष्ठ के शीर्ष पर बैंक का विज्ञापन.

» एफआईबीएसी (फिक्की) 2021 का प्रायोजन.

» ग्रामीण सड़कों एवं पुलों के निर्माण में नई प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ सामग्री पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रायोजन.

3. जनसंपर्क विभाग-

» विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रेस विज्ञप्तियों को जारी किया गया.

» त्रैमासिक वित्तीय परिणाम और विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों की घोषणा के समय प्रेस मीट और एनालिस्ट मीट का आयोजन.

» हमारे शीर्ष प्रबंधन और मुंबई आने वाले विभिन्न सरकारी / भारतीय रिज़र्व बैंक अधिकारियों / निदेशकों के लिए प्रोटोकॉल कर्तव्यों का समन्वय किया गया.

» हमारे बोर्ड सचिवालय और सुरक्षा / परिवहन विभाग के साथ बोर्ड सह प्रबंध समिति की बैठकों के लिए समन्वयन.

» एमबीडी विभाग के साथ हमारे बैंक की वार्षिक आम सभा की बैठक के लिए समन्वयन.

4. सोशल मीडिया -

सोशल मीडिया आज डिजिटल मार्केटिंग का सबसे प्रमुख रूप बन गया है. हमारे बैंक के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की शुरुआत डिजिटल मीडिया की दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने और इन प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों एवं सेवाओं को बढ़ावा देने हेतु की गई थी. इसने हमारे बैंक को मौजूदा और संभावित ग्राहकों के बीच जागरूकता पैदा करने में मदद की है. हमने फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर सफलतापूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है. सोशल मीडिया की मदद से, हम ओआरएम (ऑनलाइन रेपुटेशनल मैनेजमेंट) नामक टूल के साथ मौजूदा और संभावित ग्राहकों के प्रश्नों और शिकायतों को हल करने और हल करने की निरंतर प्रक्रियारत हैं.

सोशल मीडिया गतिविधियों की मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं:

» विभाग द्वारा दैनिक आधार पर और समकक्ष विभागों से प्राप्त विचारों पर भी क्रेएटिव बनाए गए हैं और पोस्ट किए जा रहे हैं.

» विभाग ने डीएफएस, एनपीसीआई, वित्त मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य सरकारी संस्थानों के विभिन्न अभियान चलाए.

» ग्राहकों को हमारे उत्पादों/योजनाओं की विशेषताओं से अवगत कराने के लिए विभिन्न ब्रांड वार्तालाप अभियान चलाए गए.

» हमारे एडीसी (वैकल्पिक वितरण चैनल) को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न अभियानों का समन्वय किया गया.

» ब्रांड जागरूकता पैदा करने और संभावित ग्राहकों तक पहुंचने के लिए हमारे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभिन्न प्रस्तावों और योजनाओं की जानकारी प्रसारित की गई.

» आज़ादी के अमृत महोत्सव की विभिन्न गतिविधियों को हमारे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एकेएएम हैशटैग के साथ बनाया और साझा किया गया था.

» भारत सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान में भाग लिया.

» ग्राहक सेवा उत्कृष्टता के लिए और शिकायतों के तत्काल निवारण के लिए मई 2021 के महीने में एक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना की गई थी.

» हमारे सोशल हैंडल में टिप्पणियों/प्रश्नों/शिकायतों को हमारे ऑनलाइन प्रतिष्ठा प्रबंधन (ओआरएम) टूल की मदद से नियंत्रित किया जा रहा है और सोशल मीडिया में उचित उत्तर पोस्ट किए जा रहे हैं.

» औसतन हमें प्रतिदिन 150 से 200 शिकायतें प्राप्त होती हैं जिनका समाधान उसी दिन कर दिया जाता है.

» वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान ग्राहकों से 302 सराहनाएं मिली, जिनकी चिंताओं को दूर किया गया था.

» अलग-अलग विभागों से संबंधित शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए मामले तत्काल देखे जा रहे है.

31 मार्च 2022 तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉलोअर्स / लाइक :

ट्विटर - 49469 फालोअर
फेसबुक - 133207 लाइक
इंस्टाग्राम - 3445 फालोअर
लिंक्डइन - 4700 फालोअर
यूट्यूब - 8510 फालोअर

5. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

» सीएसआर व्यवसाय द्वारा कार्यबल एवं उनके परिवारों के साथ-साथ समुदायिक जीवन की गुणवत्ता में सुधार सहित और समग्र रूप से समाज के आर्थिक विकास में योगदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता है.

» शिक्षा, स्वास्थ्य, प्राकृतिक आपदाओं और समाज के समग्र सामाजिक कल्याण हेतु समाज के गरीब, पिछड़े लोगों के उत्थान हेतु काम करने वाले संगठन / ट्रस्ट के माध्यम से सीएसआर के तहत दान करना हमारी निरंतर प्रतिबद्धता है.

» वित्त वर्ष 2021-22 हेतु सीएसआर बजट शून्य था क्योंकि वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक को घाटा हुआ था.

सतर्कता

प्रणालीगत सुधार :

वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रणालीगत सुधार किए गए:

» एनपीए खातों से जुड़े खातों के लिए पॉप अप संदेश
» विभागीय जांच करने के लिए अनुबंध के आधार पर सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति
» बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट प्वाइंट का आकस्मिक औचक निरीक्षण.
» ऋण प्रोसेसिंग एंड अप्रूवल सेंटर - सीपीएसी मॉडल और लेंडसेफ, कामकाज में सुधार की गुंजाइश.

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021:

सीवीसी से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, बैंक द्वारा 26.10.2021 से 01.11.2021 तक "सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021" को सही भावना और इस वर्ष की थीम "स्वतंत्र भारत @ 75: अखंडता के साथ आत्मनिर्भरता" के अनुरूप मनाया गया. दिनांक 26.10.2021 को केन्द्रीय कार्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई. हमारे बैंक द्वारा प्रायोजित सभी 10 आंचलिक कार्यालयों, 90 क्षेत्रीय कार्यालयों और बैंक की सभी 4594 शाखाओं और 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी इसी तरह के समारोह आयोजित किए गए थे.

सीवीसी वेबसाइट पर ग्राहकों एवं स्टाफ को ई-शपथ लेने हेतु अखंडता प्रतिज्ञा" के लिए हाइपरलिंक प्रदान किया गया.

जैसा कि आयोग द्वारा वांछित था, उन आंतरिक (हाउसकीपिंग) गतिविधियों पर पूरा ध्यान केन्द्रित किया गया, जिन्हें सतर्कता जागरूकता सप्ताह के भाग के रूप में अभियान में लिया गया था.

विभिन्न मंचों के माध्यम से संगठन की नीतियों / प्रक्रियाओं और निवारक उपायों पर कर्मचारियों, उनके रिश्तेदारों और अन्य हितधारकों के लिए 156 कार्यशालाएं / संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए.

सीव्हीसी के निर्देशों के अनुसार, बैंक ने कर्मचारियों के लिए 26 वाद-विवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए. सतर्कता जागरूकता सप्ताह अवधि के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 1386 ने भाग लिया. बैंक ने पूरे भारत में ग्राहक शिकायत निवारण पर 1169 कार्यक्रम/शिविरों का आयोजन किया था. पूरे तीन केंद्रों पर एफएम चैनलों पर पीआईडीपीआई पर रेडियो जिंगल्स को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान प्रसारित किया गया और बैंक के खुदरा उत्पादों के विज्ञापन के साथ प्रसारित किया गया.

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान हमारे बैंक के विभिन्न स्थानों पर 1 वृक्षारोपण कार्यक्रम, 12 वॉकथॉन, 3 क्रिकेट मैच, 3 कार रैलियां, एक प्रदर्शनी और एक मानव श्रृंखला गतिविधियों का आयोजन किया गया.

भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों पर आंतरिक प्रतिभागियों के साथ एक वीडियो फिल्म का मंचन किया गया और पीआईडीपीआई के तहत शिकायतों पर व्यापक प्रचार किया गया. इसके अलावा सभी केंद्रों पर स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए एक वीडियो प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें 328 बच्चों ने पूरे उत्साहपूर्वक भाग लिया.

कॉर्पोरेट कार्यालय स्तर पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान "ऋण और परिचालन - लेखापरीक्षा के सतर्कता पहलू" विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया था, जिसमें 100 से अधिक आंतरिक लेखा परीक्षकों ने भाग लिया है. इसी तरह, बैंक के अन्य क्षेत्रों में भी सतर्कता पहलुओं पर 5 व्याख्यान आयोजित किए गए.

बैंक ने पूरे देश में पांच अतिथि व्याख्यान आयोजित किए थे जिसमें पुलिस, सीबीआई आदि के वरिष्ठ अधिकारियों को स्टाफ सदस्यों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया था.

मानव संसाधन विकास विभाग

योजना का नाम	विवरण
कार्मिक शक्ति	मार्च-2022 के अंत में, बैंक के कर्मचारियों की संख्या पिछले वर्ष के 32335 की तुलना में 30289 थी. कर्मचारियों का श्रेणीवार विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	मार्च-18	मार्च-19	मार्च 20	मार्च 21	मार्च 22
अधिकारी	17166	16868	16563	16565	16248
लिपिक	12300	11766	10356	9761	8415
अधिनस्थ	7377	7041	6562	6009	5626
योग	**36843**	**35675**	**33481**	**32335**	**30289**

भर्ती और पदोन्नति

वर्ष 2021-22 के दौरान नई भर्ती:-

» विशेषज्ञ अधिकारी- 12

» अनुकंपा के आधार पर 13 अधीनस्थों और 42 लिपिकों की नियुक्ति.

सभी वेतनमान और संवर्ग के लिए पदोन्नति प्रक्रिया आयोजित की गई है. वर्ष 2021-22 के दौरान अंतर-वेतनमान और अंतर-संवर्ग पदोन्नति प्रक्रियाओं का संचालन किया गया और कर्मचारियों / अधिकारियों को उच्च संवर्ग / वेतनमान में पदोन्नत किया गया. 673 लिपिकों को स्केल- I अधिकारियों में पदोन्नत किया गया और 1028 अधिकारियों को उच्च स्तर ग्रेड / वेतनमान पर पदोन्नत किया गया. अखिल भारतीय आधार पर 1063 अधिकारियों के अनुरोध स्थानांतरण आवेदनों पर विचार किया गया. विभाग ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 620 परिवीक्षाधीन अधिकारियों, 1440 लिपिक कर्मचारियों और 671 विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती के लिए मांगपत्र रखा है.

कर्मचारी लाभ

बैंक में कर्मचारी कल्याण योजनाएं:-

➢ सेवा में देहांत होने वाले कर्मचारियों के परिवार को राहत
➢ हॉलिडे होम और ट्रांजिट होम
➢ परिसर में कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान - डॉक्टरों को वेतन और दवाओं की लागत
➢ स्टाफ के लिए कैंटीन सब्सिडी की सुविधा

योजना का नाम	विवरण

वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए बोनस का भुगतान:-

वर्ष 2020-21 के लिए सभी पात्र कर्मचारियों को 'वेतन' के 8.33% की दर से अधिकतम 7000/- रुपये के बोनस का भुगतान किया जा चुका है.

कर्मचारियों के लिए समूह चिकित्सा बीमा कवरेज:-

कर्मचारियों के लिए समूह चिकित्सा बीमा योजना है जिसे 1 अक्टूबर 2021 से 30 सितंबर 2022 तक की अवधि के लिए नवीकृत कर दिया गया है. साथ ही इस योजना के तहत वैकल्पिक सुपर टॉप-अप सुविधा को लगातार दूसरी बार कर्मचारियों के लिए बढ़ा दिया गया है.

कॉर्पोरेट बफर :-

बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 (01.10.2021 से 30.09.2022 तक प्रभावी) के लिए सेवारत कर्मचारियों के लिए चिकित्सा बीमा के तहत "कॉर्पोरेट बफर" योजना लागू की है, जो कि बड़ी बीमारियों के मामले में, मूल बीमा राशि और सुपर टॉप अप से अधिक राशि के लिए किए गए खर्च के लिए है.

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए समूह स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी :

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समूह स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को 1 नवंबर 2021 से 31 अक्टूबर 2022 तक की अवधि के लिए नवीनीकृत किया गया है.

ग्यारहवीं बीपीएस/संयुक्त नोट के संदर्भ में प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन का भुगतान

31.03.2021 को समाप्त वर्ष हेतु,पीएलआई मैट्रिक्स के संदर्भ में,11वें बीपीएस/8वें संयुक्त नोट दिनांक 11.11.2020 के अनुरूप प्रारंभ की गई पीएलआई योजना के आधार पर बैंक के सभी कर्मचारियों को 5 दिन का प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन वेतन का भुगतान किया गया है.

संयुक्त चर्चा और व्यवसाय विकास:-

» बहुसंख्यक यूनियनों के साथ व्यवसाय विकास बैठक 08 जून 2021 और 24 सितंबर 2021 को आयोजित की गई थी.

» दिसंबर 2021 को एआईसीबीओएफ (मेजॉरिटी ऑफिसर्स यूनियन) के साथ संयुक्त चर्चा हुई.

» अक्टूबर 2021 और 31 दिसंबर 2021 को एआईसीबीईएफ (मेजॉरिटी अवार्ड स्टाफ यूनियन) के साथ संयुक्त चर्चा हुई.

कोविड-19 महामारी के तहत कर्मचारियों को सुविधाएं एवं कृत अन्य उपाय :

प्रबंधन ने कोविड -19 महामारी की चुनौतियों का सामना करने के लिए स्टाफ सदस्यों को नीचे उल्लिखित

सुविधाओं का विस्तार किया था: -

» ब्याज मुक्त ऋण के रूप में एक माह का सकल वेतन, अधिकतम ₹1 लाख की राशि.

» सरकार के दिशानिर्देश के अनुरूप कई मामलों में, कोविड-19 निवारक उपाय के रूप में, गर्भवती महिला स्टाफ सदस्यों / कैंसर से पीड़ित स्टाफ सदस्यों को घर से काम करने की सुविधा और उन स्टाफ सदस्यों को वेतन की हानि के बिना विशेष अवकाश जो नेत्रहीन हैं और विकलांग कर्मचारी हैं प्रदान की गई.

» कोरोना वायरस (कोविड -19) के कारण मृत्यु को प्राप्त स्टाफ सदस्यों के कानूनी उत्तराधिकारियों को मुआवजे के रूप में 20.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता.

समर्पित "सेंट कोविड हेल्प" ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ :-

कोविड -19 महामारी के अभूतपूर्व समय के दौरान जब स्टाफ के सदस्य और उनके आश्रित उचित चिकित्सा और उपचार आदि प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे थे, डीआईटी द्वारा एक इन-हाउस उपयोगकर्ता के अनुकूल पोर्टल और मोबाइल ऐप विकसित किया गया था ताकि स्टाफ सदस्यों को भारत में कहीं से भी स्वयं या परिवार के सदस्यों के लिए कोविड -19 संबंधित आवश्यकताओं का अनुरोध शुरू करने में सक्षम बनाया जा सके और प्रशासनिक कार्यालयों के संबंधित हेल्पलाइन स्वयंसेवी कर्मचारी सदस्य यथासंभव आवश्यक सहायता प्रदान करके उन हेल्प डेस्क अनुरोधों का जवाब देंगे. स्टाफ सदस्य भी उपरोक्त आवश्यकताओं से संबंधित स्वयंसेवी सेवाओं का विस्तार करने में सक्षम थे.

योजना का नाम	विवरण
	कोविड-19 टीकाकरण:- सभी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को कोविड-19 के टीकाकरण लागत की प्रतिपूर्ति बैंक द्वारा प्रदान की गई है. **क्षेप्र और आंप्र के लिए पुरस्कार और मान्यता योजना: -** एफजीएम / एसआरएम / आरएम के लिए पुरस्कार और मान्यता योजना को हमारे स्टाफ सदस्यों के अधिकतम टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने और कर्मचारियों को अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के बारे में प्रेरित करने के लिए शुरू किया गया था.
कर्मचारी विकास	**कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस): -** एपीएआर से कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) में उन्नयन प्रमुख मानव संसाधन पहलों में से एक रहा है. वर्ष 2021-22 के लिए पीएमएस मॉड्यूल शुरू किया गया था. अध्ययन और विकास: - वर्ष 2021-22 के प्रशिक्षण कैलेंडर को बैंक की व्यवसाय योजना के अनुरूप बनाया गया था. प्रशिक्षण का मुख्य फोकस बैंक में अनुपालन संस्कृति का निर्माण, बैंक का सीडी अनुपात बढ़ाना, संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार, लाभ बढ़ाना और डिजिटल पैठ बढ़ाना था. इसके लिए वित्त वर्ष 2022 में तीन अधिकारी प्रशिक्षण महाविद्यालयों और 15 सीएलडी द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए: » बैंक में अनुपालन संस्कृति: » बैंकिंग में अनुपालन संस्कृति » आंतरिक लेखा परीक्षकों के लिए शाखाओं की प्रभावी लेखापरीक्षा » लेखापरीक्षा और अनुपालन » बैंक का सीडी अनुपात बढ़ाना: » ऋण को समझना: कॉर्पोरेट ऋण और एमएसएमई » कृषि इंफ्रा ऋण और कृषि में ऋण मॉनिटरिंग » पीएस ऋण बढ़ाना » कृषि पोर्टफोलियो तैयार करना » खुदरा ऋण और लाभप्रदता » सीपीएसी वास्तुकला » सेंट प्रगति योजना **आस्ति की गुणवत्ता में सुधार:** » सरफेसी अधिनियम, वाहन प्रवर्तन पर एसओपी » वसूली टूल्स » एनपीए वसूली के लिए रणनीतियां » पुनर्गठन पैकेज 2.2 और संकल्प पैकेज 2.0 » एसएएमव्ही और एआरबी के लिए वसूली टूल्स » एसेट क्वालिटी मेंटेनेंस, स्लिपेज को रोकना और वसूली » वसूली - मेरा हर दिन एजेंडा - सब स्टाफ के लिए **लाभ बढ़ाना:** » लाभ केंद्र के रूप में प्रत्येक शाखा » लाभप्रदता के लिए कासा और सरकारी व्यवसाय को बढ़ाना **डिजिटल पेनेट्रेशन:** » डिजिटल उन्मुख बनना » डिजिटल प्रौद्योगिकी - प्रतिस्पर्धात्मक लाभ

योजना का नाम	विवरण

इसके अलावा, एसपीबीटीसी ने कॉरपोरेट व्यवसाय को संप्रेषित करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों और आंचलिक कार्यालयों तथा विशेषज्ञ अधिकारियों, विशेषज्ञ शाखाओं, एसपीबीटीसी द्वारा दिए गए पूरक सिद्धांत और केस स्टडीज के लिए विभिन्न कार्यक्षेत्रों के लिए कार्यशालाएं आयोजित कीं. निम्नलिखित कार्यक्षेत्र/विशेषज्ञ अधिकारी/विशेषीकृत शाखाएं शामिल थीं:

» ऋण निगरानी
» परिचालन – परिचालन और परिचालन जोखिम पर
» मानव संसाधन
» एआरडी और एफआई
» जीएडी
» आरएलसीसी/जेडएलसीसी – निर्यात/आयात ऋण पर विशेष ध्यान देने के साथ
» एसएएमवी/एआरबी शाखाएं
» सतर्कता अधिकारी
» आईटी अधिकारी
» जोखिम अधिकारी
» आतंरिक लेखा परीक्षक

सभी इकाइयों द्वारा एएसबीए और सूचना सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया इसके अलावा, ऋण और अनुपालन पर कुछ स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किए गए.

महामारी के प्रकोप के साथ अधिकांश प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन मोड में आयोजित किए गए थे. कक्षा प्रशिक्षण के लिए भौतिक कक्षा के हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले बहुत कम कार्यक्रम, जैसे नए भर्ती विशेषज्ञ अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम, सभी वेतनमानों में पूर्व पदोन्नति प्रशिक्षण, कोषागार अधिकारी, पीओएसएच, आदि आयोजित किए गए.

ई-लर्निंग:

वर्ष 2022 में एलएमएस में लॉन्च किए गए मॉड्यूल की संख्या में वर्ष की शुरुआत में 104.5 घंटे से बढ़कर वर्ष के अंत में 85 विषयों में विस्तृत कुल 208 घंटे हो गए. सभी संबंधित पाठ्यक्रमों को जोड़ा गया, ताकि बैंकिंग के सभी विषयों को पूरा किया जा सके.

स्वीकार्यता दर: - 69.79% अधिकारियों और 50.83% लिपिकों ने वित्त वर्ष 2021-22 में न्यूनतम एक मॉड्यूल पूरा किया था, और सभी में 15617 कर्मचारियों ने न्यूनतम एक ई-लर्निंग मॉड्यूल पूरा किया था. इन सभी कर्मचारियों द्वारा 61236 मॉड्यूल पूरे किए गए.

अनिवार्य 6 घंटे ई-लर्निंग को पूरा करने वाले अधिकारियों की संख्या में वर्ष के दौरान काफी सुधार हुआ, साथ ही कुल मॉड्यूल का उपयोग करते हुए पूर्ण किया गया.

वीडियो आधारित शिक्षा:-

वीडियो आधारित पाठ भी शुरू किए गए हैं जिसके माध्यम से प्रशिक्षण कक्षाएं (पीपीटी और फैकल्टी) रिकॉर्ड की जाती हैं और यहीं पाठ सेंट स्वाध्याय ऐप पर भी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध हैं.

वित्तीय वर्ष के दौरान प्रशिक्षित कर्मचारियों की स्थिति (31.03.2022 तक):

	कुल संख्या	मार्च-2022 तक प्रशिक्षित	मार्च-2022 तक कवर किया गया %
अधिकारी	16248	15658	96.36
पंचाट कर्मचारी	14041	10619	75.62
कुल योग	**30289**	**26277**	

योजना का नाम	विवरण

वर्ष 2021-22 के दौरान की गई विशेष प्रशिक्षण पहल इस प्रकार हैं:-

» भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), कलकत्ता के सहयोग से भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) द्वारा संचालित "बैंकिंग और वित्त में 10 वें अग्रिम प्रबंधन कार्यक्रम (एएमपी) " के लिए 10 अधिकारियों को नामित किया गया.

» आईआईएम बैंगलोर द्वारा संचालित नेतृत्व विकास कार्यक्रम हेतु 3 कार्यपालकों को नामित किया गया.

» बैंक बोर्ड ब्यूरो द्वारा संचालित निदेशक विकास कार्यक्रम के लिए 7 निदेशकों को नामित किया गया.

» बाह्य प्रशिक्षण एजेंसियां यथा एनआईबीएम, कैब, फेडाई, आईआईबीएफ, कॉर्डेक्स , एसएचआरएम , एफआईएमएमडीए आदि द्वारा संचालित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए विभिन्न स्तरों के 391 अधिकारियों को नामित किया गया.

» अधिकारियों के लिए यूनिफ़ॉर्म मिड-कैरियर प्रशिक्षण संरचना बैंक द्वारा अपनाई गई थी.

क्षमता निर्माण :-

हमारे बैंक में कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ट्रेजरी, जोखिम, लेखा और ऋण विभागों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 374 कर्मचारियों के लिए प्रमाणन अनिवार्य कर दिया गया है. इसके अलावा, मानव संसाधन पेशेवरों के लिए क्षमता निर्माण के तहत एसएचआरएम से एचआर प्रमाणन (सीपी/एससीपी) के लिए 21 अधिकारियों को भी नामांकित किया गया है.

कर्मचारी सहबद्धता :-

बैंक ने कर्मचारियों की सोच का जायजा लेने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण किया था ताकि कर्मचारियों में समावेशन और समृद्धता की भावना को बढ़ाने में मदद करने के तरीकों का आकलन किया जा सके. प्राप्त जानकारी से बैंक को अपनी ताकत का लाभ उठाने और उन चिन्हित क्षेत्रों पर काम करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार की आवश्यकता है.

सर्वेक्षण की रूपरेखा में निम्नलिखित शामिल थे: -

कर्मचारी संतुष्टि ➡ कर्मचारी सहबद्धता ➡ संगठन संस्कृति ➡ कार्य करने के लिए सर्वोत्तम स्थान

कैरियर प्लानिंग (उत्तराधिकार योजना):-

इस प्रतिस्पर्धी माहौल में प्रमुख पदों के लिए उत्तराधिकारियों की पहचान करना और उनका विकास करना बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि कार्यात्मक विभागों के निर्बाध परिवर्तन और कामकाज के साथ-साथ कार्य के लिए उपयुक्त व्यक्ति को सुनिश्चित किया जा सके और इस उद्देश्य के साथ बैंक ने प्रोजेक्ट 'सेंट नर्चर' शुरू किया था. परियोजना के तहत, स्केल IV और उससे ऊपर के 1175 पात्र अधिकारियों के लिए उत्तराधिकार योजना अभ्यास पूरा किया गया. इन अधिकारियों के लिए उनके कार्मिक विकास उपायों की योजना और प्रबंधन के लिए एक उपकरण के रूप में व्यक्तिगत विकास योजनाएं (आईडीपी) बनाई गई हैं. आईडीपी लक्ष्यों के तहत प्रगति को सेंट स्वाध्याय पोर्टल के माध्यम से ट्रैक किया जाता है.

पथ प्रदर्शक (मेंटरशिप) :-

मेंटरशिप प्रक्रिया को एक नई पहल के रूप में पेश किया गया था और मेंटरशिप प्रोग्राम को कर्मचारी के निरंतर विकास और विकास का समर्थन करने, ज्ञान के हस्तांतरण की सुविधा और हमारे स्टाफ (मेंटिस और मेंटर्स) में भी क्षमताओं का निर्माण करने के लिए शुरू किया गया था. मेंटरशिप यात्रा के माध्यम से, अनुभवी अधिकारी अन्य कर्मचारियों को उनके लक्ष्यों और कौशल को समय-सीमित, अनौपचारिक, आमने-सामने बातचीत और अन्य सीखने की गतिविधियों की एक श्रृंखला के माध्यम से विकसित करने में मदद करेंगे.

इंटर्नशिप :-

हमारे बैंक में इंटर्नशिप नीति को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है और बाद में बैंक के विभिन्न विभागों में 150 इंटर्नशिप अवसरों की पहचान की गई है. इंटर्नशिप कार्यक्रम उम्मीदवार की वरीयता और शैक्षिक विशेषज्ञता के अनुसार किसी विशेष विभाग में बैंकिंग उद्योग और व्यावहारिक ज्ञान का अवलोकन प्रदान करता है. उम्मीदवार इंटर्नशिप कार्यक्रम से गुजरने के लिए वजीफे के लिए भी पात्र हैं.

योजना का नाम	विवरण
नीतियां	**समीक्षाकृत नीतियां:-** अधिकारियों के स्थानांतरण के लिए मानदंड (मुख्यधारा / विशेषज्ञ) और अधिकारियों के लिए कैरियर पथ- सह-पदोन्नति नीति (मुख्यधारा / विशेषज्ञ) वेतनमान I से III में अधिकारियों (मुख्यधारा / विशेषज्ञ) के स्थानांतरण के लिए स्टाफ के अनुकूल मानदंड और अधिकारियों के लिए कैरियर पथ-सह-पदोन्नति नीति की समीक्षा की गई और बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया. **एचआरडी लेखापरीक्षा नीति :-** एचआरडी ऑडिट बैंक के लघु एवं दीर्घकालिक व्यावसायिक लक्ष्यों तथा योजनाओं के संदर्भ में वर्तमान मानव संसाधन विकास रणनीतियों, संरचना, प्रणालियों, शैलियों और कौशल का एक व्यापक मूल्यांकन है. यह वर्तमान एचआरडी गतिविधियों एवं उपलब्ध सूचनाओं का आकलन करने के बाद बैंक की भावी एचआरडी आवश्यक्ताओं को ज्ञात करने का प्रयास करता है. एचआरडी लेखापरीक्षा नीति की समीक्षा की गई एवं बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया **भर्ती नीति :** कुछ संशोधनों / परिवर्धन के साथ और सही समय पर सही क्षमताओं, कौशल और विशेषज्ञता रखने वाले सही कर्मियों की भर्ती के लिए भर्ती नीति की समीक्षा की गई और बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया. **आचार संहिता, व्यवसाय संचालन और हितों के टकराव पर नीति:** हाल के दिनों में बैंकिंग उद्योग ने धोखाधड़ी, लालच, अंदरूनी दुर्व्यवहार, खराब नैतिक मूल्यों और आंतरिक नियंत्रण, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में वृद्धि आदि की विभिन्न घटनाओं को देखा है. हालांकि, हमारे बैंक ने अधिकारियों के कर्मचारियों के आचरण, यौन संबंधी उत्पीड़न दिशानिर्देश, ड्रेस कोड दिशानिर्देश, व्हिसलब्लोअर नीति इत्यादि, पर परिभाषित नीतियां / विनियम है फिर भी नैतिक संहिताओं और व्यवसाय आचरण दिशानिर्देशों का एक सेट तैयार करने की आवश्यकता महसूस की गई जो किसी भी प्रकार की नैतिक दुविधा की स्थिति में कर्मचारी की सहायता कर सके. तदनुसार आचार संहिता, व्यवसाय आचरण और हितों के टकराव पर एक नीति की समीक्षा की गई और उसे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया. **कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर नीति:** कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013" के संदर्भ में यौन उत्पीड़न पर दिशानिर्देशों को लागू किया गया है. अधिनियम के अनुसार, बैंक ने सभी प्रशासनिक कार्यालयों में पीठासीन अधिकारी और अन्य सदस्यों को समिति में नामित करके आंतरिक शिकायत समितियों का गठन किया है. तदनुसार कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर नीति की समीक्षा की गई और उसे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया. **इंटर्नशिप पर नीति:-** नीति का उद्देश्य मान्यता प्राप्त संस्थानों के छात्रों (भविष्य के पेशेवरों) को एक संरचित तरीके से इंटर्नशिप प्रदान करना है, जिसमें उन्हें इंटर्नशिप के स्थान पर उपलब्ध एक वरिष्ठ अधिकारी की सलाह के तहत बैंकिंग कार्यों / परियोजनाओं पर प्रशिक्षित किया जाएगा. इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य उम्मीदवार की वरीयता और शैक्षिक विशेषज्ञता के अनुसार विशेष विभाग में बैंकिंग उद्योग और व्यावहारिक ज्ञान का अवलोकन प्रदान करना होगा. यह बैंक के लिए पारस्परिक रूप से फायदेमंद होगा क्योंकि इंटर्न को आवंटित परियोजनाएं कार्रवाई योग्य/अपनाने योग्य होंगी जिन्हें बैंक में अपनाने के लिए जांच की जा सकती है और यह विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों के बीच हमारे बैंक के लिए ब्रांड छवि को भी बढ़ाता है. तदनुसार बोर्ड द्वारा इंटर्नशिप संबंधी नीति की समीक्षा की गई और उसे अनुमोदित किया गया. **मेंटरशिप पर नीति :-** बैंक ने मेंटरशिप कार्यक्रम की एक औपचारिक संरचना तैयार की है जो कर्मचारी के निरंतर विकास और विकास, ज्ञान के हस्तांतरण, और हमारे स्टाफ (मेंटिस) और सलाहकारों में क्षमता के निर्माण का समर्थन करेगा. मेंटरिंग से बैंक के संचालन के क्षेत्रों की समझ, विस्तारित नेटवर्किंग के अवसर, स्वयं की प्रथाओं की बेहतर समझ और व्यक्तिगत कौशल और संतुष्टि का विकास होगा. तदनुसार मेंटरशिप पर एक नीति की समीक्षा की गई और बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया.

योजना का नाम	विवरण
	2022-23 के लिए प्रशिक्षण नीति: बढ़े हुए प्रशिक्षण घंटों के साथ-साथ सीखने के अतिरिक्त तरीकों के माध्यम से सभी कर्मचारियों के कौशल वृद्धि और पुनर्कौशल्यता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, प्रशिक्षण नीति 2022-23 की समीक्षा की गई और बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया. **कर्मचारी उत्तरदायित्व नीति:-** हमारे कर्मचारियों द्वारा तेजी से और गुणात्मक निर्णय लेने के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने के उद्देश्य से स्टाफ जवाबदेही नीति की समीक्षा की गई, जो अर्थव्यवस्था में हमारे बैंक की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद करेगी. **क्षमता निर्माण पर नीति :-** क्षमता निर्माण, वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के परिदृश्य में, पूरे संगठन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि यह कर्मचारियों के ज्ञान और अनुभव को बढ़ाने से संबंधित है. बैंकिंग के वर्तमान परिदृश्य में लगातार बढ़ती चुनौतियों और वैश्विक बाजार के उद्भव को ध्यान में रखते हुए, कर्मचारियों को पारंपरिक बैंकिंग में अनुभव / ज्ञान के साथ-साथ अपने ज्ञान / समझ को बढ़ाने और इन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रासंगिक कौशल प्राप्त करने की आवश्यकता है. इस उद्देश्य को साकार करने के लिए, यह आवश्यक है कि महत्वपूर्ण विभागों में कुछ कार्य की भूमिकाओं के लिए अनिवार्य सहित प्रमाणीकरण विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से कर्मचारियों के कार्य का ज्ञान और कौशल सेट को बढ़ाने पर जोर दिया जाए और इस उद्देश्य के साथ क्षमता निर्माण पर नीति की समीक्षा और अनुमोदन किया गया. **संवेदनशील पदों पर तैनात कर्मचारियों के लिए अनिवार्य अवकाश नीति:-** संवेदनशील पदों या परिचालन के क्षेत्रों में तैनात कर्मचारियों के लिए अनिवार्य अवकाश के संबंध में विवेकपूर्ण परिचालन जोखिम प्रबंधन उपाय पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के आलोक में, अनिवार्य अवकाश नीति को समीक्षा के लिए रखा गया था जिसके तहत संवेदनशील पदों या परिचालन के क्षेत्रों में तैनात सभी कर्मचारियों को बिना कोई पूर्व सूचना दिए, प्रत्येक वर्ष एक ही बार में कुछ दिनों (कम से कम 10 कार्य दिवसों) के लिए छुट्टी पर भेजा जाना अनिवार्य है, जिससे आकस्मिक तत्व बना रहे. **अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति या कर्मचारी के कार्य के दौरान हुई मृत्यु पर एकमुश्त अनुग्रह राशि के भुगतान के लिए नीति:-** अनुकंपा नियुक्ति के मामलों को अधिक स्पष्टता के साथ और समयबद्ध तरीके से निपटने के लिए विकास / अवलोकन के अनुरूप "किसी कर्मचारी की कार्य के दौरान हुई मृत्यु पर अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति या एकमुश्त अनुग्रह राशि का भुगतान" नीति की समीक्षा की गई है एवं सरकार की नीतियों और प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए समकक्ष बैंकों के अनुरूप बनाया गया. **नई नीतियां:-** **बैंक में प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और हमारे बैंक की सहायक कंपनियों/ सहयोगी संस्थाओं में हमारे कर्मचारियों द्वारा धारित प्रमुख प्रबंधकीय पद पर नीति:-** प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) एक कंपनी / संगठन के कर्मचारियों को संदर्भित करता है, जो महत्वपूर्ण भूमिकाओं और कार्यात्मकताओं के साथ निहित होते हैं. वे कंपनी और उसके हितधारकों के बीच संपर्क के पहले बिंदु हैं और रणनीतियों के निर्माण और इसके कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं. हमारे बैंक में 'प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) और हमारे बैंक की सहायक कंपनियों / सहयोगी संस्थाओं में हमारे कर्मचारियों द्वारा धारित प्रमुख प्रबंधकीय पदों की पहचान करने के लिए एक नीति तैयार की गई है. **प्रशिक्षुता नीति- बैंक में प्रशिक्षुओं की नियुक्ति:-** देश के युवाओं को रोजगार के बड़े अवसर प्रदान करने के लिए प्रशिक्षुता को एक प्रमुख कौशल विकास साधन के रूप में अपनाया गया है. भारत सरकार के निर्देशों और प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 में और संशोधनों के अनुपालन में, हमारे बैंक में प्रशिक्षुओं की नियुक्ति पर एक नीति तैयार की गई थी.
	अनुबंध के आधार पर सेवानिवृत्त अधिकारियों / एसडब्ल्यूओ / लिपिकों की नियुक्ति पर नीति:- सेवानिवृत्त कर्मचारी ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक अनुभवी होते हैं और इसका लाभ लेने हेतु एवं विभिन्न कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप, सेवानिवृत्त अधिकारियों / लिपिकों की नियुक्ति पर एक नीति तैयार की गई थी. भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक , समय-समय पर बैंक / अन्य पीएसबी के सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों की इस विशेषज्ञता का उपयोग करने के लिए उन्हें अनुबंध के आधार पर या कार्यविशेष के आधार पर विभिन्न क्षमताओं और भूमिकाओं जैसे परामर्शदाता, सलाहकार आदि में एक उचित चयन प्रक्रिया के माध्यम से सूचीबद्ध करके उनका उपयोग करते हैं.

योजना का नाम	विवरण
औद्योगिक संबंध	**वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण रहे.** संकट प्रबंधन योजना, केन्द्रीय कार्यालय में संकट प्रबंधन समिति का गठन और आंचलिक कार्यालय / क्षेत्रीय कार्यालय में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति :- संकट प्रबंधन योजना (सीएमपी) भारत सरकार का एक व्यापक दस्तावेज है जो राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव डालेने वाली बड़ी संकट स्थितियों से निपटने के लिए व्यापक मानकों को चित्रित करता है. बैंकों में तीन दिनों से अधिक की अवधि की उद्योग-व्यापी हड़ताल से निपटने के लिए एक संकट प्रबंधन योजना को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रतिनिधियों के एक कार्य समूह द्वारा तैयार किया गया है. **केंद्रीय कार्यालय में 4 महाप्रबंधकों की एक संकट प्रबंधन निगरानी समिति का गठन किया गया है.** इसके अलावा, हड़ताल के प्रभाव का आकलन करने के लिए, संकट प्रबंधन ढांचे को अपनाने, परिचालन कर्मियों के लिए दिशानिर्देश जारी करने, एक मजबूत सार्वजनिक सूचना प्रणाली स्थापित करने, स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को रिपोर्ट करने, वैकल्पिक वितरण चैनल के कामकाज को सुनिश्चित करने और केंद्रीय कार्यालय को हड़ताल पर निगरानी / रिपोर्टिंग करने हेतु आंचलिक कार्यालयों में सहायक महाप्रबंधक (परिचालन) और क्षेत्रीय कार्यालयों में मुख्य प्रबंधक (परिचालन) को संकट प्रबंधन टीम के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित करने का निर्णय लिया गया है, जो केंद्रीय कार्यालय स्तर पर गठित संकट प्रबंधन निगरानी समिति के निर्देशों पर कार्य करेंगे. इस तरह के संकट की स्थिति में नामित नोडल अधिकारी को संकट प्रबंधन योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अपने संबंधित अंचलों / क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हड़ताल का बैंकिंग सेवाओं पर न्यूनतम प्रभाव पड़े. आंचलिक /क्षेत्रीय स्तर पर भी नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं.
कर्मचारी प्रशासन	**सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष -** पूर्व सैनिकों / युद्ध विधवाओं आदि के कल्याण के लिए अपनी चिंता व्यक्त करने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य के रूप में, सेंट्रलाइट्स ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष (एएफएफडीएफ) को रुपये 11.30 लाख का दान दिया है. **20.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता –** कोविड – 19 महामारी के प्रकोप को देखते हुए, एक मानवीय भाव के रूप में स्टाफ सदस्यों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में प्रति कर्मचारी रुपये 20.00 लाख के मुआवजे के रूप में वित्तीय सहायता को मंजूरी दी गई है. उक्त योजना के तहत 127 कर्मचारी मामलों में उनके कानूनी वारिसों को रुपये 254.00 लाख प्रदान किये गये हैं. **अनुकंपा नियुक्ति और अनुग्रह राशि का भुगतान-**

अनुकंपा नियुक्ति के बदले अनुग्रह राशि का भुगतान

निपटाए गए मामलों की संख्या	राशि
28	₹ 19318459.00

अनुकंपा के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति

लिपिक	अधीनस्थ कर्मचारी	कुल
42	13	55

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पॉश)-

बैंक कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को प्रतिबंधित करता है. यौन उत्पीड़न पर दिशानिर्देशों को "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम,निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013" के संदर्भ में लागू किया गया है. अधिनियम के अनुसार, बैंक ने सभी प्रशासनिक कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समितियों का गठन किया है.

योजना का नाम	विवरण
अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ	**आरक्षण नीति का कार्यान्वयन:-** » बैंक समय-समय पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षण नीति का सावधानीपूर्वक पालन करता है. बैंक के पास अपने कार्यबल के सभी संवर्गों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व है. बैंक ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार 01 फरवरी 2019 से सीधी भर्ती में "आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों" के लिए लागू आरक्षण लागू किया है. » अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ भारत सरकार की नीति और कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए बैंक में आरक्षण नीति का कार्यान्वयन, निरंतर निगरानी और मूल्यांकन करता है और उपायों की योजना बनाता है. » अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ ने अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाए हैं. » अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी के नियंत्रण में केंद्रीय कार्यालय में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ स्थापित किया गया हैं. » आरक्षण रोस्टर सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार बनाए जाते हैं और उन्हें भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है. » बैंक वेलफेयर एसोसिएशन / फेडरेशन के साथ आवधिक बैठक आयोजित करता है. » डीएफएस, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बैकलॉग आरक्षित रिक्तियों की पहचान के लिए आंतरिक समिति का गठन किया गया है. » एनसीएससी और एनसीएसटी के माध्यम से डीएफएस से प्राप्त निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति कर्मचारियों और अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों के लिए आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है. » श्री किशोर खरात की अध्यक्षता में डीएफएस द्वारा गठित आरक्षण समिति ने बैंक में आरक्षण नीति के कार्यान्वयन का आकलन करने हेतु 15.11.2021 को केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में हमारे बैंक का दौरा किया. » डॉ. अंजू बाला, माननीय सदस्य राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पटना, देहरादून, कर्नाटक, शिमला और लखनऊ में हमारे क्षेत्रीय कार्यालयों का दौरा किया था और अनुसूचित जाति कर्मचारियों और बैंक प्रबंधन के प्रतिनिधियों के साथ अनुसूचित जाति कर्मचारियों के क्षेत्रीय स्तर आरक्षण नीति, राज्य वित्त पोषित कल्याण योजनाओं की भर्ती और पदोन्नति और कार्यान्वयन में सुरक्षा उपाय के मुद्दों पर चर्चा और निगरानी करने के लिए मुलाकात की थी.

31.03.2022 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व:-

क्र.	संवर्ग	कुल	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग
1	अधिकारी	16248	2963	1422	4557
2	लिपिक	8415	1563	786	2074
3	अधीनस्थ स्टाफ	5626	1903	519	1494
	कुल योग	**30289**	**6429**	**2727**	**8125**

डिजिटल भुगतान और लेनदेन बैंकिंग -

» वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान यूपीआई लेनदेन का दैनिक औसत 39.04 लाख है.

» वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान आईएमपीएस लेनदेन का दैनिक औसत 3.34 लाख है.

» वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान इंटरनेट बैंकिंग लेनदेन का दैनिक औसत 3.73 लाख है.

» वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान पीओएस / ई-कॉमर्स लेनदेन का दैनिक औसत 1.39 लाख है.

» वित्तीय वर्ष 2021 -22 के दौरान मोबाइल बैंकिंग लेनदेन का दैनिक औसत 0.36 लाख है

» 31 मार्च, 2022 तक, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई के लिए कुल पंजीकृत उपयोगकर्ता क्रमश: 86.61 लाख, 40.45 लाख और 16.76 लाख हैं.

» 31 मार्च, 2022 तक बैंक के पास कुल 4240 पीओएस / एम-पीओएस टर्मिनल स्थापित हैं.

एटीएम / डेबिट कार्ड संचालन:

» 31 मार्च 2022 तक एटीएम की कुल संख्या 2976 है.

» बैंक के 59.48% एटीएम ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं.

» वर्ष के दौरान औसत एटीएम अपटाइम लगभग 92.06% है. औसत एटीएम अपटाइम प्रथम तिमाही में 89.11% से बढ़कर चौथी तिमाही में 94.48% हो गया.

» 31.03.2022 को जारी किए गए डेबिट कार्डों की संख्या 3.01 करोड़ है.

क्रेडिट कार्ड परिचालन-

» बैंक हमारे ग्राहकों को एसबीआई कार्ड के साथ को-ब्रांडेड ऋण कार्ड जारी कर रहा है.

» 31 मार्च 2022 तक 195483 को-ब्रांडेड कार्ड जारी किए गए

भावी योजना

कार्यान्वयन के अंतर्गत पहल जो डिजिटल क्रियान्वयन को बढ़ाएगी.

» होम स्क्रीन पर उपयोगी लिंक के साथ नए रूप और अनुभव के साथ मोबाइल बैंकिंग में सुधार.

» मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से हमारे ग्राहकों के लिए हमारे एटीएम पर ओटीपी आधारित नकद निकासी की सुविधा.

» ग्राहक पहचान संख्या (सीआईएफ) के साथ खाता संख्या के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग ऐप पंजीकरण.

» मोबाइल बैंकिंग में आसान लॉगिन, ग्राहक को एक बार पंजीकरण के बाद उपयोगकर्ता नाम के बिना एमपिन के माध्यम से लॉगिन करने का विकल्प प्रदान किया जाएगा.

» यूपीआई का उपयोग करके किसी भी आईसीसीडब्ल्यु सक्षम एटीएम से इंटरऑपरेबल कार्ड विहीन नकद निकासी (आईसीसीडब्ल्यू).

» यूपीआई का नया स्वरूप एवं अनुभव.

» आधार नंबर एवं ओटीपी सहित यूपीआई ऐप पंजीकरण. डेबिट कार्ड नहीं रखने वाले ग्राहक युपीआई ऐप पर रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे.

» यूपीआई ऐप के माध्यम से व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) भुगतान में मोबाइल फोन में सहेजे गए / संग्रहीत संपर्क नंबर के आधार पर भुगतान करने की सुविधा होगी.

» यूपीआई लाइट- ऑन-डिवाइस वॉलेट" ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से छोटे मूल्य के लेनदेन करने के लिए यूपीआई लाइट के साथ, ग्राहक के पास किसी भी क्यूआर कोड को स्कैन करने और बिना किसी इंटरनेट के भुगतान करने का विकल्प होगा.

» यूपीआई ग्लोबल - विदेशी व्यापारियों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान.

» यूपीआई / मोबाइल बैंकिंग सक्रियण और पहले कुछ लेनदेन के लिए रिवॉर्ड पॉइंट

» ई- रुपी वाउचर को भुनाने के लिए ई-रुपया एक्वायरर सुविधा .

» वर्तमान नेट बैंकिंग मोड के अलावा डेबिट कार्ड और पेमेंट गेटवे मोड के माध्यम से कर भुगतान (सीबीडीटी).

» भुगतान गेटवे मोड (भारतकोश) के माध्यम से कर के अतिरिक्त सरकारी भुगतान

» मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन डीमैट खाता.

» कार्ड जानकारी की सुरक्षा के लिए कार्ड टोकनाइजेशन .

» 1500 पुरानी मशीनों को बदलने के साथ 2550 नई एटीएम मशीनों की स्थापना.

अनुषंगियां एवं संयुक्त उद्यम

सेंट बैंक होम फाइनेंस लि.

» 31 मार्च 2022 तक निवल स्वामित्व वाली निधि ₹ 157.35 करोड़ थी. वर्ष के दौरान कंपनी का कुल अग्रिम 31 मार्च, 2022 को ₹1159.68 करोड़ था, जो 31 मार्च, 2021 को ₹1129.93 करोड़ था.

» खुदरा जमा एवं संस्थागत जमा 31 मार्च, 2022 को ₹ 519.75 करोड़ है, जो 31 मार्च, 2021 को ₹412.25 करोड़ थी

» कंपनी का शुद्ध लाभ पूरे वर्ष 2021-22 के लिए ₹ 20.11 करोड़ रहा, जो पूरे वर्ष 2020-21 हेतु ₹14.67 करोड़ था.

» प्रति शेयर आय ₹ 8.04 (₹ 10 प्रति शेयर) जो (पिछले वर्ष ₹ 5.87) है.

» 31 मार्च 2022 को सकल एनपीए ₹ 59.00 करोड़ है, जबकि 31 मार्च 2021 को यह ₹ 62.01 करोड़ था

» 31 मार्च 2022 को शुद्ध अग्रिम का 2.56% शुद्ध एनपीए था.

» आस्तियों पर प्रतिलाभ 1.68% (पिछले वर्ष 1.16%)

» दिनांक 31 मार्च 2022 को सीएआर 23.50% रही.

तुलन पत्र

31 मार्च, 2022 के अनुरूप

विवरण		नोट संख्या	31 मार्च 2022 के अनुरूप ₹ लाख में	31 मार्च 2021 के अनुरूप ₹ लाख में
ए	**इक्विटी और देयताएं**			
1	**शेयरधारकों की निधि**			
	(ए) शेयर पूंजी	2	2,500.00	2,500.00
	(बी) रिजर्व और अधिशेष	3	13,707.64	11,696.72
			16207.64	**14,196.72**
2	गैर-चालू देनदारियां			
	(ए) दीर्घावधि उधार	4	57,880.22	55,399.87
	(बी) आस्थगित कर देनदारियां	3	607.40	641.48
	(सी) दीर्घकालिक प्रावधान	5	3,656.34	3,045.07
			62,143.96	**59,086.42**
3	**वर्तमान देनदारियां**			
	अल्पावधि उधार	6	31,100.86	30,686.98
	(बी) व्यापार देनदारियां	7	-	-
	(i) एमएसएमई की कुल बकाया राशि		107.04	-
	(ii) एमएसएमई के अलावा अन्य लेनदारों की कुल बकाया राशि			
	(सी) दीर्घावधि उधार की वर्तमान परिपक्वता	8	11,052.33	14647.48
	(डी) अन्य चालू देनदारियां	9	404.41	14647.48
	(ई) अल्पकालिक प्रावधान	10	199.24	60.37
			42,863.88	**45,394.83**
	कुल		**1,21,215.48**	**1,18,677,97**
बी	**आस्तियां**			
1	**गैर-चालू आस्तियां**			
	(ए) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति			
	(i) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	11	30.60	42.29
	(बी) गैर-चालू निवेश	12	3,173.77	4,224.19
	(सी) दीर्घावधि ऋण औरअग्रिम	13	97,251.31	1,02,723.32
	(डी) अन्य गैर-चालू संपत्तियां	14	330.80	189.97
			1,00,786.48	**1,07,179.77**
2	**चालू आस्तियां**			
	(ए) नकद और नकद समकक्ष	15	1325.75	689.19
	(बी) अल्पकालिक ऋण और अग्रिम	16	18,717.16	10,464.98
	(सी) अन्य चालू आस्तियां	17	386.09	344.03
			20,429.00	**11,498.20**
	कुल		**1,21,215.48**	**1,18,677.97**

लाभ - हानि विवरण

मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए

विवरण		नोट संख्या	31मार्च 2022 को समाप्त वर्ष हेतु	31मार्च 2021 को समाप्त वर्ष हेतु
ए	**आय**			
1	परिचालन से राजस्व	18	12,282.02	12,734.94
2	अन्य आय	19	17.99	44.02
3	**कुल आय (1+2)**		**12,300.01**	**12,778.96**
बी	**व्यय**			
4	(ए) कर्मचारी लाभ व्यय	20	943.58	809.45
5	(बी) वित्त लागत	21	6892.50	8,622.67
6	(सी) मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	1Ï	13.50	19.74
7	(डी) अन्य खर्च	22	870.67	804.06
8	(ई) मानक संपत्ति के लिए प्रावधान	23	491.78	(153.45)
9	(एफ) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान		302.27	711.19
10	(जी) बट्टे खाते में डालना		0.00	0.00
11	**कुल खर्च (4+5+6+7+8+9+10)**		**9514.30**	**10,813.66**
सी	**कर पूर्व लाभ और असाधारण मदें (3-11)**		2785.71	1,965.30
डी	**असाधारण मदें**			
	जोड़ें:- असाधारण मदें	24	0	0
	कम:-पूर्व अवधि समायोजन		(6.15)	1.45
इ	**कर पूर्व लाभ / (नुकसान)**	(सी-डी)	**2,791.86**	**1963.85**
एफ	**कर व्यय:**			
	(ए) चालू वर्ष कर व्यय		770.97	539.43
	(बी) पिछले वर्षों के कर के लिए प्रावधान		44.05	363.47
	(सी) उपर्युक्त के अलावा वर्तमान वर्ष की आस्थगित कर देयताएं/(संपत्तियां)		(181.71)	(84.61)
	(डी) वर्तमान वर्ष के विशेष प्रारक्षित निधि पर आस्थगित कर देयताएं		147.63	(321.41)
	कर व्यय			
			780.94	**496.88**
जी	**सतत परिचालन से लाभ (ई- एफ)**		**2,010.92**	**1,466.97**

सेंटबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

सेंटबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड वस्तुत: डिबेंचर / सिक्योरिटी ट्रस्टी, निष्पादक ट्रस्टी एवं प्रबंध धर्मार्थ न्यासों का प्रबंधन आदि सहित न्यासी सेवाएं प्रदान कर रहा है. कंपनी डिबेंचर ट्रस्टीशिप गतिविधियां करने हेतु सेबी के साथ पंजीकृत है.

कंपनी ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए कर पश्चात ₹1.06 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जबकि 31 मार्च, 2021 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए ₹0.91 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ था. खंडवार आय निम्नानुसार है :

(रूपये लाखों में)

विवरण	वित्त वर्ष 2021-22	वित्त वर्ष 2020-21
एक्ज़ीक्यूटर ट्रस्टीशिप से शुल्क	35.22	33.07
डिबेंचर और सुरक्षा ट्रस्टीशिप से शुल्क	81.42	83.53
अन्य आय (ब्याज, लाभांश, आदि)	178.16	222.91
दस्तावेजों की सुरक्षित अभिरक्षा से शुल्क	0.10	-
कुल	**294.90**	**339.51**

» वित्तीय वर्ष 2021-22 को ईपीएस ₹212.62 है जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में ₹ 181.34 था.

तुलन पत्र

31 मार्च 2022 के अनुरूप

विवरण			नोट संख्या	31 मार्च 2022 के अनुरूप	31 मार्च 2021 के अनुरूप
I.	**इक्विटी और देयताएं**				
1	शेयरधारकों की निधि				
	(ए) शेयर पूंजी		1	500.00	500.00
	(बी) आरक्षित और अधिशेष		2	3,038.18	3,081.87
2	**गैर चालू देयताएं**				
	(ए) अन्य दीर्घावधि देनदारियों		3	72.50	60.35
	(बी) दीर्घावधि प्रावधान		4	3.96	3.17
3	**चालू देयताएं**				
	(ए) अन्य चालू देनदारियां		5	603.72	589.99
	(बी) अल्पावधि प्रावधान		6	1.08	1.22
	कुल			**4,219.44**	**4,236.60**
बी	**आस्तियां**				
1	**गैर चालू आस्तियां**				
	(ए) संपत्ति संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति		7		
		(i) संपत्ति संयंत्र और उपकरण			
		(ii) अमूर्त संपत्तियां		2.39	1.46
		(iii) पूंजी कार्य - प्रगति पर		0.40	1.04
	(बी) गैर-चालू निवेश		8	597.63	1 0.03.37
	(सी) आस्थगित कर आस्तियां (शुद्ध)		9	1.45	1.68
	(डी) अन्य गैर-चालू आस्तियां		10	1,883.34	199.39
2	**चालू आस्तियां**				
	(ए) चालू निवेश		11	-	150.00
	(बी) व्यापार प्राप्तियां		12	8.81	8.87
	(सी) नकद और नकद समकक्ष		13	1,610.19	3,555.61
	(डी) अल्पकालिक ऋण और अग्रिम		14	115.23	317.15
	कुल			**4,219.44**	**4,236.60**

तुलन पत्र

31 मार्च 2022 के अनुरूप

विवरण	नोट संख्या	31 मार्च 2022 के अनुरूप	31 मार्च 2021 के अनुरूप
आय:			
परिचालन से राजस्व	15	116.74	116.60
अन्य आय	16	178.16	222.91
कुल आय		**294.90**	**339.51**
व्यय :			
कर्मचारी लाभ व्यय	17	80.65	117.65
मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	18	1.58	1.27
अन्य व्यय	19	69.68	76.00
II कुल व्यय		**151.91**	**194.92**
III. कर पूर्व लाभ/(हानि)	(I- II)	**142.99**	**1,44.59**
IV कर व्यय:			
(1) वर्तमान कर		36.57	-
(2) आस्थगित कर		0.24	54.47
(3) पूर्व वर्ष कर व्यय		(0.12)	(0.55)
		36.69	**53.92**
V. अवधि के लिए लाभ (हानि)	(III-IV)	**106.30**	**90.67**
VI. प्रति शेयर आय			
1000/- के सममूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर			
(ए) मूल (रुपये में)		**212.62**	**181.34**
(ए) डाइल्यूटेड(रुपये में)		**212.62**	**181.34**

iii. इंडो-ज़ाम्बिया बैंक लिमिटेड:

जाम्बिया में बैंक के संयुक्त उद्यम को जाम्बिया सरकार और संयुक्त रूप से तीन भारतीय बैंकों सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से संवर्धित है. इन तीन भारतीय बैंकों में से प्रत्येक के पास 20% इक्विटी है, जबकि औद्योगिक विकास निगम (आईडीसी) (जाम्बिया गणराज्य की सरकार के पूरी तरह से स्वामित्व वाली निवेश कंपनी), के पास जाम्बिया गणराज्य की सरकार की ओर से शेष 40% इक्विटी है. बैंक ने वर्ष 1984 से कार्यारम्भ किया है.

बैंक का वित्तीय वर्ष कैलेंडर वर्ष है. दिसंबर 2021 के अंत तक, हमारे बैंक के पास प्रत्येक मूल्य क्वाचा 1 के कुल 8,32,00,000 शेयर हैं.

बैंक की जमाराशियों में 18.43% की वृद्धि हुई है (कुल जमा 7663.70 मिलियन क्वाचा और अग्रिमों में 11.75% की वृद्धि हुई है) (पिछले वर्ष की तुलना में कुल अग्रिम 2933.39 मिलियन क्वाचा)

बैंक सभी मानकों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और वर्तमान में जाम्बिया में छठा सबसे बड़ा बैंक है.

» कैलेंडर वर्ष 2021 के क्वाचा में 278.57 मिलियन (₹ 124.14 करोड़) का शुद्ध लाभ कमाया है.

» हमें वर्ष 2021 के लिए इंडो जाम्बिया बैंक से ₹ 5.53 करोड़ का शुद्ध लाभांश प्राप्त हुआ है.

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

31.03.2022 तक अलेखापरीक्षित:

(₹ करोड़ में)

मुख्यालय एवं राज्य सहित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के नाम	जिलों की संख्या एवं शाखाएं	कुल जमा	कुल अग्रिम	सकल एनपीए	शुद्ध लाभ
उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक मुजफ्फरपुर (बिहार)	18/1032	17033.65	10420.22	2495.19	(-) 87.68
उत्तरबंगा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कूचबिहार (पश्चिम बंगाल)	5/ 142	3857.75	2767.67	170.11	45.08

कॉरपोरेट गवर्नेंस

1) बैंक के कॉरपोरेट गवर्नेंस का उद्देश्य

बैंक के कॉरपोरेट गवर्नेंस का उद्देश्य अपने व्यवसाय के संचालन में नैतिक प्रथाओं का पालन करना और प्रकटीकरण और पारदर्शिता के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए शेयरधारकों के विश्वास को बढ़ाना है. बैंक ने सर्वोत्तम प्रथाओं और सुशासन के मानकों को अपनाया है जिनकी निगरानी बोर्ड की विभिन्न समितियों द्वारा की जाती है. बोर्ड, कार्यपालकों और अन्य पदाधिकारियों ने बेहतर प्रसिद्धांत और शेयरधारकों के विश्वास में वृद्धि के कार्पोरेट लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपनी भूमिकाओं को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया है.

बैंक के इक्विटी शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध हैं. हालाँकि, बैंक एक कंपनी नहीं है, किंतु बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 के तहत एक निगमित निकाय है और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित है. अत: बैंक सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 में निर्दिष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस मानदंडों के प्रावधानों का उस सीमा तक अनुपालन करता है, जहां तक कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 और इस संबंध में भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देश, निर्देश आदि के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता है.

2) निदेशक मंडल

ए) निदेशक मंडल की संरचना

बैंक का गठन बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 (समय-समय पर यथा-संशोधित) के अनुरूप किया गया है. बैंक के व्यवहार और व्यवसाय का सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और प्रबंधन के अधिकार निदेशक मंडल के पास निहित है. जिनकी अध्यक्षता, अध्यक्ष द्वारा की जाती है.

बैंक के निदेशक मंडल की संरचना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 यथा संशोधित और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970, यथा संशोधित के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित होती है.

समीक्षाधीन वर्ष अर्थात 2021-22 के दौरान, बोर्ड की संरचना इस प्रकार थी:

क्रम सं.	नाम	ग्रहित पद	अवधि(से-तक)	31.03.2022 को धारित बैंक के इक्विटी शेयरों की संख्या	विशेषज्ञता का क्षेत्र	31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बोर्ड की समितियों की सदस्यता/ अध्यक्षता		31.03.2022 की स्थिति के अनुसार अन्य कंपनियों का निदेशकता	क्या 10.08.2021 को आयोजित पिछली एजीएम में भाग लिया था
						सदस्य	अध्यक्ष		
1.	श्री तपन रे	गैर-कार्यकारी स्वतंत्र अध्यक्ष (22.05.2021 को निदेशक नहीं रहे)	23.05.2018 से 22.05.2021 तक	शून्य	वित्त, अर्थशास्त्र, प्रौद्योगिकी, कानून, पूंजी बाजार, प्रबंधन, विदेशी व्यापार, सार्वजनिक नीति और प्रशासन	आरएमसी, एलबीएफसी, एसआरसी, मानव संसाधन, पीई, एनएंडआरसी,	आरएमसी, एलबीएफसी, एसआरसी, मानव संसाधन, पीई	1. गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी कंपनी लिमिटेड 2. गिफ्ट सेज लिमिटेड 3. गिफ्ट पावर कंपनी लिमिटेड 4. जीएसपीसी एलएनजी लिमिटेड 5. जीवीएफएल लिमिटेड 6. गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लिमिटेड - सूचीबद्ध कंपनी (गैर-कार्यकारी - स्वतंत्र निदेशक) 7. गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड - सूचीबद्ध कंपनी (गैर-कार्यकारी - स्वतंत्र निदेशक)	नहीं

क्रम सं.	नाम	ग्रहित पद	अवधि(से-तक)	31.03.2022 को धारित बैंक के इक्विटी शेयरों की संख्या	विशेषज्ञता का क्षेत्र	31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बोर्ड की समितियों की सदस्यता/ अध्यक्षता		31.03.2022 की स्थिति के अनुसार अन्य कंपनियों का निदेशकता	क्या 10.08.2021 को आयोजित पिछली एजीएम में भाग लिया था
						सदस्य	अध्यक्ष		
2.	श्री एम वी राव	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पूर्णकालिक निदेशक)	01.03.2021 से	लागू नहीं	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलबीएफसी, सीएससी, आईटीएस एसआरसी, बीआईजी, सीएसी, मानव संसाधन, एमआरसी, सीआर सी, आरसीएनसीबी, सीआरआईडब्ल्यूडी	एमसीबी, आरएमसी, एलबीएफसी, सीएससी, बीआईजी, सीएसी, मानव संसाधन, एमआरसी, सीआरसी, आरसीएनसीबी सीआरआईडब्ल्यूडी	शून्य	हां
3.	श्री आलोक श्रीवास्तव	कार्यपालक निदेशक (पूर्णकालिक निदेशक)	23.01.2019 से	12,000	बैंकिंग	एमसीबी, एसीबी, आरएमसी, एलबीएफसी, सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, मानव संसाधन, एमआरसी, सीआरसी	शून्य	सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड	हां
4.	श्री विवेक वाही	कार्यपालक निदेशक (पूर्णकालिक निदेशक)	10.03.2021 से	शून्य	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलबीएफसी, सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, मानव संसाधन, एमआरसी, सीआरसी	शून्य	सेंट बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड	हां
5.	श्री राजीव पुरी	कार्यपालक निदेशक (पूर्णकालिक निदेशक)	10.03.2021 से	शून्य	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलबीएफसी, सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, मानव संसाधन, एमआरसी, सीआरसी	शून्य	शून्य	हां
6.	डॉ भूषण कुमार सिन्हा	भारत सरकार नामित निदेशक (गैर - कार्यकारी निदेशक)	14.05.2018 से 11.04.2022 तक	शून्य	वित्त और अर्थशास्त्र	एसीबी, आरएमसी, एलबीएफसी, आईटीएस वीसी, एमआरसी, मानव संसाधन, पीई	शून्य	1. आईएफसीआई ली.- सूची बद्ध कंपनी (गैर-कार्यकारी - नामित निदेशक) 2.माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लि. (गैर-कार्यकारी - नामित निदेशक)	नहीं
7.	श्री पी.जे. थॉमस	भारतीय रिज़र्व बैंक नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक)	28.09.2020 से	शून्य	बैंकिंग व वित्त	एमसीबी, एसीबी, वीसी	शून्य	शून्य	नहीं

क्रम सं.	नाम	ग्रहित पद	अवधि(से-तक)	31.03.2022 को धारित बैंक के इक्विटी शेयरों की संख्या	विशेषज्ञता का क्षेत्र	31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बोर्ड की समितियों की सदस्यता/ अध्यक्षता		31.03.2022 की स्थिति के अनुसार अन्य कंपनियों का निदेशकता	क्या 10.08.2021 को आयोजित पिछली एजीएम में भाग लिया था
						सदस्य	अध्यक्ष		
8.	श्रीमती मिनी आईप	शेयरधारक निदेशक (गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक)	01.07.2018 से 30.06.2021 तक	शून्य	वित्त	एसीबी, आरएमसी, सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, एमआरसी, पीई, आरसीएनसीबी, एनएंडआरसी, सीआरआईडब्ल्यूडी	एसीबी, आईटीएस, एनएंडआरसी	शून्य	नहीं
9.	श्री दिनेश पांगती	शेयरधारक निदेशक (गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक)	01.07.2021 से	100	वित्त	एसीबी, आरएमसी, सीएससी, आईटीएस एसआरसी, एमआरसी, पीई, आरसीएनसीबी, एनएंडआरसी, सीआरआईडब्ल्यूडी	एसीबी	शून्य	हां
10.	श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक)	21.12.2021 से	शून्य	वित्त	एसीबी, आरएमसी, सीएससी, एलवीएफसी, आईटीएस एसआरसी, एमआरसी, पीई, आरसीएनसीबी, एनएंडआरसी, सीआरआईडब्ल्यूडी	आईटीएस, एसआरसी, एनएंडआरसी, पीई	शून्य	नहीं

प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यपालक निदेशकगण बैंक के पूर्णकालिक निदेशक हैं.

एसीबी	-	बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति
सीएसी	-	ऋण अनुमोदन समिति
सीआरसी	-	पूंजी संग्रहण समिति
सीआरआईडब्ल्यूडी	-	इरादतन चूककर्ताओं की पहचान की समीक्षा के लिए समिति
सीएससी	-	ग्राहक सेवा समिति
एचआर	-	मानव संसाधन समिति
आईटीएस	-	सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति
एलवीएफसी	-	बड़े मूल्य की धोखाधड़ी की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति
एमसीबी	-	बोर्ड की प्रबंधन समिति
एमआरसी	-	वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड की समिति
एनएंडआरसी	-	नामांकन और पारिश्रमिक समिति
पीई	-	प्रसिद्धांत मूल्यांकन समिति
आरसीएनसीबी	-	असहयोगी ऋणी घोषित करने के लिए समीक्षा समिति
आरएमसी	-	जोखिम प्रबंधन समिति
एसआरसी	-	हितधारक संबंध समिति
वीआईजी	-	सतर्कता समिति

निदेशकों का संक्षिप्त विवरण (31.03.2022 तक)

1. श्री एम वी राव, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जन्म दिनांक 03.07.1965)

श्री एम वी राव ने 1 मार्च, 2021 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला है. वर्तमान कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, श्री राव तीन साल से अधिक समय तक केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक थे, जहां उन्होंने बैंक की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. श्री एम वी राव श्री वेंकटेश्वर कृषि महाविद्यालय, तिरुपति, आंध्र प्रदेश से कृषि में स्नातकोत्तर हैं. वे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के सर्टिफाइड एसोसिएट हैं. विविध अनुभव वाले एक अनुभवी बैंकर, श्री एम वी राव ने 1988 में इलाहाबाद बैंक में कृषि क्षेत्र अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया और देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर कार्य किया. इलाहाबाद बैंक के महाप्रबंधक के रूप में, उन्होंने थोक और खुदरा बैंकिंग जैसे बैंक के महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्रों का नेतृत्व किया. उन्होंने परिसंपत्ति केंद्रित बैंकिंग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इलाहाबाद बैंक में एक परिवर्तनकारी परियोजना शुरू करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.

2. श्री आलोक श्रीवास्तव (जन्मतिथि 22.11.1962)

श्री आलोक श्रीवास्तव अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और एमबीए (वित्त) हैं. उन्होंने वर्ष 1985 में पंजाब नेशनल बैंक में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया. उन्हें बैंकिंग में 34 वर्षों से अधिक का अनुभव है, उन्होंने बैंकिंग के लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों, शाखाओं, प्रशासनिक कार्यालयों आदि में विभिन्न पदों पर काम किया है.

3. श्री विवेक वाही (जन्मतिथि 15.09.1965)

श्री विवेक वाही ने 10 मार्च, 2021 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है . उनके पास बैंक के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्रों जैसे ब्रांच बैंकिंग, ओवरसीज डीलिंग रूम, हेडिंग लार्ज कॉरपोरेट्स क्रेडिट शाखा प्रभारी, जोनल मैनेजर, ट्रेजरी हेड, फील्ड महाप्रबंधक आदि में काम करने का समृद्ध बैंकिंग अनुभव है. उन्हें बिजनेस मिक्स पैरामीटर्स पर सबसे बड़े जोन, बैंक के मुंबई साउथ जोन के जोनल मैनेजर के रूप में तैनात किया गया था. उन्होंने 2 साल से अधिक समय तक मुंबई में बैंक ऑफ इंडिया के ट्रेजरी का भी नेतृत्व किया है. उन्होंने बैंक के उत्तरी क्षेत्र जिसमें अंतर्गत 6 राज्य आते हैं, के फील्ड महाप्रबंधक के रूप में भी काम किया है जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है. एनआईटी, कुरुक्षेत्र से बी.टेक पूरा करने के बाद, वह 1990 में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में बैंकिंग उद्योग (बैंक ऑफ इंडिया) में शामिल हुए.

4. श्री राजीव पुरी (जन्म 14.06.1963)

श्री राजीव पुरी वाणिज्य में स्नातकोत्तर और एमबीए (वित्त) हैं. उन्होंने आईआईबी से ग्रामीण बैंकिंग में डिप्लोमा भी किया है. वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के सर्टिफाइड एसोसिएट हैं. वह आईआईएम-बी (बीबीबी-एलडीबी 9 माह का प्रशिक्षण) के पूर्व छात्र भी हैं. 10 मार्च 2021 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के रूप में शामिल होने से पहले, श्री राजीव पुरी पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक थे. वे विविध अनुभव वाले एक अनुभवी बैंकर हैं और उन्होंने देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है. पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रमुख, क्षेत्र प्रमुख, एवं आंचलिक प्रबंधक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं. पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में, उन्होंने एमएसएमई और मिड कॉरपोरेट, कृषि, खुदरा ऋण एवं वित्तीय समावेशन प्रभाग जैसे बैंक के महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्रों का नेतृत्व किया.

5. डॉ. भूषण कुमार सिन्हा, भारत सरकार नामित निदेशक (जन्मतिथि 20.07.1964)

डॉ. भूषण कुमार सिन्हा को 14.05.2018 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में भारत सरकार के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था. डॉ सिन्हा वित्तीय अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय से वित्तीय अर्थशास्त्र में पीएच.डी., नेशनल ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एनजीएसएम) तथा ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू), कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया से एमबीए है. डॉ. सिन्हा भारतीय आर्थिक सेवा के 1993 बैच के हैं और वर्तमान में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं. संयुक्त सचिव के रूप में अपने वर्तमान कार्यभार से पहले, वे डीएफएस में आर्थिक सलाहकार थे. मई 2018 में डीएफएस में शामिल होने से पहले, डॉ सिन्हा ने निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) में आर्थिक सलाहकार के रूप में तीन साल कार्य किया था. डॉ. सिन्हा आईएफसीआई लिमिटेड और माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक भी हैं. उनका कार्यकाल 11.04.2022 को समाप्त हुआ.

6. श्री पी जे थॉमस (जन्मतिथि 02.01.1959)

श्री पी जे थॉमस को भारत सरकार द्वारा 28 सितंबर, 2020 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बोर्ड में निदेशक के रूप में नामित किया गया था. वह बी.एससी (ऑनर्स) के साथ विज्ञान में स्नातक हैं और बैंकिंग और वित्त में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर हैं. वे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के सर्टिफाइड एसोसिएट भी हैं.

उन्होंने एक अधिकारी के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में जाने से पहले एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के साथ एक बैंक अधिकारी के रूप में अपना करियर शुरू किया और क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, बैंगलोर सहित विभिन्न क्षमताओं में कार्य किया. आरबीआई में 36 वर्षों से अधिक के अपने कार्यकाल के दौरान, उन्हें केंद्रीय कार्यालय में बैंकिंग विनियमन और क्षेत्रीय कार्यालयों में बैंकिंग पर्यवेक्षण का लंबा अनुभव है . उन्होंने कुआलालंपुर, मनीला, फ्रैंकफर्ट और बेसल में अन्य अंतर्राष्ट्रीय निकायों के अलावा न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा के फेडरल रिजर्व में विनियमन और पर्यवेक्षण के विदेश प्रशिक्षण में भाग लिया था. वह पहले एक निजी क्षेत्र के बैंक और एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के बोर्ड में थे.

7. श्री दिनेश पांगती (जन्मतिथि 27.02.1962)

श्री दिनेश पांगती को 01.07.2021 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में शेयरधारक निदेशक के रूप में चुना गया था. उन्हें वित्त के क्षेत्र में अनुभव है. उन्होंने एलआईसीएचएफएल एएमसी लिमिटेड और एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पद संभाला है. उन्हें विभिन्न पदों पर जीवन बीमा व्यवसाय में 3 दशकों से अधिक का अनुभव भी था.

8. श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी (जन्मतिथि 26.02.1959)

श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी को भारत सरकार द्वारा 21 दिसंबर 2021 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नामित किया गया था. वे सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से सांख्यिकी, लागत, उद्योग, आधुनिक वित्त और व्यवसाय प्रबंधन में वाणिज्य में स्नातकोत्तर हैं. वर्तमान में, वे सरस्वती स्कूल, जूनागढ़ (गुजरात) के अध्यक्ष हैं. वह गिरनार यात्राधाम विकास मंडल, जूनागढ़ में निदेशक और नैतिक समिति, जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज, जूनागढ़ के सदस्य भी हैं. इससे पहले, उन्होंने निदेशक, गुजरात पर्यटन निगम और अध्यक्ष, स्थायी समिति, नगर निगम, जूनागढ़ के रूप में कार्य किया. वे इंडिया इंटरनेशनल फ्रेंडशिप सोसाइटी द्वारा "भारत ज्योति अवार्ड", नेशनल डेवलपमेंट फोरम द्वारा "ग्लोबल इंडियन ऑफ़ द ईयर अवार्ड" और कई संघों / संस्थानों से कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित हैं.

9. श्री हार्दिक मुकेश शेठ (जन्मतिथि 19.05.1980) - 11.04.2022 से प्रभावी

सरकार द्वारा 11 अप्रैल 2022 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सरकारी नामित निदेशक के रूप में नामित किया गया था. वह वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक हैं. वह एमबीए (वित्त) और यूएस सीपीए हैं. मंत्रालय में शामिल होने से पहले, उनके पास लगभग 19 वर्षों का बैंकिंग अनुभव था, जिसमें उन्होंने जोखिम प्रबंधन, क्रेडिट प्रबंधन, कॉर्पोरेट क्रेडिट, दूसरों के बीच प्रशासन और शाखा संचालन सहित विभिन्न कार्यों में कुछ बहुराष्ट्रीय और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (भारतीय स्टेट बैंक) के साथ काम किया है. उन्हें अपने अधीन बड़े आकार की टीम और विभिन्न शाखाओं को संभालने का अनुभव है. वह अपने साथ बैंकिंग उद्योग के बारे में एक समग्र दृष्टिकोण लेकर आये हैं.

बी) बोर्ड की बैठकों का संचालन

वर्ष के दौरान, निम्नलिखित तिथियों पर 13 बोर्ड बैठकें आयोजित की गईं:

21.05.2021	28.07.2021	26.10.2021	30.03.2022
07.06.2021	14.08.2021	02.12.2021	
17.06.2021	08.10.2021	27.01.2022	
15.07.2021	21.10.2021	05.02.2022	

बोर्ड की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से- तक)
श्री तपन रे	1	1	01.04.2021-22.05.2022
श्री एम वी राव	13	13	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	13	13	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	13	13	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	13	13	01.04.2021-31.03.2022
डॉ. बी के सिन्हा	11	13	01.04.2021-31.03.2022
श्री पी जे थॉमस	13	13	01.04.2021-31.03.2022
श्रीमती मिनी आईप	3	3	01.04.2021-31.06.2021
श्री दिनेश पांगती	10	10	01.07.2021-31.03.2022
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	3	3	21.12.2021-31.03.2022

सी) बोर्ड की समितियों का विवरण

आज की तारीख तक , भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और स्वयं बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित नियमों/विनियमों और निर्देशों के तहत बोर्ड की कुल 16 समितियां गठित की गई हैं. इन समितियों का विवरण इस प्रकार है:-

i) बोर्ड की प्रबंधन समिति
ii) ऋण स्वीकृति समिति
iii) बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति
iv) जोखिम प्रबंधन समिति
v) बड़े मूल्य की धोखाधड़ी की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति
vi) ग्राहक सेवा समिति
vii) सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति
viii) हितधारक संबंध समिति
ix) नामांकन और पारिश्रमिक समिति
x) सतर्कता समिति
xi) प्रसिद्धांत मूल्यांकन समिति
xii) मानव संसाधन समिति
xiii) वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड की समिति
xiv) पूंजी संग्रहण समिति

xv) असहयोगी ऋणी घोषित करने के लिए समीक्षा समिति

xvi) इरादतन चूककर्ताओं की पहचान की समीक्षा समिति

भारत सरकार ने दिनांक 25 जनवरी, 2021 की अधिसूचना के माध्यम से राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 में एक विशेष प्रावधान (खंड 14ए) सम्मिलित करते हुए संशोधन किया, जो है:

" जहां एक राष्ट्रीयकृत बैंक को कानून द्वारा कोई कार्य या कार्य करने की आवश्यकता होती है और ऐसा करने के लिए किसी नियुक्ति, अनुमोदन या समीक्षा के संबंध में सिफारिशों या निर्धारण, या प्रतिभूति धारकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए किसी भी समिति का अनुमोदन अथवा समीक्षा की आवश्यकता होती है और यदि बोर्ड इस बात से संतुष्ट है कि ऐसी समिति की बैठक के लिए कोरम ऐसी समिति में किसी भी रिक्ति के अस्तित्व या उसके सदस्य द्वारा अलग होने के कारण पूरा नहीं किया जा सकता है, तो बोर्ड वह कार्य या गतिविधि करता है. "

उपर्युक्त के अनुसार राष्ट्रीयकृत बैंक के निदेशक मंडल को किसी भी कार्य या गतिविधि को करने के लिए, या प्रतिभूति धारकों की शिकायतों के समाधान के लिए, या किसी नियुक्ति, अनुमोदन या समीक्षा करने के संबंध में बोर्ड की एक समिति की शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार है, जिसे कानून द्वारा करना आवश्यक है, बशर्ते बोर्ड संतुष्ट हो कि ऐसी समिति की बैठक के लिए ऐसी समिति में किसी भी रिक्ति के अस्तित्व या उसके सदस्य द्वारा अलग होने के कारण कोरम पूरा नहीं किया जा सकता है.

i) बोर्ड की प्रबंधन समिति:

बोर्ड की प्रबंधन समिति का गठन राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के साथ बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 के तहत किया गया है. समिति भौतिक महत्व के विभिन्न व्यावसायिक मामलों पर विचार करती है जैसे उच्च मूल्य ऋण प्रस्ताव, समझौता/बट्टे खाते में डालने के प्रस्ताव, पूंजी और राजस्व व्यय, परिसर, निवेश आदि की मंजूरी आदि. 31.03.2022 तक, इसमें 5 सदस्य शामिल थे, जिसमें प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, 3 कार्यकारी निदेशक और रिजर्व बैंक के नामित निदेशक शामिल थे.

वर्ष के दौरान, बोर्ड की प्रबंधन समिति की 16 बैठकें निम्नलिखित तिथियों में आयोजित की गई:

17.04.2021	31.05.2021	09.08.2021	25.10.2021	15.12.2021
30.04.2021	17.06.2021	20.09.2021	10.11.2021	31.01.2022
21.05.2021	19.07.2021	28.09.2021	01.12.2021	15.03.2022
30.03.2022				

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार है :

निदेशक का नाम	उपस्थिति दर्ज	उनके कार्यकाल में हुई बैठकें	अवधि (से- तक)
श्री एम वी राव	16	16	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	16	16	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	15	16	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	16	16	01.04.2021-31.03.2022
श्री पी जे थॉमस	16	16	01.04.2021-31.03.2022

ii) ऋण अनुमोदन समिति:

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 13ए के अनुसार, निदेशक मंडल की ऋण अनुमोदन समिति का गठन 31.01.2012 से किया गया है. समिति ने 100 करोड़ रुपये से 400.00 करोड़ तक व्यक्तिगत उधारकर्ता के लिए और समूह की कंपनियों/ उधारकर्ताओं के लिए रुपये 200 करोड़ रुपये से 800 करोड़ रुपये तक के ऋण प्रस्ताव तथा 10 करोड़ और ₹ 50 करोड़ से अधिक के घाटे (सेक्रिफ़ाईज़) वाले प्रस्तावों को समझौता / बट्टे खाते में डालना आदि के लिए बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग किया. समिति में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कार्यपालक निदेशक और जोखिम प्रबंधन, ऋण, लेखा / वित्त और ऋण निगरानी और नीति के प्रभारी महाप्रबंधक शामिल हैं.

वर्ष के दौरान, ऋण अनुमोदन समिति की 22 बैठकें निम्नलिखित तिथियों में आयोजित की गई:

30.04.2021	30.06.2021	30.09.2021	30.12.2021	29.03.2022
12.05.2021	19.07.2021	28.10.2021	15.01.2022	31.03.2022
31.05.2021	17.08.2021	16.11.2021	31.01.2022	
10.06.2021	26.08.2021	07.12.2021	25.02.2022	
24.06.2021	27.09.2021	22.12.2021	19.03.2022	

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार है:

निदेशकों का नाम	उपस्थिति दर्ज	उनके कार्यकाल में हुई बैठकें	अवधि (से- तक)
श्री एम वी राव	22	22	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	21	22	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	20	22	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	22	22	01.04.2021-31.03.2022

iii) बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति

बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति(एसीबी) का गठन, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, निदेशक मंडल द्वारा किया गया है. एसीबी दिशानिर्देश देने के साथ-साथ बैंक में आंतरिक लेखा परीक्षा और निरीक्षण के संगठन, परिचालन पद्धति तथा बैंक के अंदर आंतरिक लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण का गुणवत्ता नियंत्रण और बैंक की सांविधिक/बाह्य लेखा परीक्षा तथा भारतीय रिजर्व बैंक के निरीक्षणों की अनुवर्ती कार्रवाई सहित, बैंक के समग्र लेखा कार्य के परिचालनों का पर्यवेक्षण करती है. लेखा परीक्षा समिति के कार्य संदर्भ निम्नानुसार हैं :

अंतर-शाखा समायोजन खातों, अंतर-बैंक एवं नॉस्ट्रो खातों में लंबे समय से बकाया पुरानी प्रविष्टियों, बही संतुलन का पुराना बकाया कार्य, धोखाधड़ी एवं हाउसकीपिंग के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के अनुवर्ती कार्य पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए बैंक की आंतरिक लेखा परीक्षा, आंतरिक निरीक्षण/लेखा परीक्षा की समीक्षा;

भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक में नियुक्त अनुपालन अधिकारियों से अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करना और उनकी समीक्षा करना;

बोर्ड को प्रस्तुत करने से पहले लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों सहित स्वतंत्र लेखा परीक्षा के दायरे की समीक्षा करना और तिमाही, अर्ध-वार्षिक और वार्षिक वित्तीय विवरणों की समीक्षा करना;

त्रैमासिक/अर्धवार्षिक/वार्षिक वित्तीय खातों और रिपोर्टों को अंतिम रूप देने से पहले लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट (एलएफएआर) में उठाए गए सभी मुद्दों पर सांविधिक लेखा परीक्षा के संबंध में और बाहरी लेखा परीक्षकों के साथ बातचीत करना;

खातों, लेखा नीतियों और प्रकटीकरणों की नियमित रूप से समीक्षा करना;

प्रबंधन द्वारा निर्णय के प्रयोग के आधार पर प्रमुख लेखा प्रविष्टियों की समीक्षा करना और लेखापरीक्षा से उत्पन्न होने वाले किसी भी महत्वपूर्ण समायोजन की समीक्षा करना;

मसौदा लेखा-परीक्षा रिपोर्ट की गुणवत्ता;

किसी भी समस्या का पता लगाने के लिए लेखापरीक्षकों के साथ लेखापरीक्षा के बाद चर्चा करना;

आंतरिक लेखा-परीक्षा के कार्यक्षेत्र की आवश्यकता और बारंबारता निश्चित करना, आंतरिक लेखा परीक्षकों के निष्कर्षों की समीक्षा और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता सुनिश्चित करना;

वित्तीय विवरणों से संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों की विधिक आवश्यकताओं का लागू सीमा तक अनुपालन;

ऐसे अन्य मामले जो समय-समय पर लेखा परीक्षा समिति द्वारा किसी भी वैधानिक, संविदात्मक या नियामक आवश्यकताओं में भाग लेने के लिए आवश्यक हो सकते हैं.

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति में केंद्रीय लेखा परीक्षा और निरीक्षण के प्रभारी कार्यकारी निदेशक, भारत सरकार के नामित निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक के नामित निदेशक और दो गैर-आधिकारिक गैर-कार्यकारी निदेशक शामिल हैं, उनमें से कम से कम एक चार्टर्ड एकाउंटेंट होना चाहिए. कर्मचारियों से निदेशकों को एसीबी में शामिल नहीं किया जाएगा. दिनांक 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार, एसीबी में एक पद रिक्त रहता है क्योंकि समिति में नामांकित होने के लिए कोई पात्र सदस्य नहीं है.

31.03.2022 को लेखापरीक्षा समिति की संरचना इस प्रकार थी:

1	श्री दिनेश पांगती	अध्यक्ष
2	श्री आलोक श्रीवास्तव	सदस्य
3	डॉ भूषण कुमार सिन्हा	सदस्य
4	श्री पी.जे. थॉमस	सदस्य
5	श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	सदस्य

वर्ष के दौरान, लेखापरीक्षा समिति की निम्नलिखित तिथियों पर बार 9 बैठकें हुई:

28.05.2021	30.06.2021	09.09.2021	02.12.2021	21.03.2022
07.06.2021	28.07.2021	26.10.2021	27.01.2022	

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार रहा है:

निदेशकों का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	लेखापरीक्षा समिति की अवधि (से - तक)
श्रीमती मिनी आईप	3	3	01.04.2021-30.06.2021
श्री दिनेश पांगती	6	6	01.07.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	9	9	01.04.2021-31.03.2022
डॉ भूषण कुमार सिन्हा	4	9	01.04.2021-31.03.2022
श्री पी जे थॉमस	9	9	01.04.2021-31.03.2022
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	2	2	27.01.2022-31.03.2022
श्री विवेक वाही (आमंत्रित)	9	9	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी (आमंत्रित)	9	9	01.04.2021-31.03.2022

बैंक के अलेखापरीक्षित तिमाही परिणामों और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित परिणामों की बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल के समक्ष रखा गया.

iv) जोखिम प्रबंधन समिति

जोखिम प्रबंधन समिति का गठन बोर्ड द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र डीबीओडी सं.डीपी(एससी)बीसी/98/21.04.103/39 दिनांक 7 अक्तुबर 1999 और बोर्ड की बैठक दिनांक 20.04.2002 की कार्यसूची संख्या बीएम/01/2002-03/3.2 के तहत तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित डॉ गांगुली समूह की रिपोर्ट के सुझावों के आधार पर किया गया था.

जोखिम प्रबंधन समिति का उद्देश्य:-

» समिति बैंक के समक्ष आने वाले जोखिमों के संबंध में दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों दृष्टिकोण अपनाएगी.

» दीर्घकालिक हित और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए, यह बैंक के जोखिम सिद्धांतों को स्पष्ट और सक्रिय रूप से अद्यतन करेगी

» परिचालन को सुसंगत करने की दृष्टि से, यह बैंक के जोखिम प्रोफाइल की समीक्षा करेगा और जोखिम को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए यथेष्ट संस्थाओं को निर्देश/दिशानिर्देश जारी करेगी.

» समिति विभिन्न जोखिम प्रबंधन प्रयासों और नीति दिशानिर्देशों के अभिसरण के लिए शीर्ष समिति होगी. यह बैंक के जोखिम प्रबंधन सिद्धांत को स्पष्ट करने और दिशा-निर्देश प्रदान करने के तहत बैंक के जोखिम प्रोफाइल को स्पष्ट करने पर बोर्ड के दिशा-निर्देश प्रदान करने में सुविधा प्रदान करेगी. यह बैंक के लिए जोखिम उठाने की क्षमता को इंगित करने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए बैंक के जोखिम के बारे में एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनायेगी.

» यह समिति ऋण जोखिम प्रबंधन नीतियों की समीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए करेगी कि वे जोखिम सिद्धांतों तथा जोखिम प्राथमिकताओं के अनरूप है. यह संगठनात्मक व्यापक जागरूकता और जोखिम प्रबंधन नीतियों की सराहना का सृजन और निर्माण भी करेगा. बैंकों के परिचालन जोखिम के प्रबंधन के लिए नीतियाँ और मार्गदर्शक सिद्धांत की समय समय पर समीक्षा की जाएगी. साथ ही समिति नीति के अनुपालन के निगरानी के लिए समय-समय पर सूचना की समीक्षा करेगी.

» पूरे बैंक में एएलएम के मुद्दों के बारे में जागरूकता और मूल्यसंवर्धन पैदा करना. बैंक की वांछित जोखिम वरीयताओं एवं बैलेंस शीट प्रोफाइल को बनाए रखने हेतु बैलेंस शीट संरचना, वित्त पोषण संरचना मूल्य निर्धारण एवं कॉर्पोरेट योजना के क्षेत्रों में उचित दिशानिर्देशों का उपयोग करना.

» जोखिम प्रबंधन और आधारित पर्यवेक्षण के कार्यों को समाप्त करने के लिए स्थापित किए गए निर्देशात्मक तंत्र की समय-समय पर समीक्षा करना.

» समिति एकीकृत जोखिम प्रबंधन के लिए नीति और रणनीति तैयार करेगी जिसमें ऋण जोखिम सहित बैंक के विभिन्न जोखिम शामिल हैं,

वर्ष के दौरान, इस समिति की 4 बैठकें निम्नलिखित तिथियों में आयोजित की गई:

30.06.2021	21.09.2021	15.12.2021	25.02.2022

31.03.2022 को जोखित प्रबंधन समिति की संरचना इस प्रकार थी:

1.	श्री एम वी राव	अध्यक्ष
2.	श्री आलोक श्रीवास्तव	सदस्य
3.	श्री विवेक वाही	सदस्य
4.	श्री राजीव पुरी	सदस्य
5.	डॉ भूषण कुमार सिन्हा	सदस्य
6.	श्री दिनेश पांगती	सदस्य
7.	श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	सदस्य

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार रहा है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से - तक)
श्री एम वी राव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	3	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	4	4	01.04.2021-31.03.2022
डॉ भूषण कुमार सिन्हा	2	4	01.04.2021-31.03.2022
श्रीमती मिनी आईप	1	1	01.04.2021-30.06.2021
श्री दिनेश पांगती	2	3	01.07.2021-31.03.2022
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	1	1	27.01.2022-31.03.2022

v) बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति

धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र आरबीआई 2004.15 डीबीएस. एफजीवी नंबर 1004/23.04.01ए/2003-04 दिनांक 14 जनवरी 2004 के तहत बड़े मूल्य की धोखाधड़ी जिसमे 1 करोड़ एवं उससे अधिक रुपये की राशि शामिल है, की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति का गठन किया गया था, जबकि लेखापरीक्षा समिति सामान्य रूप से धोखाधड़ी के सभी मामलों की निगरानी करना जारी रख सकती है.

समिति का प्रमुख कार्य ₹1 करोड़ एवं अधिक की सभी धोखाधड़ी की निगरानी और समीक्षा करना है ताकि -

(1) प्रणालीगत कमियां यदि कोई हो जो धोखाधड़ी को कायम रखने में मदद करती है की पहचान हो और उसे दूर करने के उपाय तैयार किए जा सके.

(2) बैंक और भारतीय रिज़र्व बैंक के शीर्ष प्रबंधन को रिपोर्ट प्रस्तुत करने में देरी होने पर, यदि कोई है, तत्संबंधी कारणों का पता लगाया जा सके.

(3) सीबीआई/पुलिस जांच की प्रगति, और वसूली की स्थिति पर निगरानी रखी जा सके तथा

(4) सुनिश्चित हो कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में सभी स्तरों पर कर्मचारियों की जवाबदेही की जांच की जाती है और यदि आवश्यक हो, तो बिना समय के नुकसान के स्टाफ के विरूध्द कार्रवाई पूरी की जाती हैं.

(5) धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए की गई उपचारात्मक कार्रवाई की प्रभावकारिता की समीक्षा, जैसे की आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करता, की जा सके.

(6) धोखाधड़ी के खिलाफ निवारक उपायों को मजबूत करने के लिए अन्य उपायों को लागू किया जाये जिन्हें प्रासंगिक माना जा सकता है.

समिति की वर्ष के दौरान निम्नलिखित तिथियों पर 4 बार बैठक हुई:

21.05.2021	21.09.2021	02.12.2021	15.02.2022

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख नीचे दर्शाया गया है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से - तक)
श्री तपन रे	1	1	01.04.2021-22.05.2021
श्री एम वी राव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	4	4	01.04.2021-31.03.2022
डॉ भूषण कुमार सिन्हा	3	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	1	1	27.01.2022-31.03.2022

vi) बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति

विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के संबंध में ग्राहक सेवाओं में व्यापक आधार पर सुधार का समर्थन करने के उद्देश्य से डॉ. एस.एस. तारापुर की अध्यक्षता में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थापित लोक सेवाओं पर प्रक्रियाओं और निष्पादन लेखा परीक्षा समिति के साथ पठित 14 अगस्त 2004 के पत्र की सलाह के अनुसार बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति का गठन किया गया था.

समिति की भूमिका:

i) बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना

ii) बैंकों में लोक सेवाओं पर कार्यविधि और निष्पादन लेखापरीक्षा समिति की सिफारिशों का अनुपालन सुनिश्चित करना

iii) ग्राहक सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने और सभी स्तरों पर ग्राहकों की सभी श्रेणियों के लिए ग्राहकों की संतुष्टि के स्तर में सुधार के लिए अभिनव उपाय शुरू करना.

वर्ष के दौरान, समिति की 4 बार निम्नलिखित तिथियों में आयोजित हुई:

30.06.2021	28.09.2021	15.12.2021	25.02.2022

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख नीचे दर्शाया गया है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से - तक)
श्री एम वी राव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	3	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्रीमती मिनी आईप	1	1	01.04.2021-30.06.2021
श्री दिनेश पांगती	3	3	01.07.2021-31.03.2022
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	1	1	27.01.2022-31.03.2022

vii) बोर्ड की आईटी रणनीति समिति

आईटी गवर्नेंस के हिस्से के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने निर्देश दिया कि बैंकों को बोर्ड द्वारा अनुमोदित आईटी रणनीति/योजना दस्तावेज तैयार करने की आवश्यकता है और सदस्यों के रूप में न्यूनतम दो निदेशकों के साथ एक विशेष बोर्ड रणनीति समिति का निर्माण भी सुनिश्चित करना चाहिए, जिनमें से एक स्वतंत्र निदेशक होना चाहिए. आईटी रणनीति समिति के सभी सदस्यों को तकनीकी रूप से सक्षम होने की आवश्यकता होगी, जबकि कम से कम एक सदस्य को मार्गदर्शक प्रौद्योगिकी पहल के प्रबंधन में पर्याप्त विशेषज्ञता की आवश्यकता होगी. निदेशक मंडल के द्वारा बाद में समिति का दायरा व्यापक किया गया था.

भूमिकाएं और उद्देश्य

i) आईटी रणनीति और नीति दस्तावेजों को मंजूरी.

ii) यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने एक प्रभावी रणनीतिक योजना प्रक्रिया को लागू किया है.

iii) अनुसमर्थन करना कि व्यावसायिक कार्यनीति वास्तव में आईटी कार्यनीतिक के अनुरुप है.

iv) यह सुनिश्चित करना कि संगठनात्मक संरचना व्यवसाय मॉडल और तत्संबंधी दिशा सही है.

v) यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने ऐसी प्रक्रियाओं और प्रथाओं को लागू किया है जो यह सुनिश्चित करती हैं कि आईटी, व्यवसाय को समुचित महत्व प्रदान करें.

vi) सुनिश्चित करना कि निवेश जोखिमों और लाभों के मध्य संतुलन प्रदान करता है और यह बजट स्वीकार्य हैं.

vii) रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक आईटी संसाधनों को निर्धारित करने के लिए प्रबंधन द्वारा उपयोग की जाने वाली विधि की निगरानी करना और आईटी संसाधनों के सोर्सिंग और उपयोग के लिए उच्च-स्तरीय दिशा निर्देश प्रदान करना.

viii) बैंक के विकास को बनाए रखने के लिए आईटी निवेश का उचित संतुलन सुनिश्चित करना

ix) आईटी जोखिमों और नियंत्रणों के प्रति जोखिम के बारे में जागरूक होना और आईटी जोखिमों की प्रबंधन की निगरानी की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना.

x) आईटी रणनीतियों को लागू करने में वरिष्ठ प्रबंधन के प्रसिद्धांत का आकलन करना उच्च स्तरीय नीति मार्गसिद्धांत जारी करना (उदाहरण के लिए जोखिम, वित्त पोषण या सोर्सिंग कार्यों से संबंधित).

xi) यह पुष्टि करना कि क्या आईटी या व्यावसायिक वास्तुकला को डिजाइन किया जाना है, ताकि आईटी से अधिकतम व्यावसायिक मूल्य प्राप्त किया जा सके.

xii) बैंक स्तर पर आईटी के कुल वित्त पोषण की निगरानी करना, और यह सुनिश्चित करना कि क्या प्रबंधन के पास आईटी जोखिमों के उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए संसाधन हैं.

xiii) आईटी प्रसिद्धांत मापन और व्यवसाय में आईटी के योगदान की समीक्षा करना (अर्थात वादा किया गया मूल्य प्रदान करना).

समिति की वर्ष के दौरान निम्नलिखित तिथियों पर 4 बार बैठक हुई:

12.05.2021	28.09.2021	15.12.2021	21.03.2022

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख नीचे दर्शाया गया है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से - तक)
श्री एम वी राव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	4	4	01.04.2021-31.03.2022
डॉ भूषण कुमार सिन्हा	2	4	01.04.2021-31.03.2022
श्रीमती मिनी आईप	1	1	01.04.2021-30.06.2021
श्री दिनेश पांगती	3	3	01.07.2021-31.03.2022
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	1	1	27.01.2022-31.03.2022
प्रो. एन. बालकृष्णन (आमंत्रित)	4	4	01.04.2021-31.03.2022

viii) हितधारक संबंध समिति

शेयर बाजार के साथ किए गए सूचीकरण करार के साथ पठित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में, बैंक के पास शेयरधारकों, डिबेंचर धारकों और शेयरों के हस्तांतरण, वार्षिक रिपोर्ट की गैर-प्राप्ति, घोषित लाभांश की प्राप्ति आदि से संबंधित शिकायतों सहित अन्य शिकायतों के निवारण के लिए बैंक द्वारा हितधारक संबंध समिति का गठन किया गया है. वर्ष के दौरान निवेशकों से प्राप्त सभी संदर्भों/शिकायतों का अब तक जवाब/निवारण किया गया है. प्रासंगिक सूचना प्राप्त होने पर, निवेशकों की शिकायतों को आम तौर पर सात दिनों के भीतर दूर किया जाता है. समिति में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कार्यपालक निदेशक और दो स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं. श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी, गैर-कार्यकारी निदेशक, हितधारक संबंध समिति (एसआरसी) के अध्यक्ष हैं. अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों को हर एक वर्ष के बाद बदल दिया जाता है.

वर्ष 2021-22 के दौरान, इस समिति की निम्नलिखित तिथियों को 4 बैठकें आयोजित की गई:

21.05.2021	28.09.2021	02.12.2021	15.02.2022

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख नीचे दिखाया गया है:

निदेशकों का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	समिति की अवधि (से - तक)
श्री तपन रे	1	1	01.04.2021-22.05.2021
श्री एम वी राव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्रीमती मिनी आईप	0	1	01.04.2021-30.06.2021
श्री दिनेश पांगती	2	3	01.07.2021-31.03.2022
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	1	1	27.01.2022-31.03.2022

वर्ष 2021-22 (01.04.2021 से 31.03.022) के लिए निवेशक शिकायतों का विवरण निम्नानुसार है:

1	वर्ष के प्रारंभ में लंबित शिकायतें	शून्य
2	शेयर प्रमाणपत्र प्राप्त न होने / शेयरों की प्राप्ति न होने के लिए पत्र	शून्य
3	लाभांश वारंटों की गैर प्राप्ति	शून्य
4	वार्षिक रिपोर्ट / ईजीएम सूचना की प्राप्ति न होना	शून्य
5	धनवापसी आदेश की गैर प्राप्ति	शून्य
6	अस्वीकृत डीआरएफ की अप्राप्ति	शून्य
7	अन्य (एनएसई, बीएसई, सेबी)	3
8	प्राप्त कुल शिकायतें	3
9	उपस्थित / समाधान की गई कुल शिकायतें	3
10	वर्ष के अंत में लंबित कुल शिकायतें	शून्य

हम पुष्टि करते हैं कि निवेशकों की कोई भी शिकायत 30 दिनों से अधिक अवधि हेतु बिना ध्यान दिए/लंबित नहीं रही है.

ix) नामांकन और पारिश्रमिक समिति

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों मे गवर्नेंस सुधार पर भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) संचार संख्या. एफ. सं.16/19/2019-बीओ.आई दिनांक 30.08.2019 के साथ पठित भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र संख्या आरबीआई/डीबीआर/2019-20/71 मास्टर निदेश डीबीआर.एप्ट सं.9/29.67.001/2019-20 दिनांक 02.08.2019 के अनुपालन मे बोर्ड समिति प्रणाली को मजबूत करने के लिए बैंक ने 30.09.2019 को नामांकन समिति और पारिश्रमिक समिति का विलय करके एक नामांकन और पारिश्रमिक समिति का गठन किया, जिसमें बोर्ड में से न्यूनतम तीन गैर-कार्यकारी निदेशक शामिल थे जिनमें से कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होंगे और बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति से कम से कम एक सदस्य शामिल होना चाहिए, जिससे बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण और उपक्रम) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उप-धारा (3) के खंड (i) के तहत निदेशक के रूप में चुने जाने और पूर्णकालिक निदेशकों को प्रसिद्धांत से जुड़े प्रोत्साहन पर विचार करने के लिए व्यक्तियों की 'उपयुक्त और उचित' स्थिति निर्धारित करने के लिए उचित प्रक्रिया शुरू की जा सके. दिनांक 31.03.2022 को, नामांकन और पारिश्रमिक समिति में अध्यक्ष के रूप में श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी, सदस्य के रूप में श्री दिनेश पांगती और समिति में सदस्य का एक पद रिक्त था. वर्ष के दौरान नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक नहीं हुई. निदेशक मंडल ने केंद्र सरकार के अलावा अन्य शेयरधारकों के प्रतिनिधि के रूप में बैंक के निदेशक के चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवार.श्री दिनेश पांगती की "उपयुक्त और उचित" स्थिति के निर्धारण के लिए राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 14 ए के अनुसार दिनांक 17.06.2021 को अपनी बैठक में नामांकन और पारिश्रमिक समिति की शक्तियों का प्रयोग किया.

x) सतर्कता समिति

सतर्कता अनुशासनात्मक मामलों और विभागीय प्रश्नों की तिमाही आधार पर समीक्षा करने के लिए बैंक के पास सतर्कता समिति है. समिति में समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और समिति के सदस्यों के रूप में भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के नामित निदेशक शामिल हैं.

वर्ष के दौरान, इस समिति की निम्नलिखित तिथियों को 4 बैठकें आयाजित की गई:

17.06.2021	28.09.2021	01.12.2021	25.02.2022

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख नीचे दिखाया गया है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से - तक)
श्री एम वी राव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री भूषण कुमार सिन्हा	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री पी.जे. थॉमस	4	4	01.04.2021-31.03.2022

xi) बोर्ड की मानव संसाधन समिति

मानव संसाधन के विभिन्न मामलों पर विचार करने के लिए वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के संचार एफ.सं.9/18/2009-आईआर दिनांक मार्च 2012 के माध्यम से बोर्ड की मानव संसाधन समिति का गठन 30.10.2013 को किया गया था.

समिति का कार्यक्षेत्र

समिति के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित क्षेत्र शामिल होंगे:

1. पंचवर्षीय जनशक्ति योजना और इसकी वार्षिक समीक्षा
2. उत्तरोत्तर पदग्रहण योजना के लिए, महत्वपूर्ण और नेतृत्व पदों की त्रैमासिक समीक्षा,
3. अभिचिन्हित महत्वपूर्ण पदों के लिए, अधिकारियों को तैयार करने के लिए विभिन्न प्रणालियों के माध्यम से अभिचिन्हित संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार करने हेतु विभिन्न प्रकार की प्रणालियों के माध्यम से संभावित अभिचिन्हित उत्तराधिकारियों की तिमाही मॉनिटरिंग कार्यवाही.
4. अन्य कोई मानव संसाधन मुद्दे, जिन्हें अध्यक्ष / एमडी और सीईओ / ईडी द्वारा महत्वपूर्ण और निर्णायक माना जाता है, जो एचआर नीतियां, व्यक्तिगत मुद्दे या पंचाट कर्मचारियों के द्विपक्षीय मुद्दों से संबंधित नहीं है, उन्हें औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत, पंचाट कर्मचारियों की बहुसंख्यक यूनियन के साथ, अधिकारियों से सम्बंधित द्विपक्षीय नीतिगत मुद्दे इत्यादि का निपटान करने हेतु, समिति को संदर्भित किया जाना आवश्यक होगा.

वर्ष के दौरान, समिति की निम्नलिखित तिथियों में 5 बार बैठकें आयाजित की हुई:

21.05.2021	14.08.2021	21.10.2021	10.11.2021	25.02.2022

सदस्यों की उपस्थिति का रिकॉर्ड नीचे दिखाया गया है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से - तक)
श्री तपन रे	1	1	01.04.2021-22.05.2021
श्री एम वी राव	5	5	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	5	5	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	4	5	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	5	5	01.04.2021-31.03.2022
डॉ भूषण कुमार सिन्हा	4	5	01.04.2020-31.03.2022
प्रो. सी पी श्रीमाली (आमंत्रित)	5	5	01.04.2021-31.03.2022
श्री एस सेनगुप्ता (आमंत्रित)	5	5	01.04.2021-31.03.2022

xii) वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड की समिति

बैंक की दबावग्रस्त आस्तियों और एनपीए खातों में वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड की उप-समिति के रूप में वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड की समिति का गठन किया गया था.

भूमिकाएं और उद्देश्य

1) वसूली में प्रगति की नियमित आधार पर निगरानी करना, वसूली के सभी संभावित विकल्पों की जांच करना और उसे लागू करना.

2) विशेष उल्लेखित खातों (एसएमए) की स्थिति का विश्लेषण करना और स्लीपेज को रोकने के लिए रणनीति तैयार करना.

वर्ष के दौरान, समिति की निम्नलिखित तिथियों को 4 बैठकें आयाजित हुई:

30.06.2021	21.09.2021	15.12.2021	15.02.2022

सदस्यों की उपस्थिति का रिकॉर्ड नीचे दिखाया गया है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से- तक)
श्री एम वी राव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	4	4	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	4	4	01.04.2021-31.03.2022
डॉ भूषण कुमार सिन्हा	1	4	01.04.2021-31.03.2022
श्रीमती मिनी आईप	1	1	01.04.2021-30.06.2021
श्री दिनेश पांगती	1	3	01.07.2021-31.03.2022
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	1	1	27.01.2022-31.03.2022

xiii) पूंजी संग्रहण समिति

बैंक के पास बोर्ड की पूंजी संग्रहण समिति है जो बैंक के लिए टियर 1 और टियर 2 दोनों पूंजी तय करने और संग्रहण के लिए है और इसके संबंध में सभी सक्रिय कदम उठाती है.

समिति की वर्ष के दौरान निम्नलिखित तिथियों पर 3 बार बैठक हुई:

12.04.2021	20.04.2021	29.05.2021

सदस्यों की उपस्थिति का रिकॉर्ड नीचे दिखाया गया है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से- तक)
श्री एम वी राव	3	3	01.04.2021-31.03.2022
श्री आलोक श्रीवास्तव	3	3	01.04.2021-31.03.2022
श्री विवेक वाही	3	3	01.04.2021-31.03.2022
श्री राजीव पुरी	3	3	01.04.2021-31.03.2022

xiv) असहयोगी उधारकर्ता की घोषणा के लिए समीक्षा समिति

दिनांक 22 दिसंबर 2014 के भारतीय रिज़र्व बैंक परिपत्र संख्या आरबीआई/2014-15/362 डीबीआर सं.सीआईडी बीसी 54/ 20.16.064 / 2014-15 के अनुसार असहयोगी उधारकर्ता की घोषणा के लिए समीक्षा समिति का गठन किया गया था. समिति में समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं दो स्वतंत्र निदेशक सदस्य शामिल हैं.

समिति की भूमिका एक कार्यकारी निदेशक की अध्यक्षता वाली आंतरिक समिति के आदेश की समीक्षा करना है जिसमें गैर-सहकारी उधारकर्ता के रूप में या आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार किसी खाते के वर्गीकरण के लिए सदस्यों के रूप में क्रेडिट निगरानी और वसूली शामिल है. वर्ष के दौरान समिति की कोई बैठक नहीं हुई.

xv) इरादतन चूककर्ताओं की पहचान के लिए समिति के आदेश की समीक्षा करने के लिए समिति

1 जुलाई 2015 की भारतीय रिज़र्व बैंक अधिसूचना आरबीआई/2015-16/100 के अनुसार, इरादतन चूककर्ताओं की पहचान के लिए समीक्षा समिति का गठन किया गया था. समिति में समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सदस्य के रूप में दो स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं. एक कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता वाली आंतरिक समिति के आदेश की समीक्षा करने में समितियों की भूमिका रहती है और इसमें इरादतन चूककर्ताओं की पहचान के लिए सदस्य के रूप में महाप्रबंधक-ऋण, ऋण निगरानी एवं वसूली शामिल हैं.

वर्ष के दौरान, दिनांक 09.03.2022 समिति की एक बार बैठक हुई:

सदस्यों की उपस्थिति का रिकॉर्ड नीचे दिखाया गया है:

निदेशक का नाम	उपस्थिति अभिलेख	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि (से - तक)
श्री एम वी राव	1	1	01.04.2021-31.03.2022
श्री दिनेश पांगती	1	1	01.07.2021-31.03.2022
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	1	1	27.01.2022-31.03.2022

xvi) बोर्ड की प्रदर्शन मूल्यांकन समिति

प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यपालक निदेशक और आंतरिक नियंत्रण कार्यों के प्रभारी महाप्रबंधकों के प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए निष्पादन मूल्यांकन समिति का गठन किया गया था. समिति में गैर-सरकारी निदेशक समिति के अध्यक्ष के रूप में और भारत सरकार के नामित निदेशक एवं शेयरधारक निदेशक समिति के सदस्यों के रूप में शामिल थे. वर्ष के दौरान समिति की कोई बैठक नहीं हुई.

संप्रेषण के मामले में एफ.सं. 6/20/2019-बीओ.आई दिनांक 30 अगस्त, 2019 के संदर्भ में निदेशक मंडल एक वर्ष की प्रत्येक अवधि के पूरा होने पर गैर-आधिकारिक निदेशकों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है.

गैर-आधिकारिक निदेशकों के प्रदर्शन मूल्यांकन के मानदंड निम्नलिखित हैं: -

i) पेशेवर और नैतिक आचरण

ए. विधि, नियमों और विनियमों के प्रावधानों के अनुसार कार्य करना

बी. बैंक के सर्वोत्तम हित में कार्य करना

सी. आवश्यक और उचित देखभाल, कौशल, परिश्रम और स्वतंत्र निर्णय का प्रयोग

डी. प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हितों के टकराव से बचाव

ई. स्वयं या रिश्तेदार, भागीदारों या सहयोगियों को अनुचित प्रतिफल या लाभ से बचना

एफ. वाणिज्यिक रहस्य और बाजार सम्बंधी अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी सहित सूचनाओं की गोपनीयता बनाए रखना

ii) बैंक में योगदान

ए. बोर्ड और समिति की सभी बैठकों में भाग लेने का प्रयास

बी. जहां आवश्यक हो, उचित स्पष्टीकरण या व्याख्या की मांग करना

सी. बैठकों और टिप्पणियों में बैंक और बाहरी वातावरण के बारे में अपेक्षित ज्ञान और जागरूकता के अपेक्षित स्तर का प्रदर्शन

डी. बेहतर निर्णय लेने और बैंक के मामलों के प्रबंधन के लिए रचनात्मक विचारों, मार्गदर्शन और ज्ञान के संदर्भ में योगदान

ई. बैंक द्वारा लिए जा रहे निर्णय पर प्रतिक्रिया की समय सीमा

3. निदेशकों को पारिश्रमिक

गैर सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक/ गैर कार्यकारी निदेशकों को निदेशक मंडल की प्रत्येक बैठक में शामिल होने पर प्रति बैठक ₹40,000/ एवं मंडल की विभिन्न उप समितियों की बैठकों में शामिल होने पर ₹20,000/ का भुगतान किया गया. प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कार्यपालक निदेशकगण तथा निदेशकों, जो भारत सरकार / भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी हैं, को बैठक फीस का भुगतान नहीं किया जा रहा है. निदेशक मंडल एवं समितियों के बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए क्रमश: ₹10,000/ एवं ₹5,000/ की अतिरिक्त बैठक फीस का भुगतान किया गया.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक ने पात्र निदेशकों को बोर्ड की बैठक में शामिल होने पर बैठक की फीस के रूप में ₹12,10,000/ (रुपये बारह लाख दस हजार) और बोर्ड की उपसमितियों की बैठक में भाग लेने पर ₹14,15,000 (रुपये चौदह लाख पंद्रह हजार) का भुगतान किया .

वर्ष 2021-22 के दौरान बैठक फीस का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक	वित्त वर्ष 2021-22 हेतु प्रदत्त बैठक फीस (राशि ₹ में)
श्रीमती मिनी आईप* (निदेशक की सलाह पर बैठक फीस का भुगतान भारतीय जीवन बीमा निगम को किया गया)	2,80,000
श्री तपन रे*	1,25,000
श्री दिनेश पांगती (निदेशक की सलाह पर बैठक फीस ₹ 705000 का भुगतान भारतीय जीवन बीमा निगम को किया गया)	8,10,000
श्री पी जे थॉमस	11,00,000
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	3,10,000

* वर्ष के दौरान कार्यकाल पूरा होने पर निदेशक का पद छोड़ दिया

इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष के दौरान श्री सी पी श्रीमाली और श्री एस सेनगुप्ता को बोर्ड की मानव संसाधन समिति की बैठकों में भाग लेने हेतु ₹1,00,000/- रुपये बैठक फीस का भुगतान किया गया एवं श्री एन बालकृष्णन को बोर्ड की आईटी रणनीति समिति की बैठकों में भाग लेने हेतु बैठक फीस के रूप में ₹80,000/ का भुगतान किया गया.

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशकों को कुल वेतन, भत्ते और भत्तों के रूप में निम्नलिखित राशि का भुगतान किया गया है:

क्र.	नाम	रुपये लाख में
1.	श्री एम वी राव, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी	31.67
2.	श्री आलोक श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक	28.92
3.	श्री विवेक वाही, कार्यपालक निदेशक	27.26
4.	श्री राजीव पुरी, कार्यपालक निदेशक	28.18
	कुल	**116.03**

4. अनुपालन अधिकारी

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुसार श्री आनंद कुमार दास, उप महाप्रबंधक / कंपनी सचिव, बैंक द्वारा जारी किए गए इक्विटी शेयरों और गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों, स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध, के लिए बैंक के अनुपालन अधिकारी हैं.

5. सचिवीय लेखा परीक्षा

बैंक ने 31.03.2022 को समाप्त वर्ष हेतु वार्षिक सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट एवं वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट हेतु सुश्री शालिनी पांडे, कंपनी सचिव को नियुक्त किया है. वार्षिक सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट इसके साथ संलग्न की गई है.

6. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान सार्वजनिक निर्गम, राईट इश्यू, अधिमान्य निर्गम आदि से प्राप्त आय

इक्विटी शेयरों के अधिमान्य आवंटन के लिए दिनांक 31.03.2021 को भारत सरकार से ₹4800 करोड़ की पूंजीगत निधि प्राप्त हुई थी. राशि को शेयर आवेदन राशि खाते में आबंटन हेतु लम्बित रखा गया था एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से दिनांक 31.03.2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सीईटी 1 पूंजी के हिस्से के रूप में माना गया था. दिनांक 29.05.2021 को ₹10 के 280,53,76,972 परिणामी इक्विटी शेयर ₹7.11 प्रति इक्विटी शेयर प्रीमियम सहित ₹17.11 प्रति इक्विटी शेयर के निर्गम मूल्य पर भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) को आवंटित किए गए थे. यद्यपि दिनांक 31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में वृद्धि हुई थी, सीईटी 1 पूंजी में वृद्धि दिनांक 31.03.2021 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में हुई थी इसलिए दिनांक 31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में किसी भी नए पूंजी प्रवाह पर विचार नहीं किया गया था.

7. संचार माध्यम

तिमाही वित्तीय परिणाम (अलेखापरीक्षित लेकिन सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन) और लेखा परीक्षित वार्षिक परिणाम सामान्य रूप से अंग्रेजी, हिंदी और मराठी समाचार पत्रों, जैसे, बिजनेस स्टैंडर्ड, फाइनेंशियल एक्सप्रेस, तरुण भारत, जनसत्ता, लोकसत्ता आदि में प्रकाशित किए गए थे. परिणाम के साथ-साथ विश्लेषकों के समक्ष प्रस्तुतीकरण, वित्तीय प्रदर्शन पर प्रेस विज्ञप्ति और आधिकारिक समाचार विज्ञप्तियां भी बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर अपलोड की गई.

8. आचार संहिता

बैंक ने निदेशक मंडल एवं वरिष्ठ प्रबंधन के लिए एक आचार संहिता को अपनाया है जिसे निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है. इसका पाठ बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर "निवेशक संबंध" लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है. सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अपने आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है और अनुपालन की पुष्टि करने वाला एक प्रमाण पत्र अनुबंध I में दिया गया है.

बैंक ने अपने निदेशकों और नामित कर्मचारियों के लिए बैंक की सुरक्षा में इनसाइडर ट्रेडिंग के निषेध के लिए एक आचार संहिता भी तैयार की है, इसकी प्रति बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर "निवेशक संबंध" लिंक के तहत भी उपलब्ध है."

9. अन्य प्रकटन

बैंकिंग व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा, बैंक ने अपने प्रमोटरों, निदेशकों या प्रबंधन, उनकी सहायक कंपनियों या रिश्तेदारों आदि के साथ कोई भी महत्वपूर्ण लेन-देन नहीं किया है, जिससे बड़े पैमाने पर बैंक के हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता है. वर्ष के दौरान बैंक तथा गैर-कार्यकारी निदेशकों का कोई परस्पर आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं था.

बैंक में यह एक स्थापित प्रथा है कि जब निदेशक या उनके रिश्तेदारों से संबंधित मामलों पर चर्चा की जाती है तो बोर्ड और बोर्ड की अन्य उप-समितियों के विचार-विमर्श में निदेशक भाग नहीं लेते हैं. वर्ष के दौरान, कोई भी महत्वपूर्ण पार्टी लेनदेन नहीं हुआ है जिससे बड़े पैमाने पर बैंक के हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता है.

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, स्टॉक एक्सचेंज या पूंजी बाजार से संबंधित किसी अन्य वैधानिक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित लागू नियमों और विनियमों का अनुपालन किया है. पिछले 3 वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले में किसी भी स्टॉक एक्सचेंज, सेबी या किसी वैधानिक प्राधिकरण द्वारा बैंक पर कोई दंड या सख्ती नहीं लगाई गई थी.

बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान वस्तुओं में कारोबार नहीं किया है और इसलिए "कमोडिटी मूल्य जोखिम और कमोडिटी हेजिंग गतिविधियों" पर जानकारी शून्य है.

बैंक जनहित प्रकटीकरण और मुखबिरों की सुरक्षा (पीआईडीपीआई) समाधान के तहत विसिल ब्लोअर की शिकायतों हेतु केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करता है. बैंक का "सेंट ई विसिल ब्लोअर" नाम का एक वेब आधारित पोर्टल है जिसमें कर्मचारी एवं निदेशक, अपनी पहचान बताए बिना अनाचार की रिपोर्टिंग कर सकते हैं, जो कि महाप्रबंधक-केंद्रीय लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण को

पता होगी. निदेशक व कर्मचारी लेखा समिति के अध्यक्ष से भी सीधे सम्पर्क कर सकते हैं. इससे कदाचार पर अंकुश लगाने, धोखाधड़ी को रोकने और कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने में मदद मिल सकती है. किसी भी कार्मिक को लेखा समिति से संपर्क करने के लिये मना नहीं किया गया है.

बैंक ने सेबी (सूचीकरण, बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 की निर्धारित अपेक्षाओं को लिस्टिंग एग्रीमेंट के साथ इस प्रकार अनुपालन किया है कि इन विनियमों और समझौतों की आवश्यकताएं, बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949, बैंकिंग कंपनियां (अधिग्रहण और उपक्रम का हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देश, प्रावधान, विनियम या निर्देश के प्रावधान का उल्लंघन नहीं करता है.

बकाया वैश्विक डिपॉजिटरी रसीदें या अमेरिकी डिपॉजिटरी रसीदें या वारंट या कोई परिवर्तनीय लिखत, रूपांतरण तिथि और इक्विटी पर संभावित प्रभाव - शून्य.

जहां बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनिवार्य रूप से आवश्यक बोर्ड की किसी भी समिति की किसी भी सिफारिश को स्वीकार नहीं किया था – शून्य

हम सेबी लिस्टिंग विनियमों की अनुसूची V के उप-पैरा (2) से (10) की कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट की आवश्यकता के अनुपालन की पुष्टि करते हैं.

किसी भी निदेशक का बैंक के किसी अन्य मौजूदा निदेशक के साथ कोई संबंध नहीं है.

निदेशक मंडल की राय में, स्वतंत्र निदेशक सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र होते हैं.

विनियम 32 (7ए) के तहत निर्दिष्ट अधिमानी आवंटन या योग्य संस्थानों की नियुक्ति के माध्यम से जुटाई गई धनराशि के उपयोग का विवरण - पूंजी पर्याप्तता अनुपात को बढ़ाने और मजबूत करने और बैंक के दीर्घकालिक संसाधनों को बढ़ाने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ धन जुटाया जाता है. जुटाई गई धनराशि का उपयोग उपरोक्त उद्देश्य के लिए किया जा रहा है.

" सहायक" कंपनियों के निर्धारण के लिए नीति बैंक की निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध है. https://www.centralbankofindia.co.in/sites/default/files/documents/PolicyonSubsidiary.pdf.

संबंधित पार्टी लेनदेन से निपटने की नीति बैंक की निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध है. https://www.centralbankofindia.co.in/sites/default/files/RPT.pdf.

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, सूचीबद्ध इकाई और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा वैधानिक लेखा परीक्षक और नेटवर्क फर्म/नेटवर्क इकाई, जिसका सांविधिक लेखा परीक्षक एक हिस्सा है, में सभी संस्थाओं को समेकित आधार पर भुगतान की गई सभी सेवाओं के लिए कुल शुल्क ₹30.82 करोड़ (जीएसटी को छोड़कर) था.

https://www.centralbankofindia.co.in/sites/default/files/Familiasation.pdf के अंतर्गत "निदेशकों को प्रदान किए गए परिचय कार्यक्रमों" के विवरण बैंक की वेबसाइट पर टैब के तहत अपलोड किया गया है.

प्रेक्टिस कर रहे एक कंपनी सचिव से प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है कि कंपनी के बोर्ड में किसी भी निदेशक को बोर्ड/कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय या किसी ऐसे वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रखने से वंचित या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है.

बैंक के सभी ऋण लिखतों या किसी सावधि जमा कार्यक्रम या किसी भी योजना या बैंक के प्रस्ताव के लिए जिसमें फंड जुटाना शामिल है, चाहे भारत में हो या विदेश में. प्रासंगिक वित्तीय वर्ष यानी 2021-22 के दौरान किसी भी संशोधन के साथ बैंक द्वारा प्राप्त सभी क्रेडिट रेटिंग की सूची :-

स्तर निर्धारक संस्था	आईपीडीआई	बेसल III अनुपालन टियर II बांड
क्रिसिल	क्रिसिल ए / स्थिर (पुष्टि की गई)	क्रिसिल ए+ / स्थिर (पुष्टि की गई)
आईसीआरए	उपलब्ध नहीं	आईसीआरए ए+ / स्थिर (आईसीआरए ए+ (हाइब) / नकारात्मक से अपग्रेड किया गया)
ब्रिक वर्क	बीडब्ल्यूआर ए / स्थिर (पुष्टि की गई)	बीडब्ल्यूआर ए+ / स्थिर (पुष्टि की गई)
भारत रेटिंग	उपलब्ध नहीं	इंड ए ए - / स्थिर (इंडिया एए- / नेगेटिव से अपग्रेडेड रेटिंग)
एक्यूट रेटिंग	उपलब्ध नहीं	एक्यूट एए- / स्थिर (पुष्टि की गई)

बैंक ने विनियम 17 से 27 और विनियम 46(2) के खंड (बी) से (i) और अनुसूची V के पैरा सी, डी और ई में निर्दिष्ट कॉरपोरेट गवर्नेंस आवश्यकताओं का अनुपालन उस सीमा तक किया है, कि क्लॉज की आवश्यकताएं पूरी हो जाएं और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रम का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के प्रावधानों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, प्रावधानों, विनियमों या निर्देशों का उल्लंघन न हो.

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण:

वर्ष 2021-22 के लिए स्थिति

वर्ष के प्रारंभ में लंबित शिकायतों की संख्या	2
वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	14
मामलों की कुल संख्या	16
वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	10
वर्ष के अंत में लंबित मामलों की संख्या	6

10. विवेकसम्मत आवश्यकताएं (सेबी सूचीकरण विनियमन की अनुसूची II का भाग ई)

क्र. सं.	गैर-अनिर्वाय	कार्यान्वयन की स्थिति
1.	गैर कार्यकारी अध्यक्ष को संस्था के व्यय पर अध्यक्ष के कार्यालय को चलाने के लिए एवं अपने कर्तव्यों के निर्वहन में खर्चों की प्रतिपूर्ति की भी अनुमति दी.	जी हां, कार्यान्वयन किया गया.
2.	गत छः माह में महत्वपूर्ण घटनाओं के सार से साथ वित्तीय कार्यनिष्पादन ली अर्ध्दवार्षिक घोषणा शेयरधारकों को प्रेषित करना है.	बैंक ने 30.09.2021 को समाप्त छमाही और 31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों को भेजे हैं और समाचार पत्रों में प्रकाशित किए हैं. इसके अलावा, वित्तीय परिणाम बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर भी अपलोड किए गए थे साथ ही 30.09.2021 को समाप्त छमाही और 31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वित्तीय परिणाम भी शेयरधारकों को ईमेल किए गए थे.
3.	कंपनी गैर-अनिर्वार्य वित्तीय विवरणों की व्यवस्था अपना सकती है	बैंक के पास गैर-सापेक्ष वित्तीय विवरण हैं
4.	आंतरिक लेखा परीक्षक की रिपोर्टिंग	आंतरिक लेखा परीक्षक बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति के प्रति उत्तरदायी है.

11. सामान्य शेयरधारक सूचना

बैंक की 15 वीं वार्षिक सामान्य बैठक:

दिन एवं तिथि : बुधवार, 10 अगस्त, 2022 को पूर्वाह्न 11:00 बजे बैंक के प्रधान कार्यालय, चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400 021 (बैठक का संभावित स्थान) में वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल के माध्यम से

1. वार्षिक साधारण बैठक वित्तीय वर्ष 2021-22 से सम्बंधित है
2. बही बंदी की तिथि: 07 अगस्त, 2022 से 10 अगस्त, 2022 (दोनों दिन सम्मिलित)
3. वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए किसी लाभांश की अनुशंसा नहीं की गई थी.

12. पिछले तीन वर्षों के दौरान आयोजित आम सभा की बैठकों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.	बैठक की प्रकृति	दिनांक एवं समय	स्थान	निष्पादित व्यवसाय किया गया
1.	चौदहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	10 अगस्त, 2021, प्रातः 11: 00	वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400 021 (बैठक का माना स्थान)	1. 31 मार्च 2021 की स्थिति में बैंक की लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित तुलन पत्र, 31 मार्च 2021 की स्थिति में एकल एवं समेकित लाभ हानि खाता बैलेंस शीट व खातों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं खातों द्वारा कवर की गई अवधि हेतु बैंक की कार्यावधि एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट को अनुमोदित एवं अंगीकृत किया गया. 2. 31.03.2021 को शेयर प्रीमियम खाते से संचित हानियों का विनियोग - विशेष संकल्प

क्र.	बैठक की प्रकृति	दिनांक एवं समय	स्थान	निष्पादित व्यवसाय किया गया
2.	असाधारण सामान्य बैठक	18 मई, 2021, प्रात: 11: 00	वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400 021 (बैठक का संभावित स्थान)	10 रुपये के अंकित मूल्य के 280,53,76,972 इक्विटी शेयरों का ₹ 17.11 मूल्य पर निर्गम. ₹ 4800 करोड़ भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) को अधिमानी आधार पर जारी करना - विशेष संकल्प
3.	तेरहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	7 अगस्त, 2020, प्रात: 11: 00	वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400 021 (बैठक का संभावित स्थान)	1. 31 मार्च 2020 की स्थिति में बैंक की लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित तुलन पत्र, 31 मार्च 2020 की स्थिति में एकल एवं समेकित लाभ हानि खाता तुलन पत्र व खातों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं खातों द्वारा कवर की गई अवधि हेतु बैंक की कार्यावधि एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट को अनुमोदित एवं अंगीकृत किया गया 2. एफपीओ / राइट्स इश्यू / क्यूआईपी आदि के माध्यम से पूंजी संग्रहण की मंजूरी - विशेष संकल्प
4.	असाधारण सामान्य बैठक	26 नवंबर, 2019, प्रात: 11: 00	9 वीं मंजिल, चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021	10 रुपये के अंकित मूल्य के 1583845063 इक्विटी शेयरों का ₹ 21.17 मूल्य पर निर्गम. ₹ 3353 करोड़ भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) को अधिमानी आधार पर जारी करना - विशेष संकल्प
5.	बारहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	28 जून, 2019 अप.12:00 बजे	9 वीं मंजिल, चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021	1. 31 मार्च 2019 की स्थिति में बैंक की लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित तुलन पत्र, 31 मार्च 2019 की स्थिति में एकल एवं समेकित लाभ हानि खाता तुलन पत्र व खातों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं खातों द्वारा कवर की गई अवधि हेतु बैंक की कार्यावधि एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट को अनुमोदित एवं अंगीकृत किया गया 2. एफपीओ /राइट्स इश्यू/ क्यूआईपी आदि के माध्यम से पूंजी संग्रहण की मंजूरी - विशेष संकल्प

पिछले वर्ष पोस्टल बैलेट के माध्यम से कोई विशेष प्रस्ताव पारित नहीं किया गया था और पोस्टल बैलेट के माध्यम से कोई विशेष प्रस्ताव आयोजित करने का प्रस्ताव नहीं है.

13. स्टॉक एक्सचेंजों मे सूचीकरण:

बैंक के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध हैं. स्क्रिप कोड निम्नवत हैं:

बीएसई लिमिटेड (बीएसई) फिरोज जीजीभॉय टावर्स, 25वीं मंजिल, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - 400 001	532885
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) "एक्सचेंज प्लाजा ", बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा, (पूर्व), मुंबई - 400 051	CENTRALBK
आईएसआईएन नंबर	INE483A01010

दोनों स्टॉक एक्सचेंजों को 2021-22 के लिए वार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान किया गया है.

बैंक ने समय-समय पर प्रॉमिसरी नोट्स (टियर- II कैपिटल) की प्रकृति में गैर-परिवर्तनीय बांड जारी किए हैं. संबंधित बकाया विवरण इस प्रकार हैं:

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया टियर- II बांड - 31.03.2022 को पूंजी की स्थिति

श्रृंखला विवरण	जारी दिनांक	कुल मूल्य (₹ करोड़ में)	आईएसआईएन
बेसल III अनुपालित श्रृंखला I	08.11.2013	1000.00	INE483A09260
बेसल III अनुपालित श्रृंखला II	07.03.2017	500.00	INE483A09278
बेसल III अनुपालित श्रृंखला III	29.03.2019	500.00	INE483A09286
बेसल III अनुपालित श्रृंखला IV	30.09.2019	500.00	INE483A08023
बेसल III अनुपालित श्रृंखला V	20.03.2020	500.00	INE483A08031
कुल		**3000.00**	

ये सभी बांड बीएसई लिमिटेड में सूचीबद्ध हैं. बैंक ने एक्सचेंज को 2021-22 के लिए वार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान किया है.

बाजार मूल्य डेटा:

मासिक उच्च एवं निम्न दर और एनएसई पर कारोबार किए गए शेयरों की संख्या (एनएसई निफ्टी के साथ बैंक के शेयर मूल्य की तुलना के साथ) निम्नानुसार हैं:

	एनएसई				
माह	अधिकतम मूल्य (₹)	निम्न कीमत (₹)	शेयर्स की संख्या	एनएसई निफ्टी	
				अधिकतम	न्यूनतम
अप्रैल 2021	18.85	15.80	192444025	15044.35	14151.40
मई 2021	19.65	16.05	232215360	15606.35	14416.25
जून 2021	29.65	18.55	756594078	15915.65	15450.90
जुलाई 2021	29.10	23.40	278386982	15962.25	15513.45
अगस्त 2021	24.60	19.00	140595794	17153.50	15834.65
सितंबर 2021	25.15	20.30	183490586	17947.65	17055.05
अक्टूबर 2021	24.10	21.25	170326286	18604.45	17452.90
नवंबर 2021	23.70	19.80	122448957	18210.15	16782.40
दिसंबर 2021	23.90	19.90	103639942	17639.50	16410.20
जनवरी 2022	22.75	20.00	96948134	18350.95	16836.80
फरवरी 2022	22.70	17.55	80074262	17794.60	16203.25
मार्च 2022	19.55	17.50	57189954	17559.80	15671.45

मासिक उच्च और निम्न दर एवं बीएसई पर कारोबार किए गए शेयरों की संख्या (सेंसेक्स के साथ बैंक के शेयर मूल्य की तुलना के साथ) निम्नानुसार हैं:

	बीएसई				
माह	अधिकतम मूल्य (₹)	निम्न कीमत (₹)	शेयर्स की संख्या	सेंसेक्स	
				अधिकतम	न्यूनतम
अप्रैल 2021	18.90	15.80	24167212	50375.77	47204.50
मई 2021	19.70	16.05	30847822	52013.22	48028.07
जून 2021	29.65	18.50	106551481	53126.73	51450.58
जुलाई 2021	29.10	23.40	37860728	53290.81	51802.73
अगस्त 2021	24.65	19.00	26026060	57625.26	52804.08
सितंबर 2021	25.15	20.30	38219150	60412.32	57263.90
अक्टूबर 2021	24.05	21.30	21357921	62245.43	58551.14
नवंबर 2021	23.65	19.85	17925614	61036.56	56382.93
दिसंबर 2021	23.85	19.90	17412107	59203.37	55132.68
जनवरी 2022	22.75	20.00	16342863	61475.15	56409.63
फरवरी 2022	22.70	17.50	13686076	59618.51	54383.20
मार्च 2022	19.50	17.50	12586875	58890.92	52260.82

14. शेयर अंतरण और शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों का निवारण:

शेयर अंतरण, धन वापसी आदेश, लाभांश भुगतान और अन्य सभी निवेशक संबंधी गतिविधियों को हमारे रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट के कार्यालय में की जाती है. इनमें से किसी भी दस्तावेज को जमा करने और पूछताछ/शिकायतों के लिए, शेयरधारकों/निवेशकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित पते पर रजिस्ट्रार से संपर्क करें:

इक्विटी शेयरों के लिए रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट:

लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लिमिटेड
सी-101, 247 पार्क,
एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम),
मुंबई - 400 083
दूरभाष: 022-4918 6270
फैक्स: 022-4918 6060
ईमेल आईडी: rnt.helpdesk@linkintime.co.in

सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों के लिए रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट:

एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड
के-215, दूसरी मंजिल,
अंसा इंडस्ट्रियल एस्टेट,
साकी विहार रोड, साकी नाका,
अंधेरी (ई), मुंबई - 400 072
दूरभाष: 022 - 28476020 / 6021 / 46049717 (डी)
ईमेल आईडी: helpdeskmum@mcsregistrars.com

सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों के लिए डिबेंचर ट्रस्टी:

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड
एशियन बिल्डिंग, तल मंजिल,
17,आर. खेमानी मार्ग, बलार्ड एस्टेट,
मुंबई - 400 001
दूरभाष: 022-4080 7000
फैक्स: 022-66311776
ई-मेल आईडी: itsl@idbitrustee.com

बैंक के साथ पत्राचार के लिए पता:

उप महाप्रबंधक/कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया,
9 वीं मंजिल, चंदरमुखी,
नरीमन पॉइंट, मुंबई 400 021
संपर्क नंबर 022- 6638 7575/7818
फैक्स नंबर: 022- 2283 5198
ईमेल आईडी: dgmcompsec@centralbank.co.in;
Investor@centralbank.co.in

15. शेयरधारिता का संवितरण

i) 31.03.2022 को शेयरधारिता का वितरण (डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी और फोलियो नंबर के आधार पर)

शेयरधारिता का संवितरण (शेयर)				
शेयर्स की शेयरधारिता	शेयरधारकों की संख्या	कुल का प्रतिशत	शेयर्स	कुल का प्रतिशत
1-500	289526	77.0227	37314453	0.4298
501-1000	36407	9.6854	31293310	0.3605
1001-2000	20114	5.3509	31829864	0.3667
2001-3000	8860	2.357	23489180	0.2706
3001-4000	4242	1.1285	15431305	0.1778
4001-5000	4923	1.3097	23807132	0.2742
5001-10000	8171	2.1737	59252048	0.6826
10001 और ऊपर	3654	0.9721	8458522140	97.4379
कुल	375897	100.0000	8680939432	100.0000

ii) "सार्वजनिक" की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता, जिनकी शेयरधारिता कुल शेयर्स की संख्या के 1% से अधिक है,

"सार्वजनिक" की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता, जिनकी शेयरधारिता कुल शेयर्स की संख्या के 1% से अधिक है, को दर्शाने वाला विवरण

शेयरधारक का नाम	शेयरों की संख्या	%
भारतीय जीवन बीमा निगम	227021558	2.6152

iii) "सार्वजनिक" की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता, जिनकी शेयरधारिता कुल शेयर्स की संख्या के 5% से अधिक है,

"सार्वजनिक" की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता, जिनकी शेयरधारिता कुल शेयर्स की संख्या के 5% से अधिक है, को दर्शाने वाला विवरण

शेयरधारक का नाम	शेयरों की संख्या	%
शून्य	शून्य	शून्य

iv) 31.03.2022 को शेयरधारिता पैटर्न

शेयरधारकों की श्रेणी	शेयरों की संख्या		शेयरधारकों की संख्या		कुल शेयर	होल्डिंग का %
	डीमैट	भौतिक	डीमैट	भौतिक		
केंद्र सरकार (भारत के राष्ट्रपति)	8080391687	0	1	0	8080391687	93.0820
जनता	314300746	29885	367707	91	314330631	3.6209
जीवन बीमा निगम (बीमा कंपनियां)	227021558	0	1	0	227021558	2.6152
अन्य निकाय कॉर्पोरेट	23572436	90	706	1	23572526	0.2715
विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (कॉर्पोरेट)	9142463	0	31	0	9142463	0.1053
हिंदू अविभाजित परिवार	9076431	0	5335	0	9076431	0.1046
जीआईसी और इसकी सहायक कंपनियां	6531875	0	4	0	6531875	0.0752
विदेश वाले प्रवासी भारत	3215377	121600	1094	1	3336977	0.0384
समाशोधन सदस्य	2863704	0	147	0	2863704	0.033
म्यूचुअल फंड्स	2629442	0	8	0	2629442	0.0303
अनिवासी (गैर प्रत्यावर्तनीय)	1295504	0	712	0	1295504	0.0149
बॉडी कॉरपोरेट - लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप	519611	0	35	0	519611	0.006
न्यास	114566	0	15	0	114566	0.0013
भारिबैंक के साथ पंजीकृत एनबीएफसी	59464	0	3	0	59464	0.0007
राष्ट्रीयकृत बैंक	32876	0	2	0	32876	0.0004
गैर राष्ट्रीयकृत बैंक	19417	0	2	0	19417	0.0002
सरकारी कंपनियां	700	0	1	0	700	0
कुल :	**8680787857**	**151575**	**375804**	**93**	**8680939432**	**100**

v) लॉक-इन शेयरों का विवरण दिखाने वाला विवरण

क्र.	शेयरधारक का नाम	लॉक-इन शेयरों की संख्या	शेयरों की कुल संख्या के प्रतिशत के रूप में लॉक-इन शेयर (अर्थात (ए) + (बी) + (सी) का कुल योग
1.	भारत के राष्ट्रपति	5076470357	62.8246
2.	जनता	0	0
	कुल	**5076470357**	**62.8246**

vi) डिपॉजिटरी रसीदों (डीआर) का विवरण दिखाने वाला विवरण

क्र.	बकाया डीआर का प्रकार (एडीआर, जीडीआर, एसडीआर, आदि)	बकाया डीआर की संख्या	बकाया डीआर के अंतर्गत आने वाले शेयरों की संख्या	शेयरों की कुल संख्या के प्रतिशत के रूप में बकाया डीआर अंतर्निहित शेयर (अर्थात (ए) + (बी) + (सी) का कुल योग
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

vii) डिपॉजिटरी रसीदों (डी आर) की धारिता को दर्शाने वाला विवरण जहां अंतर्निहित शेयर शेयरों की कुल संख्या के 1% से अधिक हैं.

क्र.	डीआर धारक का नाम	बकाया डीआर का प्रकार (एडीआर, जीडीआर, एसडीआर, आदि)	बकाया डीआर के अंतर्गत आने वाले शेयरों की संख्या	शेयरों की कुल संख्या के प्रतिशत के रूप में बकाया डीआर अंतर्निहित शेयर (अर्थात (ए) + (बी) + (सी) का कुल योग
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

viii) शेयरों का डिमैटरियलाइजेशन

बैंक के शेयरों का कारोबार अनिवार्य रूप से डीमैट रूप में किया जा रहा है. बैंक ने शेयरों के डिमैटरियलाइजेशन के लिए दोनों डिपॉजिटरी अर्थात नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ पहले ही करार कर लिया था.

31.03.2022 को शेयरधारकों द्वारा धारित डीमैट और भौतिक रूप में शेयरों का विवरण (डीपी आईडी / क्लाइंट आईडी और फोलियो नंबर के आधार पर) निम्नानुसार हैं:

	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या	धारिता का %
भौतिक	93	151575	0.0017
एनएसडीएल	131402	397559999	4.5797
सीडीएसएल	244402	8283227858	95.4186
कुल	**375897**	**8680939432**	**100.0000**

ix) भौतिक धारिताओं का डिमैटरियलाइजेशन - एक विशेष अनुरोध

हम शेयरधारकों से अपनी भौतिक धारिताओं को डीमैट करने का अनुरोध करते हैं. डिमैटरियलाइजेशन के लिए, शेयरधारक अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों से संपर्क कर सकते हैं, जहां वे डीमैट खाते रखते हैं. डिमैटरियलाइजेशन के लाभ इस प्रकार हैं:

i) झंझट मुक्त अंतरण

ii) शेयर प्रमाण नष्ट होने का कोई खतरा नहीं

iii) लाभांश/कॉर्पोरेट लाभों का प्रत्यक्ष और त्वरित जमा

iv) नामांकन सुविधा

v) असबा/आईपीओ आदि के माध्यम से सीधे आवेदन.

जिन शेयरधारकों ने अपने शेयर्स, भौतिक रुप से /डीमेट स्वरुप में रखे हैं और उन्होंने अब तक बैंक के आरटीए/उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंटस के पास, भारत सरकार के "ग्रीन इनिशिएटिव" में सहायता देने हेतु, उनके ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवाए हैं, उनसे अनुरोध है कि अपने ई-मेल आईडी पंजीकृत करवा लें.

x) अदावाकृत उचंत खाते में शेयर:

सूचीकरण करारों के खंड 5ए के अनुसार, 31 मार्च , 2022 तक " दावा न किए गए उचंत खाते " में बकाया शेयर निम्नानुसार हैं:

क्र.	विवरण	शेयरधारकों की कुल संख्या	कुल बकाया शेयर
(i)	शेयरधारकों की कुल संख्या और वर्ष के प्रारंभ में अदावाकृत उचंत खाते में बकाया शेयर	233	32,853
(ii)	वर्ष के दौरान अदावाकृत उचंत खाते से शेयरों के हस्तांतरण के लिए जारीकर्ता से संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या	शून्य	शून्य
(iii)	उन शेयरधारकों की संख्या जिन्हें वर्ष के दौरान अदावाकृत उचंत खाते से शेयर हस्तांतरित किए गए थे	शून्य	शून्य
(iv)	शेयरधारकों की कुल संख्या और वर्ष के अंत में अदावाकृत उचंत खाते में पड़े बकाया शेयर	233	32,853

नोट - इन शेयरों पर वोटिंग अधिकार तब तक अवरोधित रहेंगे जब तक ऐसे शेयरों के असली मालिक शेयरों का दावा नहीं करते.

कॉरपोरेट गवर्नेंस की अनिवार्य शर्तों के अनुपालन का प्रमाण पत्र

बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015, शेयर बाजार के साथ सूचीबद्धता करार के साथ पठित, के अनुसार कॉर्पोरेट प्रशासन की अनिवार्य शर्तों के अनुपालन में जारी प्रमाण पत्र संलग्न है

अनुलग्नक I

आचार संहिता के अनुपालन की घोषणा

मैं पुष्टि करता हूं कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए, बोर्ड के सभी सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंध तत्र ने बैंक की आचार संहिता का निश्चित रूप सेअनुपालन किया है..

ए/-
एम वी राव.
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

स्थान : मुंबई
दिनांक : 27 जून , 2022

सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमन, 2015 के विनियम 17(8) के अंतर्गत प्रमाण प्रत्र

प्रति, निदेशक मंडल
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

यह प्रमाणित किया जाता है कि:

ए. हमने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की तिमाही तथा दिनांक 31 मार्च , 2022 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों की जांच कर ली है तथा हमारी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार:

I. इन विवरणियों में तथ्यत: कोई गलत विवरण अथवा कोई अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य नहीं छूटा है अथवा ऐसा कोई विवरण नहीं है, जोकि भ्रामक है.

II. ये विवरण समग्र रूप में बैंक की कार्य-पद्धति का सत्य एवं सही चित्रण करते हैं और विद्यमान लेखा मानकों, लागू कानूनों एवं विनियमों के अनुसार हैं.

बी. हमारी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार बैंक ने तिमाही तथा दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष वर्ष के दौरान ऐसा कोई संव्यवहार नहीं किया है, जो कि कपटपूर्ण, अवैधानिक अथवा बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन करता हो.

सी. वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण, स्थापित एवं इसे व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी हम स्वीकारते हैं तथा यह कि वित्तीय विवरणों की रिपोर्टिंग के सम्बंध में हमने बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभाव्यता का मूल्यांकन किया है तथा हमने लेखापरीक्षकों एवं लेखापरीक्षा समिति को प्रक्रिया अथवा परिचालन की आंतरिक नियंत्रण की खामियां, यदि कोई हैं, जिससे हम परिचित हैं, का प्रकटन किया तथा इन कमियों को दूर करने के लिए उन उपायों की जानकारी दी, जिन्हें हमने किया है अथवा किया जाना प्रस्तावित है.

डी. हमने लेखापरीक्षकों एवं लेखापरीक्षा समिति का ध्यान निम्न पर आकृष्ट किया है:

I. वित्तीय रिपोर्टिंग के आंतरिक नियंत्रण में तिमाही तथा दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान किए गए महत्त्वपूर्ण परिवर्तन.

II. लेखांकन नीतियों में तिमाही तथा दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान कोई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन नहीं किए गए हैं तथा इनका प्रकटन वित्तीय विवरणियों में भी किया गया है; एवं

III. धोखाधड़ियों की अहम् घटनाएं, जिनकी हमें जानकारी प्राप्त हुई है तथा उनमें प्रबंधन अथवा किसी कर्मचारी, जिसकी वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्त्वपूर्ण भूमिका है, की संलिप्तता, यदि कोई हो.

(मुकुल एन. दंडिगे)
महाप्रबंधक -
एफएंडए एवं सीएफओ
स्थान : मुंबई
दिनांक : 09 मई, 2022

(एम वी राव)
प्रबंध निदेशक
एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

व्यवसायिक उत्तरदायित्व एवं स्थायित्व रिपोर्ट 2021-22

अनुभाग ए: सामान्य प्रकटीकरण

I. विवरण

1.	कंपनी की कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	लागू नहीं
2.	कंपनी का नाम	सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
3.	निगमन का वर्ष	1911
4.	पंजीकृत कार्यालय का पता	चंदरमुखी बिल्डिंग नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021
5	कॉर्पोरेट कार्यालय का पता	चंदरमुखी बिल्डिंग नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021
6.	ईमेल आईडी	investors@centralbank.co.in
7.	टेलीफ़ोन	+91 22 6638 7777
8.	वेबसाइट	www.centralbankofindia.co.in
9.	वित्तीय वर्ष जिसके लिए रिपोर्टिंग की जा रही है	2021-22
10.	स्टॉक एक्स्चेंज का नाम जहां शेयर सूचीबद्ध हैं	इक्विटी शेयर, बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध है
11.	प्रदत्त पूंजी	₹ 8680.94 करोड़
12.	उस व्यक्ति का नाम और संपर्क विवरण जिससे बीआरएसआर रिपोर्ट पर किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क किया जा सकता है	स्मृति रंजन दाश महा प्रबंधक फोन नंबर: +91 22 6638 7880 ईमेल आईडी – gmhrd@centralbank.co.in
13.	रिपोर्टिंग सीमा	इस रिपोर्ट में किए गए प्रकटीकरण एकल आधार पर हैं और सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से संबंधित है

II. उत्पाद/सेवाएँ

14. व्यवसायिक गतिविधियों का विवरण

क्र.	मुख्य गतिविधि का विवरण	व्यवसायिक गतिविधि का विवरण	कुल कारोबार का %
1.	वित्तीय और बीमा सेवा	केंद्रीय व्यवसायिक बैंक द्वारा बैंकिंग गतिविधियां	100

15. संस्था द्वारा बेचे जाने वाले उत्पाद / सेवाएँ

क्र.	उत्पाद/सेवा	एनआईसी कोड	कुल कारोबार में योगदान %
1.	वित्तीय सेवाएँ – वाणिज्यक बैंकों, बचत बैंकों, डाक बचत बैंकों और डिस्काउंट हाउसों की मौद्रिक मध्यस्थता (सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया खुदरा बैंकिंग, कॉर्पोरेट बैंकिंग और ट्रेज़री संचालन सहित बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने में सहबद्ध है)	64191	100%

III. परिचालन-

16. अवस्थानों की संख्या जहाँ संस्था के कारखाने और / या परिचालन स्थल / कार्यालय स्थित है

अवस्थान	कारखानों की संख्या	कार्यालयों की संख्या	कुल
राष्ट्रीय	लागू नहीं*	17803*	17803
अंतरराष्ट्रीय		निरंक	निरंक

*संस्था बैंक है और इसलिए कोई निर्माण गतिविधि नहीं करता है .

*शाखाएं, एटीएम, बीसी आउटलेट शामिल हैं (4528+2976+10299).

17. संस्था द्वारा प्रदत्त सेवा के अधीन बाज़ार

ए. अवस्थानों की संख्या

अवस्थान	संख्या
राष्ट्रीय (राज्योंऔर केंद्र शासित प्रदेशों की संख्या)	अखिल भारतीय
अंतरराष्ट्रीय (देशों की संख्या)	निरंक

बी. इकाई के कुल व्यवसाय के प्रतिशत के रूप में निर्यात का योगदान क्या है?

लागू नहीं

सी. ग्राहकों के प्रकार के बारे में संक्षिप्त जानकारी-

हमारा बैंक उन ग्राहकों के साथ संव्यवहार कर रहा है जो जमाकर्ता, उधारकर्ता, सेवा प्रदाता, सरकारी सेवा प्रदाता, आदि जैसी किसी भी व्यवस्था में बैंक से जुड़े हैं.

IV. कर्मचारी

18. वित्तीय वर्ष 2021-22 के समापन पर विवरण -

ए. कर्मचारी (दिव्यांग जन सहित):-

क्र.	विवरण	कुल (ए)	पुरुष		महिला	
			संख्या (बी)	% (बी/ए)	संख्या. (सी)	% (सी/ए)
			कर्मचारी			
1.	स्थायी (डी)	30289	22915	75.65	7374	24.35
2.	स्थायी के अलावा अन्य (ई)	00	00	00	00	00
3.	**कुल कर्मचारी (डी + ई)**	30289	22915	75.65	7374	24.35

बी. कुल दिव्यांग जन कर्मचारी:-

क्र.	विवरण	कुल(ए)	पुरुष		महिला	
			संख्या (बी)	% (बी/ए)	संख्या. (सी)	% (सी/ए)
			दिव्यांग कर्मचारी			
1.	स्थायी (डी)	812	656	80.78	156	19.22
2.	स्थायी के अलावा अन्य (ई)	00	00	00	00	00
3.	**कुल दिव्यांग जन कर्मचारी (डी + ई)**	812	656	80.78	156	19.22

19. महिलाओं की भागेदारी / समावेश / प्रतिनिधित्व –

	कुल (ए)	महिलाओं की संख्या और प्रतिशत	
		संख्या (बी)	% (बी/ए)
निदेशक मण्डल	8	निरंक	निरंक
प्रमुख प्रबंधन कार्मिक	11	1	9.09%

20. स्थायी कर्मचारियों हेतु कुल आवर्ती दर –

	वित्तीय वर्ष 2020			वित्तीय वर्ष 2021			वित्तीय वर्ष 2022		
	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल
स्थायी कर्मचारी	1.4%	1.9%	1.6%	1.4%	2.1%	1.7%	2.4%	2.5%	2.5%

V. धारक, अनुषंगी और सहबद्ध कंपनियां (संयुक्त उद्यम सहित)

21. (ए) 31 मार्च 2022 तक

क्र.	नाम (ए)	सहायक/ सहयोगी	धारित शेयरों का %	क्या कॉलम ए में इंगित संस्था, बैंक की व्यवसायिक उत्तरदायित्व पहल में भाग लेती है ₹ (हाँ/नहीं)
1.	सेंट बैंक होम फ़ाइनेंस लिमिटेड	अनुषंगी	64.40	नहीं
2.	सेंट बैंक फाइनेंन्सियल सर्विस लिमिटेड	अनुषंगी	100.00	नहीं
3.	उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक	सहबद्ध	35.00	नहीं
4.	उत्तरबंगा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	सहबद्ध	35.00	नहीं
5.	इंडो ज़ाम्बिया बैंक लिमिटेड	सहबद्ध	20.00	नहीं

VI. सीएसआर विवरण

22. (i) क्या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार सीएसआर लागू है : नहीं

(ii) व्यवसाय (रुपयों में): 25770.13 करोड़

(iii) निवल संपत्ति (रुपयों में): 23801.85 करोड़

(iv) वित्तीय वर्ष 2022 के लिए सीएसआर पर खर्च की गई कुल राशि – निरंक

VII. पारदर्शिता और प्रकटीकरण अनुपालन

23. उत्तरदायी व्यवसाय संचालन पर राष्ट्रीय दिशानिर्देशों (एनजीआरबीसी) के तहत किसी भी सिद्धांतों (सिद्धान्त 1 से 9) पर शिकायतें / व्यथा

हितधारक समूह जिनसे शिकायत प्राप्त हुई है	व्यथा निवारण तंत्र मौजूद है (हाँ/नहीं)	वित्तीय वर्ष 2021-22			वित्तीय वर्ष 2020-21		
	(यदि हां, तो व्यथा निवारण नीति के लिए वेब लिंक प्रदान करें)	वर्ष मे दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	टिप्पणी	वर्ष में दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतोंकी संख्या	टिप्पणी
समुदाय	हाँ https://www.centralbankof-india.co.in/en	-	-	-	-	-	-
निवेशक (शेयरधारकों के अलावा)	हाँ https://www.centralbankof-india.co.in/en/investor-re-lations	-	-	-	-	-	-
शेयरधारक	हाँ https://www.centralbankof-india.co.in/en/investor-re-lations	3	0	लागू नहीं	2	0	लागू नहीं
कर्मचारी	हाँ https://www.centralbankof-india.co.in/en	139	93	लागू नहीं	99	71	लागू नहीं
आर्थिक हित भागीदार	हाँ https://www.centralbankof-india.co.in/en	-	-	-	-	-	-
ग्राहकों सहित अन्य (बैंक पोर्टल+एटीएम+सीपी-जीआरए एमएस+आइएन-जीआरएएमएस+एमएसए-मई+रीटेल)	हाँ https://www.central-bankofindia.co.in/pdf/CUSTOMER-GRIEV-ANCEREDRESSAL-POLI-CY31.01.2021pdf	183566	923	30.04.2022 तक सभी का निवारण कर दिया गया है	213958	4381	सभी शिकायतों का निवारण किया गया

24. संस्था के आर्थिक उत्तरदायी व्यवसाय संचालन के विषयों का अवलोकन:

क्र. स.	चिह्नित आर्थिक विषय	दर्शाएं जोखिम या अवसर (जो/अ)	जोखिम/अवसर की पहचान करने का औचित्य	जोखिम हो तो, अनुकूल बनाने या जोखिम कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकरात्मक या नकरात्मक निहितार्थ दर्शाएं)
1.	वित्तीय सेवाएं देने के लिए फिनटेक कंपनियों के साथ गठजोड़	अवसर	फिनटेक उन उपभोक्ताओं की अगली पीढ़ी को सक्षम और सशक्त बना रहा है जो उच्च तकनीक-प्रेमी हैं और जिनके पास अधिक वित्तीय साक्षरता हे, लेकिन उनके पास समय की कमी है. ये ग्राहक चलते-फिरते सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं. एल्गोरिदम पर आधारित क्रेडिट निर्णयों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, ई-डॉक्यूमेंटेशन के लिए एपीआई, और सिस्टम इंटीग्रेशन जैसे सक्षमकर्ताओं के साथ कोई भी बैंक वांछित सेवाएं प्रदान कर सकता है और अपनी संपत्ति/देयताएं के पोर्टफोलियो को बढ़ा सकता है.	यद्यपि गतिविधि में निहित जोखिम हैं, हालांकि उचित जोखिम शमन के साथ जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है.	यहां तक कि बिना ब्रिक एवं मोटर संरचना के भी पूरे ईको सिस्टम में वित्तीय सेवाएं अधिक सहजता से प्रदान करने एवं अपनी आस्तियां / देयता पोर्टफोलियों के विस्तार में किसी भी बैंक के लिये सहायक होगा.
2.	सतत विकास लक्ष्य – "ग्रीन फिक्ड डिपॉजिट"	अवसर	ग्रीन डिपॉज़िट्स संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को सीधे समर्थन देने वाली परियोजनाओं में सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया की भागीदारी को बढ़ाता है और हमारे जमाकर्ताओं को ऐसे वित्तीय उत्पादों को चुनने के लिए सशक्त करेगा जो पर्यावरण और बड़े पैमाने पर समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं.	ग्रीन डिपॉज़िट की पेशकश विशेष दरों पर की जाती है जो अन्य फिक्स्ड डिपॉज़िट दरों से ऊपर हैं.	सकरात्मक: जलवायु परिवर्तन से अपने पर्यावरण की रक्षा करना समय की मांग है. अत: देश भर में ग्रीन डिपॉज़िट को बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं.
3.	ग्रीन फाइनेंसिंग	अवसर	सरकार अक्सर सभी के लिए एक अधिक सतत भविष्य प्राप्त करने हेतु एक ढांचे की तरह एसडीजी को नियोजित करती है और कंपनियां उन एसडीजी के साथ जुड़ने के लिए कॉरपोरेट लक्ष्य निर्धारित कर रही है. व्यापारियों और बिक्री प्रतिनिधियों को प्रोत्साहन (इसेंटिव) प्रदान करके व्यापारियों को और भी ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन बेचने के लिए प्रोत्साहित करना. इलेक्ट्रिक वाहन ऋण पर जीवाश्म ईंधन वाहन ऋण की तुलना में कम ब्याज चार्ज करके ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को लुभाना.	जल प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन, किफायती हरित आवास, हरित वाहन वित्तपोषण आदि जैसे हरित वित्त के विविध पूल तक पहुंच.	सकारात्मक: एक समृद्ध ग्रीन पोर्टफोलियों बनाने की अपार संभावनाएं.

अनुभाग बी: प्रबंधन और प्रक्रिया प्रकटीकरण

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित उत्तरदायी कारोबार संचालन पर राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के नौ सिद्धांतों पी1-पी9 को संदर्भित किया है, जो निम्नानुसार हैं:

पी1	व्यवसायों को नैतिक, पारदर्शी और जवाबदेही तरीके से स्वयं ईमानदारी के साथ संचालन और शासन करना चाहिए.
पी 2	व्यवसायों को वस्तुओं और सेवाओं को इस प्रकार प्रदान करना चाहिए कि वो सतत और सुरक्षित हों.
पी 3	व्यवसायों को उनके अपने आर्थिक हितधारी सहित सभी कर्मचारियों का सम्मान और उनका कल्याण करना चाहिए.
पी 4	व्यवसायों को अपने सभी हितधारकों के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए.
पी 5	व्यवसायों को मानवाधिकारों का सम्मान करना और उनको बढ़ावा देना चाहिए.
पी 6	व्यवसायों को पर्यावरण का सम्मान, सुरक्षा और सुधार के प्रयास करने चाहिए.
पी 7	जनता और नियामक नीति को प्रभावित करने में लगे व्यवसायों को ध्यान देना चाहिए कि यह जिम्मेदार और पारदर्शी हो
पी 8	व्यवसायों को समावेशी विकास और समान विकास को बढ़ावा देना चाहिए.
पी 9	व्यवसायों को अपने ग्राहकों के साथ एक जिम्मेदार तरीके से जुड़ना चाहिए और उन्हें सम्मान देना चाहिए.

इस अनुभाग का उद्देश्य व्यवसायों को एनजीआरबीसी सिद्धांतों और मूल तत्वों को अपनाने की दिशा में संरचना, नीतियां और प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करना है

	प्रकटीकरण प्रश्न	**पी 1**	**पी 2**	**पी 3**	**पी 4**	**पी 5**	**पी 6**	**पी 7**	**पी 8**	**पी 9**
	नीति और प्रबंधन प्रक्रियाएं									
1.	क. क्या आपकी इकाई की नीति/नीतियां एनजीआरबीसी के अपने मूल तत्वों और प्रत्येक सिद्धांत को कवर करती है. (हां/नहीं)	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
	ख. क्या नीति, मंडल द्वारा अनुमोदित हो चुकी है? (हां/नहीं)	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
	ग. यदि उपलब्ध हो तो, नीतियों के लिए वेब लिंक	https://www.centralbankofindia.co.in/ कुछ नीतियां बैंक की आंतरिक नीतियों का समामेलन कर सकती है जिसमें सभी आंतरिक हितधारकों को पहुंच है और बैंक की वेबसाइट पर नीतियों को दर्शाया गया है.								
2.	क्या इकाई ने नीतियों को प्रक्रिया में बदला है (हां/नहीं)	हां. बैंक ने लागू नीतियों को प्रक्रिया में बदला है और उन्हें बैंक द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में प्रक्रियाओं और प्रथाओं में अनुकूलित किया है.								
3.	क्या सूचीबद्ध नीतियां आपके आर्थिक हित भागीदारों तक फैली हुई हैं? (हां/नहीं)	हां. बैंक की आचार संहिता व्यापक स्तर पर उपर्युक्त सिद्धातों को अपनाती है और बैंक अपने हितधारकों से अपने सभी लेन-देन में इसका पालन करने की अपेक्षा करता है.								
4.	आपकी इकाई द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कोड / प्रमाणन / लेबल / मानकों (जैसे वन प्रबंधक परिषद, फेयरट्रेड, रेनफॉरेस्ट, एलायंस, ट्रस्टी) मानकों (जैसे एसए 8000, ओएचएसएएस, आईएसओ, बीआईएस) को अपनाए गया और प्रत्येक सिद्धांत को माना गया	लागू नहीं								
5.	निर्धारित समय-सीमा के साथ इकाई द्वारा विनिर्दिष्ट प्रतिबद्धताएं, लक्ष्य और प्रयोजन, यदि कोई हो	उपरोक्त नीतियों के तहत कोई विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जा रहा है. हालांकि, इन सिद्धांतों का अनुपालन हमारी प्रतिबद्धता और लक्ष्य है.								
6.	विशिष्ट प्रतिबद्धताओं, लक्ष्यों और लक्ष्यों के साथ-साथ उन कारणों को पूरा नहीं करने की स्थिति में इकाई का निष्पादन.	लागू नहीं.								

	प्रकटीकरण प्रश्न	पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9
शासन, नेतृत्व और निरीक्षण										
7.	ईएसजी से संबंधित चुनौतियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट के लिए उत्तरदायी निदेशक का विवरण *(इस प्रकटीकरण के प्रस्तुती के संदर्भ में सूचीबद्ध ईकाई लचीली है)* बैंक का उद्देश्य देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाना है. ईएसजी मानकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता इसके मूल सिद्धांतों में सर्वोत्तम रूप से परिलक्षित होती है, जो इसके संचालन के सभी पहलुओं में निहित हैं. दयालुता, निष्पक्षता, प्रभावोत्पादकता और दक्षता बैंक के मूल आदर्श हैं. बैंक के अनुसार, अपने सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए सुशासन मानक एक महत्वपूर्ण साधन हैं. मानव अधिकारों के लिए सम्मान बैंक के मौलिक और मूल मूल्यों में से एक है. बैंक के अनुसार जलवायु परिवर्तन न केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा है, बल्कि एक व्यावसायिक जोखिम भी है. अपनी उधार नीतियों में, बैंक सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव पर विवेक सम्मत प्रयासों को बढ़ा रहा है.									
8.	व्यावसायिक उत्तरदायित्व नीति (यों) के कार्यान्वयन और निरीक्षण के लिए जिम्मेदार सर्वोच्च प्राधिकारी का विवरण.	श्री राजीव पुरी कार्यपालक निदेशक								
9.	क्या संस्था के पास बोर्ड/निदेशक की एक निर्दिष्ट समिति है जो स्थायीत्व संबंधी मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है₹ (हां नहीं). यदि हां, तो विवरण दें.	हां, सभी समितियां अपनी कार्यसूची विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार स्थायित्व संबंधी मुद्दों को देखती हैं.								
10.	बैंक द्वारा एनजीआरबीसी की समीक्षा का विवरण									
	समीक्षा के लिए विषय	**संस्था द्वारा कृत गए सिद्धांतों की समीक्षा और आवृत्ति**								
		पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
	उपरोक्त नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन और अनुवर्ती कार्रवाई	एक प्रथा के रूप में, बैंक की बीआर नीतियों की समय-समय पर या आवश्यकता के आधार पर विभाग प्रमुखों और सक्षम प्राधिकारी द्वारा समीक्षा की जाती है. इस मूल्यांकन के दौरान, नीतियों की प्रभावशीलता की समीक्षा की जाती है और नीतियों और प्रक्रियाओं में आवश्यक परिवर्तन लागू किए जाते हैं.								
	वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन सिद्धांतों की प्रासंगिकता, और, किसी भी गैर-अनुपालन का सुधार	बैंक लागू होने वाले मौजूदा नियमों का अनुपालन कर रहा हैं.								
11.	क्या संस्था ने किसी बाहरी एजेंसी द्वारा अपनी नीतियों के कामकाज का स्वतंत्र मूल्यांकन किया है? (हां/नहीं) यदि हां तो एजेंसी का नाम बताएं	नहीं								

12. यदि ऊपर दिए गए प्रश्न (1) का उत्तर "नहीं" है अर्थात सभी सिद्धांत किसी नीति द्वारा कवर नहीं किए जाते हैं, तो कारण बताए जाने चाहिए: **लागू नहीं**

अनुभाग सी: सिद्धांत के अनुसार निष्पादन प्रकटीकरण

सिद्धांत 1 व्यवसायों को ईमानदारी के साथ और नैतिक, पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से इकाई का संचालन और शासन करना चाहिए.

आवश्यक संकेतक

1. वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा प्रतिशत कवरेज:

खंड	आयोजित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या	प्रशिक्षण के अंतर्गत शामिल विषय/सिद्धांत और प्रभाव	जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत संबंधित श्रेणी के व्यक्तियों की आयु का प्रतिशत
निदेशक मंडल	3	प्रशिक्षण के तहत शामिल सभी सिद्धांत.	87.50%
प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक	8	विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों के साथ-साथ नेतृत्व विकास से संबंधित प्रशिक्षण/सम्मेलन	57.20%
निदेशक मंडल और केएमपी के अलावा अन्य कर्मचारी	4005	विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों के साथ-साथ व्यवहार संबंधी पहलुओं से संबंधित प्रशिक्षण	86.75%

द्वारा की गयी लाभ पर प्रतिकूल टिप्पणी से मुक्त होना चाहिए. यदि किसी प्रतिकूल टिप्पणी के मामले में, लाभांश भुगतान अनुपात की गणना करते समय शुद्ध लाभ को उपयुक्त रूप से समायोजित किया जाना चाहिए.

iv. बेसल-III अनुपालन बांडों पर ब्याज का भुगतान न करने या सीसीबी सहित बेसल-III सीआरएआर अनुपात की उपलब्धि न होने की स्थिति में, आरबीआई इस उद्देश्य के लिए जारी अपने मास्टर परिपत्र में लाभांश पर प्रतिबंध लगाता है.

V. आंतरिक और बाहरी कारक:

बैंक का लाभांश भुगतान निर्णय कुछ बाहरी कारकों पर भी निर्भर करेगा जैसे कि देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति, वैधानिक और नियामक प्रावधान, आस्थगित कर परिसंपत्तियों के उपचार सहित कर विनियम आदि, जैसा कि लाभांश की घोषणा के समय लागू हो सकता है.

उपरोक्त बाहरी कारकों के अलावा, बोर्ड विभिन्न आंतरिक कारकों को भी ध्यान में रखेगा, जैसे व्यवसाय विकास योजनाएं, अन्तरिम लाभांश भुगतान, एनपीए की पहचान में विचलन के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक वित्तीय जांच के निष्कर्ष, प्रावधानों में कमी आदि, खातों के विवरण हेतु लेखा परीक्षकों की योग्यता, भावी पूंजी आवश्यकताएं, पूंजीगत संपत्ति का प्रतिस्थापन, आदि. लाभांश के संबंध में बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा.

VII. शेयरों के विविन्न वर्गों के अनुसार प्रावधान:

वर्तमान में बैंक के पास सिर्फ एक वर्ग का शेयर है यथा इक्विटी शेयर. भविष्य में किसी अन्य वर्ग के शेयर जारी करने के लिए बैंक को यथा समय उचित मानदंड निर्धारित करने होंगे. तथापि यदि बैंक अधिमानी शेयर जारी करता है तो बैंक को लागू दिशा-निर्देशों को अनुपालन करना होगा.

VII. लाभांश के भुगतान का तरीका:

सेबी (एलओडीआर) विनियमों के विनियम 12 के अनुसार, लाभांश के भुगतान के लिए बैंक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित भुगतान सुविधा के किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मोड का उपयोग करेगा. जहां भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक मोड का उपयोग करना संभव नहीं है, पात्र शेयरधारकों को 'सममूल्य पर देय' वारंट या डिमांड ड्राफ्ट जारी किए जाएंगे.

VIII प्रकटीकरण और रिपोर्टिंग:

ए. इस नीति को बैंक की वेबसाइट पर दर्शाया जाएगा और वार्षिक रिपोर्ट में एक वेब लिंक प्रदान किया जाएगा.

बी. बैंक आरबीआई द्वारा निर्दिष्ट प्रोफार्मा और समयसीमा के अनुसार लेखा वर्ष के दौरान घोषित लाभांश का विवरण आरबीआई को रिपोर्ट करेगा.

सी. बैंक केवल सेबी (एलओडीआर) विनियमों के तहत निर्दिष्ट अनुसार प्रति शेयर के आधार पर लाभांश की घोषणा और उल्लेख करेगा.

IX. अवधि

यह नीति संशोधित होने अथवा बोर्ड द्वारा समाप्त किए जाने तक प्रभावी रहेगी. इस नीति एवं वर्तमान नीति के अनुमोदन के पश्चात कृत विनियामक परिवर्तनों के मध्य किसी मामले में किसी विचलन की स्थिति में जब तक इस नीति में ऐसे परिवर्तनों को संशोधित किए जाए तब तक विनियामक परिवर्तन प्रभावी रहेंगे.

लाभांश वितरण नीति बैंक की वेबसाइट पर निम्न वेब लिंक पर भी उपलब्ध है: https://centralbankofindia.co.in/en/node/1750

अनुलग्नक

लाभांश भुगतान अनुपात की अधिकतम अनुमत सीमा के लिए मानदंड का मैट्रिक्स (आरबीआई परिपत्र संख्या आरबीआई/2004-05/451; डीबीओडी. सं.बीपी.बीसी. 88/21.02.067/2004-05 दिनांक 04 मई 2005) के अनुसार

वर्ग	सी आर ए आर	शुद्ध एनपीए अनुपात			
		शून्य	शून्य से अधिक किन्तु 3% से कम	3% से 5% कम	5% से 7% कम
		लाभांश भुगतान अनुपात की सीमा			
ए	विगत 3 वर्षों में प्रत्येक के लिए 11% या अधिक	40 तक	35 तक	25 तक	15 तक
बी	विगत 3 वर्षों में प्रत्येक के लिए10% या अधिक	35 तक	30 तक	20 तक	10 तक
सी	विगत 3 वर्षों में प्रत्येक के लिए 09% या अधिक	30 तक	25 तक	15 तक	5 तक
डी	वर्तमान वर्ष के लिए 09% या अधिक	10 तक		5 तक	शून्य

मे. **एस जयकिशन**
सनदी लेखाकार
12 हो ची मिन्ह सरनी, सूट सं. 2(डी, ई एंड एफ)
कोलकाता - 700071

मे. **छाजेड एंड दोशी**
सनदी लेखाकार
101, हबटाउन सोलारिस, एन एस फड़के मार्ग, अंधेरी (पूर्व)
मुम्बई - 400063

मे. **ए एस के ए एंड कंपनी**
(पुराना नाम- अम्बेकर शेलार कर्वे एंड अंबार्डेकर)
सनदी लेखाकार
501, मिराज आर्केड, गणेश मंदिर के सामने, ऑफ फड़के रोड,
डोम्बीवली (पूर्व) - 421201

मे. **किशोर एंड किशोर**
सनदी लेखाकार
सी-7, सेक्टर ई (न्यू)
अलीगंज, लखनऊ- 226024

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति,
सदस्यगण
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया,
मुम्बई

लेखापरीक्षित एकल वित्तीय विवरणियों पर रिपोर्ट

अभिमत

1. हमने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ("बैंक") की संलग्न वित्तीय विवरणियों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें दिनांक 31 मार्च, 2022 का तुलन पत्र, लाभ हानि खाते तथा समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह विवरण एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के संक्षेप सहित एकल वित्तीय विवरणियों पर नोट्स तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं जिसमें इस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए हमारे द्वारा लेखा परीक्षित प्रधान कार्यालय, 12 अचंलों, 1 विशेष एकीकृत ट्रेजरी शाखा तथा 20 शाखाओं की विवरणियां तथा संबंधित सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित 1869 शाखाओं की वित्तीय विवरणियां समाहित हैं.

   हमारे द्वारा लेखा परीक्षित तथा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित शाखाओं का चयन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है. तुलनपत्र, लाभ-हानि खाता तथा नकदी प्रवाह विवरणी में 2639 शाखाएँ जो लेखा परीक्षा के अधीन नहीं थीं, की विवरणियों को भी शामिल किया गया है. अलेखापरीक्षित इन शाखाओं में अग्रिमों का 16.76 प्रतिशत, जमाओं का 34.97 प्रतिशत, ब्याज आय का 9.27 प्रतिशत तथा ब्याज व्यय का 33.12 प्रतिशत विद्यमान है.

2. हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उक्त एकल वित्तीय विवरणियां बैंकिंग विनिमय अधिनियम 1949 (इसके बाद "अधिनियम" के रूप में संदर्भित) तथा बैंक को अपेक्षित तरीके से जानकारी प्रदान करते हैं और भारत में आम तौर पर स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं.

   ए. तुलनपत्र एवं उस पर प्रस्तुत टिप्पणियों के साथ पठित यह पूर्ण एवं उचित तुलनपत्र है जिसमें सभी आवश्यक विवरण समाहित हैं. इसे समुचित ढ़ंग से तैयार किया गया है ताकि 31 मार्च 2022 हेतु यह बैंक की स्थिति को वास्तविक एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण से प्रदर्शित कर सके.

   बी. लाभ एवं हानि खाता, उस पर प्रस्तुत टिप्पणियों के साथ, उस तिथि पर समाप्त वर्ष हेतु लाभ का वास्तविक शेष प्रदर्शित करता है, तथा

   सी. नकदी प्रवाह विवरण, उस तिथि पर समाप्त वर्ष हेतु नकदी प्रवाह का वास्तविक एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है.

अभिमत का आधार

3. हमने हमारी लेखापरीक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखांकन मानकों (एसए) के अनुरूप की है. उन मानकों के अंतर्गत हमारा उत्तरदायित्व, हमारी रिपोर्ट के एकल वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा खंड में शामिल लेखापरीक्षकों के उत्तरदायित्व में पुन: व्याख्यायित है. नैतिक आवश्यकताओं के साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी नैतिकता कोड के अनुरूप हम बैंक से स्वतंत्र है, जो बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के अंतर्गत एकल वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और जिन्हें आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानकों तथा बैंकिंग विनियमनकारी अधिनियम, 1949 के धारा 29 के प्रावधानों और भारतीय रिजर्व बैंक (भारिबै) द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों सहित भारत में सामान्यत: स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुरूप तैयार किया गया है, और हमारे द्वारा अपने अन्य सभी नैतिक उत्तरदायित्वों तथा नैतिकता कोड के अनुरूप हमने अपने अन्य नैतिक उत्तरदायित्वों को पूरा किया है. हमें विश्वास है कि हमें प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर्याप्त हैं और एकल वित्तीय विवरणियों पर हमारे अभिमत के लिए एक उचित आधार प्रदान करता है.

मामले का जोर

4. हम निम्न पर ध्यान आकर्षित करते हैं :

   ए. परिवार पेंशन को संशोधित किए जाने पर उत्पन्न ₹ 821.95 करोड़ की अतिरिक्त देयता के परिशोधन के संबंध में वित्तीय विवरणियों की अनुसूची संख्या 18 का नोट सं. 15(v) हैं. बैंक द्वारा ₹ 544.52 करोड़ की राशि 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष हेतु लाभ तथा हानि खाते से प्रभारित की गई है और शेष राशि अपरिशोधित राशि को भारिबैं के परिपत्र संख्या आरबीआई/2021-22/105डीओआरएसीसी.

आरईसी/21.04.018/2021-22 दि. 4 अक्टूबर, 2021 के अनुसार अग्रेषित कर दिया है.

बी. एकल वित्तीय विवरणियों की अनुसूची 18 के नोट संख्या 1 (डी) ₹ 18724.22 करोड़ की संचित हानि शेयरधारकों तथा भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत शेयर प्रीमियम खाते में उपलब्ध शेष से समंजित करने से संबंधित है.

सी. एकल वित्तीय विवरणियों की अनुसूची 18 के नोट संख्या 20 (डी) आस्थगित कर से संबंधित हैं, जहां समय के अंतर से उत्पन्न संभावित कर लाभों के संबंध में बैंक प्रबंधन द्वारा समीक्षा के आधार पर, 31 मार्च 2022 की स्थिति पर ₹ 6862.05 करोड़ की शुद्ध आस्थगित कर संपत्ति (31 मार्च 2021 को ₹ 7545.68 करोड़) चिन्हित की गई है.

डी. एकल वित्तीय विवरणियों की अनुसूची 18 के नोट संख्या 11 कोविड-19 महामारी से उपजी अनिश्चितताओं तथा इनकी बैंक की वित्तीय निष्पादकता पर होने वाले प्रभाव, जो भविष्य में होने वाले परिवर्तनों पर निर्भर है और जो अनिश्चित हैं के संबंध में प्रबंधन द्वारा मूल्यांकन वर्णित करता है.

इस संबंध में हमारा अभिमत संशोधित नहीं है.

मूल लेखापरीक्षा मामले

5. मुख्य लेखापरीक्षा के मामले वे मामले हैं जो हमारे व्यावसायिक निर्णय में दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए एकल वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण है. ये मामले, सम्पूर्ण एकल वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में प्रदर्शित किए जाते हैं और उनके आधार पर हम अपने अभिमत का निर्माण करते हैं और हम इन मामलों पर पृथक अभिमत नहीं प्रदान करते हैं. नीचे वर्णित मामलों को हमारे द्वारा बैंक का मूल लेखापरीक्षा मामला माना गया है, जो हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जाएंगे.

मूल लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षक की प्रतिक्रिया
1. **गैर निष्पादक अग्रिमों की पहचान और प्रावधान को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति श्रेणीकरण और प्रावधानों पर निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंड के संगत किया गया है. (एकल वित्तीय विवरणियों की अनुसूची 9 सहपठित अनुसूची 17 के नोट 2, का संदर्भ लें)** अग्रिम में बैंक की कुल आस्ति का पर्याप्त भाग सन्निहित है. गैर निष्पादक अग्रिमों (एनपीए) की पहचान प्रवर्तमान कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) सॉफ्टवेयर में अंतर्निहित विभिन्न नियंत्रणों और तर्कों के आधार पर प्रणाली द्वारा ही की जाती है. एनपीए और पुनर्गठित अग्रिमों के लिए प्रावधान प्रबंधतंत्र द्वारा किए गए अग्रिमों में क्षति के स्तर के निर्धारण के आधार पर किया जाता है जो समय-समय पर निर्धारित भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों द्वारा मार्गदर्शित और उसके तहत विनिर्दिष्ट न्यूनतम प्रावधान स्तरों के अधीन होता है. एनपीए पर प्रावधान उपलब्ध प्रतिभूति के मूल्य पर भी निर्भर होता है. पुनर्गठित खातों में प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार गैर निष्पादक अग्रिमों (एनपीए) की पहचान करने के लिए प्रबंधतंत्र के कड़े प्रयास, प्रावधान (एनपीए के रूप में वर्गीकृत न किए गए आस्तियों के प्रावधान सहित) निर्धारित करते समय प्रबंधतंत्र का निर्णय, एनपीए की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन और इन सभी का बैंक की वित्तीय विवरणियों पर होने वाले प्रभाव के कारण गैर निष्पादक अग्रिमों (एनपीए) की पहचान और ऋण एवं अग्रिमों के प्रावधानीकरण को हमारे द्वारा बैंक की वित्तीय विवरणियों की मूल लेखापरीक्षा के रूप में विचारित किया जाता है.	हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में अग्रिमों से सम्बंधित स्वीकृति, अभिलेख, मॉनिटरिंग और आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण से सम्बंधित मूल लेखा प्रक्रियाओं पर आंतरिक नियंत्रण की प्रभाविता और मुख्य आंतरिक नियंत्रकों की डिजाइन तथा परिचालनीय प्रभाविता का निर्धारण शामिल है. विशेष रूप से : » हमने अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधानीकरण से संबंधित भारिबैंक के सुसंगत दिशानिर्देशों के अनुपालन में बैंक के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया है और उसे समझा है. » हमने एनपीए की पहचान और तद्नुसार आय के प्रतिवर्तन और प्रावधान के निर्माण की प्रक्रिया को समझा है तथा उसका मूल्यांकन किया है. » हमने अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण के संबंध में मैनुअल प्रक्रिया और मैनुअल नियंत्रण सहित संगत नियंत्रणों के परिचालनीय प्रभाविता के लिए प्रयुक्त मूल आईटी सिस्टम/एप्लीकेशन का विश्लेषण किया है और उसे समझा है. मूल नियंत्रणों के परिचालन की प्रभाविता को सुनिश्चित करने और इस संबंध में भारिबैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन के क्रम में, हमने सत्यापित किया है कि क्या सीबीएस सिस्टम और प्रबंधतंत्र दोनों द्वारा उपलब्ध प्रतिभूति के मूल्य में अवक्षय को समय से पहचाना गया है. » उपलब्ध प्रतिभूति की कीमत में रिक्तीकरण की समय पर पहचान की है. » समय-समय पर की गई निगरानी और आस्ति वर्गीकरण के आधार पर पर्याप्त प्रावधान किया है, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक के कोविड-19 विनियामक पैकेज के अनुसार अस्ति वर्गिकरण का लाभ प्राप्त खाते भी शामिल हैं. » हम, आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधानीकरण के संबंध में सम्बंधित शाखा लेखापरीक्षकों की स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के साथ साथ शाखाओं तथा प्रधान कार्यालय स्तर के सभी परिवर्तन ज्ञापनों पर विश्वास जताते है.

मूल लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षक की प्रतिक्रिया
2. निवेश बैंक के निवेश पोर्टफोलियों में सरकारी प्रतिभूतियां, बॉन्ड्स, डिबेंचर्स, शेयर, प्रतिभूति रसीद और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों जैसे निवेश शामिल है जो कि तीन श्रेणियों के अंतर्गत, परिपक्वता तक रखी जाने वाली, बिक्री के लिए उपलब्ध और व्यापार के लिए रखी जाने वाली के रूप में वर्गीकृत हैं. निवेश में बैंक के कुल आस्ति का एक पर्याप्त हिस्सा भी शामिल है. निवेशों का मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों (एनपीआई) की पहचान और सम्बंधित आय प्राप्त न होने एवं उन पर प्रावधान का पहचाना न जाना भारिबैंक के प्रासंगिक परिपत्रों /दिशानिर्देशों/ निर्देशों के अनुसार किया जाता है. (वित्तीय विवरणियों की अनुसूची 17 के नोट 4 के साथ पठित अनुसूची 8 का संदर्भ लें) उक्त प्रतिभूति के प्रत्येक प्रकार का मूल्यांकन भारिबैंक द्वारा जारी परिपत्रों और आदेशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार करना होगा, जिनमें विभिन्न स्रोतों से संग्रहित डाटा/ सूचनाएं जैसे कि एफबिल दर, बीएसई/एनएसई पर प्रदर्शित दरों, गैर सूचीबद्ध कम्पनियों की वित्तीय विवरणियां, प्रतिभूति रसीदों के मामले में एनएवी इत्यादि शामिल है. भारिबैंक के आदेशों के अनुसार, कुछ निश्चित निवेश है जो बाजार मूल्य पर मूल्यांकित है तथापि कुछ निश्चित निवेश मूल्यांकन पद्धतियों पर आधारित है जिसमें अंतर्निहित पूर्वानुमानों के साथ सांख्यिकीय मॉडल, वित्तीय विवरणियों इत्यादि पर आधारित मूल्यांकन पर कीमत का निर्धारण आदि भी शामिल है. इन निवेशों के मूल्यांकन के लिए निश्चित की गई कीमत केवल निवेशों का निष्पक्ष निर्धारण है. इसलिए निवेशों के मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है और आगे वित्तीय विवरणियों में निवेशों की राशि के महत्व को ध्यान में रखते हुए, उस पर हमारी लेखापरीक्षा में मूल लेखापरीक्षा मामले के रूप में विचार किया जाता है.	निवेशों की तरफ हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में भारिबैंक के परिपत्रों/ आदेशों के संदर्भ के साथ अनर्जक निवेशों (एनपीआई) की पहचान, मूल्यांकन, वर्गीकरण, निवेशों पर प्रावधानीकरण/मूल्यह्रास से सम्बंधित मूल लेखा प्रक्रियाओं पर आंतरिक नियंत्रण की प्रभाविता और मुख्य आंतरिक नियंत्रकों की डिजाइन तथा परिचालनीय प्रभाविता का निर्धारण शामिल है. विशेष रूप से: » अनर्जक निवेशों की पहचान, मूल्यांकन, वर्गीकरण, प्रावधानीकरण और निवेशों पर मूल्यह्रास से संबंधित भारिबैंक के प्रासंगिक दिशानिर्देशों की संगत में हमने बैंक द्वारा निर्धारित सिस्टम और आंतरिक नियंत्रण का आंकलन किया है और उसे समझा है. » भारिबैंक के दिशानिर्देशों की संगत में प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए पुनर्मुल्यांकन द्वारा भारिबैंक के मास्टर परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों के अनुपालन के साथ निवेशों के चयनित नमूनों के लिए शुद्धता और अनुपालन की जांच की गई है. » हमने एनपीआई के पहचान की प्रक्रिया, और आय की तदनुरूप निरसन और प्रावधानों के सृजन का आंकलन एवं मूल्यांकन किया है. » हमने, स्वतंत्र रूप से पुन: परिकलन करने, प्रावधान सृजित करने और मूल्यह्रास प्रदान करने के लिए मूल लेखापरीक्षा प्रक्रिया अपनाई है. » हमने देखा है कि वित्तीय विवरणों का प्रकटन प्रवर्तमान लेखा मानकों और भारतीय रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों की आवश्यकताओं के संदर्भ में बैंक के निवेश मूल्यांकन जोखिम को पर्याप्त रूप से दर्शाता है.
3. वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का उपयोग बैंक की परिचालन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया कोर बैंकिंग सोल्यूशन्स (सीबीएस) और अन्य स्वचालित प्रक्रिया के साथ समन्वित सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित आईटी प्रणाली पर निर्भर है और लेनदेनों की बृहद मात्रा को नियंत्रित करती है. प्रक्रिया एवं नियंत्रण, उचित उपयोगकर्ता संचालन और उपयोग में आ रहे प्रबंधकीय प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए है. बैंक के पास आईटी सेवाओं के रखरखाव के लिए उच्च प्रबंधतंत्र के पर्यवेक्षण एवं विशेषज्ञ परामर्श एजेंसियों सहयोग के अधीन कार्यरत आंतरिक सूचना एवं प्रौद्योगिकी(डीआईटी) विभाग है. तदनुसार, हमारी लेखापरीक्षा मूल आईटी प्रणाली और नियंत्रण के एकल वित्तीय विवरणियों पर व्यापक प्रभाव के कारण उस पर केंद्रित की गई है.	हमने मूल्यांकन कर मूल आईटी एप्लीकेशन, डाटाबेस और परिचालन प्रणाली की पहचान की, जो हमारी लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक है और वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए प्राथमिक रूप से प्रासंगिक सीबीएस एवं ट्रेजरी सिस्टम को चिन्हित किया. लेखापरीक्षा और वित्तीय सूचनाओं को तैयार करने में उपयोग किए जा रहे सीबीएस और ट्रेजरी परिचालन से संबंधित मूल आईटी सिस्टम के लिए हमारी लेखापरीक्षा का फोकस क्षेत्र अभिगम सुरक्षा (विशेषाधिकार प्राप्त के ऊपर नियंत्रण सहित) के साथ एप्लीकेशन परिवर्तन नियंत्रण, डाटाबेस प्रबंधन और नेटवर्क परिचालन के लिए है. विशेष रूप से : » हमने लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक की आईटी नियंत्रण स्थिति एवं मूल परिवर्तनों को समझा है जो लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हो सकती है. » हमने बैंक के मूल आईटी सिस्टम के ऊपर सामान्य आईटी नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और परिचालन प्रभाविता एवं स्वतंत्र विशेषज्ञों से प्राप्त की गई रिपोर्टों की जांच की है जो वित्तीय विवरणों रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण हैं. इसमें कर्तव्यों के पृथककरण मूल्यांकन और विधिवत अनुमोदित आवेदनों पर आधारित प्रावधान/संशोधित किए गए अधिकारों के संचालन, समयबद्ध तरीके में निरस्त किए गए एक्जिट मामलों के संचालन के लिए बैंक के नियंत्रण का मूल्यांकन शामिल है.

मूल लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षक की प्रतिक्रिया
	» हमने लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक प्रणाली सृजित रिपोर्टों के लिए मूल स्वचालित और मैनुअल व्यवसाय चक्रीय नियंत्रण और लॉजिक की भी जांच की है, साथ में प्रतिकारी नियंत्रणों अथवा आकलन हेतु निष्पादित वैकल्पिक प्रक्रियाओं, या जहां कोई असम्बोधित आईटी जोखिम हो जिससे वित्तीय विवरणियों, वित्तीय विवरणियों से इतर सूचनाएं और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर भौतिक प्रभाव पड़ता हो, की भी जांच की है.
4. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और दावे : ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किए गए अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावों पर कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक दायित्व का आकलन (अनुसूची 17 की नोट संख्या 11 और अनुसूची 18 का नोट संख्या 20.i) प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने में उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है. बैंक का मूल्यांकन मामले के तथ्यों, उनके अपने निर्णय, पिछले अनुभव, और कानूनी और स्वतंत्र विशेषज्ञों की सलाह से समर्थित है, जहां भी आवश्यक समझा जाता है. तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक के रिपोर्ट किए गए लाभ और बैलेंस शीट में प्रस्तुत मामलों की स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं. आकस्मिक दायित्व एक संभावित दायित्व है, जिसका परिणाम एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के घटित होने या न होने पर आकस्मिक होता है. प्रबंधन के फैसले में, बैंक के खिलाफ कर मांगों सहित ऐसे दावों और मुकदमों से अंतत: देयता नहीं होगी. हालांकि, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक के रिपोर्ट किए गए वित्तीय परिणामों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं जो इस स्तर पर संदिग्ध/अनिश्चित हैं. इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए, जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के आवेदन की आवश्यकता होती है, इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया गया है.	हमने अपनी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों की समझ प्राप्त की है जो परिस्थितियों में उपयुक्त हैं. हमने व्यापक रूप से प्रावधानीकरण के लिए प्रबंधन द्वारा उपयोग की जाने वाली अंतर्निहित धारणाओं और अनुमानों की समीक्षा की लेकिन चूंकि प्रभाव की सीमा भविष्य के विकास पर निर्भर है जो अत्यधिक अनिश्चित हैं. इसलिए हम मुख्य रूप से उन धारणाओं और अनुमानों पर निर्भर थे, जो बैंक द्वारा आवधिक समीक्षा के विषय हैं. हमने दावों और कर मुकदमों के संबंध में बैंक द्वारा प्राप्त प्रबंधन नोट और कानूनी राय पर भरोसा किया है और इस तरह के मुकदमों और दावों की प्रकृति, उनकी वर्तमान स्थिति, स्थिरता, विभिन्न कर प्राधिकरणों/न्यायिक मंचों और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई और उपलब्ध रिकॉर्ड और घटनाक्रम से लेकर आज तक के अंतिम समाधान पर दावों/मुकदमों के अंतिम दायित्व में बदलने की संभावना, हाल के आदेशों की जांच और/या उनसे प्राप्त संचार की समीक्षा करने के लिए हमारी आंतरिक टीम को शामिल किया है.

एकल वित्तीय विवरणियों के अतिरिक्त सूचना तथा उस पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

6. अन्य सूचनाओं के लिए बैंक का निदेशक मंडल जिम्मेदार है. अन्य सूचना में अनुलग्नकों सहित कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट जो हमने यह लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करते समय प्राप्त की थी एवं निदेशक मंडल की रिपोर्ट और प्रबन्धतंत्र से चर्चा और विश्लेषण जो इसके बाद हमें प्राप्त होना अपेक्षित है, शामिल है, किंतु इसमें वित्तीय विवरणियां और उन पर हमारे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं है.

एकल वित्तीय विवरणियों पर हमारी राय में अन्य सूचना एवं नये पूंजी पर्याप्तता ढांचे (बेसल III प्रकटीकरण) के तहत पिलर 3 प्रकटीकरण शामिल नहीं है और हम इस पर कोई आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं और नहीं करेंगे.

एकल वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारा यह उत्तरदायित्व है कि उपर्युक्त चिन्हित अन्य सूचना जब भी उपलब्ध होगी, उसे पढ़ना है और ऐसा करते हुए इस बात पर विचार करना है कि क्या अन्य सूचना एकल वित्तीय विवरणियों के साथ अथवा लेखापरीक्षा में हमे प्राप्त जानकारी के साथ वास्तविक असंगत है अथवा वह अन्यथा विषय से अयथार्थ प्रतीत होती है.

लेखापरीक्षा रिपोर्ट से पूर्व प्राप्त अन्य सूचना पर हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि प्राप्त यह सूचना अयथार्थ प्रतीत होती है, तो हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है. हमें इस संबंध कुछ नहीं करना है.

जब हम अनुलग्नकों के साथ निदेशकों की रिपोर्ट और प्रबंधतंत्र विचार-विमर्श एवं विश्लेषण पढ़ते हैं और यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि यह अयथार्थ प्रतीत होती है तो हमें उन आरोपित मामले को गवर्नेंस को सूचित करना आवश्यक है और लागू विधि एवं विनियामकों के अंतर्गत कार्यवाही निर्धारित करनी होगी.

एकल वित्तीय विवरणियों हेतु गवर्नेंस को सूचित आरोपित मामले तथा प्रबंधंतत्र की जिम्मेदारी:

7. बैंक की प्रबंधन एवं निदेशक मंडल इन एकल वित्तीय विवरणियों को तैयार करने के संबंध में उत्तरदायी है जो आईसीएआई द्वारा निर्धारित लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्य तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतो के अनुसार, तथा एवं बैंकिंग विनियामक अधिनियम, 1949 के अनुबन्ध 29 के तहत लागू लेखांकन मानकों तथा प्रावधान एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देश एवं परिपत्र के अनुसार बैंक की एकल वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य निष्पादन और बैंक का एकल नकद प्रवाह के मामले में सत्य एवं उचित जानकारी देता है. इस उत्तरदायित्व में सच्चा और निष्पक्ष प्रदर्शन करने वाली तथा धोखाधडी या त्रुटि के कारण गलत विवरण से मुक्त एकल वित्तीय विवरणियों को तैयार एवं प्रस्तुत करने के लिए बैंक की आस्तियों की सुरक्षा हेतु अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के रखरखाव सहित धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं समाप्त करने हेतु, उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन तथा उन्हें लागू करना, निर्णय लेना तथा यह अनुमान लगाना कि वे उचित और विवेकपूर्ण है और लेखांकन रिकॉर्ड की शुद्धता तथा परिपूर्णता सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रकों की डिज़ाइन, कार्यान्वयन तथा रखरखाव का प्रभावी परिचालन करना भी शामिल है.

एकल वित्तीय विवरणियों को तैयार करने कार्यशील संस्था के रूप में निरंतर बने रहने के लिए बैंक की क्षमता का आंकलन करने, कार्यशील संस्थाओं को लागू मामलों संबंधी प्रकटीकरण तथा कार्यशील संस्था आधारित लेखांकन का उपयोग करने के लिए बैंक के संबंधित निदेशक मंडल उत्तरदायी है तब तक बैंक का संबंधित निदेशक मंडल न तो बैंक का परिसमापन करेगा या परिचालन रोकेगा जब तक ऐसा करने सिवाय कोई अन्य वास्तविक विकल्प न हो. बैंक का संबंधित निदेशक मंडल बैंक के वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के पर्यवेक्षण हेतु भी उत्तरदायी है.

एकल वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

8. हमारा उद्देश्य, यह तार्किक आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या एकल वित्तीय विवरणियां धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण एक समग्र रूप से विषयी अयथार्थ से मुक्त है, और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना जिसमें हमारी राय शामिल है. यह तर्कसंगत आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है लेकिन एक गारंटी नहीं कि एकल वित्तीय विवरणियों के अनुसार संचालित लेखापरीक्षा से हमेशा विद्यमान विषयी अयथार्थ का सदैव पता लगेगा. अयथार्थ धोखाधड़ी अथवा त्रुटि से उत्पन्न हो सकता है और यदि वैयक्तिक अथवा समग्र रूप में यह विषयगत समझा जायेगा, तो इन एकल वित्तीय विवरणियों के आधार पर उपयोगकर्त्ता द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों को तर्कसंगत रूप से प्रभावित कर सकता है.

लेखापरीक्षा के एक भाग के तौर पर, हम व्यावसायिक निर्णय प्रक्रिया का पालन करते हैं एवं लेखापरीक्षा के दौरान व्यावसायिक संशयशीलता बनाए रखते हैं. हम यह भी करते हैं:

» एकल वित्तीय विवरणियों के विषयी अयथार्थ के जोखिम की पहचान अथवा आकलन करना, चाहे वो धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण हो, उन जोखिमों के लिए लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन कर निष्पादित करना और लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हो. धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप होने वाली सामग्री के गलत विवरण का पता नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि के परिणास्वरूप होने वाले जोखिम से अधिक हैं क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रण का ओवरराइड सम्मिलित हो सकता है.

» लेखापरीक्षा से सम्बंधित आंतरिक नियंत्रणों को समझना ताकि लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन किया जा सके जो परिस्थितियों में उपयुक्त हो.

» प्रयोग की गई लेखांकन नीतियों के औचित्य और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों एवं सम्बंधित प्रकटीकरण का मूल्यांकन करना.

» लेखांकन तथा लिए गए लेखांकन साक्ष्य के आधार पर प्रबंधन उपयोग की उपयुक्तता पर और प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर निष्कर्ष निकालना कि क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई भौतिक अनिश्चितता मौजूद है जो बैंक को एक कार्यशील संस्था के रूप में जारी रखने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है. यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि भौतिक अनिश्चितता मौजूद है, हमें अपना ध्यान अपने लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में एकल वित्तीय विवरणों से संबंधित प्रकटीकरण पर आकर्षित करना होगा अथवा, यदि अपनी राय को संशोधित करने के लिए ऐसे प्रकटीकरण अपर्याप्त हैं. हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित है. तथापि, भविष्य में होने वाली घटनाओं या स्थितियों के कारण बैंक एक कार्यशील संस्था के रूप मे जारी रहना बंद हो सकता है.

» प्रकटीकरण सहित एकल वित्तीय विवरणियों का समग्र प्रस्तुतीकरण, संरचना एवं सामग्री का मूल्यांकन करना एवं क्या एकल वित्तीय विवरणियां अंतरनिहित लेनदेनों एवं घटनाओं का इस तरह से प्रतिनिधित्व करते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती है.

एकल विवरणी में एक विषयी अयथार्थ की महत्ता है जो वैयक्तिक अथवा समग्र रूप से इसे संभव बनाता है कि वित्तीय विवरणियों के एक तर्कसंगत अनुभवी उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं. हम (i) हमारे लेखापरीक्षा कार्य क्षेत्र कि योजना बनाने और हमारे कार्य परिणामों का मूल्यांकन करने और (ii) वित्तीय विवरणियों में किसी चिन्हित अयथार्थ विवरणों के प्रभाव का मूल्यांकन करने में मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक घटकों का विचार करते हैं.

हम अन्य मामलों के अलावा, लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों के बारे में मूल बैंक के गवर्नेंस के साथ संवाद करते हैं, जिसमें आंतरिक नियंत्रण में कोई भी महत्वपूर्ण कमियां शामिल हैं जिन्हें हम अपने लेखापरीक्षा के दौरान पहचानते हैं.

हम गवर्नेंस द्वारा आरोपित लोगों को एक बयान भी प्रदान करते हैं कि जिन पर का आरोप है कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का पालन किया है, और उन सभी रिश्तों और अन्य मामलों क बारे में बताया है जो हमारी स्वतंत्रता और संबंधित सुरक्षा, जहां लागू हो पर उचित रूप से प्रभाव डालते हैं.

गवर्नेंस के साथ संप्रेषित मामलों से, हम उन मामलों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं.

हम अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता नहीं है या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि मामलों को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से जनमानस के हित प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो सकते हैं.

अन्य मामले

9. हमने 1869 शाखाओं के वित्तीय विवरणियों/सूचना की लेखापरीक्षा नहीं की है जो बैंक के वित्तीय विवरणियों में शामिल हैं और इन शाखाओं की वित्तीय विवरणियों /सूचनाओं, से 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु कुल संपत्ति रु. 230319.41 करोड़, कुल आय रु. 6490.24 करोड़ होने की जानकारी मिलती है, जैसाकि वित्तीय विवरणों में माना गया है. 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष हेतु इन शाखाओं द्वारा अग्रिमों का 43.90 प्रतिशत, जमाओं का 61.16 प्रतिशत, गैर-निष्पादक आस्तियों का 22.92 प्रतिशत तथा आय का 25.19 प्रतिशत कवर किया जाता है. इन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत की गई है और वित्तीय विवरणों पर हमारी रिपोर्ट, जहां तक, यह इन सहायक कंपनियों और सहयोगी के संबंध में शामिल राशि और प्रकटीकरण से संबंधित है, वह केवल अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है.

10. लेखापरीक्षा करने के दौरान हमारे द्वारा 2639 शाखाओं के संबंध में अलेखापरीक्षित विवरणियों जिन्हें संबंधित शाखा प्रबंधन द्वारा प्रमाणित किया गया है और जिनकी 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरणियों/सूचनाओं से कुल रु. 58318.30 करोड़ की परिसंपत्तियां और कुल आय रु. 2836.01 करोड़ परिलक्षित होता है. 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष हेतु, इन अलेखापरीक्षित शाखाओं द्वारा अग्रिमों का 16.76 प्रतिशत, जमाओं का 34.97 प्रतिशत और गैर-निष्पादक अस्तियों का 8.76 प्रतिशत और 11.01 आय कवर की गई है.

उपरोक्त मामले के संबंध में हमारी राय आशोधित नहीं है.

अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

11. एकल तुलन पत्र एवं एकल लाभ और हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तैयार किया गया है.

12. उपर्युक्त पैरा 7 से 10 में उल्लिखित लेखा परीक्षा की सीमाओं के अधीन और जैसा कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 द्वारा आवश्यकताओं एवं प्रकटीकरण की अपेक्षित सीमाओं के अधीन, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

    ए. हमने सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारे जानकारी एवं विश्वास हेतु हमारे लेखा परीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक थे, और उन्हें संतोषजनक पाया है.

    बी. बैंक के व्यवहार, जो हमारे संज्ञान में आए हैं वे बैंक की शक्तियों के अनुसार हैं; तथा

    सी. बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त विवरणियां हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए पर्याप्त पाई गई हैं.

13. "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक लेखा परीक्षक की नियुक्ति - वित्त वर्ष 2019-20 से एससीए हेतु रिपोर्टिंग दायित्व" पर संबंधित पत्र संख्या डीओएस.एआरजी.सं. 6270/08.91.001/2019-20 दि. 17 मार्च 2020 जो इसके पश्चात भारिबै द्वारा जारी संप्रेषण दिनांक 19 मई 2020 के साथ पठित है, के अनुच्छेद 2 में विर्निदिष्टानुसार मामलों पर हम पुन: रिपोर्ट करते हैं :

    ए. हमारी राय में उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरणियां आईसीएआई द्वारा जारी किए गए लागू लेखांकन मानकों का इस सीमा तक अनुपालन करते हैं कि वे भारिबैं द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं.

    बी. वित्तीय व्यवहारों अथवा मामलों पर कोई निष्कर्ष अथवा टिप्पणियां नहीं हैं, जिनका बैंक के काम-काज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है.

    सी. चूँकि , बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है, अतएव कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 164 की उपधारा (2) के अंतर्गत बैंक के निदेशक होने की अयोग्यता बैंक पर लागू नहीं होती है.

    डी. खातों के रख-रखाव और उससे संबद्ध अन्य मामलों से संबंधित कोई स्थितियां, आपत्तियां या प्रतिकूल टिप्पणियां नहीं हैं.

    ई. भारतीय रिजर्व बैंक के पत्रांक डीओएस.एआरजी. सं. 6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (यथासंशोधित) के आलोक में, बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता एवं परिचालनात्मक प्रभावशीलता पर हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के **अनुलग्नक ए** में प्रस्तुत की गई है. 31 मार्च 2022 हेतु वित्तीय विवरणियों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर हमारी रिर्पोट एक असंशोधित राय व्यक्त करती है.

14. हम आगे रिपोर्ट करते हैं :

1. हमारी राय में, बैंक द्वारा विधि द्वारा अपेक्षित उचित लेखा पुस्तकें रखी गई हैं, जैसा कि हमारे द्वारा उन पुस्तकों की जांच से प्रतीत होता है और हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त उचित विवरणियां उन शाखाओं से प्राप्त हुई हैं जिनका हमने दौरा नहीं किया है.

बी. इस रिपोर्ट द्वारा सरोकार रखने वाले तुलन पत्र, लाभ और हानि खाता, और नकदी प्रवाह विवरणियां, खाते की संबंधित पुस्तकों के साथ और उन शाखाओं से प्राप्त विवरणियों के साथ मेल खाते हैं, जिनका हमारे द्वारा दौरा नहीं किया गया है.

सी. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के तहत बैंक के शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित शाखा कार्यालयों के खातों की रिपोर्ट हमें अग्रेषित की गई है और इस रिपोर्ट को तैयार करने में हमारे उनके साथ द्वारा समुचित सरोकार रखा गया है; तथा

डी. हमारी राय में, एकल तुलनपत्र, एकल लाभ और हानि खाता और एकल नकदी प्रवाह विवरण लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं; इस हद तक कि वे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं.

कृते **एस जयकिशन**
सनदी लेखाकार
एफ आर नंबर 309005ई

(सी ए रीतेश अग्रवाल)
भागीदार
एम नंबर 062410
यूडीआईएन: 22062410 एआइपीडब्लूएफओ 9548

कृते **ए एस के ए एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफ आर नंबर 122063 डब्लू

(सी ए विजय शेलार)
भागीदार
एम नंबर 101504
यूडीआईएन: 22101504एआईपीवीयूसी 2673

स्थान : मुंबई
दिनांक : 09 मई 2022

कृते **छाजेड एंड दोशी**
सनदी लेखाकार
एफ आर नंबर 101794 डब्ल्यू

(सी ए किरण के दफ्तरी)
भागीदार
एम नंबर 010279
यूडीआईएन: 22010279 एआइपीवीयूएच9802

कृते **किशोर एंड किशोर**
सनदी लेखाकार
एफ आर नंबर 000291एन

(सीए पी आर करंथ)
भागीदार
एम नंबर 018808
यूडीआईएन: 22018808एआईपीवीवीएफ 2318

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक "ए"

(इस तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुभाग 'अन्य विधिक और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' के पैराग्राफ 12 (ई) में संदर्भित

भारतीय रिजर्व बैंक ("आरबीआई") पत्र डीओएस.एआरजी. सं.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित) ("आरबीआई संप्रेषण") द्वारा अपेक्षित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट")

1. हमने 31 मार्च, 2022 को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ("बैंक") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के साथ, जिसमें बैंक की शाखाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शामिल है.

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

2. भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर जारी मार्गदर्शन नोट में उल्लेख के अनुसार, आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए बैंक का प्रबंधन जिम्मेदार है. इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और उस आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को बनाए रखना है जो बैंक की नीतियों के दृढ़ अनुपालन सहित व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाना, लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता और जैसा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और दिशानिर्देशों के तहत आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय सूचना की समय पर तैयारी शामिल है.

लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी

3. हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना हमारी जिम्मेदारी है. हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ('आईसीएआई") द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर जारी मार्गदर्शन नोट में उल्लेख एवं आईसीएआई द्वारा जारी किए गए ऑडिटिंग (एसएएस) पर मानकों के अनुसार आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागू सीमा तक अपनी लेखापरीक्षा की है. उन मानकों और मार्गदर्शन नोट के लिए आवश्यक है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और लेखा परीक्षा करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखा गया था और क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं.

हमारे पूंजी में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और उनकी परिचालनात्मक प्रभावशीलता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए निष्पादक प्रक्रियाएं शामिल हैं. वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को समझना, विद्यमान भौतिक दुर्बलता संबंधी जोखिम का आकलन करना, और मूल्यांकित जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के डिजाइन और परिचालनात्मक प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करना शामिल है. चयनित प्रक्रियाएं, जिसमें वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण गलत सूचना के जोखिमों का आकलन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं.

हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं और शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्ट के संदर्भ में, प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा साक्ष्य, अन्य मामलों संबंधी नीचे पैराग्राफ में संदर्भित हैं, वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर हमारी लेखापरीक्षा राय हेतु आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं.

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

4. वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे साधारणत: स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) उन अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित है, जो उचित विवरण में, बैंक की परिसंपत्तियों के लेनदेन और स्वभाव को सही और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं; (2) यह उचित आश्वासन प्रदान करते हैं कि लेनदेन को साधारणत: स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने के लिए आवश्यक के रूप में दर्ज किया गया है, और बैंक की प्राप्तियां और व्यय केवल बैंक के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरण के अनुसार किए जा रहे हैं; तथा (3) यह की संपत्ति के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करते है, जिसका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है.

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं

5. वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें मिलीभगत की संभावना या नियंत्रणों के अनुचित प्रबंधन ओवरराइड शामिल हैं, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण सामग्री गलत विवरण हो सकते हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है. इसके अलावा, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान जोखिम के अधीन हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में बदलाव के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर बिगड़ सकता है.

अभिमत

6. हमारी राय में, और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और नीचे दिए गए अन्य मामलों संबंधी पैराग्राफ में संदर्भित शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार के आधार पर, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर जारी मार्गदर्शन नोट में उल्लेख के अनुसार, आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए जो दिनांक 31 मार्च, 2022 को प्रभावी ढंग से संचालित हो रहे थे, पर बैंक का पर्याप्त नियंत्रण है.

अन्य मामले

7. हमारी पूर्वोक्त रिपोर्ट जहां तक, यह 70 (सत्तर) शाखाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता से संबंधित है, उन शाखाओं के संबंधित केंद्रीय सांविधिक लेखा परीक्षकों /सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है.

8. वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के हमारे परीक्षण के दौरान और शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, हमारे द्वारा कुछ मामलों पर ध्यान दिया गया. बैंक को मौजूदा जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स (आरसीएम) में बदलाव और कुछ ओआरसीएम डिजाइन करने सहित प्रक्रिया को और मजबूत करने की जरूरत है. इस संबंध में हमारे सुझाव बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को और मजबूत करने के लिए प्रबंधन को प्रस्तुत किए गए हैं.

इस मामले में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है.

कृते **एस जयकिशन**
सनदी लेखाकार
एफ आर नंबर 309005ई

(सी ए रीतेश अग्रवाल)
भागीदार
एम नंबर 062410
यूडीआईएन: 22062410 एआइपीडब्लूएफओ 9548

कृते **ए एस के ए एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफ आर नंबर 122063 डब्लू

(सी ए विजय शेलार)
भागीदार
एम नंबर 101504
यूडीआईएन: 22101504एआईपीवीयूसी 2673

कृते **छाजेड एंड दोशी**
सनदी लेखाकार
एफ आर नंबर 101794 डब्ल्यू

(सी ए किरण के दफ्तरी)
भागीदार
एम नंबर 010279
यूडीआईएन: 22010279 एआइपीवीयूएच9802

कृते **किशोर एंड किशोर**
सनदी लेखाकार
एफ आर नंबर 000291एन

(सीए पी आर करंथ)
भागीदार
एम नंबर 018808
यूडीआईएन: 22018808एआईपीवीवीएफ 2318

स्थान : मुंबई
दिनांक : 09 मई 2022

तुलन पत्र

31 मार्च, 2022 का

(000 को छोड़कर)

विवरण	अनुसूची सं.	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष ₹	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष ₹
पूंजी एवं देयताएं			
पूंजी	1	8,68,09,394	5,87,55,625
शेयर आवेदन राशि आबंटन लम्बित	1a	-	4,80,00,000
प्रारक्षित निधियां एवं अधिशेष	2	18,84,57,659	15,82,95,276
जमा राशियां	3	3,42,69,19,375	3,29,97,29,496
उधार राशियां	4	7,47,43,610	5,46,86,391
अन्य देयताएं एवं प्रावधान	5	8,87,25,895	7,26,83,150
कुल		**3,86,56,55,933**	**3,69,21,49,938**
आस्तियां			
नकदी एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष राशि	6	38,03,36,974	32,18,78,420
बैंकों में जमा राशियां एवं मांग व अल्प सूचना पर राशि	7	15,06,06,268	6,76,34,665
निवेश	8	1,40,78,69,475	1,48,58,24,347
अग्रिम	9	1,68,17,35,000	1,56,57,86,472
अचल आस्तियां	10	4,95,50,429	5,13,24,206
अन्य आस्तियां	11	19,55,57,787	19,97,01,828
कुल		**3,86,56,55,933**	**3,69,21,49,938**
आकस्मिक देयताएं	12	1,75,95,31,053	92,13,90,013
संग्रहण हेतु बिल	-	11,37,50,285	11,89,87,673
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	17		
लेखांकन के नोट	18		

ऊपर उल्लिखित अनुसूचियां तुलन पत्र का एक अभिन्न अंग हैं.

श्री आलोक श्रीवास्तव
कार्यपालक निदेशक

श्री विवेक वाही
कार्यपालक निदेशक

श्री राजीव पुरी
कार्यपालक निदेशक

श्री एम वी राव
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

श्री हार्दिक एम शेठ
निदेशक

श्री पी.जे.थॉमस
निदेशक

श्री दिनेश पांगती
निदेशक

श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी
निदेशक

कृते **एस.जयकिशन**
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 309005ई

(सी.ए रितेश अग्रवाल)
भागीदार
एम.नं. 062410
यूडीआईएन : 22062410एआईपीडब्ल्यूएमबी7737

कृते **छाजेड़ एवं दोशी**
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 101794डब्ल्यू

(सी.ए किरण के.दफ्तरी)
भागीदार
एम.नं. 010279
यूडीआईएन : 22010279एआइपाडब्लूसीई5031

कृते **ए.एस.के.ए एवं कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 122063डब्ल्यू

(सी.ए विजय शेलार)
भागीदार
एम.नं. 101504
यूडीआईएन : 22101504एआइपाडब्लूबीवी8382

कृते **किशोर एवं किशोर**
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 000291एन

(सी.ए पी.आर.करंथ)
भागीदार
एम .नं. 018808
यूडीआईएन :22018808एआइपाडब्लूसीसी2861

स्थान : मुंबई
दिनांक : 9 मई, 2022

लाभ एवं हानि खाता

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु

(000 को छोड़कर)

विवरण	अनुसूची सं.	31-मार्च-2022 को (₹)	31-मार्च-2022 को (₹)
I. आय			
अर्जित ब्याज	13	22,80,16,476	22,73,02,329
अन्य आय	14	2,96,84,840	3,11,56,742
कुल		**25,77,01,316**	**25,84,59,071**
II. व्यय			
प्रदत्त ब्याज	15	13,31,48,828	14,48,51,898
परिचालन व्यय	16	7,25,80,987	6,78,22,330
प्रावधान एवं आकस्मिकताएं		4,15,23,220	5,46,60,689
कुल		**24,72,53,035**	**26,73,34,917**
III. पूर्व अवधि मद से पहले के वर्ष के लिए लाभ/(हानि)		1,04,48,281	(88,75,846)
घटाएं : पूर्व अवधि मद		-	-
पूर्व अवधि मद के बाद वर्ष के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)		1,04,48,281	(88,75,846)
अंतिम तुलन पत्र के अनुसार लाभ/(हानि) का आगे लाया गया शेष		(18,72,42,173)	(17,52,93,938)
शेयर प्रीमियम खाते से हस्तांतरित राशि		18,72,42,173	-
कुल		**1,04,48,281**	**(18,41,69,784)**
IV. विनियोजन			
को अंतरित :			
सांविधिक प्रारक्षित निधि		26,12,100	-
निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि		65,80,920	
निवेश प्रारक्षित निधि		12,55,261	30,72,389
धारा 36(1)(viii) के तहत विशेष प्रारक्षित निधि		-	-
कर्मचारी कल्याण कोष		-	-
बीमा के बदले राजस्व प्रारक्षित निधि		-	-
प्रस्तावित लाभांश - वरीयता पूंजी			
प्रस्तावित लाभांश - इक्विटी पूंजी		-	-
लाभांश कर		-	-
तुलन पत्र में आगे ले जाया गया शेष		-	(18,72,42,173)
कुल		**1,04,48,281**	**(18,41,69,784)**
ईपीएस (मूल और डाइल्यूटेड) ₹ में (नाममात्र मूल्य ₹ 10/- प्रति शेयर)		1.27	(1.53)
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	17		
खातों के लिए नोट्स	18		

ऊपर उल्लिखित अनुसूचियां लाभ और हानि खाते का एक अभिन्न अंग हैं.

श्री आलोक श्रीवास्तव
कार्यपालक निदेशक

श्री विवेक वाही
कार्यपालक निदेशक

श्री राजीव पुरी
कार्यपालक निदेशक

श्री एम वी राव
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

श्री हार्दिक एम शेठ
निदेशक

श्री पी.जे.थॉमस
निदेशक

श्री दिनेश पांगती
निदेशक

श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी
निदेशक

कृते एस.जयकिशन
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 309005ई

कृते छाजेड़ एवं दोशी
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 101794डब्ल्यू

कृते ए.एस.के.ए एवं कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 122063डब्ल्यू

कृते किशोर एवं किशोर
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 000291एन

(सी.ए रितेश अग्रवाल)
भागीदार
एम.नं. 062410
यूडीआईएन : 22062410एआईपीडब्ल्यूएमबी7737

(सी.ए किरण के.दफ्तरी)
भागीदार
एम.नं. 010279
यूडीआईएन : 22010279एआइपाडब्लूसीई5031

(सी.ए विजय शेलार)
भागीदार
एम.नं. 101504
यूडीआईएन : 22101504एआइपाडब्लूबीवी8382

(सी.ए पी.आर.करंथ)
भागीदार
एम .नं. 018808
यूडीआईएन :22018808एआइपाडब्लूसीसी2861

स्थान : मुंबई
दिनांक : 9 मई, 2022

तुलन पत्र की अनुसूचियां

31 मार्च 2022 के अनूरूप

(000 को छोड़कर)

विवरण	31-मार्च-2022 को		31-मार्च-2021 को	
	(₹)	(₹)	(₹)	(₹)
अनुसूची 1 : पूंजी				
प्राधिकृत पूंजी		**10,00,00,000**		**10,00,00,000**
प्रत्येक रु. 10/- के 1000,00,00,000 शेयर				
प्रत्येक रु. 10/- (गत वर्ष 1000,00,00,000 शेयर)				
निर्गमित, अभिदत्त एवं प्रदत्त पूंजी :				
इक्विटी शेयर	8,68,09,394		5,87,55,625	
इक्विटी शेयर प्रत्येक रु. 10/- के 8680939432 इक्विटी शेयर (गत वर्ष के 5875562460 इक्विटी शेयर) सहित केंद्र सरकार द्वारा धारित प्रत्येक रु. 10/- के 8080391687 इक्विटी शेयर (गत वर्ष 5275014715 इक्विटी शेयर)				
कुल		**8,68,09,394**		**5,87,55,625**
1.ए. शेयर आवेदन राशि लंबित आबंटन		-		4,80,00,000
अनुसूची 2 : प्रारक्षित निधियां एवं अधिशेष				
I. सांविधिक प्रारक्षित निधियां				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार शेष राशि	2,06,35,979		2,06,35,979	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	26,12,100		-	
		2,32,48,079		**2,06,35,979**
II. प्रारक्षित निधि				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार शेष राशि	1,62,97,813		1,32,25,424	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	12,55,261		30,72,389	
		1,75,53,074		**1,62,97,813**
III. पुनर्मूल्यन प्रारक्षित निधियां				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार शेष राशि	3,79,22,814		2,96,25,988	
जोड़े: वर्ष के दौरान परिवर्धन	-		88,19,556	
घटाएं: राजस्व प्रारक्षित निधियों में अंतरण	5,41,238		5,09,495	
वर्ष के दौरान कटौतियां	2,32,128		13,235	
		3,71,49,448		**3,79,22,814**
IV. शेयर प्रीमियम				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार शेष राशि	24,19,62,271		24,10,70,269	
घटायें : वर्ष के दौरान लाभ हानि खाते के शेष में अंतरण	18,72,42,173		-	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	1,99,46,230		8,92,002	
		7,46,66,328		**24,19,62,271**
V. आयकर अधिनियम की धारा 36 (1)(viii) के अंतर्गत विशेष प्रारक्षित निधियां		10,00,000		10,00,000

(000 को छोड़कर)

विवरण	31-मार्च-2022 को (₹)	(₹)	31-मार्च-2021 को (₹)	(₹)
VI. राजस्व एवं अन्य प्रारक्षित निधियां				
i. निवेश परिवर्तनीय प्रारक्षित निधियां				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार शेष राशि	-		-	
जोड़े: वर्ष के दौरान परिवर्धन	65,80,920		-	
घटायें : वर्ष के दौरान कटौतियां	-			
		65,80,920		**-**
ii. राजस्व प्रारक्षित निधियां				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार शेष राशि	2,77,18,572		2,69,33,380	
जोड़े:पुनर्मूल्यन प्रारक्षित निधियों से अंतरण	5,41,238		5,09,495	
वर्ष के दौरान परिवर्धन / समायोजन	-		2,75,697	
घटायें : वर्ष के दौरान कटौतियां	-			
		2,82,59,810		**2,77,18,572**
VII. लाभ एवं हानि खाते में शेष राशि		-		
पिछले तुलनपत्र के अनुसार शेष राशि	(18,72,42,173)			
जोड़े:शेयर प्रीमियम खाते से अंतरित शेष	18,72,42,173			
शुद्ध शेष		-		(18,72,42,173)
कुल		**18,84,57,659**		**15,82,95,276**
अनुसूची 3 : जमाराशियां				
ए. I. मांग जमाराशियां				
i) बैंक से	1,03,37,153		65,67,481	
ii) अन्य से	16,51,49,281		16,25,93,515	
		17,54,86,434		**16,91,60,996**
II. बचत बैंक जमाराशियां		**1,55,96,51,980**		**1,45,66,70,191**
III. सावधि जमाराशियां				
i) बैंक से	62,23,208		43,92,999	
ii) अन्य से	1,68,55,57,753		1,66,95,05,310	
		1,69,17,80,961		**1,67,38,98,309**
कुल		**3,42,69,19,375**		**3,29,97,29,496**
बी. i) भारत में स्थित शाखाओं की जमाराशियां		**3,42,69,19,375**		**3,29,97,29,496**
ii) भारत के बाहर स्थित शाखाओं की जमाराशियां				
अनुसूची 4 : उधार राशियां				
I. भारत में उधार राशियां				
i) भारतीय रिज़र्व बैंक	1,76,40,000		1,76,40,000	
ii) अन्य बैंक	839		20,042	
iii) अन्य संस्थान एवं एजेन्सियां	2,57,11,771		6,35,349	
iv) अनारक्षित पुर्नमोचनीय बॉन्डस (गौण ऋण)	-		50,00,000	
v) अपर टियर II बॉन्डस	-		-	
vi) नवोन्मेष बेमियादी ऋण लिखत	13,91,000		13,91,000	
vii) असुरक्षित पुर्नमोचनीय एनसी बासल III बॉन्डस (टीयर II)	3,00,00,000		3,00,00,000	

(000 को छोड़कर)

विवरण	31-मार्च-2022 को		31-मार्च-2021 को	
	(₹)	(₹)	(₹)	(₹)
		7,47,43,610		**5,46,86,391**
II. भारत के बाहर उधार राशियां		-		-
कुल		**7,47,43,610**		**5,46,86,391**
उपर्युक्त I और II में सुरक्षित उधार सम्मिलित है		**निरंक**		**निरंक**
अनुसूची 5 : अन्य देयताएं एवं प्रावधान				
I. देय बिल		1,11,47,968		78,43,261
II. अंतर-कार्यालय समायोजन (शुद्ध)		1,90,081		1,02,978
III. उपचित ब्याज		77,44,537		74,69,906
IV. आस्थगित कर देयता		-		-
V. अन्य (प्रावधान सहित)		6,96,43,309		5,72,67,005
कुल		**8,87,25,895**		**7,26,83,150**
अनुसूची 6 : भारतीय रिज़र्व बैंक में नकदी एवं शेष राशि				
I. हस्ते नकदी		**1,45,54,487**		**1,47,51,586**
(विदेशी मुद्रा रुपये सहित)				
II. भारतीय रिजर्व बैंक में शेष राशि				
चालू खातों में	13,67,22,487		14,71,26,834	
अन्य खातों में	22,90,60,000		16,00,00,000	
		36,57,82,487		**30,71,26,834**
कुल		**38,03,36,974**		**32,18,78,420**
अनुसूची 7 : बेंकों में जमाराशियां एवं मांग व अल्प सूचना पर राशि				
I. भारत में				
i) बैंकों के पास शेष राशि				
ए) चालू खातों में	2,57,604		5,07,341	
बी) अन्य जमा खातों में	17,291		13,815	
ii) मांग व अल्प सूचना पर राशि				
ए) बैंकों के पास	-		20,00,000	
बी) अन्य संस्थाओं के पास	6,40,128		-	
		9,15,023		**25,21,156**
II. भारत के बाहर				
ए) चालू खातों में	10,62,153		6,51,13,509	
बी) अन्य जमा खातों में	14,86,29,092		-	
सी) मांग व अल्प सूचना पर राशि	-		-	
		14,96,91,245		**6,51,13,509**
कुल		**15,06,06,268**		**6,76,34,665**
अनुसूची 8 : निवेश				
I. भारत में निवेश*				
i) सरकारी प्रतिभूतियों में	1,05,50,89,160		1,10,35,84,201	

(000 को छोड़कर)

विवरण	31-मार्च-2022 को (₹)	(₹)	31-मार्च-2021 को (₹)	(₹)
ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	-		-	
iii) शेयर्स	88,33,691		79,19,176	
iv) डिबेंचर एवं बांड्स	33,77,84,388		35,39,72,427	
v) अनुषंगी एवं प्रायोजित संस्थाओं में	25,79,832		25,79,832	
vi) अन्य (वाणिज्यिक पेपर्स म्युच्युअल फंड यूनिट्स आदि	31,07,519		1,72,93,826	
		1,40,73,94,590		**1,48,53,49,462**
II. भारत के बाहर निवेश**				
विदेश में अनुषंगियां और/अथवा एसोसिएट्स		4,74,885		4,74,885
कुल		**1,40,78,69,475**		**1,48,58,24,347**
* भारत में निवेश				
निवेशों का कुल मूल्य	1,46,71,17,739		1,53,77,25,730	
घटाएं : मूल्यह्रास हेतु प्रावधान	5,97,23,149		5,23,76,268	
शुद्ध निवेश		**1,40,73,94,590**		**1,48,53,49,462**
** भारत के बाहर निवेश				
कुल मूल्य	4,74,885		4,74,885	
घटाएं : मूल्यह्रास हेतु प्रावधान	-		-	
शुद्ध मूल्य		**4,74,885**		**4,74,885**
अनुसूची 9 : अग्रिम				
ए. i) खरीदे गए एवं भुनाए गऐ बिल	2,40,31,721		89,00,535	
ii) नकद उधार, ओवर ड्राफ्ट एवं मांग पर प्रतिदेय ऋण	70,22,91,110		70,35,42,501	
iii) मीयादी ऋण	95,54,12,169		85,33,43,436	
कुल		**1,68,17,35,000**		**1,56,57,86,472**
बी. अग्रिमों का विवरण				
i) मूर्त आस्तियों द्वारा रक्षित	1,55,92,58,701		1,52,34,13,189	
(बही ऋण के समक्ष अग्रिमों सहित)				
बही ऋण के 31 मार्च 2021के ₹ 1584789 (000 को छोड़कर) के विरूद्ध , 31 मार्च 2022 को ₹1671871 (000 को छोड़कर) अग्रिमों को शमिल करते हुये				
ii) बैंक/सरकारी गारंटी द्वारा रक्षित	1,32,94,746		3,66,01,365	
iii) अरक्षित	10,91,81,553		57,71,918	
कुल		**1,68,17,35,000**		**1,56,57,86,472**
सी. अग्रिमों का खंडवार वर्गीकरण				
(I) भारत में अग्रिम				
i) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	86,05,76,958		80,84,25,818	
ii) सार्वजनिक क्षेत्र	4,14,01,906		5,09,87,479	
iii) बैंक	53,224		4,926	
iv) अन्य	77,97,02,912		70,63,68,249	
कुल		**1,68,17,35,000**		**1,56,57,86,472**
(II) भारत के बाहर अग्रिम	-			-

(000 को छोड़कर)

विवरण	31-मार्च-2022 को		31-मार्च-2021 को	
	(₹)	(₹)	(₹)	(₹)
अनसूची 10 :अचल आस्तियां				
I. परिसर				
(लागत/पुनर्मूल्यांकित लागत पर)				
पिछले वर्ष 31 मार्च को शेष राशि	4,91,01,269		4,02,25,174	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	25,445		88,89,449	
कुल	**4,91,26,714**		**4,91,14,623**	
वर्ष के दौरान कमी / समायोजन	3,14,796		13,354	
कुल	**4,88,11,918**		**4,91,01,269**	
आज तक का मूल्यह्रास	91,65,015		85,28,592	
कुल		**3,96,46,903**		**4,05,72,677**
II. अन्य अचल आस्तियां				
(फर्नीचर एव जुडनार सहित)				
पिछले वर्ष 31 मार्च को शेष राशि	3,53,05,979		3,41,66,836	
वर्ष के दौरान परिवर्धन/समायोजन	23,46,422		31,41,004	
कुल	**3,76,52,401**		**3,73,07,840**	
वर्ष के दौरान कटौती/ समायोजन	11,02,236		20,01,861	
कुल	**3,65,50,165**		**3,53,05,979**	
इस दिनांक को मूल्यह्रास	2,66,46,639		2,45,54,450	
कुल		**99,03,526**		**1,07,51,529**
कुल (I & II)		**4,95,50,429**		**5,13,24,206**
अनुसूची 11 : अन्य आस्तियां				
I. उपचित ब्याज	2,17,76,858		2,25,48,629	
II. अग्रिम कर भुगतान/स्त्रोत पर काटा गया कर (शुद्ध प्रावधान)	3,96,32,629		4,23,72,140	
III. स्टेशनरी एवं स्टैम्प	2,25,424		2,05,552	
IV. दावों की संतुष्टि में प्राप्त गैर बैंकिंग आस्तियां				
V. आस्थगित कर आस्तियां	6,86,20,500		7,54,56,800	
VI. अंतर कार्यालय समायोजन (शुद्ध)	-		-	
VII. अन्य	6,53,02,376		5,91,18,707	
कुल		**19,55,57,787**		**19,97,01,828**
अनुसूची 12 : आकस्मिक देयताएं				
I. (ए) बैंक के विरूद्ध दावे जिन्हेंऋण के रूप में नहीं माना गया है.		**14,20,497**		**13,83,689**
(बी) अपील, संशोधन आदि के अंतर्गत विवादित आयकर मांग		**2,40,55,801**		**1,77,15,073**
II. आंशिक प्रदत्त निवेशों के लिए देयता		**26,89,347**		**35,59,282**
III. बकाया वायदा विदेशी मुद्रा		**1,59,08,50,230**		**73,37,62,848**
संविदाओं के कारण देयता				
IV. ग्राहकों की आरे से प्रदत्त गारंटी				
ए) भारत में	8,83,87,515		10,69,33,332	
बी) भारत के बाहर	58,26,051		63,28,682	
		9,42,13,566		**11,32,62,014**
V. स्वीकृतियां, पृष्ठांकन तथा अन्य दायित्व		**2,43,01,093**		**2,64,31,675**
VI. अन्य मदें, जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से देनदार है		**2,20,00,519**		**2,52,75,432**
कुल		**1,75,95,31,053**		**92,13,90,013**

दिनांक 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए

लाभ एवं हानि खाते की अनुसूचियां

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष (₹)	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष (₹)
अनुसूची 13 : अर्जित ब्याज और लाभांश		
I. अग्रिमों/बिलों पर ब्याज/ बट्टा	11,50,06,591	11,63,83,361
II. निवेशों पर आय	9,26,35,596	10,00,89,617
III. भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य अंतर-बैंक निधियों शेष राशि पर ब्याज	1,23,81,061	67,60,466
IV. अन्य को	79,93,228	40,68,885
कुल	**22,80,16,476**	**22,73,02,329**
अनुसूची 14 : अन्य आय		
I. कमीशन, विनिमय एवं दलाली	1,42,47,404	1,04,17,203
II. निवेशों की बिक्री पर लाभ/(हानि) (शुद्ध)	49,10,035	1,38,05,508
III. निवेशों के पुनर्मुल्यांकन पर लाभ/(हानि) (शुद्ध)	(27,68,771)	(5,15,400)
IV. भूमि, भवनों एवं अन्य आस्तियों की बिक्री से लाभ / (हानि) (शुद्ध)	91,365	(2,09,976)
V. विनिमय व्यवहारों पर लाभ (शुद्ध)	19,92,437	8,66,918
VI. भारत/विदेशों में अनुषंगियों एवं एसोशिएट्स से लाभांश	80,103	64,778
VII. विविध आय	1,11,32,267	67,27,711
कुल	**2,96,84,840**	**3,11,56,742**
अनुसूची 15 : प्रदत्त ब्याज		
I. जमाराशियों पर ब्याज	12,84,76,515	13,99,40,735
II. भारतीय रिजर्व बैंक / अंतर बैंक उधार राशियों पर ब्याज	7,17,858	32,564
III. अन्य	39,54,455	48,78,599
कुल	**13,31,48,828**	**14,48,51,898**
अनुसूची 16 : परिचालन व्यय		
I. कर्मचारियों को भुगतान एवं उनके लिए प्रावधान	4,47,19,052	4,14,13,063
II. किराया, कर एवं बिजली	48,17,519	49,40,807
III. मुद्रण एवं लेखनसामग्री	2,65,002	2,65,400
IV. विज्ञापन एवं प्रचार- प्रसार	1,31,795	47,864
V. बैंक की संपत्ति पर मूल्यहास	29,66,139	29,23,187
VI. निदेशकों की फीस, भत्ते एवं खर्चे	5,164	5,379
VII. लेखापरीक्षकों की फीस एवं खर्चे (शाखा लेखापरीक्षकों सहित)	3,07,403	2,84,431
VIII.विधिक प्रभार	1,77,675	1,52,867
IX. डाक, तार, टेलीफोन इत्यादि	9,47,807	9,69,949
X. मरम्मत एवं रखरखाव	16,21,188	11,66,162
XI. बीमा	42,80,618	43,80,795
XII. अन्य व्यय	1,23,41,625	1,12,72,426
कुल	**7,25,80,987**	**6,78,22,330**

अनुसूची 17- महत्वपूर्ण लेखा नीतियां

ए. पृष्ठभूमि

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (बैंक) बैंकिग कंपनी (उपक्रम का अधिग्रहण और हस्ताक्षरण) अधिनियम 1970 के तहत पंजीकृत एक निकाय कार्पोरेट है और यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित है. इसका प्रमुख व्यवसाय व्यक्तियों, वाणिज्यिक उद्यमों, बडे निगमों, सार्वजनिक निकायों और संस्थागत ग्राहकों को उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला के साथ बैंकिग और वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है. बैंक का व्यापार भारत में अपनी शाखाओं के माध्यम से संचालित किया जाता है. बैंक के इक्विटी शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्व है.

बी. तैयार करने का आधार:

वित्तीय विवरण, परिसर के पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर ऐतिहासिक लागत आधार के लिए चालू अवधारणा और भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) के सभी भौतिक पहलुओं के आधार पर चल रहे अवधारणा के आधार पर तैयार किए गए हैं, जिसमें लागू वैधानिक प्रावधान, नियामक मानदंड, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निर्धारित, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949,भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई)द्वारा जारी लेखा मानक (एएस) और घोषणाएं और भारत में बैंकिंग उद्योग के भीतर प्रचलित प्रथाएं शामिल हैं.

सी. प्राक्कलनों का उपयोग

वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए प्रबंधन को वित्तीय विवरणों की तारीख और रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान रिपोर्ट की गई आय और व्यय के अनुसार परिसंपत्तियों और देनदारियों (आकस्मिक देनदारियों सहित) की रिपोर्ट की गई राशि में अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है. प्रबंधन का मानना है कि वित्तीय विवरण तैयार करने में उपयोग किए गए अनुमान विवेकपूर्ण एवं उचित हैं. आकस्मिकताएं तब दर्ज की जाती है जबी किसी देयता के उत्पन्न होने की संभावना हो तथा उसकी राशि का तर्कसंगत आकलन किय जा सकता हो. वास्तविक परिणाम एवं अनुमानों के मध्य अंतर की गणना उस वर्ष में की जाती है, जिस वर्ष के परिणाम ज्ञात / समक्ष होते है.

डी. महत्वपूर्ण लेखा नीतियां:

1. राजस्व मान्यता

1.1 सामान्य

ए) आय व्यय का आम तौर पर उपचय आधार पर लेखा किया जाता है, अलावा इसके कि आय को नियामक प्रावधानों के अनुसार नकद आधार पर हिसाब में लिया जाए.

बी) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, पूर्वअवधि प्रकटीकरण किसी भी मद के संबंध में किया जाता है जो कुल आय/कुल व्यय के एक प्रतिशत से अधिक है.

सी) अतिदेय जमा पर देय ब्याज का प्रावधान रिजर्व बैंक के अनुसार किया जाता है

1.2 निवेशों से आय

ए) निवेश की बिक्री पर लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में मान्यता दी जाती है. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) श्रेणी में निवेश की बिक्री पर लाभ (लागू करों का शुद्ध और "सांविधिक आरक्षित खाते में स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक राशि") को "पूंजी आरक्षित खाता" में विनियोजित किया जाता है.

बी) अंकित मूल्य पर छूट पर प्राप्त "परिपक्वता तक धारित (एचटीएम)" श्रेणी में निवेश पर आय (ब्याज को छोड़कर) को निम्नानुसार लिया जाता है:

(i) ब्याज वाली प्रतिभूतियों पर, इसे केवल बिक्री / मोचन के समय ही मान्यता दी जाती है

(ii) शून्य -कूपन प्रतिभूतियों पर, इसे निरंतर प्रतिफल के आधार पर प्रतिभूति की शेष अवधि से अधिक के लिए हिसाब में लिया जाता है.

सी) लाभांश आय को तब मान्यता दी जाती है जब लाभांश प्राप्त करने का अधिकार स्थापित हो जाता है.

डी) अपसाइड ऑन सिक्योरिटी रसीदों को 'अन्य आय' के रूप में प्राप्त होने पर मान्यता दी जाती है.

1.3. वित्तीय संपत्तियों की बिक्री

बिक्री की गई वित्तीय आस्तियों को निम्नानुसार मान्यता दी गई है:

ए) एनपीए की बिक्री का हिसाब आरबीआई द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है. जब बैंक अपनी वित्तीय संपत्ति प्रतिभूतिकरण कंपनी(एससी)/पुनर्निमाण कंपनी (आरसी) को बेचता है, तो उसे बहियों से हटा दिया जाता है.

बी) (यदि एससी/एआरसी को की गई बिक्री निवल बही मूल्य (एनबीवी) से कम कीमत पर होती है, तो बिक्री के वर्ष में लाभ और हानि खाते में उस कमी को प्रभारित किया जाता है.

सी) यदि बिक्री नकद आधार पर निवल बही मूल्य से अधिक कीमत पर होती है, तो अधिशेष को लाभ और हानि खाते में क्रेडिट कर दिया जाता है.

1.4. शुल्क आधारित आय

साख पत्रों पर कमीशन, बैंक गारंटी और आस्थगित भुगतान गारंटी अवधि के दौरान उपचय आधार पर समानुपातिक रूप

से मान्य होते हैं. अन्य सभी कमीशन और शुल्क आय को उनकी वसूली पर दर्शाया जाता है.

2. अग्रिम:

2.1 भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देश/शों के आधार पर, ऋण और अग्रिमों को निष्पादक एवं गैर-निषादक में निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है :

ए) सावधि ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, यदि ब्याज और/या मूलधन की किस्त 90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए अतिदेय है.

बी) एक ओवरड्राफ्ट या नकद क्रेडिट को एक गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, यदि खाता "अनियमित" रहता है, अर्थात, यदि बकाया राशि 90 दिनों की अवधि के लिए लगातार स्वीकृत सीमा / आहरण शक्ति से अधिक है, या यदि 90 दिनों के लिए लगातार कोई क्रेडिट नहीं हैं, या यदि क्रेडिट पिछले 90 दिनों की अवधि के दौरान डेबिट किए गए ब्याज को कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं.

सी) खरीदे गए/छूट वाले बिलों को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि, बिल 90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए अतिदेय रहता है.

डी) कृषि अग्रिमों को गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि, (1) छोटी अवधि की फसलों के लिए, जहां मूलधन या ब्याज की किश्त दो फसल मौसमों के लिए अतिदेय हो; और (ii) लंबी अवधि की फसलों के लिए, जहां मूलधन या एक फसल मौसम के लिए ब्याज अतिदेय है

2.2 गैर-निष्पादित आस्तियों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर अवमानक, संदिग्ध और हानि वाली आस्तियों में वर्गीकृत किया गया है:

ए) अवमानक: एक ऋण परिसंपत्ति जो 12 महीने से कम या उसके बराबर अवधि के लिए गैर-निष्पादित बनी हुई है.

बी) संदिग्ध : एक ऋण परिसंपत्ति जो 12 महीने की अवधि के लिये अवमानक श्रेणी में बनी हुई है

सी) हानि: एक ऋण परिसंपत्ति जहां हानि की पहचान की गई है लेकिन राशि पूरी तरह से बटटे खाते में नही डाली गई हैं.

2.3 एनपीए के लिए प्रावधान नियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार किए गए हैं, जो नीचे दिए गए अनुसार न्यूनतम प्रावधान के अधीन है .

अवमानक आस्तियां

i. कुल बकाया पर 15% का सामान्य प्रावधान
ii. एक्सपोजर के लिए 10% का अतिरिक्त प्रावधान जो शुरू से ही असुरक्षित हैं (अर्थात जहां सुरक्षा का वसूली योग्य मूल्य शुरू से ही 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है)
iii. अवसंरचना अग्रिमों के संबंध में असुरक्षित एक्सपोजर जहां कुछ सुरक्षा उपाय जैसे एस्क्रो खाते उपलब्ध हैं- 20%

संदिग्ध आस्तियां :

- रक्षित भाग	एक वर्ष तक 25%
	एक से तीन वर्ष 40%
	तीन साल से अधिक -100%
अरक्षित भाग	100%

हानि आस्तियां : 100%

2.4 अग्रिमों को प्रावधानों (एनपीए के मामले में) अप्राप्त ब्याज, विविध प्रकार के उधारकर्ताओं से वसूल की गई राशि और सीजीटीएसआई/ईसीजीसी से प्राप्त दावे आदि को मिला कर दिखाया जाता है.

2.5 पुनर्रचित/पुनर्निर्धारित आस्तियों के लिए प्रावधान आरबीआई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाते हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह अपेक्षित है कि पुनर्रचना से पहले और बाद में ऋणों/अग्रिमों के उचित मूल्य के बीच अंतर सबंधित प्रावधान के अलावा ऋणों/अग्रिमों प्रदान किया जाए. उनयुक्त मूल्य में कमी और ब्याज में कमी, यदि कोई हो, के प्रावधान को अग्रिमों से घटा दिया जाता है.

2.6 एनपीए पर विशिष्ट प्रावधान के अलावा, मौजूदा भारतीय रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार मानक परिसंपत्तियों के लिए सामान्य प्रावधान भी किए गए हैं. ये प्रावधान तुलन पत्र की अनुसूची 5 में 9"अन्य देयताएं और प्रावधान-अन्य" शीर्षक के तहत परिलक्षित होते हैं और निवल एनपीए पर पहुंचने के लिए विचार नहीं किया जाता है.

2.7 एनपीए के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों के मामले में, एक निष्पादन आस्ति के रूप में खाते को पुनर्वर्गीकृत किया जा सकता है यदि यह नियामकों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप है.

2.8 पिछले वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के समक्ष वसूल की गई राशि को वसूली के वर्ष में राजस्व के रूप में मान्यता दी जाती है.

2.9 पहचानी गई कमजोरी और/या मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए विशिष्ट परिसंपत्तियों में नियामक मानदंडों से अधिक अतिरिक्त प्रावधान किए गए हैं

2.10 गैर-निष्पादित खाते में आंशिक वसूली निम्नलिखित क्रम में विनियोजित की जाती है:

i. मूल अतिदेय/अनियमितताएं.
ii. अप्राप्त ब्याज
iii. बट्टे खाते में डालना
iv. अग्रभारित ब्याज

वाद दायर/सरफेसी/रिकॉल किये गये बाजार खातों के मामले में, वसूली निम्नलिखित क्रम में विनियोजित की जाती है:

i. बही खाता बकाया राशि
ii. अप्राप्त ब्याज

iii. बट्टे खाते

iv. अप्रभारित ब्याज

हालांकि, जहां किसी भी उधारकर्ता खाते को किसी पूर्व तारीख से गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत करने की आवश्यकता होती है, खाते को मानक के रूप में वर्गीकृत किए जाने तक किसी भी वसूली को पहले ऋण और अग्रिम पर ब्याज में जमा किया जाता है (अर्थात दवाबग्रस्त आस्तियां (एस4ए) की सतत संरचना के लिए योजना, रणनीतिक ऋण पुनर्गठन, दीर्घकालिक परियोजना ऋण की लचीली संरचना (5/25), उधार लेने वाली संस्थाओं के स्वामित्व में परिवर्तन (रणनीतिक ऋण पुनर्गठन योजना के बाहर)

3. अन्य देश में बैंक के एक्सपोजर के लिए प्रावधान:

आस्ति वर्गीकरण स्थिति के अनुसार धारित विशिष्ट प्रावधानों के अतिरिक्त, प्रत्येक देशीय एक्सपोजर (स्वदेश के अलावा) के लिए भी प्रावधान किए गए हैं. देशों को सात जोखिम श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, अर्थात्, नगण्य, निम्न, मध्यम, उच्च, बहुत उच्च, प्रतिबंधित और ऑफ-क्रेडिट तथा मौजूदा भारतीय रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधान किया जाता है. यदि प्रत्येक देश के संबंध में बैंक का देशीय एक्सपोजर (नेट) कुल फंडेड एसेट्स के 1% से अधिक नहीं है, तो ऐसे देशीय एक्सपोजर पर कोई प्रावधान नहीं रखा जाता है. यह प्रावधान तुलन पत्र की अनुसूची 5 में "अन्य देयताएं और प्रावधान - अन्य" शीर्ष के तहत परिलक्षित होता है.

4. निवेश:

निवेश की गणना निवेश वर्गीकरण और मूल्यांकन के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है, जैसा कि नीचे दिया गया है:

4.1 वर्गीकरण:

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, निवेशों को "परिपक्वता पर धारित" (एचटीएम), "ट्रेडिंग के लिए धारित "एचटीएफ" और बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस) श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है.

अनुसूची 8 में तुलन पत्र में प्रकटीकरण के लिए, निवेश को भारत में और भारत के बाहर निवेश के रूप में वर्गीकृत किया गया है.

प्रत्येक श्रेणी के तहत, भारत में निवेश को आगे वर्गीकृत किया गया है:

ए) सरकारी प्रतिभूतियां

बी) अन्य अनुमादित प्रतिभूतियां

सी) शेयर

डी) डिबेंचर्स और बांडस

ई) सहायक कंपनियां, संयुक्त उद्यम और प्रायोजित संस्थान; तथा

एफ) अन्य (वाणिज्यिक पत्र और म्युचुअल फंड की इकाइयां आदि)

भारत के बाहर के निवेशों को आगे 3 श्रेणियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है

ए) सरकारी प्रतिभूतियां

बी) सहायक और संयुक्त उद्यम

सी) अन्य निवेश

4.2 वर्गीकरण का आधार:

खरीद के समय निवेश का वर्गीकरण निम्नलिखित श्रेणियों में किया जाता है

ए) परिपक्वता तक धारित : बैंक जो निवेश परिपक्वता तक रखने का इरादा रखता है उसे "परिपक्वता तक धारित (एचटीएम)" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

बी) ट्रेडिंग के लिए धारित: निवेश जो मुख्य रूप से खरीद की तारीख से 90 दिनों के भीतर पुनर्विक्रय के लिए रखे जाते हैं, उन्हें "ट्रेडिंग के लिए धारित (एचएफटी)" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

सी) बिक्री के लिए उपलब्ध: निवेश, जो उपरोक्त दो श्रेणियों में वर्गीकृत नहीं हैं, को "बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस)" के रूप में वर्गीकृत किया गया है.

डी) श्रेणियों के बीच प्रतिभूतियों का अतंरण: एक निवेश को खरीद के समय एचटीएम, एचएफटी या एएफएस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और बाद में श्रेणियों के बीच स्थानांतरण नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप किया जाता है.

ई) सहायक कंपनियों में निवेश, संयुक्त उद्यमों और प्रायोजित संस्थानों को एचटीएम के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, अलावा उन निवेशों के, जिन्हें विशेष रूप से इसके बाद के निपटान की दृष्टि से अधिग्रहित किया जाता है. ऐसे निवेशों को एएफएस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

4.3 मूल्यांकन:

सभी प्रतिभूतियों में लेनदेन एक निपटान तिथि पर दर्ज किए जाते हैं और लागत भारित औसत लागत पद्धति पर निर्धारित की जाती है.

ए) प्रतिभूतियों की खरीद पर प्राप्त ब्रोकरेज, प्रोत्साहन राशि, फ्रंट-एंड शुल्क आदि, निवेश की लागत से कम हो जाते हैं.

बी) ब्रोकरेज, फीस, कमीशन या प्रतिभूतियों के अधिग्रहण के समय किए गए करों जैसे खर्चों को राजस्व व्यय के रूप में लाभ और हानि खाते से लिया जाता है.

सी) ऋण लिखतों पर प्रदत्त गत अवधि ब्याज /प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/आय के रूप में माना जाता है और लागत/बिक्री प्रतिफल से बाहर रखा जाता है.

ए) परिपक्वता तक धारित के रूप में वर्गीकृत निवेशों का मूल्यांकन:इस श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत निवेशों

को अधिग्रहण लागत पर मूल्यांकित किया जाता है. अंकित मूल्य से अधिक अधिग्रहण लागत / बुक वैल्यू की परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधन किया जाता है. प्रीमियम के इस तरह के परिशोधन को निवेश पर आय के रूप में माना जाता है.

सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों में निवेश (भारत और विदेश में) ऐतिहासिक लागत पर मूल्यवान हैं. प्रत्येक निवेश के लिए व्यक्तिगत रूप से, अस्थायी प्रकृति के अलावा, कमी के लिए प्रावधान किया गया है.

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश का मूल्य वहन लागत (अर्थात बही मूल्य) पर लगाया जाता है.

बी) बिक्री के लिए उपलब्ध और ट्रेडिंग के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत निवेशों का मूल्यांकन: बिक्री के लिए उपलब्ध और ट्रेडिंग के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत निवेशों को अलग-अलग बाजार मूल्य या नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित उचित मूल्य और प्रत्येक समूह के शुद्ध मूल्यह्रास, यदि कोई हो, पर पुनर्मूल्यांकन किया जाता है. प्रत्येक श्रेणी के लिए (अर्थात (i) सरकारी प्रतिभूतियां, (ii) अन्य स्वीकृत प्रतिभूतियां, (iii) शेयर, (iv) बांड और डिबेंचर, (v) सहायक और संयुक्त उद्यम और (vi) (अन्य) के लिए प्रावधान किया जाता है और शुद्ध अभिमूल्यन की उपेक्षा की जाती है.

सी) निवेशों के अंतर श्रेणी हस्तांतरण की स्थिति में मूल्यांकन नीति:

i) एचएफटी/एएफएस श्रेणी से एचटीएम श्रेणी में प्रतिभूतियों का हस्तांतरण हस्तांतरण की तारीख को अधिग्रहण लागत/बुक वैल्यू/बाजार मूल्य से कम पर किया जाता है. इस तरह के हस्तांतरण पर मूल्यह्रास, यदि कोई हो, के लिए पूरी तरह से प्रावधान किया गया है.

ii) एचटीएम श्रेणी से एएफएस श्रेणी में प्रतिभूतियों का हस्तांतरण अधिग्रहण मूल्य/बुक वैल्यू पर किया जाता है. हस्तांतरण पर, इन प्रतिभूतियों का तुरंत पुनर्मूल्यांकन किया जाता है और परिणामी मूल्यह्रास, यदि कोई हो, लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है.

डी) प्रतिभूतिकरण कंपनी (एएससी), परिसंपत्ति पुनर्निमाण कंपनी (एआरसी) को एनपीए (वित्तीय परिसंपत्ति) की बिक्री पर प्रतिभूति रसीद जारी करने के मामले में मूल्यांकन

i) एससी/आरसी को एनपीए की बिक्री के माध्यम से प्राप्त सुरक्षा प्राप्तियों में निवेश, (i) वित्तीय परिसंपत्ति का निवल बही मूल्य (एनबीवी) (यानी बही मूल्य से प्रावधान घटाकर); और (ii) एसआर का मोचन में से जो कम हो, के अनुसार मान्यता प्राप्त है.

ii) एससी/एआरसी द्वारा जारी एसआरएस का मूल्यांकन गैर-एसएलआर लिखतों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है. तदनुसार, ऐसे मामलों में जहां एससी/एआरसी द्वारा जारी एसआर संबंधित योजना में लिखतों को सौंपे गए वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली तक सीमित हैं, एससी/एआरसी से प्राप्त निवल परिसंपत्ति मूल्य को ऐसे के मूल्यांकन के लिए गिना जाता है.

ई) ट्रेजरी बिल और वाणिज्यिक पत्रों का मूल्य वहन लागत पर किया जाता है.

4.4 निवेश (एनपीआई):

"वाणिज्यिक बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो का वर्गीकरण, मूल्यांकन और संचालन (दिशा), 2021" और "आय पहचान, संपत्ति वर्गीकरण और अग्रिम से संबंधित प्रावधानीकरण पर विवेकपूर्ण मानदंड" के आधार पर प्रदर्शन और गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत निवेश निम्नानुसार हैं:

ए) ब्याज/किस्त (परिपक्वता राशि सहित) देय है और 90 दिनों से अधिक समय से बकाया है. वही वरीयता शेयरों पर लागू होता है जहां निश्चित लाभांश का भुगतान नहीं किया जाता है.

बी) इक्विटी शेयरों के मामले में, किसी कंपनी के शेयरों में निवेश की स्थिति में उनका मूल्य रु. 1 प्रति कंपनी माना जाता है और नवीनतम तुलन पत्र की अनुपलब्धता के कारण, उन इक्विटी शेयरों को एनपीआई के रूप में माना जाएगा.

सी) बैंक किसी निवेश को गैर-निष्पादित निवेश के रूप में भी वर्गीकृत करता है, जहां एक ही उधारकर्ता/संस्था द्वारा ली गई कोई ऋण सुविधा को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है और इसके विपरीत.

डी) डिबेंचर/बांड में निवेश, जिसे अग्रिम माना जाता है, निवेश के लिए लागू एनपीआई मानदंडों के अधीन भी हैं.

4.5 रेपो/रिवर्स रेपो लेनदेन के लिए लेखांकन

बैंक आरबीआई तथा बाजार सहभागियों के साथ तरलता समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत पुनर्खरीद तथा रिर्वस पुनर्खरीद लेन-देन करता है. पुनर्खरीद लेन-देन में प्रतिभूतियों को बेच कर उधार, इस समझौते के साथ लिया जाता है कि उन प्रतिभूतियों को पुन: खरीद जायेगा. दूसरी ओर रिर्वस पुनर्खरीद लेन-देन में प्रतिभूतियों को खरीद कर उधार दिया जाता है.

ए) रेपो /रिवर्स रेपो के तहत बेची और खरीदी गई प्रतिभूतियों को ओवरनाइट ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप्) डीलिंग और सेटलमेंट के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

बी) हालांकि, प्रतिभूतियों को सामान्य एकमुश्त बिक्री खरीद लेनदेन जैसे मामलों में हस्तांतरित किया जाता है और प्रतिभूतियों की ऐसी आवाजाही रेपो / रिवर्स रेपो खातों और कॉन्ट्रा प्रविष्टियों का उपयोग करके परिलक्षित होती है.

सी) उपरोक्त प्रविष्टियां परिपक्वता की तारीख को उलट दी जाती हैं. रेपो खाते में शेष को अनुसूची 4 (उधार) के तहत वर्गीकृत किया गया है और रिवर्स रेपो खाते में शेष को अनुसूची 7 (बैंकों के साथ शेष और कॉल और शॉर्ट नोटिस पर धन) के तहत वर्गीकृत किया गया है.

डी) एलएएफ के तहत खरीदी/बेची गई प्रतिभूतियों पर खर्च/अर्जित ब्याज भारतीय रिजर्व बैंक को व्यय/राजस्व के रूप में लेखा किया जाता है.

5. डेरिवेटिव्ज:

बैंक तुलन पत्र/बैलेंस शीट से इतर आस्तियों और देनदारियों को हेज करने के लिए या व्यापारिक उद्देश्यों के लिए ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप और क्रॉस करेंसी स्वैप जैसे डेरिवेटिव अनुबंधों में प्रवेश करता है.

5.1 हेजिंग के लिए प्रयुक्त डेरिवेटिव्ज को निम्नानुसार लेखांकित किया गया है.

ए) ऐसे मामलों में जहां अंतर्निहित परिसंपत्तियां/देयताएं बाजार के लिए चिन्हित हैं, परिणामी लाभ/हानि खाते में लाभ/हानि को मान्यता दी जाती है

बी) बचाव के रूप में वर्गीकृत व्युत्पन्न अनुबंधों को उपचित आधार पर दर्ज किया जाता है. हेज संविदाओं को बाजार में तब तक चिन्हित नहीं किया जाता जब तक कि अंतर्निहित आस्तियों/देयताओं को भी बाजार दर पर अंकित नहीं किया जाता है.

सी) स्वैप की समाप्ति पर लाभ या हानि को स्वैप की शेष संविदात्मक अवधि या परिसंपत्तियों / देनदारियों की शेष अवधि से कम पर दर्शाया जाता है.

5.2 व्यापार के लिए प्रयुक्त डेरिवेटिव्ज का निम्नानुसार लेखांकन किया गया है:

ए) एमसीएक्स - एसएक्स, एनएसई और यूनाइटेड स्टॉक एक्सचेंज के विनिमय दिशानिर्देशानुसार करेंसी फ्यूचर और ब्याज दर फ्यूचर को दौनिक आधार पर बजार हेतु चिन्हित किया जाता है.

बी) मार्क टू मार्केट लाभ/हानि को मार्जिन खाते में दैनिक आधार पर जमा/नामे द्वारा लेखांकित किया जाता है और वही अंतिम निपटान के समय बैंक के लाभ और हानि खाते में लेखांकित होता है.

सी) ट्रेडिंग स्वैप नियमित अंतराल पर मार्क टू मार्केट किए जाते हैं. किसी भी तरह की मार्क टू मार्किट हानि दर्ज की जाती है और किसी प्रकार के लाभ, यदि हो तो उनकी उपेक्षा की जाती है.

डी) स्वैप की समाप्ति पर प्राप्ति अथवा हानि को उपरोक्त शीर्ष के अंतर्गत तत्काल आय/व्यय के रूप में अभिलेखित किया जाता है.

6. विदेशी मुद्रा से जुड़े लेनदेन:

6.1 विदेशी मुद्रा लेनदेन को रिपोर्टिंग मुद्रा में प्रारंभिक मान्यता पर विदेशी मुद्रा राशि पर रिपोर्टिंग मुद्रा और विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर लागू करके दर्ज किया जाता है.

6.2 विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई) क्लोजिंग (स्पॉट/फॉरवर्ड) दरों का उपयोग करके विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों की सूचना दी जाती है और परिणामी लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में मान्यता दी जाती है.

विदेशी मुद्रा गैर-मौद्रिक वस्तुएं, जिन्हें ऐतिहासिक लागत पर ले जाया जाता है, लेनदेन की तारीख पर विनिमय दर का उपयोग करके रिपोर्ट की जाती हैं.

विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित आकस्मिक देनदारियों को फेडाई क्लोजिंग स्पॉट दरों का उपयोग करके सूचित किया जाता है.

6.3 बकाया विदेशी मुद्रा स्पॉट और वायदा अनुबंधों का पुनर्मूल्यांकन निर्दिष्ट परिपक्वता अवधि के लिए फेडाई द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर किया जाता है, और परिणामी लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है.

6.4 मौद्रिक मदों के निपटान पर उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर उन दरों से भिन्न होते हैं जिन पर उन्हें शुरू में दर्ज किया गया था, उन्हें उस अवधि में आय या व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं.

7. अचल संपत्ति और मूल्यह्रास:

7.1 अचल संपत्तियों को संचित मूल्यह्रास/परिशोधन को घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है.

लागत में खरीद की लागत और सभी व्यय जैसे साइट की तैयारी, स्थापना लागत, कर और संपत्ति के उपयोग से पहले पेशेवर शुल्क शामिल हैं.

7.2 उपयोग में आने वाली परिसम्पत्तियों पर किए गए बाद के व्यय (व्ययों) का पूंजीकरण तभी किया जाता है जब यह ऐसी परिसंपत्तियों या उनकी कार्य क्षमता से भविष्य के लाभों को बढ़ाता है.

7.3 अचल संपत्तियों का मूल्यह्रास 'अवलिखित मूल्य पद्धति' के तहत निम्नलिखित दरों पर किया जाता है (कंप्यूटरों को छोडकर जोकि सीधी रेखा पद्धति पर मूल्यह्रास किए गए):

परिसर - अनुमानित जीवन काल के आधार पर निर्भर परिवर्तनीय दरों पर

ए) फर्नीचर, लिफ्ट, सुरक्षित जमा कक्ष - 10%

बी) वाहन, प्लांट एवं मशिनरी - 20%

सी) वातानुकूलन यंत्र, कूलर, टाइपराइटर आदि - 15%

डी) सिस्टम सॉफ्टवेयर सहित कंप्यूटर - 33.33%

(एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर को अधिग्रहण के वर्ष के दौरान राजस्व में प्रभारित किया जाता है)

7.4 अन्य अचल संपत्तियों का मूल्यह्रास संपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन के आधार पर सीधी रेखा पद्धति से किया जाता है.

7.5 99 वर्षों के लिए पट्टे पर ली गयी भूमि को पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि माना जाता है तथा 99 वर्ष या उससे कम वर्षों वाली भूमि को पट्टे पर ली गई भूमि माना जाता है. पट्टेवाली भूमि का मूल्य पट्टे की अवधि में परिशोधित किया जाता है.

7.6 जहां भूमि और परिसर की लागत को अलग करना संभव नहीं है, वहां मूल्यह्रास समग्र लागत पर किया जाएगा.

7.7 संपत्तियों के मामले में, जिनका पुनर्मूल्यांकन किया गया है, मूल्यह्रास / परिशोधन पुनर्मूल्यांकन राशि पर प्रदान किया जाता है और लाभ और हानि खाते में लगाया जाता है. पुनर्मूल्यांकन राशि के कारण वृद्धिशील मूल्यह्रास / परिशोधन की राशि 'पुनर्मूल्यांकन रिजर्व से स्थानांतरित की जाती है और "राजस्व और अन्य रिज़र्व' में जमा की जाती है

7.8 संपत्ति में वृद्धि पर मूल्यह्रास, 30 सितंबर तक पूरे वर्ष के लिए प्रदान किया जाता है और उसके बाद किए गए परिवर्धन पर अर्द्ध वार्षिक मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है. छमाही के लिए 30 सितंबर से पहले बेची गई संपत्ति पर कोई मूल्यह्रास प्रदान नहीं किया जाता है और 30 सितंबर के बाद बेची गई संपत्ति पर अर्द्ध वार्षिक के लिए मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है.

7.9 बैंक पुनर्मूल्यांकन के लिए केवल अचल संपत्ति पर विचार करता है. पिछले तीन वर्षों के दौरान अर्जित संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाता है इसके बाद हर तीन साल में पुनर्मूल्यांकन किया जाता है.

7.10 पुनर्मूल्यांकन के कारण संपत्ति के शुद्ध बही मूल्य में वृद्धि को लाभ और हानि खाते के माध्यम से रूट किए बिना पुनर्मूल्यांकन रिजर्व खाते में जमा किया जाता है.

पुनर्मूल्यांकित संपत्ति पर अतिरिक्त मूल्यह्रास लगाया जाता है लाभ और हानि खाते में और पुनर्मूल्यांकन रिजर्व से अन्य राजस्व रिजर्व को विनियोजित किया गया.

7.11 पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकित परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन काल पर पुनर्मूल्यांकन की गई संपत्ति का मूल्यह्रास किया जाता है.

8 संपत्ति की हानि:

अचल संपत्तियों की हानि के लिए समीक्षा की जाती है जब भी घटनाओं या परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण यह आवश्यक होता है कि संपत्ति की अग्रणीत राशि वसूली योग्य नहीं हो सकती है, धारित और उपयोग की जाने वाली आस्तियों की वसूली योग्यता को आस्ति द्वारा उत्पन्न होने वाले भावी शुद्ध रियायती नकदी प्रवाहों के लिए किसी आस्ति की अग्रणीत राशि की तुलना द्वारा मापा जाता है. यदि ऐसी परिसंपत्तियों को हानिकृत माना जाता है, तो पहचान की जाने वाली हानि को उस राशि से मापा जाता है जिसके द्वारा परिसंपत्ति की अग्रणीत राशि परिसंपत्ति के उचित मूल्य से अधिक हो जाती है.

9. कर्मचारी लाभ:

9.1 कर्मचारियों द्वारा वर्ष के दौरान प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए कर्मचारी लाभों उपचित किया गया हैं.

9.2 लघु अवधि कर्मचारी लाभ:

कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के बदले में भुगतान किए जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की बिना छूट वाली राशि को उस अवधि के दौरान दर्शाया जाता है जब कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.

9.3 परिभाषित लाभ योजनाएं:

बैंक ग्रेच्युटी और पेंशन योजनाएं संचालित करता है जो परिभाषित लाभ योजनाएं हैं.

ए) बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी प्रदान करता है. यह लाभ निहित कर्मचारियों को सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित सीमा के अधीन सेवासमाप्ति पर या सेवा काल के दौरान मृत्यु पर, या कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर, प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए देय 15 दिनों के मूल वेतन के बराबर राशि के लिए एकमुश्त भुगतान प्रदान करता है बशर्ते कर्मचारी द्वारा 5 वर्ष की सेवा पूर्ण की गयी हो. बैंक एक स्वतत्र बाह्यबीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर न्यासियों द्वारा प्रशासित निधि में आवधिक अंशदान करता है.

बी) बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करता है. निहित कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पर या कर्मचारियों के सेवा के दौरान मृत्यु होने पर या कर्मचारियों की सेवा की समाप्ति पर नियमों के अनुसार मासिक भुगतान से यह लाभ मिलता हैं. नियमानुसार विभिन्न चरणों में निहित होता हैं. पेंशन देयता की गणना प्रतिवर्ष किये गये एक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर की जाती हैं और बैंक समय समय पर निधि में ऐसे अतिरिक्त योगदान करता है जो पेंशन विनियमों के तहत लाभों के भुगतान को सुरक्षित करने के लिये आवश्यक हो.

सी) परिभाषित लाभ प्रदान करने की लागत अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके निर्धारित की जाती है, जिसमें प्रत्येक तुलन पत्र शीट तिथि पर बीमांकिक मूल्यांकन किया जाता है. बीमांकिक लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में तुरंत दर्शाया जाता है और उन्हें आस्थगित नहीं किया जाता हैं.

डी) जब योजना के लाभों में परिवर्तन किया जाता है, या जब किसी योजना में कटौती की जाती है या समझौता होता है, अथवा कर्मचारियों द्वारा पिछली सेवा से संबंधित परिवर्तित लाभ का हिस्सा, या कटौती या समझौते पर लाभ या हानि को लाभ हानि खाते में तुरंत दर्शाया जाता है.

परिभाषित लाभ योजना के तहत दीर्घावधि कर्मचारी लाभ के लिए देयता जैसे कि ग्रेच्युटी में योगदान, पेंशन फंड और छुट्टी नकदीकरण में योगदान, बीमांकिक मूल्यांकन तकनीक का उपयोग करके देय राशि के वर्तमान मूल्य पर वर्ष के अंत में निर्धारित किया जाता है.

ई) बीमांकिक लाभ/हानि को उस वर्ष में पहचाना जाता है जब वे उत्पन्न होते हैं.

9.4 परिभाषित योगदान योजना:

भविष्य निधि एक परिभाषित योगदान है क्योंकि बैंक पूर्व निर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान का भुगतान करता है.

बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित योगदान तक सीमित है.

यह योगदान लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

राष्ट्रीय पेंशन योजना जो उन कर्मचारियों पर लागू होती है जो 01.04.2010 को या उसके बाद बैंक में नियुक्त हुए हैं, एक परिभाषित योगदान योजना है. बैंक पूर्व निर्धारित दर पर निश्चित अंशदान का भुगतान करता है. बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है. योगदान लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है

10. आय पर करों के लिए लेखांकन:

आय कर व्यय बैंक द्वारा प्रदत्त चालू कर तथा आस्थगित कर का योग है. वर्ष के लिए कर के प्रावधान में आयकर अधिनियम, 1961 और लेखा मानक 22 - "आय पर करों के लिए लेखांकन" के अनुसार गणना की गई वर्तमान कर देयता शामिल है.

कर योग्य आय और उसी अवधि में उत्पन्न होने वाली लेखांकन आय के बीच समय के अंतर के अनुसार आस्थगित कर की गणना की जाती है और वह एक या अधिक तत्पश्चात अवधि में प्रत्यावर्तित किया जा सकता है.

आस्थगित कर आस्तियों को केवल उस सीमा तक मान्यता दी जाती है कि भविष्य में पर्याप्त कर योग्य आय उपलब्ध होने की उचित निश्चितता हो जिसके विरुद्ध ऐसी आस्थगित कर आस्तियों की वसूली की जाएगी.

आस्थगित कर आस्तियों को अनवशोषित मूल्यह्रास और कर हानियों को आगे ले जाने पर तभी मान्यता दी जाती है, जब इस बात के पुख्ता सबूत हों कि ऐसी आस्थगित कर परिसंपत्तियों को भविष्य के मुनाफे के विरूद्ध वसूल किया जा सकता है.

स्थगित कर आस्तियों की अग्रणीत राशि की समीक्षा प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख में की जाती है ताकि इसकी वसूली का पुनर्मूल्यांकन किया जा सके.

विवादित कर देनदारियों का हिसाब निर्धारण / अपीलीय कार्यवाही की अंतिमता के वर्ष में किया जाता है और ऐसे समय तक उन्हें आकस्मिक दायित्व के रूप में दिखाया जाता है.

आस्थगित कर आस्तियों और देनदारियों में परिवर्तन के प्रभाव को लाभ और हानि खाते में पहचाना जाता है.

11. प्रावधान, आकस्मिकता एवं अनुषंगी आस्तियां

11.1 इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी एएस 29, "प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक संपत्तियां" के अनुरूप, बैंक केवल उन प्रावधानों को मान्यता देता है, जब पिछली घटना के परिणामस्वरूप इसकी वर्तमान बाध्यता होती है, और इसके परिणामस्वरूप एक दायित्वों को निपटाने के लिए आर्थिक लाभ वाले संसाधनों के संभावित बहिर्वाह की आवश्यकता होगी, और जब दायित्व की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है.

11.2निम्न के लिए कोई प्रावधान मान्यता प्राप्त नहीं है:

ए) कोई भी संभावित दायित्व जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होता है और जिसके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के होने या न होने से होगी जो पूरी तरह से बैंक के नियंत्रण में नहीं हैं; या

बी) कोई भी वर्तमान दायित्व जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होता है लेकिन दर्शाया नहीं है क्योंकि:

i) यह संभव नहीं है कि उन दायित्वों को निपटाने के लिए आर्थिक लाभ वाले संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी; या

ii) दायित्व की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान नहीं लगाया जा सकता है.

ऐसे दायित्वों को आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्ज किया जाता है. इनका नियमित अंतराल पर मूल्यांकन किया जाता है और दायित्व के केवल उस हिस्से के लिए प्रावधान किया जाता है जिसके लिए आर्थिक लाभ वाले संसाधनों का बहिर्वाह संभावित है, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों को छोड़कर जहां कोई विश्वसनीय अनुमान नहीं लगाया जा सकता है.

11.3 बैंक के डेबिट कार्ड धारकों के संबंध में रिवॉर्ड प्वॉइंट का प्रावधान अनुमानों के आधार पर किया जा रहा है.

11.4 वित्तीय विवरणों में आकस्मिक आस्तियों को न तो मान्यता दी जाती है और न ही प्रकट किया जाता है.

12 विशेष प्रारक्षित निधि :

राजस्व और अन्य प्रारक्षित निधि में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(i) (viii) के तहत बनाए गए विशेष प्रारक्षित निधि शामिल हैं. बैंक के निदेशक मंडल ने प्रारक्षित निधि के निर्माण को मंजूरी देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है और पुष्टि की है कि विशेष प्रारक्षित निधि से निधि आहरण का उनका कोई इरादा नहीं है.

13 खंड रिपोर्टिंग

बैंक भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखा मानक 17-9"**सेगमेंट रिपोर्टिंग**" के अनुपालन में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्राथमिक रिपोर्टिंग खंड और भौगोलिक खंड को द्वितीयक रिपोर्टिंग खंड के रूप में मान्यता देता है.

14 प्रति शेयर आय:

ए) बैंक आईसीएआई द्वारा जारी "प्रति शेयर आय" के अनुसार प्रति शेयर मूल और डाइल्यूटेड आय की रिपोर्ट करता है, प्रति शेयर मूल आय की गणना वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयर की भारित औसत संख्या से इक्विटी शेयरधारकों के कारण वर्ष के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ को विभाजित करके की जाती है.

बी) जब वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर जारी करने के लिए प्रतिभूतियों या अन्य अनुबंधों का प्रयोग किया जाता है या वर्ष के दौरान उन्हें परिवर्तित किया जाता है तब संभावित डाइल्यूशन के कारण प्रति शेयर डाइल्यूटेड आय दर्शाई जाती है. प्रति इक्विटी शेयर डाइल्यूटेड आय की गणना वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों और डाइल्यूटेड संभावित इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या का उपयोग करके की जाती है.

श्री आलोक श्रीवास्तव
कार्यपालक निदेशक

श्री विवेक वाही
कार्यपालक निदेशक

श्री राजीव पुरी
कार्यपालक निदेशक

श्री एम वी राव
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

श्री हार्दिक एम शेठ
निदेशक

कृते **एस.जयकिशन**
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 309005ई

(सी.ए रितेश अग्रवाल)
भागीदार
एम.नं. 062410
यूडीआईएन : 22062410एआईपीडब्ल्यूएमबी7737
स्थान : मुंबई
दिनांक : 9 मई, 2022

श्री पी.जे.थॉमस
निदेशक

कृते **छाजेड़ एवं दोशी**
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 101794डब्ल्यू

(सी.ए किरण के.दफ्तरी)
भागीदार
एम.नं. 010279
यूडीआईएन : 22010279एआइपाडब्लूसीई5031

श्री दिनेश पांगती
निदेशक

कृते **ए.एस.के.ए एवं कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 122063डब्ल्यू

(सी.ए विजय शेलार)
भागीदार
एम.नं. 101504
यूडीआईएन : 22101504एआइपाडब्लूबीवी8382

श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी
निदेशक

कृते **किशोर एवं किशोर**
सनदी लेखाकार
एफ.आर सं. 000291एन

(सी.ए पी.आर.करंथ)
भागीदार
एम .नं. 018808
यूडीआईएन :22018808एआइपाडब्लूसीसी2861

अनुसूची-18: खातों का हिस्सा बनने वाली टिप्पणियां

1. विनियामक पूंजी :

ए) 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार बैंक की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी ₹ 8,680.94 करोड़ है, जो कि पिछले वर्ष के ₹ 5,875.56 करोड़ से बढ़ गया है. ये ₹ 10 के नए 280,53,76,972 इक्विटी शेयर भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) को आधिमानी आधार पर ₹ 17.11 प्रति इक्विटी शेयर के निर्गम मूल्य पर, जिसमें दि: 29.05.2021 को ₹ 7.11 प्रति इक्विटी शेयर का प्रीमियम शामिल है, जारी और आबंटित किए गए हैं. इस आवंटन के साथ, बैंक में भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) की हिस्सेदारी 89.78% से बढ़कर 93.08% हो गई है.

बी) विनियामक पूंजी की संरचना

(राशि ₹ करोड़ में)

क्र.	विवरण	31-मार्च-2022 को	31-मार्च-2021 को
1.	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी (सीईटी 1) (निवल कटौती के साथ यदि कोई हो)	17,049.44	19,096.57
2.	अतिरिक्त टियर 1 पूंजी	0.00	0.00
3.	टियर 1 पूंजी (i+ii)	17,049.44	19,096.57
4.	टियर 2 पूंजी	3,510.43	2,966.47
5.	कुल पूंजी (टियर 1+ टियर 2)	20,559.87	22,063.04
6.	कुल जोखिम भारित आस्तियां (आरडब्ल्यूए)	1,48,506.29	1,48,916.58
7.	सीईटी 1 अनुपात (सीईटी 1 आरडब्ल्यूए के प्रतिशत के रूप में)	11.48%	12.82%
8.	टियर 1 अनुपात (आरडब्ल्यूए के प्रतिशत के रूप में टीयर 1 पूंजी)	11.48%	12.82% (नोट 3)
9.	टियर 2 अनुपात (आरडब्ल्यूए के प्रतिशत के रूप में टीयर 2 पूंजी)	2.36%	1.99%
10.	पूंजी से जोखिम भारित आस्तियों का अनुपात (सीआरएआर) (आरडब्ल्यूए के प्रतिशत के रूप में कुल पूंजी)	13.84%	14.81%
11.	लीवरेज अनुपात	4.25%	5.00%
12.	भारत सरकार की शेयरधारिता का प्रतिशत	93.08%	89.78%
13.	वर्ष के दौरान जुटाई गई चुकता इक्विटी पूंजी की राशि	शून्य* (नोट 2)	5055
14.	वर्ष के दौरान जुटाई गई गैर-इक्विटी टियर 1 पूंजी की राशि जिसमें:	शून्य	शून्य
	ए) शून्य	शून्य	शून्य
	बी) शून्य	शून्य	शून्य
15.	वर्ष के दौरान जुटाई गई टियर 2 पूंजी की राशि जिसमें: (लिखत के प्रकार के अनुसार सूची दें) वाणिज्यिक बैंक यह भी निर्दिष्ट करेंगे कि लिखत बेसल II या बेसल III के अनुरूप हैं या नहीं	शून्य	शून्य

नोट: 1. वित्तीय वर्ष 31/03/2021 को समाप्त वर्ष के दौरान भारत सरकार द्वारा गैर ब्याज आधारित पुनर्पूंजीकरण बॉंड को पूंजी के रूप में डालने एवं उसके निवल वर्तमान मूल्य के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए जोखिम भारित आस्ति अनुपात एवं लीवरेज अनुपात से पूंजी की उक्त गणना की गई है. उक्त समायोजन पर विचार किए बिना 31-03-2022 को सीईटी 1 अनुपात 13.39%, टियर 1 अनुपात 13.39%, टियर 2 अनुपात 2.36%, सीआरएआर 15.75% और लीवरेज अनुपात 4.98% है.

नोट: 2. इक्विटी शेयरों के अधिमानी आवंटन के लिए 31.03.2021 को भारत सरकार से ₹ 4,800 करोड़ की पूंजी निधि प्राप्त हुई थी. राशि को शेयर आवेदन धन खाते में आवंटन लंबित रखा गया था और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के साथ 31.03.2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सीईटी 1 पूंजी के हिस्से के रूप में माना गया था. ₹ 10 के परिणामी 280,53,76,972 इक्विटी शेयर भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) को 29.05.2021 को ₹ 7.11 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित ₹ 17.11 प्रति इक्विटी शेयर के निर्गम मूल्य पर आबंटित किए गए थे. हालांकि 31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में वृद्धि हुई थी, सीईटी 1 पूंजी में वृद्धि 31.03.2021 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में हुई थी. इसलिए, 31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कोई नया पूंजी प्रवाह नहीं दिखाया गया था.

नोट: 3. 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए अपनी जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट में आरबीआई द्वारा मूल्यांकन किए गए पूंजी अनुपात (गैर-ब्याज वाले पुनर्पूंजीकरण बांड के एनपीवी के अन्य प्रभाव को ध्यान में रखते हुए) सीआरएआर - 12.78% और सीईटी 1 और टियर 1 अनुपात - 10.79% हैं.

जोखिम भारित औसत अनुपात और उत्तोलन अनुपात के लिए पूंजी की उक्त गणना को गैर-ब्याज वाले पुनर्पूंजीकरण बांड के वर्तमान मूल्य को प्रभावी करने के बाद माना गया है.

सी) प्रारक्षित निधि से आहरण

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक ने प्रारक्षित निधि से कोई आहरण नहीं किया है.

डी) संचित हानियों का समायोजन

6 सितंबर, 2021 को बैंक ने शेयरधारकों के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद शेयर प्रीमियम खाते में उपलब्ध शेष राशि के विरुद्ध 31 मार्च, 2021 को ₹ 18724.2174 करोड़ के संचित नुकसान को समायोजित किया है.

2 आस्ति देयता प्रबंधन

ए) आस्ति एवं देयताओं की कुछ मदों का परिपक्वता पैटर्न इस प्रकार हैं: -

(राशि ₹ करोड़ में)

अवधि	पहला दिन	2 से 7 दिन	8 से 14 दिन	15 से 30 दिन	31 दिन से 2 महीने	2 महीने से अधिक और 3 महीने तक	3 महीने से अधिक और 6 महीने तक	6 महीने से अधिक और 1 वर्ष तक	1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	3 साल से अधिक 5 साल तक	5 साल से अधिक	कुल
जमा	1516.87	2940.12	2888.41	4588.65	8893.78	8636.28	12890.58	24895.30	154125.01	62862.65	58454.28	342691.94
अग्रिम	1310.10	408.20	544.90	2570.13	3543.48	3195.04	5233.16	10404.10	90440.66	16139.71	34384.02	168173.50
निवेश	42936.96	1022.77	1533.68	331.59	4485.87	1054.03	2607.41	6143.02	14123.63	22811.90	43736.08	140786.95
उधार #	3.28	-	64.77	-	64.77	67.81	245.33	534.28	3349.06	5.96	-	4335.26
विदेशी मुद्रा आस्तियां	611.07	847.09	202.83	6886.57	-	7844.80	23491.25	47715.46	79.51	0.61	-	87679.20
विदेशी मुद्रा देयाताएं	320.27	1155.33	42.28	6953.63	-	8148.52	22304.46	47682.45	1023.44	39.91	-	87670.29

नोट: - # टियर II पूंजी में सम्मिलित किए गए के अलावा.

उपरोक्त आंकड़े भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और प्रबंधन द्वारा बनाई गई कुछ मान्यताओं के आधार पर संकलित किया गया है.

बी) चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर)

एलसीआर गुणात्मक प्रकटीकरण:

चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) मानक इस उद्देश्य से पेश किया गया है कि एक बैंक बिना भार वाली उच्च गुणवत्ता वाली चलनिधि आस्तियों (एचक्यूएलए) का पर्याप्त स्तर बनाए रखता है जिसे 30 कैलेंडर दिनों और अपनी सीमाओं में गंभीर तरलता तनाव परिदृश्य तहत अपनी तरलता जरूरतों को पूरा करने के लिए नकदी में परिवर्तित किया जा सकता है.

एलसीआर को इस प्रकार परिभाषित किया गया है :

$$\frac{\text{उच्च गुणवत्ता वाली तरल संपत्ति का स्टॉक (एचक्यूएलएएस)}}{\text{अगले 30 कलैंडर दिनों में कुल शुद्ध नकदी बहिर्वाह}}$$

तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) अधिक लचीला बैंकिंग क्षेत्र विकसित करने के लिए बेसल समिति के प्रमुख सुधारों में से एक है. एलसीआर से वित्तीय और आर्थिक तनाव से उत्पन्न होने वाले झटकों को अवशोषित करने की बैंकिंग क्षेत्र की क्षमता में सुधार होने की उम्मीद है, इस प्रकार विखराव को वित्तीय क्षेत्र से वास्तविक अर्थव्यवस्था में फैलने के जोखिम को कम किया जा सकता है. बैंक का चलनिधि जोखिम प्रबंधन बोर्ड द्वारा अनुमोदित परिसंपत्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) नीति द्वारा शासित होता है.

नोट: आरबीआई परिपत्र संख्या के अनुसार. आरबीआई/2014-15/529 डीबीआर सं.बीपी.बीसी.80/21.06.201/2014-15 दिनांक 31 मार्च 2015 दिशानिर्देश; एलसीआर की गणना बैंक के एचक्यूएलए के स्टॉक को 30-दिन की तनाव अवधि में उसके कुल शुद्ध नकदी बहिर्वाह से विभाजित करके की जाती है. एलसीआर के लिए महत्वपूर्ण लाईन आईटम हैं :

चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) - मात्रात्मक प्रकटीकरण

(राशि ₹ करोड़ में)

		31.03.2022		31.12.2021		30.09.2021		30.06.2021	
		कुल भाररहित मूल्य (औसत)	कुल भारित मूल्य (औसत)	कुल भाररहित मूल्य (औसत)	कुल भारित मूल्य (औसत)	कुल भाररहित मूल्य (औसत)	कुल भारित मूल्य (औसत)	कुल भाररहित मूल्य (औसत)	कुल भारित मूल्य (औसत)
उच्च गुणवत्ता की तरल आस्तियां									
1	कुल उच्च गुणवत्ता की तरल आस्तियां (एचक्यूएलए)		130947		134460		133402		128085
नकदी बहिर्वाह									
2	खुदरा जमा और छोटे व्यवसाय के ग्राहकों से और जमा, जिनमें से:								
(i)	स्थिर जमाएं	165111	8256	163910	8196	162803	8140	164395	8220
(ii)	कम स्थिर जमाएं	134825	13483	137803	13780	139520	13952	141041	14104
3	असुरक्षित थोक निधियां जिसमें:								
(i)	परिचालनात्मक जमाएं (सभी प्रतिपक्ष)	0	0	0	0	0	0	0	0
ii)	गैर-परिचालनात्मक जमाएं(सभी प्रतिपक्षकार)	29883	12715	29853	12680	31100	13118	30852	13189
iii)	अरक्षित ऋण	0	0	0	0	0	0	0	0
4	रक्षित थोक निधियन								
5	अतिरिक्त आवश्यकताएं, जिनमें से								
(i)	डेरिवेटिव एक्सपोजर और अन्य संपार्श्विक आवश्यकताओं से संबंधित बहिर्वाह	8133	8133	6281	6281	9749	9749	17522	17522
(ii)	ऋण उत्पादों पर धन की हानि से संबंधित बहिर्वाह	0	0	0	0	0	0	0	0
(iii)	ऋण और चलनिधि सुविधाएं	12925	1377	13188	2117	14074	2252	15175	2320
6	अन्य संविदात्मक निधियन दायित्व	2470	2470	2446	2446	2851	2851	2913	2913
7	अन्य आकस्मिक निधियन दायित्व	77308	3591	92266	4346	91701	4326	131981	6350
8	**कुल नकद बहिर्वाह**		**50024**		**49846**		**54388**		**64617**
नकदी प्रवाह									
9	रक्षित उधार (जैसे रिवर्स रेपो)	17879	0	23506	0	29605	0	26828	0
10	पूर्णत: कार्यनिष्पादन एक्सपोजर से अंतर्वाह	1367	1367	5467	5467	3809	3809	1777	1777
11	अन्य नकदी प्रवाह	15308	13983	11951	11028	14691	13717	22466	21698
12	**कुल नकद अंतर्वाह**	**34454**	**15350**	**40925**	**16495**	**47798**	**17525**	**51071**	**23475**
		कुल समायोजित मूल्य		**कुल समायोजित मूल्य**		**कुल समायोजित मूल्य**		**कुल समायोजित मूल्य**	
13	**कुल एचक्यूएलए**		130947		134460		133402		128085
14	**कुल शुद्ध नकद बहिर्वाह**		34673		33351		36863		41142
15	**चलनिधि कवरेज अनुपात (%)**		**377.66%**		**403.17%**		**361.89%**		**311.32%**

चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) गुणात्मक प्रकटीकरण

	एलसीआर के लिए महत्वपूर्ण लाईन आईटम	व्याख्यात्मक नोट
ए.	एलसीआर परिणाम के मुख्य संचालक और एलसीआर की गणना की निविष्टियों के योगदान का मूल्यांकन	एलसीआर परिणामों के मुख्य संचालक हैं: 1) उच्च गुणवत्ता वाली तरल संपत्ति (एचक्यूएलए) एलसीआर के प्रमुख संचालकों में से एक है; एचक्यूएलए के बड़े हिस्से में सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ), एफएएलएलसीआर और अतिरिक्त एसएलआर निवेश के तहत तरलता प्राप्त करने की सुविधा शामिल है. 2) नकद बहिर्वाह एलसीआर का एक अन्य प्रमुख संचालक है. नकदी बहिर्वाह के मुख्य घटक कम स्थिर खुदरा जमा, अन्य कानूनी इकाई से वित्त पोषण और शुद्ध व्युत्पन्न नकदी बहिर्वाह हैं. 3) एलसीआर का एक अन्य प्रमुख संचालक नकद अंतर्वाह है. नकदी प्रवाह के मुख्य घटक प्रतिपक्ष और शुद्ध व्युत्पन्न नकदी प्रवाह द्वारा अंतर्वाह हैं.
बी.	अंतर-अवधि परिवर्तन के साथ-साथ समय के साथ परिवर्तन	लागू नहीं
सी	एचक्यूएलए की संरचना	एचक्यूएलए में निम्नलिखित शामिल हैं: 1. स्तर 1 की संपत्ति में अधिशेष एसएलआर निवेश में (रेपो, सीबीएलओ, एमएसएफ, क्रॉम्स के विरुध्द भार ग्रस्त संपदा एवं आरटीजीएस, एसजीएफ, एमसीएक्स, एनएससीसीएल आदि के लिए गिरवी रखी गई अन्य प्रतिभूतियों के लिए निवल) शामिल है और आरबीआई के परिपत्र संख्या के अनुसार.आरबीआई/2018-19/164 डीबीआर.बीपी.बीसी. सं.34/21.04.098/2018-19 दिनांक 04/04/2019 के अनुसार एमएसएफ के लिए लागू एनडीटीएल का 2% और एनडीटीएल (एफएएलएलसीआर) का 15.00%. 2. स्तर 2 ए की संपत्ति में राज्य सरकार द्वारा जारी विशेष (डिस्कॉम) बांड, राज्य बिजली वितरण कंपनियों एवं केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा जारी बांड, वित्त कंपनियों और एए- और उससे ऊपर की रेटिंग वाले निजी कॉरपोरेट्स के बॉन्ड को को छोड़कर, जिसमें वित्त कंपनियां शामिल नहीं हैं. 3. स्तर 2बी आस्तियों में वित्त कंपनियों को छोड़कर बीबीबी- से ए+ की रेटिंग वाले कॉ रपोरेट्स के बॉन्ड शामिल हैं. 4. स्तर 2बी आस्तियों में वित्त कंपनियों को छोड़कर निफ्टी/सेंसेक्स के शेयर भी शामिल हैं.
डी	निधियन स्रोतों की एकाग्रता	बैंक प्रत्येक महत्वपूर्ण प्रतिपक्ष, प्रत्येक महत्वपूर्ण उत्पाद / लिखत और प्रत्येक महत्वपूर्ण मुद्रा ('महत्वपूर्ण' को बैंक की देनदारियों के 1% से अधिक की कुल राशि के रूप में परिभाषित किया गया है) से अपने वित्त पोषण की निगरानी करके धन की एकाग्रता को संबोधित करता है.
इ	व्युत्पन्न एक्सपोजर और संभावित संपार्श्विक कॉल	बैंक के डेरिवेटिव एक्सपोजर में निम्नलिखित शामिल हैं: 1. ओटीसी डेरिवेटिव्स ए) फॉरवर्ड बी) करेंसी स्वैप सी) ब्याज दर स्वैप 2. एक्सचेंज ट्रेडेड डेरिवेटिव्स ए) करेंसी फ्यूचर्स बी) ब्याज दर फ्यूचर्स संभावित संपार्श्विक कॉल तब सक्रिय होते हैं जब लेनदेन एक्सचेंज होता है अथवा उसका निपटान केंद्रीय काउंटरपार्टी के माध्यम से होता है और ये गारंटीकृत होने के साथ-साथ प्रतिपक्षी पार्टियों में आईएसडीए मास्टर एग्रीमे ट का अनुलग्नक क्रेडिट सपोर्ट एनेक्स (सीएसए) हस्ताक्षरित किया होता है. करेंसी फ्यूचर्स और इंटरेस्ट रेट फ्यूचर्स के तहत व्यापार के एक्सपोजर के लिए बैंक कोलेटरल (जी-सेक) के रूप में मार्जिन बनाए रखता है और इसे एक्सपोजर की मात्रा और बाजार में अस्थिरता के आधार पर बनाए रखा जा रहा है. सभी इंटरबैंक यूएसडी/आईएनआर स्वैप और फॉरवर्ड का निपटान सीसीआईएल के माध्यम से किया जा रहा है जो एक केंद्रीय प्रतिपक्ष (सीसीपी) है. इंटरबैंक यूएसडी/आईएनआर स्वैप और फॉरवर्ड के गारंटीकृत निपटान के लिए बैंक सीसीआईएल के साथ संपार्श्विक (जी-सेक) के रूप में मार्जिन बनाए रखता है.

एलसीआर के लिए महत्वपूर्ण लाईन आईटम	व्याख्यात्मक नोट
	मार्जिन की राशि एक्सपोजर की मात्रा और संबंधित बाजारों में अस्थिरता पर निर्भर करती है. अतिरिक्त मार्जिन एक्सचेंज/सीसीपी के साथ बनाए रखा जाता है जब भी इसके लिए कॉल किया जाता है. वर्तमान में, किसी भी प्रतिपक्ष के साथ हमारा क्रेडिट सपोर्ट अनेक्स नहीं है. अत: कोई भी सम्भाव्य संपार्श्विक कॉल उत्पन्न नहीं होगी.
एफ. एलसीआर में मुद्रा बेमेल	सम्भाव्य मुद्रा बेमेल को रोकने के लिए, एलसीआर में प्रत्येक महत्वपूर्ण मुद्रा नजर रखी जाती है. कोई मुद्रा को "महत्वपूर्ण" तब कहलाती है जब उस मुद्रा में भारित कुल देयताएं बैंक की कुल देनदारियों का 5 प्रतिशत या उससे अधिक हो जाती है, बैंक में फिलहाल मुद्र का कोई बेमेल नहीं है क्योंकि हमारा "महत्वपूर्ण" में एक्सपोजर नहीं है.
जी. तरलता प्रबंधन के केंद्रीकरण की मात्रा और समूह की इकाइयों के बीच बातचीत	बैंक में चलनिधि प्रबंधन एएलएम और ट्रेजरी टीम द्वारा केंद्रीकृत और निगरानी की जाती है. ट्रेजरी, सीबीएस, एएलएम टीम और अन्य कार्यात्मक इकाइयों के बीच बातचीत निर्बाध है.
एच एलसीआर गणना में अन्य अंतर्वाह और बहिर्वाह जो एलसीआर सामान्य टेम्पलेट में दर्ज नहीं हैं, लेकिन जिन्हें संस्थान अपनी तरलता प्रोफ़ाइल के लिए प्रासंगिक मानता है.	कोई भी नहीं
आई अन्य सूचना	कोई भी नहीं

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए औसत एलसीआर 311.32% था, जबकि 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए यह 417.10% था और वर्तमान निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता 100% से काफी ऊपर था.

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए औसत एचक्यूएलए 1,28,085 करोड़ था, जबकि 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए 1,29,693 करोड़ था.

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए औसत एलसीआर 360.81% था, जबकि 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए 386.91% था.

सी) शुद्ध स्थिर वित्त पोषण अनुपात (एनएसएफआर):

"दिनांक 31.03.2022 के अनुरुप शुद्ध स्थिर वित्त पोषण अनुपात (एनएसएफआर) का प्रकटण

भारतीय रिज़र्व बैंक के अपने परिपत्र सं. बीआर.बीपी.बीसी. सं. 106/21.04.098/2017- 18 मई 17, 2018 के माध्यम से चलनिधि मानकों शुद्ध स्थिर वित्त पोषण अनुपात (एनएसएफआर) पर बासल III फ्रेमवर्क के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए थे. एनएसएफआर हेतु यह दिशानिर्देश अक्टूबर 1, 2021 से प्रभावी थे.

एनएसएफआर को आवश्यक स्थिर फंडिग की राशि के सापेक्ष उपलब्ध स्थिर फंडिग की राशि के रूप में परिभाषित किया गया है. "उपलब्ध स्थिर वित्त पोषण" (एएसएफ) को पूंजी और देनदारियों के हिस्से के रूप में परिभाषित किया गया है जो एनएसएफआर द्वारा विचार किए गए समय अवधि पर विश्वसनीय होने की उम्मीद है, जो एक वर्ष है.

किसी विशेष संस्था की अपेक्षित स्थिर वित्त पोषण ("अपेक्षित स्थिर वित्त पोषण") राशि संस्था द्वारा धारित विभिन्न संप्पतियों की चलनिधि विशेषताएँ एवं अवशिष्ट परिपक्वता साथ ही, तुलन पत्र के बाहर इनका उपयोग संबंधी कार्यप्रणाली है.

31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही हेतु एनएसएफआर 168.67% है, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम अपेक्षा 100% से अधिक है.

		मार्च-22					दिसंबर-21				
		शेष परिपक्वता तक अनिर्धारित मूल्य				राशि करोड़ में	अवशिष्ट परिपक्वता द्वारा अनिर्धारित मूल्य				राशि करोड़ में
	(करोड़ रुपये में)	कोई परिपक्वता नहीं	<6 महीने	6 महीने से <1वर्ष	≥ 1वर्ष	भारित मूल्य	कोई परिपक्वता नहीं	6 महीने	6 महीने से <1वर्ष	≥ 1वर्ष	भारित मूल्य
एएसएफ आइटम											
1	पूंजी: (2+3)		-	-	3,000.00	26,592.62					
2	विनियामक पूंजी		-	-	2,200.00	25653.52	28178.03	-	-	-	28178.03
3	अन्य पूंजीगत साधन		-	-	800.00	939.10	1439.10	-	-	-	1439.10
4	खुदरा जमाएं तथा लघु व्यवसाय वाले ग्राहकों से जमा: (5+6)			270607.03		252969.53			260760.93		243645.89
5	स्थिर जमा		-	188464.00	-	179040.80	-	-	179221.18	-	170260.12
6	कम स्थिर जमा		-	82143.03	-	73928.73	-	-	81539.75	-	73385.78
7	थोक वित्त पोषण: (8+9)		10081.53	9028.04	1420.66	9317.18			7069.19		8148.25
8	परिचालन जमा		-	-	-	0.00	-	-	-	-	0.00
9	अन्य थोक वित्त पोषण		10081.53	9028.04	1420.66	9317.18	16400.48	9497.49	7069.19	4226.59	8148.25
10	अन्य देनदारियां: (11+12)		-	11,635.86	36,963.19	38,319.55					
11	एनएसएफआर व्युत्पन्न देनदारियां		-	-	-			-	-	-	
12	अन्य सभी देनदारियां और इक्विटी उपरोक्त श्रेणियों में शामिल नहीं हैं		-	11635.86	36963.19	38319.55	-	-	3668.53	52164.96	56492.05
13	कुल एएसएफ (1+4+7+10)					327198.88					337903.33
आरएसएफ आइटम											
14	कुल एनएसएफआर उच्च गुणवत्ता वाली तरल संपत्ति (एचक्यु एलए)					7075.67					8473.75
15	परिचालन उद्देश्यों के लिए अन्य वित्तीय संस्थानों में जमाराशियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
16	ऋण और प्रतिभूतियों का निष्पादन: (17+18+19+21+23)	-	1851.03	1918.66	126795.13	99533.47	-	1213.06	1833.73	77318.86	58916.03
17	स्तर 1 एचक्यूएलए द्वारा सुरक्षित वित्तीय संस्थानों को ऋण देना	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके साथ "अहिर"
CENTRAL TO YOU SINCE 1911
आजादी का अमृत महोत्सव

		मार्च-22					दिसंबर-21				
		शेष परिपक्वता तक अनिर्धारित मूल्य				राशि करोड़ में	अवशिष्ट परिपक्वता द्वारा अनिर्धारित मूल्य				राशि करोड़ में
	(करोड़ रुपये में)	कोई परिपक्वता नहीं	<6 महीने	6 महीने से <1वर्ष	≥ 1वर्ष	भारित मूल्य	कोई परिपक्वता नहीं	6 महीने	6 महीने से <1वर्ष	≥ 1वर्ष	भारित मूल्य
18	गैर-स्तर 1 एचक्यूएलए द्वारा संराक्षित वित्तीय संस्थानों को ऋण और वित्तीय संस्थानों को असुरक्षित निष्पादित ऋण	-	1,851.03	1,918.66		1236.99	-	1,213.06	1,833.73	-	1098.82
19	गैर-वित्तीय कॉर्पोरेट ग्राहकों को निष्पादित ऋण, खुदरा एवं लघु व्यवसाय वाले ग्राहकों को ऋण, और संप्रभु, केंद्रीय बैंकों तथा सार्वजनिक उपक्रमों को ऋण जिनमें :	-	-	-	106,678.64	85220.77	-	-	-	57,811.29	45137.29
20	मानकीकृत दृष्टिकोण के तहत 35ङ से कम या समान जोखिम भार के साथ	-	-	-	27,280.38	17732.25	-	-	-	20,011.53	13007.50
21	निष्पादित आवासीय बंधक, जिनमें:	-	-	-	20116.4934	13075.72	-	-	-	19507.57	12679.92
22	ऋण जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के तहत 35% से कम या समान जोखिम भार सहित	-	-	-	20,116.49	13075.72	-	-	-	19,507.57	12679.92
23	वे प्रतिभूतियां जो खराब नहीं हैं और एक्सचेंज-ट्रेडेड इक्विटी सहित एचक्यूएलए के रूप में अयोग्य	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
24	अन्य संपत्तियां: (25 से 29 पंक्तियों का योग)	0.00	0.00	31182.94	67829.17	81390.86	-	-	43058.30	106265.06	124949.90
25	स्वर्ण सहित भौतिक व्यापार वाली वस्तुएं	-				0.00	-				0.00
26	डेरिवेटिव अनुबंधों के लिए प्रारंभिक मार्जिन के रूप में दर्ज आस्तियां और सीसीपी के डिफ़ॉल्ट फंड में योगदान		-	-	7934.85	6744.62		-	-	12380.00	10523.00
